दैनिक सच्चाई की जंग

लोकमित्र

वर्ष : 30 | अंक :344
प्रतापगढ़ | बुधवार , 16 अक्टूबर-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

महाराष्ट्र और झारखंड में बजा चुनावी बिगुल

20 नवंबर को डाले जाएंगे वोट, 23 नवंबर को आएंगे नतीजे

महाराष्ट्र में एक तो झारखंड में दो चरणों में मतदान

नई दिल्ली, एजेंसियॉ। चुनाव आयोग ने आज महाराष्ट्र के लिए विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम का ऐलान किया। महाराष्ट्र में विधानसभा की 288 सीटें हैं। चुनावी तारीख को का ऐलान करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि महाराष्ट्र में 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे जबकि 23 नवंबर को वोटो की गिनती होगी। निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के अनुसार, महाराष्ट्र में 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी तथा नामांकन की आखिरी तिथि 29 अक्टूबर होगी।

कुमार ने बताया कि नामांकन पत्र चार नवंबर, 2024 तक वापस लिए जा सकते हैं।महाराष्ट्र में, सत्तारूढ़ महयुति गठबंधन जिसमें एकनाथ शिंदे की शिवसेना, भाजपा और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल है, का मुकाबला विपक्षी महा विकास अघाड़ी (एमवीए) से होगा जिसमें कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार (शरदचंद्र पवार) के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल है। 2019 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में, भाजपा कुल 288 विधानसभा सीटों में से 105 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी। उसके गठबंधन सहयोगी शिव सेना ने 56 सीटें जीतीं।

बीजेपी-शिवसेना गठबंधन के पास सरकार बनाने के लिए पर्याप्त बहुमत था। हालाँकि, मुख्यमंत्री पद को लेकर सत्ता संघर्ष के कारण दोनों दलों के बीच विभाजन हो गया। अंततः शिवसेना ने महा विकास अघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के तहत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस के साथ सरकार बनाई। शिवसेना से उद्धव ठाकरे मुख्यमंत्री बने।

झारखंड विधानसभा चुनाव का ऐलान करते हुए मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने बताया कि इस बार राज्य में दो चरणों में ही चुनाव संपन्न कराए जाएंगे। पहले चरण के वोट 13 नवंबर को डाले जाएंगे जबकि दूसरे चरण के लिए मतदान 20 नवंबर को होंगे। वहीं, झारखंड चुनाव के नतीजे भी महाराष्ट्र चुनाव के नतीजे के साथ 23 नवंबर को आएंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला होगा, जो झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) के नेतृत्व वाली सरकार को सत्ता से हटाना चाह रही है। 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में, झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन, जिसमें कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) शामिल थे, ने विधानसभा की 81 सीटों में से 47 सीटें जीतकर निर्णायक जीत हासिल की। झामुमो 30 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि कांग्रेस ने 16 सीटें जीतीं और राजद ने 1 सीट जीती। चुनाव से पहले सत्ता में रही बीजेपी ने 25 सीटें जीतीं. चुनाव के बाद झामुमो नेता हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। हालाँकि, कथित भूमि घोटाला मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों से जूझ रहे सोरेन को इस बार एक कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। बीजेपी नेता प्रतुल शाह देव ने कहा कि हम चुनाव आयोग की घोषणा का स्वागत करते हैं। 2.6 करोड़ लोग झारखंड की अगली सरकार के लिए मतदान करेंगे। हम लोगों से बड़ी संख्या में बाहर आने और इस निरंकुश, भ्रष्ट और जनविरोधी सरकार को इस राज्य से उखाड़ फेंकने की अपील करते हैं।

यूपी की नौ विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को होंगे उपचुनाव, 23 को नतीजे

लखनऊ,एजेंसियॉ। यूपी उपचुनाव को लेकर आज चुनाव आयोग ने तारीख का एलान किया। उत्तर प्रदेश की नौ विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को उपचुनाव होंगे और 23 नवंबर को नतीजे आएंगे। बता दें कि प्रदेश की 10 सीटों पर उपचुनाव होने थे लेकिन कोर्ट में दायर याचिका की वजह से मिल्कीपुर में उपचुनाव की तारीख का एलान नहीं किया गया है। यूपी के साथ ही पंजाब उपचुनाव और महाराष्ट्र-झारखंड विधानसभा की चुनावी तारीखों का भी एलान किया गया।यूपी में नौ विधानसभा सीटों करहल (मैनपुरी), सीसामऊ (कानपुर), कटेहरी (अंबेडकरनगर), कुंदरकी (मुरादाबाद), खैर (अलीगढ़), गाजियाबाद, फूलपुर (प्रयागराज), मझवा (मिर्जापुर) और मीरापुर (मुजफ्फरनगर) पर उपचुनाव होने हैं। सीसामऊ सीट सपा विधायक इरफान सोलंकी को सजा होने से रिक्त हुई है जबकि 9 विधायक, लोकसभा सदस्य बन चुके हैं।

चौदह राज्यों की 48 विधानसभा और महाराष्ट्र व केरल की एक-एक लोकसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा

नई दिल्ली, (हि.स.)। चुनाव आयोग ने मंगलवार को महाराष्ट्र एवं झारखंड के साथ 14 राज्यों की 48 विधानसभा सीटों और महाराष्ट्र एवं केरल की एक-एक लोकसभा सीटों पर उपचुनाव कार्यक्रमों की भी घोषणा की। केरल की वायनाड लोकसभा सीट के साथ 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों पर 13 नवंबर को मतदान होगा, जबकि महाराष्ट्र की नांदेड़ लोकसभा सीट और उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट पर 20 नवंबर को मतदान होगा। सभी सीटों की मतगणना 23 नवंबर को होगी।मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ दिल्ली के विज्ञान भवन में पत्रकार वार्ता में चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा की। इसके अनुसार 48 विधानसभा सीटों में से सर्वाधिक 9 सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। इसके अलावा राजस्थान की 7, पश्चिम बंगाल की 6, असम की 5, बिहार एवं पंजाब की 4-4, कर्नाटक की 3, केरल, मध्य प्रदेश और सिक्किम की 2-2, गुजरात, उत्तराखंड, मेघालय और छत्तीसगढ़ की 1-1 विधानसभा सीट पर उपचुनाव होगा।आयोग के अनुसार 13 राज्यों की 47 विधानसभा सीटों और केरल की वायनाड लोकसभा सीट के लिए बुधवार 13 नवंबर को मतदान होगा। इसके लिए अधिसूचना 18 अक्टूबर को जारी की जाएगी। नामांकन 25 अक्टूबर, नामांकन की जांच 28 अक्टूबर और नाम वापसी 30 अक्टूबर तक हो सकेगी। वहीं, उत्तराखंड की केदारनाथ विधानसभा सीट और महाराष्ट्र की नांडेड़ लोकसभा सीट के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। इनके लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। 29 अक्टूबर तक नामांकन, 30 अक्टूबर को नामांकन की जांच, 4 नवंबर को नाम वापसी की अंतिम तारीख तय की गयी है।

इन राज्यों की विधानसभा सीटों पर उपचुनाव-

उत्तर प्रदेश- मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर (एससी), करहल, सीसामऊ, फूलपुर, कटेहरी, मझावन।

राजस्थान- झुंझुनू, रामगढ़, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, सलूंबर (एसटी), चौरासी (एसटी)।

पश्चिम बंगाल- सीताई (एससी), मदारीहाट (एसटी), नैहाटी, हरोआ, मेदिनीपुर, तालडांगरा।

असम- धोलाई (एससी), सिडली (एसटी), बोंगाईगांव, बेहाली, सामागुड़ी।

बिहार- तरारी, रामगढ़, इमामगंज (एससी), बेलागंज।

पंजाब- डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल (एससी), गिद्दड़बाहा, बरनाला।

कर्नाटक- शिगांव, संदुर (एसटी), चन्नापटना।

केरल- पलक्कड़ और चेलक्कारा (एससी)।

मध्य प्रदेश- बुधनी और विजयपुर।

सिक्किम- सोरेंग-चाकुंग और नामची-सिंघीथांग।

छत्तीसगढ़- रायपुर सिटी साउथ।

गुजरात- वाव सीट।

मेघालय- गाम्बेग्रे (एसटी)।

उत्तराखंड- केदारनाथ।

रक्षा मंत्री ने तेलंगाना में नौसेना के वीएलएफ राडार स्टेशन की नींव रखी

बंगाल की खाड़ी और आईओआर में शांति व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता - राजनाथ

नई दिल्ली, (हि.स.)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) में शांति और व्यवस्था बनाए रखना हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत की समुद्री सीमाएं निर्धारित करने वाले देशों की ओर से भी समुद्री सुरक्षा के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने चाहिए। भारत के इस प्रयास में सभी मित्र देशों का साथ जरूरी है, क्योंकि यदि एक भी देश छूटा तो समझिए हमारा सुरक्षा चक्र टूटा। भारत तोड़ने में नहीं, बल्कि सबको जोड़ने में विश्वास रखता है, इसलिए हम लोग हर तरीके से सभी मित्र पड़ोसी देशों को साथ लेने के लिए हर संभव कदम उठा रहे हैं।राजनाथ सिंह ने मंगलवार को तेलंगाना के विकाराबाद में नौसेना के वीएलएफ राडार स्टेशन की नींव रखने के बाद शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने वीएलएफ स्टेशन के निर्माण से जुड़े सभी हितधारकों को और तेलंगाना सरकार के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को धन्यवाद देते हुए हुए कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के लिए यह स्टेशन सैन्य क्षमता का विस्तार करने में महत्वपूर्ण साबित होगा। यह वीएलएफ स्टेशन चालू होने के बाद समुद्री बलों के लिए कई दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस प्रकार का हाई-टेक बुनियादी ढांचा सिर्फ एक सैन्य प्रतिष्ठान में नहीं होता है, बल्कि ये अपनी रणनीतिक भूमिका जैसे राष्ट्रीय महत्व का सिद्धांत देता है।रक्षा मंत्री ने कहा कि साधारण या असाधारण परिस्थिति में किसी भी कमांड सेंटर से जुड़े सभी लोगों के बीच सूचनाओं का निर्बाध प्रवाह होना बहुत जरूरी है और इस प्रकार के संचार के लिए ये केंद्र बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। यह वीएलएफ स्टेशन समुद्री बलों के बीच संचार स्थापित करने की कड़ी में हमारा सबसे अहम प्रयास है। यह हमारे सशस्त्र बलों के कमांड सेंटरों के साथ समुद्र में हमारे जहाजों और पनडुब्बियों के बीच एक मजबूत और वास्तविक समय संचार विकसित करना चाहता है।

एअर इंडिया के विमान को बम से उड़ाने की धमकी, अयोध्या एयरपोर्ट पर कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

अयोध्या, (हि.स.)। एअर इंडिया एक्सप्रेस के एयर क्राफ्ट को मंगलवार को बम से उड़ाने की धमकी के बाद अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की आपातकालीन सुरक्षित लैंडिंग कराई गई।विमान में सवार 139 यात्रियों को सुरक्षित उतार लिया गया। उसके बाद बम की तलाशी ली गई। फिलहाल विमान में तलाशी के दौरान बम नहीं मिला। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। समाचार लिखे जाने तक विमान में रखे सामानों की चेकिंग की जा रही है ।हवाई अड्डे के निदेशक विनोद कुमार ने बताया कि विमान की आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। ये विमान जयपुर से आ रहा था। अभी लगेज की जांच हो रही है।

बहराइच दंगा

पीड़ित परिवार मुख्यमंत्री योगी से मिला, तीसरे दिन भी इंटरनेट सेवा निलंबित

बहराइच, (हि.स.)। जनपद में रविवार को मूर्ति विसर्जन के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए राम गोपाल मिश्रा का परिवार मंगलवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिला। उनके साथ विधायक सुरेश्वर सिंह भी थे। उधर, बहराइच जिले में घटना के तीसरे दिन भी इंटरनेट सेवा निलंबित है। फिलहाल, स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है।पीड़ित परिवार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने के दौरान पूरे घटना से उन्हें अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया है कि उनके साथ न्याय होगा। सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। इसके अलावा कई विषयों पर पीड़ित परिवार से मुख्यमंत्री की वार्तालाप हुई है।हालात तनावपूर्ण, फोर्स तैनात जनपद बहराइच में हुए बवाल के बाद महसी और आसपास के इलाकों में तनावपूर्ण हालात हैं। उपद्रवियों से निपटने के लिए पीएसी, आरएएफ के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

जानकारी यह मिली है कि बीतीरात को एक धार्मिक स्थल, कुछ दुकानों और घरों को निशाना बनाया गया लेकिन सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के चलते उपद्रवियों के मंसूबों पर पानी फिर गया। पूरे जिले में इंटरनेट सेवा निलंबित है। पुलिस के अधिकारी लगातर क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं।परिजनों का आरोप, पुलिस की लापरवाही से हुई हत्या पीड़ित परिवार का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही से ये हत्या की घटना हुई है, हमें दोषियों का एनकाउंटर चाहिए। मृतक रामगोपाल मिश्रा की मां ने रोते हुए कहा कि मेरा बेटा तो चला गया, अब हम क्या करेंगे। हमें बस न्याय मिलना चाहिए। जैसे बेटे को मारा गया है, वैसी उनको (हत्यारों) सजा मिले। रामगोपाल के भाई ने कहा कि हम पुलिस की कार्यवाही से खुश नहीं हैं।छह माह पूर्व हुई थी शादी भाई ने बताया कि रामगोपाल की महज छह महीने पूर्व ही शादी हुई थी। पति की मौत से पत्नी रोली का हाल रो–रोकर बेहाल है। पत्नी ने सरकार से मांग की है कि आरोपित का एनकाउंटर होना चाहिए।प्रभावित क्षेत्रों में रखी जा रही पैनी नजर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला का कहना है कि जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गये हैं। इंटरनेट सेवा अभी बहाल नहीं की गई है। सुरक्षा की दृष्टि से छह कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ तथा स्थानीय पुलिस जवान और अधिकारी मुस्तैद हैं। चार आईपीएस रैंक के अफसर भी तैनात किए गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों में पैनी नजर रखी जा रही है।

भारत का डिजिटल अनुभव दुनिया में जनकल्याण कार्यों को बना सकता है सशक्त - प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को डिजिटल प्रौद्योगिकी के उपयोग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के नैतिक उपयोग के लिए एक वैश्विक ढांचा तैयार करने की जोरदार वकालत की। उन्होंने कहा कि वैश्विक संस्थाओं के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचे और वैश्विक शासन के लिए वैश्विक दिशा-निर्देशों के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है। आपस में जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।प्रधानमंत्री ने भारत मंडपम में अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ-विश्व दूरसंचार मानकीकरण सभा (डब्ल्यूटीएसए) 2024 का उद्घाटन किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 8वें संस्करण का भी उद्घाटन किया और इस अवसर पर प्रदर्शित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में डिजिटल प्रौद्योगिकी के लिए वैश्विक ढांचा स्थापित करने के महत्व को दोहराया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस विषय को भारत ने अपने जी-20 प्रेसीडेंसी के दौरान उठाया था और वैश्विक संस्थाओं से वैश्विक शासन के लिए इसके महत्व को पहचानने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ÷वैश्विक संस्थाओं के लिए वैश्विक शासन के महत्व को स्वीकार करने का समय आ गया है।वैश्विक स्तर पर प्रौद्योगिकी के लिए %क्या करें और क्या न करें% बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए, प्रधानमंत्री ने डिजिटल उपकरणों और अनुप्रयोगों की सीमाहीन प्रकृति पर प्रकाश डाला और साइबर खतरों से निपटने में अंतरराष्ट्रीय सहयोग और वैश्विक संस्थाओं द्वारा सामूहिक कार्रवाई का आग्रह किया। उन्होंने विमानन क्षेत्र के साथ समानताएं बताईं, जिसके पास पहले से ही अच्छी तरह से स्थापित ढांचे हैं।प्रधानमंत्री मोदी ने डब्ल्यूटीएसए से एक सुरक्षित डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र और दूरसंचार के लिए सुरक्षित चैनल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा, ÷एक-दूसरे से जुड़ी दुनिया में सुरक्षा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। भारत का डेटा संरक्षण अधिनियम और राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा रणनीति एक सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

वक्फ बिल पर जेपीसी बैठक का कुछ विपक्षी सदस्यों ने किया बहिर्गमन

नई दिल्ली, (हि.स.)। वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की मंगलवार को हुई बैठक का कुछ विपक्षी सदस्यों ने बहिर्गमन किया। इन सदस्यों ने भाजपा सदस्यों पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया और बैठक कक्ष से बाहर निकल गए।बैठक कक्ष से बाहर आने वाले विपक्षी सदस्यों में कल्याण बनर्जी, गौरव गोगोई, ए राजा, मोहम्मद अब्दुल्ला, अरविंद सावंत और अन्य शामिल थे। आज बैठक में विधेयक पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के प्रतिनिधियों की प्रस्तुति होनी थी।

आपदा भी न रोक सकी आस्था की डगर पर श्रद्धालुओं के पांव

अब तक 40 लाख से अधिक तीर्थयात्री पहुंचे चारधाम

देहरादून, (हि.स.)। हरी-भरी वादियां, ऊंचे-ऊंचे पहाड़, सीढ़ीनुमा-घुमावदार सड़कें, हिमालय व हिल स्टेशन समेत देवभूमि का प्राकृतिक सौंदर्य इन दिनों पर्यटकों को खूब लुभा रहा है। मई से शुरू हुई राज्य की चारधाम यात्रा इस वर्ष अब तक तीर्थयात्रियों का आंकड़ा 40 लाख पार कर चुका है। राज्य में अब तक चार लाख 80 हजार 788 वाहन भी चारधाम पहुंच चुके हैं। अभी भी बड़ी संख्या में तीर्थयात्री चारधाम यात्रा पर देवभूमि पहुंच रहे हैं।दरअसल, इस वर्ष की चारधाम यात्रा अब अंतिम चरण में है। आने वाले दिनों में सभी धाम छह माह के लिए बंद हो जाएंगे। ऐसे में हरिद्वार से लेकर उच्च हिमालय तक आस्था पथ गुलजार है। चारधाम यात्रा उत्तराखंड की आर्थिकी की लाइफलाइन है। चारधाम यात्रा से हजारों परिवारों को काफी आस होती है। उत्तराखंड समेत आसपास के राज्यों के अलावा नेपाल के नागरिक भी चारधाम यात्रा के सहारे गुजर-बसर करने देवभूमि आते हैं।इस वर्ष 31 जुलाई की आपदा भी आस्था की डगर पर श्रद्धालुओं के पांव रोक नहीं पाई। इस वर्ष अब तक 40 लाख 92 हजार 360 तीर्थयात्री सुरक्षित धार्मिक यात्रा कर चारों धामों में शीश नवा चुके हैं। इस दौरान सबसे अधिक यात्री केदारनाथधाम में मंगलवार तक 13 लाख 67 हजार 567 श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। बद्रीनाथ धाम में 11 लाख 18 हजार 348 व गंगोत्री धाम में सात लाख 53 हजार 397 तो यमुनोत्री धाम में अब तक छह लाख 60 हजार 333 तीर्थयात्रियों ने हाजिरी लगा चुके हैं। साथ ही हेमकुंड साहिब दरबार में एक लाख 83 हजार 722 व गौमुख में अब तक 8993 भक्त मत्था टेक चुके हैं। वहीं, अभी भी तीर्थयात्रियों का केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम पहुंचने का सिलसिला जारी है।

जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल का 11वां दिन, गतिरोध बरकरार

कोलकाता, (हि.स.)। पश्चिम बंगाल के जूनियर डॉक्टरों की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल मंगलवार को 11वें दिन में प्रवेश कर गई लेकिन राज्य सरकार और डॉक्टरों के बीच हुई बैठक से कोई समाधान नहीं निकल सका।

कोलकाता के एस्प्लानेड क्षेत्र में अनशन पर बैठे दो और डॉक्टरों की तबीयत बिगड़ गई।सोमवार को स्वास्थ्य भवन में मुख्य सचिव मनोज पंत और 12 डॉक्टर संघों के प्रतिनिधियों की बैठक बेनतीजा रही। मुख्य सचिव पंत ने बैठक के बाद बताया कि डॉक्टरों ने अपनी मांगों पर तत्काल समयसीमा देने की बात कही, लेकिन प्रशासनिक कारणों से समयसीमा देना संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि डॉक्टरों की 10 में से सात मांगें पहले ही पूरी की जा चुकी हैं, जबकि शेष तीन मांगों पर और विचार की जरूरत है।

भूख हड़ताल की शुरुआत 5 अक्टूबर को हुई थी, जो अस्पताल में 9 अगस्त को हुई एक पोस्टग्रेजुएट डॉक्टर की दुष्कर्म और हत्या की घटना के बाद करीब 50 दिनों तक चले 'कार्य बहिष्कार' के दो चरणों के बाद शुरू की गई। सात जूनियर डॉक्टर भूख हड़ताल पर हैं, जिनमें से कुछ की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें तुरंत चिकित्सा सहायता की आवश्यकता पड़ी।

सोमवार को ही उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज के ईएनटी विभाग के एक डॉक्टर ने भी भूख हड़ताल में शामिल होकर अपना विरोध दर्ज कराया।

कॉमेडी नाइट्स विद कपिल' शो के एक्टर अतुल परचुरे का निधन

नई दिल्ली (आरएनएस)। 'द कपिल शर्मा शो' में कई किरदार निभा चुके दिग्गज एक्टर अतुल परचुरे का निधन हो गया। वह 57 साल के थे। कुछ साल पहले ही उन्हें कैंसर का पता चला था। उनके निधन ने वाकई सभी को सदमे में डाल दिया है। अतुल ने कई मराठी और हिंदी फिल्मों और टीवी शो में काम किया था। अतुल की मौत की खबर उस खबर के एक साल बाद आई है जब बताया गया था कि वो कैंसर से जूझ रहे थे।

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में बहराइच से दो और लोगों को मुंबई पुलिस ने हिरासत में लिया

बहराइच, (हि.स.)। मुम्बई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में मंगलवार को मुम्बई पुलिस ने यहां के गंडारा इलाके से दो लोगों को हिरासत में लिया है। इनमें एक का नाम हरीश तो दूसरे नाम अनुराग कश्यप है।

आरोपी हरीश एक कबाड़ दुकान चलाता था। धर्मराज और शिवप्रसाद गौतम भी इसी दुकान में काम करते थे। दोनों संदिग्ध हत्या के मुख्य आरोपी धर्मराज कश्यप के रिश्तेदार हैं।पुलिस की ओर से यह दावा किया गया है कि हरीश ने इस वारदात को अंजाम देने से कुछ दिन पहले शिवप्रसाद और धर्मराज को एक नया मोबाइल खरीदवाया था। हरीश इस षडयंत्र में शामिल था। बाबा सिद्दीकी की हत्या करने वाले शूटरों की हरीश ने हर प्रकार से मदद की थी। बहराइच से दो आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में अहम सुराग मिल सकते हैं। पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।उल्लेखनीय है कि विजयादशमी के मौके पर एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की उनकी दफ्तर के बाहर ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है। मुम्बई पुलिस का दावा है कि हरियाणा के कैथल निवासी गुरमेल सिंह, बहराइच का रहने वाला धर्मराज सिंह और शिवकुमार ने बाबा सिद्दीकी पर गोलियां चलायी थीं।

पुलिस ने गुरमेल सिंह व धर्मराज कश्यप को पहले ही गिरफ्तार कर लिया हैं। फिलहाल आरोपी जीशान अख्तर , शुभम लोनकर और शिवकुमार नाम के तीन आरोपी फ़रार हैं, जिनकी तलाश में टीमें लगी हुई है।

महाप्रबन्धक ने आठ रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार

कमल चन्द्र यादव, ट्रैक मेन्टेनर-IV बने माह सितम्बर, 2024 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी

प्रयागराज। सितम्बर माह के लिए महाप्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, उपेन्द्र चन्द्र जोशी, प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी, जे.सी. एस. बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में आज संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए झाँसी , आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 8 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक के द्वारा संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए।

पुरस्कृत कर्मचारियों में आलोक कुमार, लोको पायलट प्रयागराज, पंकज कुमार, सहायक लोको पायलट प्रयागराज, विजय बहादुर यादव, लोको पायलट प्रयागराज, अनुभव मोहन सिंह, सहायक लोको पायलट प्रयागराज, सूर्य प्रकाश, ट्रेन मैनेजर, जीएमसी प्रयागराज मण्डल, इमरान अंसारी, प्वाइण्टसमैन बबीना झाँसी मण्डल, कप्तान सिंह, ट्रैक मेन्टेनर घासी नगर आगरा मण्डल और कमल चन्द्र यादव, ट्रैक मेन्टेनर मेजा रोड प्रयागराज मण्डल शामिल हैं।

कमल चन्द्र यादव, ट्रैक मेन्टेनर मेजा रोड प्रयागराज मण्डल को सितम्बर, 2024 के सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

बहराइच हिंसा को लेकर प्रयागराज में बढ़ी सतर्कता

शहर के पुराने हिस्सों में हो रही गश्त, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर निगरानी

प्रयागराज। बहराइच में जबरदस्त हिंसा के मे द्देनजर प्रयागराज में पूरी सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस लगातार अलर्ट मोड पर है। खासकर संवेदनाशील इलाकों को लेकर और सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो, फोटो, मैसेज के प्रसारण को लेकर। सभी जिलों के पुलिस अधिकारियों को निर्देश है कि वह जरूरी ऐहतियाती कदम उठाएं। माहौल खराब करने वाले तत्वों पर निगाह रखे और सख्ती करें। बहराइच की तरह ही कौशांबी में भी दहशरा पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश हुई थी। ऐसे में कुंभ नगरी प्रयागराज में खासतौर पर चौकसी बरती जा रही है।

पुलिस कमिश्नर तरुण गाबा ने शहर और देहात के सभी पुलिस अधिकारियों और थाना प्रभारियों को निर्देश दिया है कि वह छोटी से छोटी घटना पर नजर रखें और मौके पर पहुंचे। साथ ही रात में गश्त करने, मंदिरों, मस्जिदों के आसपास सुरक्षा इंतजाम करने को कहा है। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती ने कई थानों की फोर्स लेकर शहर में खुद गश्त की। खासकर पुराने शहर में पैदल घूमे। साथ ही सोशल मीडिया सेल की बैठक कर निर्देश दिए।

सोशल मीडिया सेल को विशेष निगरानी के लिए कहा गया है। साइबर सेल की टीमें शहर के वाट्सएप ग्रुपों को लेकर जानकारी जुटा रही हैं। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर देखा जा रहा है कि बहराइच हिंसा से जुड़े वीडियो शेयर कर आपत्तिजनक बातें लिखीं मिलीं तो तत्काल एक्शन लें। साथ ही धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली पोस्ट, वीडियो, फोटो की विशेष निगरानी करें।

इसी प्रकार एलआईयू की टीमें पुराने शहर में सूचनाएं संकलन कर रही हैं। डीसीपी सिटी अभिषेक भारती खुद मॉनीटिरिंग कर रहे हैं। उन्होंने शहर के थानों को निर्देश दिया है कि मिलीजुली आबादी वाले इलाकों में फोर्स घूमे, पीस कमेटी के लोगों से संपर्क कर जानकारी जुटाएं।

पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय जार्जटाउन में आज देश के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक, भारत रत्न ए पी जे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। सपा नेताओं, कार्यकर्ताओ ने उनके चित्र पर फूल माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस मौके पर सपा नेताओं ने पूर्व राष्ट्रपति को दृढ़ इक्षा शक्ति का धनी बताते हुए कहा कि एक गरीब, मछुआरे के घर में जन्मे कलाम साहब ने विद्यार्थी जीवन में कड़ी मेहनत और लगन के बल पर देश के एक महान वैज्ञानिक बनने में कामयाबी हासिल की। उनकी ईमानदारी, सादगी, सहज व्यवहार और काबिलियत ने ही देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के रूप में सम्मान मिला।

वक्ताओं ने कहा कि देश की बैलेस्टिक मिसाइल प्रोद्योगिकी के विकास में उनके योगदान के लिये ही उन्हें भारत के मिसाइल मैन के रूप में जाना जाता है. उन्होंने कई किताबें भी लिखी हैं जो युवाओं खासकर विद्यार्थियों के लिये प्रेरणा दायक हैं।

इस मौके पर प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, यमुनापार पप्पूलाल निषाद, महानगर अध्यक्ष सैयद इफ्तेख़ार हुसैन, एम एल सी डॉ मानसिंह यादव, विधायक गण हकीमलाल बिन्द, संदीप पटेल, गीता पासी, बासुदेव यादव, हाजी परवेज अहमद, महबूब उस्मानी, इसरार अंजुम, रविन्द्र यादव, दान बहादुर मधुर, महेन्द्र सरोज, जगदीश यादव, के के यादव, नाटे चौधरी, कुलदीप यादव, शांति प्रकाश पटेल, मो गौस, प्रभाकर यादव, आसुतोष तिवारी, मॉइन हबीबी, राजेश गुप्ता, मंगला पाल, अलोक, दायशंकर, सुशील आदि मौजूद रहे।

मोहम्मद शारिक़ बने सपा राज्य कार्यकारिणी के प्रदेश सचिव

प्रयागराज। समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के साथ विभिन्न प्रकोष्ठों में असम पद पर रह कर समाजवाद का झंडा बुलंद करने वाले प्रयागराज चकदोंदी नैनी के रहने वाले मोहम्मद शारिक़ को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की स्वीकृति के बाद प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने समाजवादी पार्टी राज्य कार्यकारिणी में सचिव पद पर नामित किया। राष्ट्रीय मुख्य महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव, प्रयागराज के जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष को इस सम्बन्ध की पत्र प्रतिलिपि प्रेषित कर बधाई दी गई। समाजवादी पार्टी महानगर प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी ने उक्त सम्बन्ध में बताया कि मोहम्मद शारिक़ एक जुझारू व समर्पित कार्यकर्ता के साथ विभिन्न रामलीला कमेटी व नैनी व्यापार मंडल के संरक्षक भी हैं और समाजसेवा में हमेशा अग्रणी भूमिका भी निभाते चले आ रहे हैं। इनके मनोनयन पर पूर्व मंत्री रामवृक्ष यादव, जौनपूर के पूर्व विधायक अरशद खान, एम एल सी मान सिंह यादव, विधायक मेजा संदीप पटेल, जिलाध्यक्ष जमुना पार पप्पू लाल निषाद, जिलाध्यक्ष गंगापार अनिल कुमार यादव, महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, ज़िला मीडिया प्रभारी दान बहादुर मधुर, शहर दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष पीर

महाकुंभ 2025 मेले में बिछड़ने वालों को मिलाएगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

प्रयागराज। महाकुंभ 2025 में संगमनगरी के रेती पर बसने वाले विशाल तम्बुओं की नगरी को बसाने की तैयारी युद्ध स्तर पर चल रही है। महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानियां नही होगी। इसके लिए मेला प्रशासन ने नया प्लान तैयार किया है। इस प्लान को पहली बार इस्तेमाल किया जा रहा है।

मेला प्राधिकरण इस बार मेले में आने वाले श्रृद्धालुओं को उनके अपनों से बिछड़ने के बाद उनकी तलाश करने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद लेगी। इसके उपयोग से बिछड़ने वालों को तलाश करने में आसानी होगी। यह पहली बार हो रहा है। जो मेला क्षेत्र में अपनों से बिछड़े लोगों को मिलाने में मदद करेगा। इस तैयार किये गये प्लान में प्राधिकरण की मदद एमएनएनआईटी यानि मोती लाल नेहरू नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर रहा है। जिससे मेले के दौरान भटकने वालों को परेशानियां नही होंगी। मेला प्राधिकरण इसके लिए जियो टैगिंग का भी प्रयोग करेगा।

महाकुंभ में देश के अलग-अलग राज्यों से करोड़ों की संख्या में आने वाले श्रृद्धालुओं को बोलचाल भाषा की भी सुविधा मेले में दी जाएगी। महाकुंभ की भीड़ में अक्सर लोग अपने परिवार या मित्रजनों से बिछड़ जाते हैं।

अलग क्षेत्रीय भाषा होने के कारण उनकी भाषाओं को समझने में दिक्क़तें आने लगती है। इसको लेकर मेला प्राधिकरण की तरफ से भाषिणी एप का प्रयोग किया जा रहा है। जो अंग्रेजी समेत 11 क्षेत्रीय भाषाओं में लोगों के साथ जानकारी साझा करेगा और उनकी समस्याओं को दूर करेगा। अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि इस एप की मदद से कोई भी अपनी क्षेत्रीय भाषा में सवाल करेगा, तो खोया पाया केंद्र में बैठे वालिंटियर को हिंदी में उसकी जानकारी मिलेगी। इसी प्रकार वालेंटियर जब हिंदी में संबंधित व्यक्ति को उसकी समस्या का समाधान बताएगा तो उनको उसकी क्षेत्रीय भाषा में जानकारी मिलेगी। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि इस ऐप का उपयोग पहली बार महाकुंभ में किया जा रहा है। प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान आने वाले लोगों को ठहरने की जगह से लेकर कहीं जाने तक की जानकारी उनकी अपनी क्षेत्रीय भाषा में यह एप उपलब्ध कराएगा।

लोगों को अपने मोबाइल में इस एप को डाउनलोड करना होगा। जिससे उन्हे अपने करीबियों से मिलने में आसानी हो सकेगी।

अकील अब्बास बने प्रदेशीय क्रिकेट में चयनकर्ता

प्रयागराज। शहर के अकील अब्बास रिजवी को 68वीं प्रदेशीय विद्यालयीय अंडर-14 (बालक) क्रिकेट प्रतियोगिता में चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या के प्रधानाचार्य के पत्रानुसार मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता अकील अब्बास रिजवी आगरा में मंगलवार से शुरू होकर 19 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता में यह दायित्व निभायेंगे। अकील शहर के इकलौते ऐसे अध्यापक हैं जो प्रदेशीय विद्यालयीय हॉकी, एथलेटिक्स।

साहित्यिक गोष्ठी, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से परिपूर्ण होगी माई महोत्सव- अजीत सिंह

प्रयागराज। विगत 9 वर्षों से भोजपुरी भाषा के संवर्धन एवं विकास के लिए कार्य कर रही संस्था भोजपुरी संगम द्वारा 19 अक्टूबर को अपराह्न तीन बजे से 3 सत्रों में चतुर्थ माई महोत्सव का आयोजन इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन सभागार प्रयागराज में किया गया है। यह जानकारी देते हुए महोत्सव के संयोजक अजीत सिंह ने बताया कि चतुर्थ माई महोत्सव के संदर्भ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन हिंदुस्तानी अकादमी सभागार में किया गया। चतुर्थ में महोत्सव के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह एवं विशिष्ट

अतिथि के रूप में कृष्ण प्रताप सिंह, स्वाति सिंह पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, डॉ. सुरेश कुमार त्रिपाठी विधायक, डॉ. उदेश्वर सिंह, संजय सिंह अध्यक्ष कुश्ती महासंघ, अमित अनजान, राजेश प्रजापति, सज्जाद सिद्दीकी दुबई, प्रदीप राय, अजीत दुबे डॉ. ज्वाला प्रसाद हेमंत सिंह पंकज गांधी, डॉ. ओम जी उपाध्याय, प्रोफेसर संजय राय, डॉ. चंद्रभूषण राय आदि सम्मिलित होंगे। इस सत्र में भोजपुरी भाषा के उत्थान के लिए कार्य करें कुछ विशिष्ट जनों का सम्मान भी किया जाएगा। द्वितीय सत्र वैचारिक एवं बौद्धिक सत्र में भोजपुरी संविधान से दूर काहे विषय पर चर्चा होगी। जिसमें डॉ. बृजभूषण मिश्रा, डॉ. गुरु चरण सिंह, डॉ. जयकांत सिंह जय, डॉ. सुमन सिंह, डॉ. पी राज सिंह, आदि अपने वक्तव्य देंगे।

इसके पश्चात एक कवि सम्मेलन का भी आयोजन किया गया जी जिसमें डॉ. देवकांत पांडे डॉ. संजीव त्यागी डॉ. विनम्र सेन सिंह मनोज भावुक, डॉ. श्लेष गौतम आदि काव्य पाठ करेंगे। माई महोत्सव के तृतीय सत्र में विविध रंगों से रंगी सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सजी एक यादगार शाम में का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भोजपुरी के गोपाल राय, मैथिली ठाकुर, दीपक त्रिपाठी, अनन्या सिंह, मनोहर सिंह, चंदन तिवारी, हेमा पांडे, करीना पांडे, सविता पांडे, अलका सिंह पहाड़िया, पारुल नंदा, नीरज पांडे, अनामिका त्रिपाठी, ऋषभ ठाकुर, पार्थ व ईशान वत्स बंधु, जितेंद्र तिवारी 'अमृत' आदि अपने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से भोजपुरी भाषा के संवर्धन को धार देंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस को कार्यक्रम के संयोजक अजीत सिंह, अजीत विक्रम सिंह, मीडिया प्रभारी संतोष तिवारी, हिंदुस्तानी अकादमी के प्रशासनिक अधिकारी गोपाल जी पांडे एवं डॉ अनुराग सिंह ने संबोधित किया।

कृषि विज्ञान केन्द्र में पांच दिवसीय मौन पालन व्यवसायिक प्रशिक्षण का आयोजन

नैनी(प्रयागराज)। कृषि विज्ञान केन्द्र, शुआट्स पर चलाए जा रहे मौन पालन विषय पर पांच दिवसीय व्यवसायिक पशिक्षण में विभिन्न ब्लाकों एंव गांवों के प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। हेड एंव वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 मुकेश पी मसीह ने प्रशिक्षार्थियों को सम्बोधित करते हुऐ कहा कि मधुमक्खी पालन कृषि के साथ एक लाभदायक रोजगार/उद्यम है जिससे हमारे युवा आत्म निर्भर बनकर एक व्यवसाय के रूप में इसे कर सकते है।

डा0अजय कुमार मधुमक्खी पालन कोडिनेटर ने कहा कि मौन पालन आजिविका का साधन व आमदनी का अतिरिक्त स्रोत है। परोक्ष रूप से फसलों के परागण में इसका विशेष योगदान है। यह एक ऐसा व्यवसाय

है जिसमें भोजन के लिये यह फूलों से परागण व मकरंद एकत्रित कर अपना भोजन शहद के रूप में एकत्र करती है। इसे छत्ते से निकाल कर विभिन्न उपयोगो में लाया जाता है। मधुमक्खी पालन से शहद, मोम,प्रोपलीस इत्यादि चीजे प्राप्त होती है। मधुमक्खी पालन एक बक्स में रखकर किया जाता है जिसमें मधुमक्खियॉ शहद को एकत्रित करती है तथा अपने परिवार का लालन पालन करती है इसका पालन आसानी से किया जा सकता है। सभी प्रशिक्षार्थी बडे उत्साह पूर्वक इस प्रशिक्षण को प्राप्त कर रहें है।

मानस रामलीला में श्री राम राज्याभिषेक का मंचन

नैनी (प्रयागराज)मानस रामलीला समिति अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कलाकारों द्वारा श्री राम राज्याभिषेक का मंचन किया गया। मंच से शिव तांडव, माँ दुर्गा, कृष्ण राधा, माँ क़ाली की झाँकी निकाली गई। दर्शकों का मन मोह लिया।

अवधपुरी अति रुचिर बनावा,देवनसुमन वृष्टि झरीलावा।
प्रथम तिलक वशिष्ठ मुनि कीन्हा,
पुनि सब विप्रन्ह आयस दीन्हा।
सुत विलोकि हरषि महतारी, बार बार आरती उतारी।

कार्यक्रम के समय भब्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें हजारों रामभक्तों ने भोजन एवम् प्रसाद ग्रहण किया। मंचन कार्यक्रम के समय मुख्य संरक्षक समर बहादुर सिंह, संरक्षक राकेश श्रीवास्तव, सुभाष केसरवानी, पीर मोहम्मद् अजहर, शिव शंकर दीक्षित, संयोजक मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, राज सिंह, कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जैसवाल, मंत्री राजकुमार कुशवाहा, एलेक्ट्रांनिक मीडिया नंदू भाई आजाद, मीडिया संजय श्रीवास्तव सत्य गोपाल यादव आशीष राय रोहित शुक्ला सूरज यादव, मारुति नंदन तिवारी सुधीर प्रजापति, आदि लोग शामिल रहें। उक्त जानकारी मानस रामलीला समिति के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव ने दिया हैं।

महाराष्ट्र में गैंगरेप का आरोपी प्रयागराज से गिरफ्तार

एसटीएफ के ऑपरेशन के बाद पकड़ा गया, पेशी के बाद ले जाया गया महाराष्ट्र

प्रयागराज। प्रयागराज एसटीएफ यूनिट ने रेप के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामला महाराष्ट्र के पुणे में गैंगरेप से जुड़ा है। प्रयागराज का आरोपी फरार चल रहा था। पुणे की पुलिस ने एसटीएफ प्रयागराज से संपर्क साधा इसके लिए बाद आरोपी की गिरफ्तारी हो सकी।

पुणे पुलिस और एसटीएफ ने छापेमारी कर प्रयागराज के यमुनापार के औद्योगिक नगर क्षेत्र से उसे पकड़ लिया। पुणे पुलिस न्यायालय में पेशी के बाद आरोपी को रिमांड पर अपने साथ ले गई। आरोपी आदर्श नगर मतंरवाड़ी पुणे का निवासी बताया गया है।

एसटीएफ प्रयागराज के सीओ शैलेश प्रताप सिंह ने बताया कि तीन अक्तूबर की देर रात पुणे के बोपदेव घाटी टेबल प्वाइंट के समीप एक युवती अपने मित्र के साथ बैठी थी। इसी बीच आरोपी शोएब उर्फ अख्तर उर्फ बाबू शेख ने अपने दो अन्य साथी सोमनाथ यादव व चंद्रकुमार कन्नौजिया के साथ मिलकर युवती के साथ गैंगरेप किया।

पुणे की कोढ़वा थाने की पुलिस ने 11 अक्तूबर को आरोपी चंद्रकुमार को गिरफ्तार किया था। शोएब ट्रेन से प्रयागराज भाग आया था। कई दिनों तक प्रयागराज में जगह बदल-बदल कर रह रहा था। एसटीएफ निरीक्षक जयप्रकाश राय और पुणे पुलिस के एपीआई अमोल रसाड़ आदि ने आरोपी शोएब को औद्योगिक थाना क्षेत्र के डेज मेडिकल तिराहा के समीप गिरफ्तार किया।

पूछताछ में आरोपी शोएब ने पुलिस को बताया कि वह तीन अक्तूबर की रात्रि बोपदेव घाटी टेबल प्वाइंट में एक महिला अपने दोस्त के साथ बैठी थी उसी समय आरोपित अपने साथी चन्द्र कुमार, सोमनाथ यादव के साथ मिलकर महिला व उसके दोसत से मारपीट करतेहुए उनको नीचे ले गये थे।

जहां लड़की के दोस्त को बेल्ट एवं उसके पहले हुए कपड़े से बांध दिये और लड़की से सामूहिक दुष्कर्म करके भाग गये थे। घटना के बाद से ही आरोपित छिपकर रह रहा था। घटना के कुछ दिन बाद ही चन्द्र कुमार को पुलिस ने पकड़ लिया था।

महंगे प्याज, टमाटर ने बिगाड़ा थाली का स्वाद

लेड़ियारी(प्रयागराज)। अभी तक लोगों को अदरक, लहसुन के बढ़े हुए दामों से राहत नहीं मिल पाई थी। वहीं महंगाई के चलते गरीबों की थाली से अब प्याज भी दूर होती जा रही है । टमाटर के बढ़ते दामों से खाने का स्वाद बिगड़ गया है। प्याज और टमाटर के बढ़ते दामों के कारण लोग दुकानों पर भाव पूछ कर आगे बढ़ जा रहे हैं तथा जो खरीद रहे हैं वह कम मात्रा में खरीद कर काम चलाने के लिए विवस हो गए हैं। बताया जाता है कि जो प्याज एक पखवाड़े पूर्व फुटकर में 35 से ₹40 प्रति किलो बिक रहा था । प्याज अब मंडी में 60 तथा बाजारों में फुटकर में 70 प्रति किलो ग्राम बिक रहा है । वहीं

टमाटर 60 रूपये किलों दाम बढ़ने से गरीबों के थाली से जहां प्याज गायब होती जा रही है। मध्यम वर्ग के लोग कम मात्रा में सलाद में इसका उपयोग कर रहे हैं । इस बारे में लेड़ियारी के सब्जी विक्रेता सुरेश कुमार केशरवानी ने बताया कि मंडियों में आवक कम होने से प्याज के दामों में बढ़ोतरी हुई है।जैसे ही मंडियों में टमाटर, प्याज की आवक बढ़ जाएगी वैसे ही इसकी भाव में गिरावट आ सकती है।

बसंत लाल आजाद के निधन पर शोक

प्रयागराज। मॉर्निंग वार्कस एसोसिएशन की एक शोक सभा मंगलवार को प्रातः आजाद पार्क में अध्यक्ष किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में हुई। सभा में एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बसंत लाल आजाद के असामयिक निधन पर गहरा दुख जताते हुए कहा कि वह सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सदैव सक्रिय रहते थे । उनकी कमी सभी को खलेगी। इस मौके पर दो मिनट का मौन रख कर मृतक आत्मा की शांति हेतु कामना की। योग प्रशिक्षक अनूप गुरु, यशार्थ प्रकाश एडवोकेट, दीपक अग्रवाल, अरविंद सिंह, सियाराम केसरवानी, आर के चौहान, जितेंद्र जायसवाल, संतोष ओझा, रवींद्र श्रीवास्तव, आर के

हजारों अभ्यर्थियों ने घेरा शिक्षा सेवा चयन आयोग कार्यालय

प्रयागराज। प्रयागराज में शिक्षा सेवा चयन आयोग के बाहर मंगलवार दोपहर टीजीटी- पीजीटी अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में हजारों अभ्यर्थी पहुंचे जिसमें महिलाएं भी शामिल रहीं। अभ्यर्थियों के गुस्से को देखते हुए पुलिस फोर्स बढ़ा दी गई है। प्रदर्शन में टीजीटी- पीजीटी व असिस्टेंट प्रोफेसर पोर्टल खोलने, परीक्षा तिथियों को तत्काल घोषित करने जैसे अहम मुद्दे हैं। जीव विज्ञान 2011 व कला 2016 के बचे साक्षात्कार कराने, प्रतीक्षा सूची जारी करने, शिक्षा आयोग की नियमावली में धारा 12,18 व 21 को पूर्व की भांति जोड़ने की मांग की जा रही है। युवा मंच के अध्यक्ष अनिल सिंह ने कहा कि जब विधानसभा में

जानकारी दी गई है कि एडेड माध्यमिक विद्यालयों में 25 हजार पद रिक्त हैं और सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी सभी रिक्त पदों को भरने की घोषणा की है। ऐसे में इन 25 हजार पदों को विज्ञापन में शामिल करने में हीलाहवाली करना संदेह पैदा करता है। कहीं इन ऐडेड माध्यमिक विद्यालयों को भी परिषदीय विद्यालयों की तरह बंद करने की योजना तो नहीं है?

प्रदर्शन की अगुवाई कर रहे अनिल सिंह ने कहा कि सरकार हम अभ्यर्थियों को गुमराह कर रही है। हमें ऐसा रामराज्य नहीं चाहिए, जहां हम बेरोजगार होकर टहलते रहें।

कौशांबी से आए प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा मेरी उम्र 45 साल हो चुकी है। 2011 से लगातार नौकरी की तलाश में हूं, लेकिन दुर्भाग्य है कि आज भी बेरोजगार बैठा हूं।

कौशाम्बी में टीएसआई पांच हजार रुपया रिश्वत लेते गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी। भ्रष्टाचार निवारण संगठन की प्रयागराज इकाई ने मंगलवार की दोपहर पांच हजार रुपया रिश्वत लेते हुए कौशाम्बी के टीएसआई (यातायात उप निरीक्षक) को गिरफ्तार किया। एंटी करप्शन टीम ने पश्चिमशरीरा से गिरफ्तारी के बाद कौशाम्बी थाने में मुकदमा दर्ज कराया। हालांकि, केस टीम ने अपने थाने पर ट्रांसफर करवा लिया है। एसपी बृजेश श्रीवास्तव ने तत्काल प्रभाव से आरोपी टीएसआई को सस्पेंड कर लिया है। कार्रवाई को लेकर पुलिस महकमे में हड़कंप मचा हुआ है।

कौशाम्बी में यातायात प्रभारी के पद पर उप निरीक्षक कमलेश कुमार पांडेय तैनात थे। आरोप है कि वह पश्चिमशरीरा क्षेत्र के नाग चौरी का पूरा निवासी ट्रक मालिक सत्यम कुमार से प्रति माह 20 हजार रुपया एंट्री फीस मांग रहे थे। सुविधा शुल्क न देने पर वाहन सीज करने की धमकी दी थी। 10 अक्तूबर को वाहन स्वामी ने इसकी शिकायत भ्रष्टाचार निवारण संगठन की प्रयागराज इकाई से की थी। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह यादव, निरीक्षक रवींद्र कुमार, निरीक्षक राजेश कुमार मंगलवार की दोपहर ट्रक मालिक के साथ पश्चिमशरीरा पहुंचे और टीएसआई को ट्रक मालिक से पांच हजार रुपया रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर लिया। टीम टीएसआई को अपने साथ प्रयागराज लेकर गई है। वहीं से चालान किया जाएगा।

ट्रक ड्राइवर की भूमिका में था टीम का एक सदस्य

कौशाम्बी। एंटी करप्शन टीम का एक सदस्य ट्रक चालक की भूमिका में था। ट्रक मालिक ने रिश्वत देने के बहाने टीएसआई को फोन कर पश्चिमशरीरा बुलाया। उनके जेब में पांच हजार रुपया डालते ही ड्राइवर बने टीम के सदस्य ने दबोच लिया। तत्काल ही आसपास मौजूद टीम के अन्य सदस्य भी आ गए।

क्या कहते है अधिकारी

कौशाम्बी। रिश्वत लेने के आरोपी टीएसआई को सस्पेंड कर दिया गया है। उनके खिलाफ टीम ने कौशाम्बी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा भ्रष्टाचार निवारण संगठन की प्रयागराज यूनिट को ट्रांसफर भी कर दिया गया है।

वहीं की टीम पूछताछ के बाद टीएसआई का चालान करेगी।

बृजेश श्रीवास्तव-एसपी

युवती को ब्लैकमेल कर युवक ने किया दुष्कर्म

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। करारी कोतवाली के एक गांव में एक लड़की से पडोसी युवक ने बहला फुसलाकर ब्लैक मेल करके कई बार संबध बनाया, जब लड़की का रिश्ता लगा तो आरोपी युवक ने उसके होने वाले पति से बता दिया जिससे उसकी शादी होने से पहले रिश्ता टूट गया। जब इसकी जानकारी लड़की के परिजनों को हुई तो लड़की की मां ने आरोपी लड़के के घर पर उलाहना देने गए तो आरोप है विपक्षी गण रवि पुत्र सुरेश पासी भुल्लर पुत्र सुरेश पासी आदि लोगों ने गालियां देते हुए लाठी डंडों से जमकर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए, पीड़िता ने करारी थाने में शिकायत किया, शिकायत पर करारी पुलिस ने उक्त चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी। कस्बा स्थित डॉ. ए. एच. रिजवी पी.जी.कालेज में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाविद्यालय के प्रबंधक कर्रार हुसैन रिजवी(राशिद रिजवी) के मार्गदर्शन में मंगलवार से अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का शुभारंभ आज सुबह 11रू00 बजे से सभी की गरिमा मयी उपस्थिति में संपन्न हुआ स जिसमे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 राजेश सक्सेना, डॉ एमव एसव तौफीक, डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ0 शमीम अहमद खान, डॉ. रिजवी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट के निर्देशक डॉ. इश्तियाक अहमद एवम डॉ. रिजवी स्प्रिंगफील्ड स्कूल के प्राचार्य धर्मेंद्र पांडे आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय के खेल समन्वयक डॉ. मोहित त्रिपाठी के अनुसार इस अंतर विद्यालयीय क्रिकेट टूर्नामेंट में जिले की लगभग 30 टीमों ने भाग लिया है। जिसमें विजेता टीम को 25000 एवं उपविजेता टीम को 15000 का नगद पुरस्कार दिया जाएगा स इसके साथ ही प्रत्येक मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मैन ऑफद मैच का पुरस्कार भी दिया जाएगा स आज सुबह रिजवी कॉलेज के मैदान में उदय प्रकाश इंटरमीडिएट कॉलेज सिरसी चरवा एवम नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी कौशाम्बी के बीच प्रथम मैच खेला गया स जहां उदय प्रकाश के कप्तान अनुज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए जीत के लिए 53 रनों का लक्ष्य रखा स इस लक्ष्य को नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी ने आसानी से पूरा करते हुए 8 विकेट से जीत लिया स नेशनल इंटरमीडिएट कॉलेज भरवारी कौशाम्बी के कप्तान अनुराग कुमार ने 26 रन बनाया और 6 विकेट लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

कप्तान अनुराग कुमार को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफद मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया स इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विद्वान शिक्षक उपस्थित रहें।

दस लाख रुपए के लिए पत्नी को प्रताड़ित कर रहा चौकीदार, शिकायत

▶▶ विरोध करने पर मारपीट कर देता है घर से भगाने की धमकी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली इलाके के मोहम्मदपुर गांव का चौकीदार दहेज में दस लाख रुपए नहीं मिलने पर पत्नी को प्रताड़ित कर रहा है। इस बात का विरोध जब विवाहिता करती है तो उसके साथ मारपीट और घर से भगा देने की धमकी दी जा रही है। गांव का चौकीदार होने के कारण पुलिस भी इस पर कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रकरण की शिकायत पुलिस के अधिकारियों से की गई है।

चरवा कोतवाली इलाके के शेखपुर रसूलपुर निवासी सुमन देवी ने बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी मोहम्मदपुर निवासी एक युवक के साथ हुई थी। युवक गांव का चौकीदार है। आरोप है कि शादी में दस लाख रुपया नहीं मिलने पर उसके साथ पति, सास, ससुर आदि लोग बदसलूकी करते हैं। इस बात का विरोध जब विवाहिता करती है तो उसके साथ मारपीट कर घर से भगा देने की धमकी दी जाती है। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई लेकिन बात नहीं बनी तो बुधवार को विवाहिता ने पिपरी कोतवाल सहित पुलिस के अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।

करारी में युवती व किशोरियां प्रेमी संग फरार

करारी, कौशाम्बी। कोतवाली क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बताया कि 13 अक्तूबर की शाम उसकी 23 वर्षीय बेटी को पड़ोसी युवक भगा ले गया। दोनों के बीच प्रेम संबंध पहले से था। पीड़ित के मुताबिक उलाहना देने जाने पर आरोपी के पिता, भाई व मां ने उसके साथ भी बदसलूकी की। इसी क्षेत्र के एक दूसरे व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी को पड़ोसी गांव का युवक 11 अक्तूबर की रात भगा ले गया। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरी ओर चरवा क्षेत्र की एक 14 वर्षीय किशोरी को 12 अक्तूबर को पड़ोसी युवक भगा ले गया। इस प्रकरण में भी रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

वारण्टी आरोपी को किया गया गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। थाना कोखराज पुलिस उपनिरीक्षक हरीश तिवारी मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारण्टी भोला सरोज निवासी गरीब का पूरा थाना कोखराज को गिरफ्तार किया गया।

दो बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही की गयी

कौशाम्बी। थाना पश्चिम शरीरा पुलिस थानाध्यक्ष त्रिलोकी नाथ पाण्डेय मय हमराह पुलिस बल द्वारा दो बालअपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 68 वाहनों का ई-चालान किया गया।

निरोधात्मक कार्यवाही में 20 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना करारी से 03, थाना सराय अकिल से 02, थाना पिपरी से 01, थाना संदीपनघाट से 01, थाना कोखराज से 02, थाना कड़ाधाम से 08, थाना मोहब्बतपुर पइन्सा से 03) कुल 20 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

मैजिक की टक्कर से युवक गंभीर रूप से जख्मी

सैनी, कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के मीरापुर गांव निवासी सोनू कुमार पुत्र स्व. उद्धव प्रजापति 26 वर्ष शटरिंग का काम करता हैं। सोनू मंगलवार की दोपहर करीब तीन बजे बाइक से किसी काम से टेढ़ीमोड़ बाजार आया हुआ था। बाजार से काम करके वह घर वापस लौट रहा था। तभी टेढ़ीमोड़ से मीरापुर जाते समय जैसे ही वह अंदावा जूनियर स्कूल के पास पहुंचा की टेढ़ीमोड़ से शहजादपुर जा रही एक स्कूली मैजिक ने उसे पीछे से टक्कर मार दिया। टक्कर लगने के बाद युवक लहुलुहान होकर बाइक सहित सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलने पर पहुंची शहजादपुर पुलिस ने घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। उधर मैजिक ड्राइवर मौका पाकर मैजिक सहित फरार हो गया।

मेला कमेटी ने पुलिस-पत्रकारों को किया सम्मानित

लोकमित्र ब्यूरो

मनौरी, कौशाम्बी। तहसील चायल क्षेत्र के महमूदपुर मनौरी बाजार का ऐतिहासिक दशहरा मेला पुलिस प्रशासन के तत्परता से सकुशल सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के तौर पर धूमनगंज प्रयागराज के एसीपी राजकुमार मीना उपस्थित हुए।

एसीपी ने मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेला कमेटी के सभी पदाधिकारियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं दीं। मनौरी दशहरा रामलीला मेला कमेटी ने मेले में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले पुलिस प्रशासन, पत्रकारों और बिजली विभाग के अभियंता व कर्मचारियों और मेला कमेटी के पदाधिकारियों को सम्मानित किया। मेले में कौशांबी और प्रयागराज दोनों जनपदों की पुलिस प्रशासन मेले की सुरक्षा व्यवस्था में मौजूद रही। महिला पुलिसकर्मी भी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहीं। मेले में रेलवे पुलिस ने भी पैनी नजर बनाए रखी। मंच का संचालन समाजसेवी शंभूलाल केसरवानी ने किया।इस अवसर पर मेला कमेटी के अध्यक्ष कुबेर चंद्र केसरवानी, रतन केसरवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज केसरवानी, प्रबंधक उमेश केसरवानी, कोषाध्यक्ष प्रदीप केसरवानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष सुधीर केसरवानी, संरक्षक राधेश्याम केसरवानी, पूर्व प्रधान रवि केसरवानी, उपाध्यक्ष रामाकांत सिंह पटेल, पंकज केसरवानी, संरक्षक रिंकू उर्फ शरद केसरवानी, मुन्ना केसरवानी आदि ने धूमनगंज एसीपी राज कुमार मीना, पूरामुफ्ती थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पिपरी थानाध्यक्ष बलराम सिंह, चौकी प्रभारी चायल प्रमेश यादव, चौकी इंचार्ज सल्लहपुर बृजेश सिंह शर्मा, पूरामुफ्ती थाना उपनिरीक्षक सुशील कुमार, उपनिरीक्षक विनीत सिंह, प्रशांत कुमार पुलिस प्रशासन के लोग तथा बिजली विभाग जेई और पत्रकारों को माल्यार्पण व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया । जिसमें मनोज सोनी पत्रकार, सुरेश सिंह पत्रकार, राजकुमार पत्रकार, ईश्वर दीन साहू पत्रकार, वरिष्ठ पत्रकार राकेश गुप्ता, राकेश केशरवानी पत्रकार, अनूप केशरवानी पत्रकार, इंद्रजीत कुमार पत्रकार, पत्रकार मदन केशरवानी के साथ सभी मेला कमेटी के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया।

कमेटी के अध्यक्ष कुबेर चंद्र केसरवानी, प्रबंधक उमेश केसरवानी, रतन केसरवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज केसरवानी, मंत्री गुड्डू केशरवानी, व्यापार मंडल अध्यक्ष मनौरी सुधीर केसरवानी आदि ने आए हुए सभी सम्मानित लोगो का आभार व्यक्त किया। इन्होंने बताया कि मनौरी दशहरा मेला अंग्रेजो के जमाने से होता आया है। मेले के दूसरे दिन भरत मिलाप और विराट ईनामी दंगल का आयोजन होता है।

छेड़छाड़ के आरोप में आरोपी को 3 वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना

कौशाम्बी। मामला कोखराज थाना क्षेत्र के शीतलपुर मजरा अदवा गांव का वादिनी मुकदमा रामकली उर्फ रेखा ने विशेष न्यायालय पैक्सो कोर्ट में एक परिवाद दाखिल किया जिसमें आरोपी प्रदीप, संदीप और प्रदीप की मां के विरुद्ध याचिका दाखिल की गई इसमें आरोप लगाया कि 30 जनवरी 2020 को समय करीब 05 बजे शाम को अभियुक्तगण वादिनी की नाबालिग लड़की के साथ छेड़खानी व मारपीट किया। न्यायालय के समक्ष राज्य की ओर से शासकीय अधिवक्ता शशांक खरे ने वादिनी पीड़िता स्कूल के अध्यापक एक अन्य साक्षी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया मामला विशेष न्यायाधीश अशोक कुमार श्रीवास्तव की अदालत में चला गवाहों के बयान सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद माननीय न्यायालय द्वारा अभियुक्त गण को तलब करते हुए अभियुक्त प्रदीप को 3 वर्ष का कारावास वह 1000 अर्थदंड से दंडित किया अर्थ दंड जमा करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

जालसाजों ने फर्जी रजिस्ट्री दिखाकर युवक से 14 लाख रुपया हड़पे

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। पिपरी थानाक्षेत्र के महमूदपुर मनौरी बाजार स्थित आराजी की फर्जी रजिस्ट्री दिखाकर जालसाजों ने एक युवक से लाखों रुपये हड़प लिया। खारिज दाखिल न होने पर पीड़ित ने रजिस्ट्री की जांच कराई तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने आरोपी ठगों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

महमूदपुर मनौरी बाजार निवासी सुरेशचंद्र गुप्ता पुत्र लखन लाल ने बताया कि प्रयागराज जनपद के पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत एक गांव के युवक ने उन्हें झांसे में लेकर महमूदपुर स्थित एक आराजी का सौदा करा दिया। महमूदपुर मनौरी के ही तीन सगे भाइयों ने फर्जी बैनामा दिखाकर खुद को उस जमीन का मालिक बताया। सुरेश के खतौनी मांगने पर उन लोगों ने बाद में देने की बात कही। जालसाजों ने सुरेश को झांसे में लेकर कई किश्त में 14 लाख रुपया ले लिया। रुपया लेने के बाद जालसाजों ने 10 अगस्त 2022 को उप निबंधन कार्यालय चायल जाकर रजिस्ट्री पर ही सुरेशचंद्र को बैनामा कर दिया। बैनामे के कुछ महीने बाद ही जालसाजों ने इसी चौहद्दी व पैमाइश का एग्रीमेंट 27 जून 2023 को राजू पुत्र नोखेलाल ग्राम कलापत का पुरवा के पक्ष में एग्रीमेन्ट कर दिया।

बैनामा के बाद खारिज दाखिल न होने पर सुरेश ने तहसील पहुंचकर जानकारी ली। राजस्व अभिलेखों में जालसाजों का नाम दर्ज न होने की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित के होश उड़ गए। शिकायत करने के बाद जालसाज खरिज दाखिल कराने का आश्वासन देते रहे। काफी समय बीतने के बाद दबाव बनाने पर वह लोग गाली गलौच कर मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने थाने जाकर आरोपी चार जालसाजों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कौशल विकास प्रचार आरंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आदर्श नागरिक बनाने की शपथ

प्रयागराज। नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र प्रशिक्षण जागरूकता अभियान चलाया जिसमें लोगों को जागरूक करने के लिए हॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति पांडे, एडवोकेट हाई कोर्ट विनय पांडे मोहम्मद कौसर रोहित आदि लोग मौजूद रहे, केन्द्र के बाहर सभी ने वृक्षारोपण कर वातावरण को प्रदूषण मुक्त रखने की बात कही। मोहम्मद कौसर एडमिशन इंचार्ज एन आईटीसी ने बताया वह शैक्षणिक सुविधाओं और प्रशिक्षण प्लेसमेंट से बहुत संतुष्ट हैं, उन्होंने घोषणा की कि एनआईटीसी प्रयागराज में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षण और कौशल विकास केंद्रों में से एक है, यहाँ गुरु शिष्य परम्परा का पालन होता है एवं छात्रों का सम्मान करते हुये कहा कि यह केंद्र के लिये गौरव की बात है केंद्र के शिक्षक सदैव इस बात पर बल देते हैं कि छात्र अच्छा सीखें और अपने भविष्य को उज्ज्वल एवं सफल बनावें। उन्होंने भविष्य में और मेहनत व लगन से अध्यापन व अध्ययन करने हेतु शिक्षकों और छात्रों का आह्वान किया।

पुरखास में जश्ने गौसुलवरा का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

चायल, कौशाम्बी। मदरसा जामे हबीबिया असरारिया असरार गंज पुरखास शरीफ स्थित शाही जामा मस्जिद दीदार सफी में मंगलवार को जश्ने गौसुलवरा के मौके पर प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हाफिज फरहान सफ्री ने तिलावते कुरान से प्रोग्राम का अगाज किया। उसके के बाद हाफिज हमजा सफ्री,मौलवी अब्दुल हकीम बरकाती,मौलवी अकबर अली ने नातो मनकाबत पेश किया। उसके बाद मौलाना सद्दाम हुसैन मिसबाही ,मुफ्ती नूर आलम मिसबाही निजामी और नवासये हुजूर असहाबेमिल्लत मौलाना सैय्यद फरहान सफी मिसबाही अजहरी का खिताब हुआ।आखिर में सलातो सलाम के बाद मुल्क की सलामती की दुआ सहजादये असहाबेमिल्लत सैय्यद अखलाक अहमद सफी की मौजूदगी मे हुई। इस मौके पर मदरसे के प्रबन्धक सैय्यद मोहम्मद जीशान सफी, समस्त उस्ताद और बच्चों के साथ साथ गाँव के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

सांप काटने से सात साल की बच्ची की मौत

लोकमित्र ब्यूरो

करारी, कौशाम्बी।कोतवाली क्षेत्र के थांबा अलावलपुर गांव में सोमवार की शाम एक सात साल की बच्ची को सांप काट लिया। आनन फानन में परिजन इलाज के झाड़-फूंक करने वालों के पास ले गए। तब तक बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

करारी क्षेत्र के थांबा अलावलपुर गांव के दिनेश कुमार किसानी करते है। सोमवार की शाम करीब सात साल की बेटी खुशबू घर के बरामदे में बैठी थी। अचानक बिल में घुसे एक सांप ने उसे काट लिया। खुसबू ने यह बात परिजनों को बताई। परिजन उसे तुरंत इलाज के लिए झाड़-फूंक करने वालों के पास ले गए। तब तक उसकी मौत हो गई। खुशबू की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।सूचना पर पहुँची पुलिस ने मंगलवार को शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा अंतर्गत अभिभावक परामर्श कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

बदायूं। समग्र शिक्षा समेकित शिक्षा अंतर्गत अभिभावक परामर्श कार्यक्रम का आयोजन नगर क्षेत्र में हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र कुमार सिंह , जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजन किया गया। समेकित शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग बच्चों की विद्यालयों में शत प्रतिशत उपस्थिति के लिए आज नगर क्षेत्र बदायूं में दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की बैठक का आयोजन उच्चप्रथमिक विद्यालय कन्या नगर बदायूं पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर प्रेमसुख गंगवार ने करके उपस्थित अभिभावकों को प्रेरित करते हुए कहा किस भी अभिभाक निराशा से बचें, सकारात्मक रहें। बच्चों को घर पर अभ्यास कराते रहे और बच्चों में सुधार आएगा। जिन अभिभावकों के बच्चे नियमित विद्यालय जाते है उनके बच्चों औरभिभावकों को सम्मानित कर प्रेरित किये। हुरिया रब्बी कक्षा 7 , ईशु ठाकुर कक्षा 2 ने अपने कक्षा की कविता सुनाई जिसके लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी ने सम्मानित किये। प्रधानाध्यापिका उच्चप्रथमिक विद्यालय कन्या मेहरजबीं ने अनुरोध किया की बच्चों को नियमियत विद्यालय भेजें सुधार होगा। रिसोर्स पर्सन ,स्पेशल एजुकेटर राजेश कुमार मौर्य ने गम्भीर बच्चों को घर पर टी एल एम का उपयोग कर वास्तविक वस्तु ,चित्र नाम का सहसम्बन्ध बनाकर सीखाया जाय तो आसानी से सीखते है। स्पेशल एजुकेटर रज्जन सिंह ने समेकित शिक्षा योजना ,उपकरण का उपयोग , वर्क बुक , दिव्यांग शिक्षा अधिकार अधिनियम 2016 की जानकारी दिए। मॉडल पर्सन के रूप में डॉ0 शोएब फिशथेरेपिस्ट उपस्थित रहकर अनम, इशानी पाल, खुशी को घर पर अभ्यास कराने के लिए अभ्यास कराकर दिखाए और नियमित अभ्यास करने को अभिभावकों को कहा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक मो0 मजहर अहमद, संविलियन स्कूल शोथा उपस्थित रहे, स्पेशल एजुकेटर दुर्गेश प्रताप सिंह ने सभी अभिभावकों का रजिस्ट्रेशन कार्य किये। उपस्थित सभी अभिभावकों व बच्चों को भोजन पैकेट दिया गया। कार्यालय नगर संसाधन केंद्र से अमित चौबे, आयुष सक्सेना, दीपू, उपस्थित रहकर सहयोग किये। स्पेशल एजुकेटर राजेश कुमार मौर्य ने कार्यक्रम का संचालन किया।

चायल विधायक ने बिजली-सड़क की समस्या के समाधान पर दिया जोर

लोकमित्र ब्यूरो

तिल्हापुर मोड़, कौशाम्बी। चायल विधायक पूजा पाल ने मंगलवार को तिलगोड़ी नेवादा रोड स्थित कैंप कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। विधान सभा के कई गांवों के लोग जनसुनवाई में पहुंचे। उन्होंने सड़क, बिजली समेत कई अन्य समस्याएं पर शिकायत की। विधायक ने उन्हें जल्द समस्या के निस्तारण कराने का भरोसा दिया।विधायक पूजा पाल ने कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं का तीव्रता से समाधान करें। सिकंदरपुर बजहा गांव निवासी विद्याकरन ने बताया कि मीतूपुर पट्टी स्थित आराजी का वह सह खातेदार है। आराजी में विपक्षी जबरन कब्जा कर रहे थे। विद्याकरन ने मामले में एसडीएम कोर्ट से स्टे करा दिया। इसके बाद विपक्षी लेखपाल पर दबाव बनाकर गलत कुर्रा फाट बनवा लिया है। विधायक ने एसडीएम चायल से वार्ता कर मामले में जांच कराकर निष्पक्ष कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं अन्य गांवों से आये लोगों ने भी अपनी-अपनी शिकायत का निवारण करने के लिए विधायक से गुहार लगाई। विधायक ने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र सरोज, गया नाथ पाल, नवीन पाल, पवन कुमार पाल और वीरेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

जहरीला जंतु काटने से बालिका की मौत

कुंडा प्रतापगढ़ । बाघराय थाना क्षेत्र के तिवारीपुर सकरदहा गांव निवासी राजकुमार मिश्रा की तीन वर्षीय बेटी नित्या मिश्रा रविवार को विसर्जन को जा रही दुर्गा प्रतिमाओं को देखने को परिजनों संग सड़क किनारे खड़ी थी। तभी झाड़ी से निकले किसी जहरीले जंतु ने उसे काट लिया। हालत बिगड़ते ही परिजन एवं गांव के राघवेंद्र सिंह, रमेंद्र सिंह उसे प्रयागराज ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालिका की मौत के बाद उसकी मां पिंकी मिश्रा समेत पूरे परिवार में कोहराम मच गया। मृतका नित्या तीन बहनों और एक भाई के बीच सबसे छोटी थी।

मंदिर से चोरी हुई प्रतिमा खेत में मिली

कुंडा प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के सगारपुर गांव में स्थित मां काली के मंदिर का ताला तोड़कर चोर भीतर घुसे। मंदिर में स्थापित काली माता की प्रतिमा को उठा ले गए। सुबह जब लोग मंदिर में पूजा करने पहुंचे तो काली मां की प्रतिमा गायब देख अवाक रह गए और लोगों में आक्रोश फैल गया। गांव के लोग प्रतिमा खोजने में लगे थे तभी गांव के बाहर खेत मे करीब आठ बजे प्रतिमा पड़ी मिली तो लोगों ने राहत की सांस लिया। ग्रामीणों को गांव के ही एक युवक पर प्रतिमा चोरी किए जाने का शक था लेकिन प्रतिमा मिलने के बाद लोगों का गुस्सा शांत हो गया और किसी तरह की कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई। इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने कहा कि प्रतिमा मिल जाने से ग्रामीणों ने कोई तहरीर नहीं दी, गांव में सब सामान्य है।

महिला सफाई कर्मी को पीटने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कुंडा प्रतापगढ़ संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के देवारा गांव निवासी अजय सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। उसकी मां शिव दुलारी सरोज गांव में सफाईकर्मी के पद पर तैनात है। 12 अक्तूबर को सुबह मां के साथ सार्वजनिक शौचालय का ताला खोलने जा रहा था। तभी गांव के कुछ लोग जाति सूचक गालियां देने लगे। गाली का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके सीने में रायफल लगा दी तथा उसके साथी ने तमंचे की मुठिया से उसके सिर पर कई वार करते हुए मार डालने की धमकी दी। पिटाई से वह अचेत होकर गिर पड़ा तो उसकी मां बचाने दौड़ी तो उन लोगों ने मां को भी पीट कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित अजय की तहरीर पर पुलिस ने देवेश शुक्ला, प्रशांत शुक्ला, आदित्य शुक्ला, संजय शुक्ला के खिलाफ केस दर्ज किया है।

शादी का विरोध करने पर बम लेकर दौड़ाया, केस दर्ज

कुंडा प्रतापगढ़। नवाबगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि 14 अक्तूबर की शाम करीब पांच बजे वह घर पर मौजूद थी। तभी मानिकपुर इलाके के पूरे अली नकी मोहल्ला निवासी सूरज सोनकर अपने एक साथी के साथ उसके घर पहुंचा और बेटी को बुलाकर शादी की बात करने लगा। सूरज के पहले से शादीशुदा होने के कारण उसने शादी का विरोध किया तो आरोपी ने उसे गालियां देते हुए धक्का देकर गिरा दिया और गला दबाने लगा। यह देख उसका बेटा बचाने दौड़ा तो सूरज ने झोले में रखा बम निकाल कर मारने को दौड़ा लिया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सूरज सोनकर को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

रानीगंज में विभागीय सह पर संचालित हो रहे अवैध हॉस्पिटल के कारोबार

रानीगंज (प्रतापगढ़) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त आदेश के बावजूद भी रानीगंज क्षेत्र में अवैध हॉस्पिटल के कारोबार पर अंकुश नही लग पा रहा है। क्षेत्र में रानीगंज बाजार, दुर्गागंज बाजार, गौरा,रामापुर एवं सुवँसा बाजार में बिना लाइसेंस के अवैध हॉस्पिटल,एक्स रे एवं पैथालोजी सेन्काटर का संचालन किया जा रहा है। इन अवैध हॉस्पिटलों के संचालन में विभागीय सह प्राप्त है, जिसके चलते मरीजों से इलाज व जाँच के नाम पर अत्यधिक पैसे लिए जा रहे हैं। इन हॉस्पिटल एवं जाँच केन्द्रो के संचालक को किसी का भय नही है। जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का फरमान है कि अवैध हॉस्पिटल की जाँच करके कार्यवायी की जाय, किन्तु विभागीय अधिकारीयों की सह पर अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटलों की जाँच के लिए नामित अधिकारी जाँच के नाम पर खानापूर्ति कर रहें है।

कलशयात्रा संग शतचण्डी महायज्ञ का शुभारंभ

कुंडा प्रतापगढ़।नगर पंचायत हीरागंज के सिद्ध पीठ माँ नायर देवी धाम मे मंगलवार कों कलशयात्रा के साथ शतचण्डी महायज्ञ का शुभारम्भ हुआ। कलशयात्रा माँ नायर देवी धाम से चलकर हीरागंज बाजार से नया पुरवा होते हुए धाम मे आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा मे बड़ी संख्या मे महिलाएं एवं युवतियां सिर पर आस्था का कलश रखकर जयकारे लगाते हुए चल रही थी। जबकि युवा डीजे पर भक्ति संगीत की धुन पर झूम रहे थे।अयोध्या से पधारे राजेंद्रानन्द महराज ने बताया कि 15 अक्टूबर से प्रारम्भ हो रहे यज्ञ अनुष्ठान मे प्रातः 7बजे से 1बजे तक यज्ञ एवं हवन के पश्चात् दिव्य संगीतमय श्रीराम कथा एवं रात्रि मे श्रीकृष्ण रासलीला का आयोजन होगा। कलशयात्रा मे बाबा गिरधारी दास, प्रेम नारायण पाण्डेय,संतोष यादव,अंकित यादव,राजू श्रीवास्तव, निखिल केशरवानी अंकित पटेल,सुशील सोनी समेत बड़ी संख्या मे श्रद्धालु गण मौजूद रहे।

विधायक ने भैंसासुर धाम में इंडिया मार्का हैंडपंप लगवाया

बिहार प्रतापगढ़। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, बाबागंज के विधायक विनोद सरोज सोमवार को धाम में आयोजित भंडारा कार्यक्रम में प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे थे। तभी धाम के मुख्य पुजारी राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने विधायक से धाम में जल की समस्या से अवगत कराते हुए एक नल की आवश्यकता से अवगत कराया। आवश्यकता को देखते हुए विधायक ने धाम में इंडिया मार्का हैंडपंप मंगलवार को ही धाम में लगवा दिया। धाम में मौजूद भक्त गणों ने खुशी जताते हुए बाबागंज विधायक के कार्य की सराहना करते हुए बाबा भैंसासुर महराज से विधायक के आरोग्यता से परिपूर्ण जीवन एवम निरंतर विधायक बने रहने के लिए मंगलकामना किया। साथ ही कहा कि बाबागंज के लोगों का सौभाग्य है कि राजा भइया के आशीर्वाद से विनोद सरोज जैसे जनप्रतिनिधि हैं,जो कल ही वादा करते हैं तो आज ही वह पूर्ण हो जाता है।

राम और भरत का मिलन देख श्रद्धालुओं की नम हुई आंखें

▶▶ भरत मिलाप के दौरान आकर्षक रोशनी से नहाया रहा समूचा शहर

- लोगों के मन को लुभाती रहीं आकर्षक चौकियां
- पूरी रात उमड़ा रहा भक्तों का सैलाब
- बेल्हा का ऐतिहासिक भरत मिलाप एवं दशहरा मेला सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। का ऐतिहासिक भरत मिलाप बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान राम एवं भरत का मिलन देख श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई। वहीं लोगों को आकर्षक चौकियां लुभाती रहीं।भरत मिलाप के दौरान पूरे शहर में भारी भीड़ रही। बताते चलें कि भरत मिलाप कीशाम 6ः00 बजे से ही विद्युत झालरो सतरंगी लाइटों से पूरा नगर जगमग हो गया था। रात्रि 9ः00 बजे से रथो और चौकियो ने अपना प्रदर्शन करना शुरू किया तो राम भक्तों का सैलाब उमड पड़ा। सारी रात चौकिया और विद्युत लाइटों को देखने लाखों की संख्या में भक्तों का जन सैलाब उमड पड़ा था।पूरी रात पुलिस प्रशासन ने बहुत मेहनत करके इतने बड़े आयोजन को सफल बनाया। सुबह 6ः00 प्रभु श्री राम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी महाराज भरत चौक पहुंचे। वहाँ पर पहले से ही भरत, शत्रुघ्न प्रभु का इंतजार कर रहे थे। सुबह 7ः00 बजे भरत मिलाप के मुख्य अतिथि जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार ने भरत चौक पर पहुंचकर पूजन आरती की।वह पल आया जब प्रभु श्री राम भरत गले मिले तो मौजूद राम भक्तो ने जयकारे लगाए।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रज्ञा सिंह गायत्री गंगा ग्रुप, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी आशीष श्रीवास्तव, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, सीडीओ महोदया, एसडीएम सदर शैलेंद्र वर्मा व सभी अधिकारीगण, रामलीला समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, प्रदीप केसरवानी, धर्मेंद्र चौरसिया, पंकज शुक्ला, संतोष गुप्ता आदि ने प्रभु सहित चारों भाइयों की आरती उतारी।रामलीला समिति के पदाधिकारीयो ने जिला अधिकारी संजीव रंजन, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार, सीडीओ, भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, विधायक सदर राजेंद्र मौर्य, नगर पालिका ईओ, बिजली विभाग एसडीओ, जेई आदि अधिकारियों को प्रतीक चिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

श्री रामलीला के 15 दिवसीय कार्यक्रम व ऐतिहासिक भरत मिलाप को सकुशल संपन्न होने पर संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक, एडीएम, एसडीएम, सीओ सिटी, सीओ रानीगंज, सीओ पट्टी, सीओ सदर, सीओ लालगंज,सीओ कुंडा, ईओ नगर पालिका, विद्युत विभाग, शहर कोतवाल अर्जुन सिंह, एलायू इंस्पेक्टर व उनकी पूरी टीम, चौकी इंचार्ज मकांदूगंज विनय सिंह, अतिथियों एवं मीडिया परिवार व सभी राम भक्तों का सभी दलों और मंडलों का सभी पदाधिकारीयो का बहुत-बहुत आभार जताते हुए कहा कि आप सबके सहयोग व अथक प्रयास से एक बार फिर प्रतापगढ़ का ऐतिहासिक दशहरा भरत मिलाप व दैनिक शोभा यात्रा सकुशल संपन्न हुई।

रामलीला समिति सभी का हृदय से वंदन एवं अभिनंदन करती है।इस दौरान श्री रामलीला समिति के पदाधिकारीगण आलोक गर्ग, सौरभ पांडे, रमेश जी, सोमिल केसरवानी, संतोष गुप्ता, सुशील कसौधन, अर्पित खंडेलवाल, आशीष उमरवैश्य, मनोज खंडेलवाल, आशीष अग्रवाल, नमन केसरवानी, धर्मेंद्र चौरसिया, समित श्रीवास्तव, राजेश उमरवैश्य, रोहित पांडे, ज्ञानेंद्र मिश्रा, दीपेश जैन,विवेक यादव, तेजस गुप्ता, अंशु सोनी, अभिषेक कश्यप, राकेश, पुनीत, राहुल सोनी, अभिषेक, अभिनव, अमित, सुमित कुमार, आलोक गर्ग, परमानंद मिश्रा, विशाल विक्रम सिंह, प्रदीप केसरवानी, दीपेंद्र कुमार मिश्रा, आशीष जायसवाल,संतोष कुमार, रविंद्र कुमार बंटी,संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री विपिन गुप्ता, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू ,कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, सुरेश अग्रवाल, प्रहलाद खंडेलवाल, छेदीलाल, देवानंद, वेंकटेश अग्रवाल, धर्मेंद्र चौरसिया, राजू शर्मा, प्रदीप केसरवानी, राजेश उमरवैश्य, राजेश खंडेलवाल, विनय सिंह, पंकज मिश्रा, मनीष सिंह, ज्ञानेंद्र, नितिन शर्मा गंगू, बंटी नेता, विवेक यादव, रोहित राज, सूरज उमरवैश्य, अमन गुप्ता, तेजस गुप्ता आदि हजारो की संख्या में राम भक्त उपस्थित रहे।

बिस्किट, पानी से तर किया लोगों का गला

प्रतापगढ़। ऐतिहासिक भरत मिलाप के अवसर पर रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेन्ट्रल द्वारा निःशुल्क बिस्कुट, पेयजल तथा प्राथमिक चिकित्सा एवं भूले भटके लोगों के लिए शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रो. डॉ. शिव मूर्ति लाल मौर्य, रो.उमेश प्रताप सिंह, रो.राजेन्द्र खण्डेलवाल, रो.सरदार करमजीत सिंह, रो.डॉ घनश्याम अग्रवाल, रो.डॉ. प्रीति पांडेय आनंद पांडेय अध्यक्ष वकील परिषद्, रो.शरद केसरवानी, रो.संदीप प्रकाश खरे, रो.अख्तर मसूद, श्रीमती सरोज सिंह, कविता केसरवानी, पारुल केसरवानी, प्रदीप सिंह, द्वारका प्रसाद चतुर्वेदी, अनूप केसरवानी, सौरभ यादव, शुभम उमरवैश्य सहित अनेक सहयोगी उपस्थित रहे।

धार्मिक मंदिरों से सर्वोपरि शिक्षा का पवित्र मंदिर - स्वामी प्रसाद

▶▶शिक्षा की सीढ़ी से ही छू सकते हैं विकास की ऊंचाइयां

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। शिक्षा का पवित्र पावन मंदिर सभी धार्मिक मंदिरों से सर्वोपरि व बड़ा होता है। क्योंकि धार्मिक मंदिरों में सिर्फ एक ही जाति वर्ग संप्रदाय के लोग ही जाते हैं। जबकि शिक्षा के मंदिर में सभी जाति भाषा धर्म व संप्रदाय के लोग एक साथ मैत्री भाव से शिक्षा का अध्ययन करते हैं। जहां हमारा बौद्धिक विकास होता है, वही हम राष्ट्र व समाज के नवनिर्माण में अपना योगदान देते हैं। चंद्रगुप्त मौर्य इंटरमीडिएट कॉलेज मानिकपुर में चक्रवर्ती सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य की प्रतिमा का अनावरण व विधायक निधि से नवनिर्मित कक्ष का उद्घाटन करते हुए बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री व राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य उक्त उद्गार व्यक्त कर रहे थे।

श्री मौर्य ने अपने आधे घंटे के ओजस्वी भाषण में चंद्रगुप्त मौर्य के शासनकाल को स्वर्णिम काल बताया ज्ञ जब वह अखंड भारत के चक्रवर्ती सम्राट बने। उस अखंड भारत में म्यांमार, अफगानिस्तान व पाकिस्तान जैसे खंड-खंड बने राष्ट्र रहे। भारत को सोने की चिड़िया तथा दूध दही की बहने वाली नदियों काज्ञज्ञ देश कहा जाता था। फिर आज हमारा देश गरीब क्यों है। 19वीं सदी के मध्य तक भारत में शूद्रों और महिलाओं को शिक्षा का अधिकार नहीं था। ब्रिटिश शासन काल में सन 1833 ई को महिला शिक्षा का अधिकार मिला था। सन 1848 में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा राव फुले ने प्रथम बार महिलाओं व शूद्रों के लिए स्कूल खोला, तथा सन 1853 में सरकारी स्कूल की स्थापना हुई। तब से शूद्रों व सभी जाति की महिलाओं को पढ़ने-लिखने का अधिकार मिला। आजादी के बाद बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सर्वजातीय समान शिक्षा का अधिकार दिलाया। सत्ता के भूखे भेड़िए पिछड़ों,दलितों व आदिवासियों को शिक्षा से वंचित करने के लिए उच्च शिक्षा को इतना महंगा कर दिया है, कि गरीब व्यक्ति का बेटा-बेटी कॉलेज में एडमिशन नहीं ले पा रहा है।

इन वर्गों के साथ यह एक बहुत बड़ी साजिश है। गरीब को और अधिक गरीब बनाकर सिर्फ 5 किलोग्राम राशन में भटकाया जा रहा है। बहराइच घटना की चर्चा करते हुए कहा कि उपचुनाव को देखते हुए हिंदू-मुस्लिम का कार्ड का खेल शुरू हो गया है। अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति सभी लोग सजग व सतर्क रहिए तभी लोकतंत्र बचेगा तथा अधिकारों की रक्षा होगी। विद्यालय की छात्राओं ने चंद्र गुप्त मौर्य पर आधारित नाट्य प्रहसन व नृत्य प्रस्तुत किया। जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। समारोह की अध्यक्षता कॉलेज के अध्यक्ष डॉ आर पी मौर्या, धन्यवाद व आभार प्रबंधक रामेश्वरसिंह मौर्य ने तथा संचालन दिलीप मौर्य ने किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य रामपाल मौर्य, मानिकपुर नपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आशुतोष जायसवाल उर्फ डिंपू भैया, पूर्व अध्यक्ष राम नरेश मौर्य, अब्दुल हाशिम, नंदलाल मौर्य, डॉ विजय यादव, पार्टी अध्यक्ष मनीराम मौर्य उपाध्यक्ष शिव दुलारे मौर्य, राम मनोहर मौर्य, रमेश मौर्य, शिवनारायण मौर्य, डॉ जेपी यादव, दुर्गा प्रसाद यादव, रवि सोनकर, गुलाब चंद्र मौर्य, डॉ रामचंद्र मौर्य समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

लालगंज, प्रतापगढ़। क्षेत्र के कालूराम का पुरवा में बाबा वासुदेव महराज के धाम पर मंगलवार को सामूहिक भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे में शामिल श्रद्धालुओ ने पूजन अर्चन कर लोकमंगल की कामना की। भण्डारे का संयोजन इं. अतुल शुक्ला, राहुल यादव, मनीष व सूरज गुप्ता ने सामूहिक रूप से किया। सह संयोजक रमाकांत वर्मा ने श्रद्धालुओं का रोली अभिषेक किया। भण्डारे में ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज भी शामिल हुए। इस मौके पर केडी मिश्र, धीरेन्द्र पाण्डेय, सालिकराम तिवारी, अभिनव शुक्ला, पप्पू तिवारी, संतोष मिश्र, विजय प्रताप सिंह, धर्मेन्द्र सिंह चौहान, श्याम लाल वर्मा आदि रहे। धार्मिक आयोजन को लेकर भजन व संकीर्तन में देर शाम तक श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध देखा गया।

बैड टच एवं गुड टच के बारे में छात्रों को किया जागरूक

कुंडा प्रतापगढ़। महेशगंज थाने की एंट्री रोमियो टीम ने महेशगंज थाना क्षेत्र के आनंद इंटर कॉलेज राय असकरनपुर में पहुंचकर पढ़ने वाली छात्राओं को बैड टच और गुड टच के बारे में जागरूक किया। साथ ही यूपी पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा के तहत चलाई जाने वाली 1090, हेल्पलाइन वूमेन पावर लाइन समेत महिला अपराधों के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एंटी रोमियो टीम के प्रभारी वंदना वर्मा की अगुवाई में कई गांव में पहुंचकर महिलाओं को जागरूक किया गया।

भाजपा नेता ने भगवान कृष्ण की उतारी आरती, लिया आशीर्वाद

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिले में 14 अक्टूबर को संपन्न हुए भारत मिलाप के शुभ अवसर पर महाकाल मण्डल खुशखुशवापुर द्वारा आयोजित झांकी में डॉ आशुतोष त्रिपाठी भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी सदर विधानसभा ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में सम्मिलित होकर भगवान कृष्ण जी की आरती कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त निर्मल चौराहा स्थित विद्युत मंडल कमेटी एवं श्री राम चौराहे पर विद्युत मंडल द्वारा डॉक्टर आशुतोष त्रिपाठी को अंग वस्त्रम पहना कर सम्मानित किया गया।. मुख्य अतिथि संबोधन में डॉक्टर आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि भरत मिलाप हिन्दुओं का प्रमुख उत्सव है। यह उत्सव विजयादशमी के अगले दिन अर्थात् आश्विन शुक्ल एकादशी को मनाया जाता है। इस दिन भगवान श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के बाद अयोध्या वापस आकर अपने छोटे भाई भरत से गले मिलते है। प्रतापगढ़ में यह उत्सव एकादशी के दूसरे दिन मनाया जाता है। इस उत्सव का उल्लेख वाल्मीकि रामायण के उत्तर काण्ड में दिया गया है।

कमेटी के अध्यक्ष द्वारा डॉ अशुतोष त्रिपाठी को अंग वस्त्रमं वह मल्यापण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कमेटी के समस्त पदाधिकारी व सदस्य गण तथा परशुराम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला आलोक त्रिपाठी प्रशांत सिंह उर्फ बंटी सुशील कुमार श्रीवास्तव गुड्डू लाला आदि उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

दस लाख रुपए के लिए पत्नी को प्रताड़ित कर रहा चौकीदार, शिकायत

कौशाम्बी। पिपरी कोतवाली इलाके के मोहम्मदपुर गांव का चौकीदार दहेज में दस लाख रुपए नहीं मिलने पर पत्नी को प्रताड़ित कर रहा है। इस बात का विरोध जब विवाहिता करती है तो उसके साथ मारपीट और घर से भगा देने की धमकी दी जा रही है। गांव का चौकीदार होने के कारण पुलिस भी इस पर कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रकरण की शिकायत पुलिस के अधिकारियों से की गई है।चरवा कोतवाली इलाके के शेखपुर रसूलपुर निवासी सुमन देवी ने बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी मोहम्मदपुर निवासी एक युवक के साथ हुई थी। युवक गांव का चौकीदार है। आरोप है कि शादी में दस लाख रुपया नहीं मिलने पर उसके साथ पति, सास, ससुर आदि लोग बदसलूकी करते हैं। इस बात का विरोध जब विवाहिता करती है तो उसके साथ मारपीट कर घर से भगा देने की धमकी दी जाती है। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई लेकिन बात नहीं बनी तो बुधवार को विवाहिता ने पिपरी कोतवाल सहित पुलिस के अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।

पत्नी को दस लाख रुपए के लिए प्रताड़ित कर रहा चौकीदार

चायल, कौशाम्बी। पिपरी थानाक्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव का चौकीदार दहेज में दस लाख रुपए नहीं मिलने पर पत्नी को प्रताड़ित कर रहा है। इस बात का विरोध जब विवाहिता करती है तो उसके साथ मारपीट कर घर से भगा देने की धमकी दे रहा है। गांव का चौकीदार होने के कारण पुलिस भी उस पर कार्रवाई नहीं कर रही है। महिला ने प्रकरण की शिकायत पुलिस से की है।चरवा थानाक्षेत्र के शेखपुर रसूलपुर गांव निवासी सुमन देवी ने बताया कि तीन साल पहले उसकी शादी मोहम्मदपुर गांव निवासी उमेश कुमार पुत्र सुंदर लाल के साथ हुई थी। उमेश कुमार गांव का चौकीदार है। आरोप है कि शादी में दस लाख रुपया नहीं मिलने पर उसके साथ पति, सास, ससुर आदि लोग बदसलूकी करते हैं। इस बात का विरोध जब विवाहिता करती है तो उसके साथ मारपीट कर घर से भगा देने की धमकी दी जाती है। इसको लेकर कई बार पंचायत भी हुई लेकिन बात नहीं बनी। मंगलवार को विवाहिता ने पिपरी थाने सहित पुलिस के अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है।

अपर पुलिस अधीक्षक ने परेड़ की ली सलामी, किया निरीक्षण

कौशाम्बी। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का टोली बार निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा परेड में उपस्थित समस्त पुलिसकर्मियों के टर्नआउट का अवलोकन किया गया। पुलिस कर्मियों को फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई। परेड के उपरान्त प्रतिसार निरीक्षक कार्यालय, परिवहन शाखा, पुलिस कैंटीन, जिम, बैरिकों, डायल 112, डीसीआर तथा मेंस आदि का निरीक्षण कर संबंधित साफसफाई हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमंगलपुर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार जख्मी हो गया , आसपास मौजूद रहे लोगो ने एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। सैनी कोतवाली क्षेत्र के गरई निवासी राजेश कुमार पुत्र धर्मपाल 38 वर्ष मंगलवार को बाईक से घर लौट रहे था , राजेश जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के कमंगलपुर गांव के नजदीक पहुंचा तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक ने टक्कर मारकर फरार हो गया हादसे में राजेश बाईक से गिरकर जख्मी हो गया , आसपास मौजूद लोगो ने हादसा देखा तो घायल को इलाज के लिए एम्बुलेंस की मदद से सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

बैंक मैनेजर पर धोखाधड़ी कर 60 लाख की ठगी का आरोप

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बे के सुभाष नगर मोहल्ले के रहने वाले जगदीश कुमार पुत्र स्व राम प्रसाद ने लखनऊ में स्थित एक बैंक के महा प्रबंधक को शिकायती पत्र देकर बताया कि सिराथू कस्बे में स्थित एक बैंक कर्मी से उसके घरेलू संबंध थे । जगदीश कुमार का आरोप है कि बैंककर्मी ने उसको विश्वास में लेकर 60 लाख जमा करा लिए और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर धोखाधड़ी कर 60 लाख की ठगी कर रुपए पार कर दिए । पीड़ित न्याय के लिए बैंक का चक्कर लगाने के बाद महा प्रबंधक को मामले की शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है ।

निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष करे कार्य- बीडीओ

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी संजय गुप्ता ने मंगलवार को ब्लॉक क्षेत्र के रोजगार सेवकों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमे खंड विकास अधिकारी व कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा संजय गुप्ता ने रोजगार सेवकों को मनरेगा के कार्यो में तेजी लाने समेत प्रत्येक गांव में मनरेगा की योजनाएं संचालित करने, निबंधित श्रमिकों की संख्या के आधार पर अधिक से अधिक श्रमिकों को प्रतिदिन रोजगार उपलब्ध कराने एवं मानव दिवस के प्रति लापरवाही बरतने वाले रोजगार सेवकों को चेतावनी देते हुए माह के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति करने के निर्देश दिए। साथ ही मनरेगा वेबसाइट पर 100: श्रमिको का मोबाइल नं फीड कराने , श्रमिको का जॉब कार्ड सत्यापन सौ फीसदी कराए जाने , श्रमिको का नियोजन कराए एवं अमृत सरोवर की प्रगति गुणवत्तापूर्ण पुर्ण कराए जाने सहित जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में एपीओ कड़ा अशोक कुमार, सहित रोजगार सेवक संघ जिलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा , बृजेश कुमार , चंद्र प्रकाश दिवेदी, देवेंद्र प्रताप सिंह , लवकुश साहू , अनिल अग्निहोत्री, सतीश कुमार , राधा रानी सहित दर्जनों रोजगार सेवक मौजूद रहे।

भ्रमण व चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, गांव,विद्यालय व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना मंझनपुर बैंक व कस्बा मंझनपुर में भ्रमण कर , थाना महेवाघाट राजकीय हाईस्कूल व उच्च प्राथमिक विद्यालय महेवा, थाना करारी नेता नगर व इन्द्रा नगर, करारी चौराहा, सब्जी मण्डी में थाना कोखराज क्षेत्र में, थाना पश्चिम शरीरा प्राथमिक भगवतपुर कटरी में , थाना पिपरी इंग्लिस मीडियम प्राथमिक विद्यालय पिपरी में , थाना कड़ाधाम क्षेत्र व मां शीतला धाम मन्दिर परिसर में, थाना संदीपनघाट राजकीय आश्रम पद्यति आवासीय बालिका विद्यालय कोईलहा में , थाना सैनी एसएवी पब्लिक स्कूल में , थाना चरवा आदर्श इण्टर कॉलेज में , महिला थाना मंगला प्रसाद सकुंतला देवी इण्टर कालेज समसाबाद में, थाना सराय अकिल प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में, थाना मो0पुर पइन्सा श्रीमती शुशीला देवी राम सजीवन सिंह इण्टर मीडिएट कालेज बैरमपुर में जाकरध्कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियोंध्महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान,

नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया । महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- '(1) 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, (2) 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, (3) 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, (4) 102 स्वास्थ सेवा, (5)108 एंबुलेंस सेवा, (6) 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, (7) 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा (8) 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्पैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं

(1)सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना (2)मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना (3)अभ्युदय योजना (4)मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना (5)निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना (6)राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना (7) आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

भारतीय किसान संघ ने डीएपी की कालाबाजारी पर रोक लगाए जाने की उठाई मांग

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। भारतीय किसान संघ काशी प्रान्त ने किसानों की डीएपी खाद की पूर्ति तय मूल्य 1350 रुपए से अधिक मूल्य 1500 से 1700 अदा करना पड़ रहा है जो की न्यायोचित नहीं है , नहरो में सिल्ट सफाई न होने के कारण एवं टेल तक पानी न पहुंचने के कारण खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है जिससे फसलों को नुकसान पहुंच रहा है , घोड़रोज एवं निराश्रित पशुओं की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है इनके कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है जिससे किसान परेशान है। इसलिए भारतीय किसान संघ उत्तर प्रदेश काशी प्रांत मांग किया कि निष्पक्ष, निस्वार्थ रूप से प्रत्येक किसान को उचित मूल्य पर पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद उपलब्ध कराकर खाद की कालाबाजारी की पूर्ण रोकथाम करते हुए समस्या का निराकरण करने का कष्ट करें, सिंचाई हेतु नहरों, राजबाहों की सिल्ट सफाई कर टैल तक पानी पहुंचाने की पूर्ण व्यवस्था कराई जाए जिससे फसलों की सिंचाई समय पर हो सके, निराश्रित पशुओं के लिए चारागाह के माध्यम से फसलों की बर्बादी से बचने का व्यवस्था करें। वनरोज से फसलों की होने वाली बर्बादी से बचाने हेतु उचित प्रबंध किया जाए, क्रय केंद्रों का निर्धारण आवश्यकतानुसार किसान हित में हो।

ऊंचरावा में बीईओ ने बैठक कर निपुण लक्ष्य की दिलाई शपथ

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। विकास खंड कड़ा के उचरावा संकुल की माह अक्टूबर की शिक्षकों की संकुल स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन मंगलवार को उचरावा स्कूल में खंड शिक्षा अधिकारी नीरज कुमार उमराव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पहली बार उच्च प्राथमिक एवं प्राथमिक शिक्षकों की बैठक का आयोजन अलग-अलग किया गया। निपुण विद्यालय का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सभी ने चर्चा द्वारा अपने अपने सुझाव साझा किए । खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा की दीक्षा एप एवं यूट्यूब के जरिए साझा किया जा रहे शिक्षक प्रशिक्षण वीडियो एवं प्रशिक्षण हैंड आउट सामग्री, किट्स आदि का शिक्षण में उपयोग करने के लिए शिक्षकों को प्रोत्साहित किया गया। हाल ही समाप्त एफएलएन प्रशिक्षण की भी चर्चा फीडबैक के रूप में की गई। बैठक में नवम्बर माह में आयोजित होने वाली छौ (परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण) एवं छाज् (निपुण आकलन टेस्ट) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रणनीति और बेहतर प्रयास पर चर्चा की गयी। बैठक के अन्त में सभी शिक्षकों को अपने अपने विद्यालय को निपुण बनाने हेतु निपुण शपथ दिलायी गयी। बैठक में शिक्षक संकुल भोलेंद वर्मा, सत्य प्रकाश, धर्मेंद्र सहित संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।इसी तरह शहजादपुर संकुल की बैठक प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में एआरपी रणधीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें उसमें उन्होंने निपुण संबंधी बातों को शिक्षकों के सामने रखा। बैठक में अखिलेश शुक्ला, अरुण मिश्रा, गुलाबसिंह, संतोष कुमार, बृज श्याम और राकेश सिंह सहित संकुल के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

बाल सुरक्षा समिति करेगी सुरक्षा की निगरानी

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। बाल अधिकारों व बाल संरक्षण के मसलों को सुनने और उन्हें संरक्षण प्रदान करनें की दिशा में प्रयास करते हुए नेवादा ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय पेरई के राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक हरिओम सिंह के मार्गदर्शन व प्रभारी प्रधानाध्यापक सत्यवती देवी के संरक्षण में मंगलवार को स्कूल में पंद्रह सदस्यीय बाल सुरक्षा समिति का गठन किया गया। जिसकी कैप्टन काव्या पटेल व दो नोड़ल शिक्षक को नामित करते हुए शपथ दिलायी गयी जो समय-समय पर बाल सुरक्षा की निगरानी और उनको संरक्षण प्रदान करेगी।

इस अवसर पर उपस्थित नोड़ल शिक्षिका प्रतिमा कुमारी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाल सुरक्षा समिति बहुत ही सराहनीय पहल है इससे बच्चे अपने अधिकारो के संरक्षण के प्रति अभिप्रेरित हो सकेंगे।

अन्य शिक्षकों नें भी सभी चयनित छात्र छात्राओं को अग्रिम शुभकामनाएं दी।

शिक्षिका सोनी गुप्ता ने सभी चयनित समिति के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक अर्चना कुमारी ,चक्रपाणि मिश्र, हुबलाल बर्मा, अन्नू केसरवानी, मनु शर्मा एवं विजेता कनौजिया सहित स्टाफ उपस्थित रहा।

महिला सशक्तिकरण एवं स्वालंबन विकास का आधार - डॉ. डी.बी. सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

कौशाम्बी। कृषि विज्ञान परिसर में महिला किसान दिवस का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की संचालन करते हुए डॉ मीनाक्षी सक्सेना ने कार्यक्रम में आए मुख्य अतिथि थी डॉ. डीबी सिंह पूर्व प्रोफेसर, सुआठस नेनी एवं कृषि विभाग के उप कृषि निदेशक कौशांबी सत्येंद्र कुमार तिवारी का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। केंद्र के प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में उन्होंने संबोधन में देश की महिलाओं और लड़कियों की भूमिका और महत्व को कृषि के क्षेत्र में विकास के साथ-साथ स्वालंबन की भागीदारी की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थी डॉ. डी बी सिंह ने महिलाओं को कृषि क्षेत्र में जोड़कर वित्तीय एवं सामाजिक पहलुओं पर जागरुक करते हुए स्वतरू के स्वालंबन कार्यक्रम से जोड़कर कार्य करने पर जोर दिया जिसमें घरेलू उत्पाद द्वारा आमदनी लघु कुटीर उद्योग, मसाला उद्योग, सिलाई कढ़ाई से सशक्तिकरण की बात कही और अपने अनुभवों को साझा किया। इसी क्रम में जनपद के उप कृषि निदेशक द्वारा संचालित कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई और शिक्षित महिलाओं की बी.सी. सखी, ड्रोन दीदी व कृषि विभाग द्वारा संचालित समूह बनाकर व कृषि प्रशिक्षण लेकर महिला किसान समुदाय को लाभ पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम के अंत में केंद्र के द्वारा दो महिलाओं का चयन उनके साल भर के गतिविधियों एवं उपलब्धिया पर आकलन करते हुए पुरस्कृत कर उन्हें सम्मानित किया गया। जिसमें सीता निगम, रतिगहा एवं शिवांगी गिरिया खालसा को पुरस्कृत किया गया । कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों एवं महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ. मीनाक्षी सक्सेना ने शिक्षा जागरूकता एवं व्यवहारिक जीवन शैली को एक साथ निभाते हुए परिवार वह आए सृजित कार्य करते हुए अपने साथ परिवार के विकास की बात कही। कार्यक्रम में 95 महिलाओं की सहयोगिता रही। केंद्र की ओर से मनोज, डॉ. आशीष, डॉ. नवीन, डॉ अमित, सुनील, प्रदीप व विनायधर शुक्ला जी ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

कुएं में गिरने से गोवंश की मौत, दमकल कर्मियों ने निकाला कुएं से बाहर

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। सैनी कोतवाली क्षेत्र के गरई गांव में एक पालतू गोविंदा टहलते टहलते कुएं में गिर गई जिससे गोवंश की मौत हो गई । पशु पालक को मामले की जानकारी हुई तो दमकल कर्मियों को सूचना दी जिसके बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद गोवंश को कुएं से बाहर निकाला इस दौरान गोवंश की मौत हो गई।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के गरई गांव के रहने वाले वीरेंद्र दूबे पुत्र अमरनाथ ने गाय पाल रखी थी , मंगलवार की सुबह गाय टहलते टहलते गांव में स्थित एक कुएं में गिर गई , ग्रामीणों की सूचना पर वीरेंद्र ने दमकल कर्मियों को सूचना दी जिसके बाद फायर स्टेशन प्रभारी राम भरोसे सैनी व मंझनपुर की फायर स्टेशन की टीम के साथ मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद गाय को कुएं से बाहर निकाला लेकिन गाय की मौत हो चुकी थी।

अंबाई बुजुर्ग में पशु आरोग्य शिविर का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। अपर निदेशक ग्रेड द्वितीय प्रयागराज मंडल डा के पी सिंह के निर्देश पर राजकीय पशु अस्पताल कड़ा द्वारा मंगलवार को विकास खंड कड़ा के अंबाई बुजुर्ग गांव में पं. दीन दयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया । शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि करन सिंह ने गो पूजन के साथ किया। प्रधान प्रतिनिधि करन सिंह ने मौजूद पशुपालकों से पशुपालन की योजनाओं एवं शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने का आवाहन किया। शिविर में मौजूद एडीओ पंचायत अवधेश कुमार तिवारी ने कहा कि पशुपालन को प्रोत्साहन देने के लिए शासन की ओर से पशुपालकों को हर सम्भव मदद दी जा रही है। शिविर में पशुओं की निरूशुल्क चिकित्सा, जांच, कृत्रिम गर्भाधान व दवाओं का वितरण किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी डा विवेक सिंह ने शिविर में पशुपालकों पशुओं की टैगिंग, वर्गीकृत वीर्य द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की उपयोगिता, एमएलएम द्वारा भेड़, बकरी, एवं सूकर पालन के संबंध में जानकारी दी गई। पशु चिकित्सा अधिकारी कड़ा डा अनिल सिंह द्वारा पशुओं को टीकाकरण के संबंध में जानकारी देते हुए रोगो से बचाव के लिए पेट में कीड़े की दवा के महत्व को बताया। पशु चिकित्सा अधिकारी गनपा डा दीपशिखा ने पशु पालकों को पशुओं से संबंधित जरूरी जानकारी दिया। शिविर में पशु चिकित्सा अधिकारी डा अनिल सिंह , डा विवेक सिंह , डा दीपशिखा , डा प्रदीप सिंह , अनिल साहू , मनीष कनौजिया , रोशन लाल , अभय प्रताप सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

लंका से अयोध्या पहुंचे श्रीराम , भरत ने राज सिंहासन पर बैठाया

लोकमित्र ब्यूरो

सिराथू, कौशाम्बी। शहजादपुर की रामलीला में सोमवार को लंका विजय के पश्चात अयोध्या पहुंचने पर प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के कार्यक्रम का मंचन किया गया। लंका में रावण का अंत करने के पश्चात प्रभु श्रीराम विभीषण को लंका का राजा बनाकर 14 वर्ष का वनवास पूरा कर अयोध्या पहुंचे। अयोध्या पहुंचने पर सबसे पहले वह नंदीग्राम में तप कर रहे छोटे भाई भरत के पास पहुंचे जो श्रीराम के वन जाने के बाद कभी भी अयोध्या के सिंहासन पर न बैठकर नंदीग्राम में लगातार तपस्या कर रहे थे। श्रीराम और भरत का यही मिलन भरत मिलाप कहलाया। उसके बाद पूरे अयोध्या को सुंदर और सुसज्जित तरीके से सजाते हुए घर घर दीप जलाते हुए दीवाली मनाई। पूरा अयोध्या नगर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। उसके बाद गुरु वशिष्ठ ने शुभ मुहूर्त का हवाला देकर दीवाली के दिन ही राजतिलक करने का विचार किया।

फिर उन्होंने प्रेम भरे हृदय से अयोध्या का सिंहासन मंगवाया और प्रभु श्रीराम को उस पर विराजमान कर राजसिहासन पर बिठाया। जिसके बाद ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार किया। माताओं ने आरती उतारी। स्वर्ग से देवी देवताओं ने भगवान की जय जयकार कर पुष्प वर्षा किया। पंडाल में आए हुए भक्तों ने भी प्रभु श्रीराम के सिंहासन पर विराजमान होते ही जय श्रीराम के नारे के साथ पंडाल को गुंजायमान कर दिया।

सम्पादकीय

भारत के कई शहर साइबर अपराधियों का केंद्र

मैपिंग ग्लोबल जियोग्राफी ऑफ साइबर क्राइम विद द वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स% शीर्षक से जारी शोध रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि कहां साइबर अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। इस सूची में 15 देशों के नाम हैं, जिसमें भारत दसवें स्थान पर आया है।वर्धमान ग्रुप के 82 वर्षीय चेयरमैन के साथ हुई घटना ने भारत में बढ़ते साइबर अपराध की ओर ध्यान खींचा है। चेयरमैन एसपी ओसवाल के साथ लगभग 6.9 करोड़ रुपये की ठगी हुई। ठगों ने उन्हें सुप्रीम कोर्ट की नकली ऑनलाइन सुनवाई में बुलाया और जेल भेजने की धमकी देकर उनसे यह रकम ट्रांसफर करवा ली। हालांकि हाल में डिजिटल और ऑनलाइन धोखाधड़ी के अनगिनत मामले सामने आए हैं, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई का नाटक कर ठगने की बात पहले कभी नहीं सुनी गई थी।ऑनलाइन कोर्ट सुनवाई में एक व्यक्ति प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ बन कर पेश हुआ। इसी दौरान उनसे कहा गया कि जांच के हिस्से के रूप में वे 6.9 करोड़ रुपये एक खाते में जमा करा दें। कुछ समय पहले भारत सरकार ने साइबर अपराधों के बारे में चेतावनी जारी की थी। गृह मंत्रालय ने कहा था कि संभव है ऐसी घटनाओं को सीमा पार स्थित आपराधिक गिरोह अंजाम दे रहे हों। एनसीआरबी के मुताबिक 2021 में भारत में साइबर अपराध के 52,974 मामले दर्ज हुए। 2022 में इनमें लगभग 24 फीसदी बढ़ोतरी हुई और कुल 65,893 मामले दर्ज हुए।ब्रिटेन की ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी के समाजशास्त्र विभाग के शोधकर्ताओं ने इसी साल दुनिया का पहला साइबर क्राइम इंडेक्स जारी किया। उसमें भारत को खास जगह मिली। %मैपिंग ग्लोबल जियोग्राफी ऑफ साइबर क्राइम विद द वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स' शीर्षक से जारी शोध रिपोर्ट में विशेषज्ञों ने बताया कि कहां साइबर अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। इस सूची में 15 देशों के नाम हैं, जिसमें भारत दसवें स्थान पर आया है।हालांकि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साइबर अपराध की घटनाओं को विदेश से अंजाम दिए जाने का संदेह जताया है, लेकिन ऐसी मीडिया रिपोर्टें हैं, जिनके मुताबिक भारत के कई शहर साइबर अपराधियों का केंद्र बन गए हैं। छोटी-मोटी घटनाएं तो रोजमर्रा के स्तर पर हो रही हैं। असल मुद्दा यह है कि सरकार की साइबर अपराध निरोधक एजेंसियां इन्हें रोकने में कामयाब क्यों नहीं हुई हैं? अगर अपराध का जाल फैला रहेगा, तो कभी-कभार वैसी वारदात भी होना लाजिमी है, जिसके शिकार ओसवाल बने हैं।



हिंदुओं के त्योहार पर ही क्यों फैलती हैं अराजकता और हिंसा



संजय सक्सेना,लखनऊ

यह हिन्दुस्तान का दुर्भाग्य है कि यहां की बहुसंख्यक आबादी को अपने तीज-त्योहार मनाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हिन्दुओं के द्वारा कोई भी धार्मिक आयोजन किया जाता है उस पर मुस्लिम कट्टरपंथियों का साया पड़ जाता है। हिन्दू जब भी कावड़ यात्रा निकाले,माता का जागरण कराये, मूर्ति विसर्जन को जाये या इसी तरह के अन्य कोई आयोजन करे तो मुस्लिम कट्टरपंथी कहीं उस पर पथराव करने लगते हैं तो कहीं रास्ता रोक कर खड़े हो जाते हैं। उनके इस कृत्य का विरोध होता है तो यह लोग तलवारें भांजने लगते हैं। आगजनी और पेट्रोल बम तो आम बात हो गई है,लेकिन पेट्रोल बम फोड़ने वाले तब जरूर आहत हो जाते हैं जब उन्हें कहीं पटाखों की आवाज सुनाई पड़ जाती है।

हालात यह है कि हिन्दुओं के छोटे से छोटे धार्मिक आयोजन भी बिना पुलिस की सुरक्षा के घेरे के पूर्ण नहीं हो पाते हैं। हिन्दुओं के देवी-देवताओं को कभी कला के तो कभी अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर अपमानित किया जाता है। न जाने क्यों पांच टाइम लाउडस्पीकर पर चीखने चिल्लाने वालों को हिन्दुओं के धार्मिक आयोजनों में बजने वाला डीजे बेचैन क्यों कर देता है। इसी तरह से होली के रंग-गुलाल भी एक वर्ग विशेष के चंद कट्टरपंथियों के चलते साम्प्रदायिक हो जाता है। ऐसा नहीं है कि यह कट्टरपंथी तभी भड़कते हों जब हिन्दुओं के द्वारा अपना कोई धार्मिक जुलूस आदि सड़क पर निकाला जाता हो,हद तो तब हो जाती है जब हिन्दुओं के लिये अपने घरों में पूजा करना भी लड़ाई-झगड़े की वजह बन जाता है। गरबा या दुर्गा पूजा के पंडालो तक में यह मुस्लिम चरमपंथी पहुंच कर माहौल खराब करने से नहीं हिचकते हैं। इतना हीं कई बार तो इन अराजक तत्वों को वोट बैंक की राजनीतिक करने वाले नेताओं और पार्टियों का राजनैतिक संरक्षण भी मिल जाता है। यदि ऐसा न होता तो बहराइच में बेरहमी से मारे गये रामगोपाल मिश्र की हत्या पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव एक्स पर वह कथित वीडियो नहीं पोस्ट करते जिसमें रामगोपाल मिश्रा एक मुस्लिम परिवार के घर से हरा झंडा उतार कर भगवा झंडा लगाते हुए दिखाई दे रहा है। अखिलेश इस वीडियों के सहारे रामगोपाल मिश्रा को ही कटघरे में खड़ा कर रहे हैं,जबकि इसका कानूनी पहलू यह है कि यदि रामगोपाल मिश्रा ने हरा झंडा उतार कर वहां भगवा झंडा फहरा भी दिया था तो हत्यारों को उसका कत्ल करने की छूट नहीं मिल जाती है। रामगोपाल मिश्र को मारा ही नहीं गया,उसके साथ हत्यारों ने वहशीपन दिखाते हुए रामगोपाल के नाखून तक बेरहमी के साथ नोंच लिये थे।

ज्यादा पीछे न भी जाया जाये तो हाल फिलहाल में ही इस्लामी कट्टरपंथियों ने देश के अलग-अलग हिस्सों में दुर्गा पूजा और हिन्दुओं को निशाना बनाया है। मुस्लिम

कट्टरपंथियों ने कहीं पंडाल पर पथराव किया गया तो कहीं मूर्ति विसर्जन के जुलूस पर हमला हुआ, जुलूस के रास्तों को लेकर भी विवाद हुआ। उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिम बंगाल और असम तक पथराव और हिंसा हुई है। यह हिंसा हिन्दुओं के त्योहार नवरात्र के साथ ही चालू हो गई थी। हावड़ा के श्यामगंज में 13 अक्टूबर, 2024 को एक मुस्लिम भीड़ ने हिन्दू पंडालों पर हमला किया। मुस्लिम भीड़ ने दुर्गा पूजा पंडालों को नष्ट करना चालू कर दिया। उन्होंने मूर्तियों को आग लगा दी और कई पंडालों को तबाह किया। यह मुस्लिम भीड़ उस घाट पर भी पहुँची जहाँ देवी मूर्तियों का विसर्जन होना था। यहाँ इस भीड़ ने पथराव किया।

बात विशेषकर उत्तर प्रदेश की कि जाये तो यहां के कौशांबी जिले में माँ दुर्गा के विसर्जन जुलूस पर हमला हुआ। इस हमले में जुलूस में शामिल महिला श्रद्धालुओं को भी निशाना बनाया गया। हमले के दौरान तलवारें लहराई गई और पत्थरबाजी हुई। घटना में कई श्रद्धालुओं को चोटें आई। 12 अक्टूबर, 2024 को हुए इस हमले का आरोप मुस्लिम समुदाय के लगभग एक दर्जन लोगों पर लगा है जिसमें ख़ातूनें भी शामिल हैं। माँ दुर्गा की प्रतिमा को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया और एक महिला से दुष्कर्म की भी कोशिश हुई।

पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। इसी तरह से बलरामपुर में दुर्गा पूजा के दौरान इस्लामिक कट्टरपंथियों ने पंडाल में घुसकर महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। आरोपितों में कलीम, अरबाज़, इमरान और मुख़्तार शामिल थे, जिन्होंने महिला श्रद्धालुओं से अभद्रता की और पंडाल में लगे भगवा ध्वज को नोचकर नाली में फेंक दिया। महिलाओं ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

जिला गोंडा के मसकनवा बाजार इलाके में 9 अक्टूबर, 2024 को दुर्गा पूजा पंडाल में मूर्ति स्थापित करने के बाद देवी की आँखों पर से पट्टी हटाई गई थी। इस मूर्ति की स्थापना बीते कई सालों से की जाती है। इस मौके पर यहाँ बड़ी संख्या में हिन्दू इकट्ठा थे।पूजा अर्चना के बाद कुछ हिन्दू बच्चे इस पंडाल के बाहर पटाखे फोड़ने लगे। पटाखों की आवाज सुन कर पास में रहने वाले मुस्लिम भड़क गए। मुस्लिम परिवार के लोग बाहर निकल कर हिन्दुओं को गालियाँ देने लगे और हमलावर हो गए। उन्होंने पहले हिन्दुओं पर पथराव किया और फिर लाठी डंडों से हमला कर दिया। उधर, कुशीनगर में एक और गंभीर घटना सामने आई, जब दुर्गा पूजा के दौरान मुस्लिम कट्टरपंथियों ने मूर्ति पर पथराव किया। इस घटना में 10 से अधिक लोग घायल हो गए। पुलिस ने स्थिति को काबू में करने के लिए आरोपितों को गिरफ्तार किया और इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी। हिंदू समुदाय ने प्रशासन से आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की माँग की। अब बहराइच की हिंसा इसका नया उदाहरण है जहां मूर्ति विसर्जन के लिये जा रहे एक व्यक्ति को बेरहमी से मौत के घाट उतार दिया गया। यह जानकारी उन्हीं घटनाओं की है, जो मीडिया में सामने आई हैं या जिनकी जानकारी सोशल मीडिया पर वायरल हुई। बढ़ते इस्लामी कट्टरपंथ को देखते हुए कहा जा सकता है कि कई घटनाएँ संभवतः बाकी शोर शराबे में दब गई होंगी।

कुल मिलाकर कट्टरपंथियों की जेहादी सोच के कारण पिछले कुछ वर्षों से शोभा यात्राओं या फिर प्रतिमा विसर्जन यात्राओं का शांतिपूर्ण माहौल में निकलना कठिन होता जा रहा है। इन धार्मिक यात्राओं पर पत्थरबाजी कई बार दंगों का रूप धारण कर लेती है, जैसा कि बहराइच में हुआ। यहां दुर्गा पूजा विसर्जन यात्रा पर घरों की छतों से पथराव हुआ। एक सतानती की हत्या कर दी गई और उसके बाद क्षेत्र में हिंसा भड़क उठी। प्रश्न यह है कि जब यह सब हो रहा था, तब पुलिस कहां थी? पुलिस की अकर्मण्यता की वजह से ही दूसरे दिन युवक के अंतिम संस्कार को पहले फिर हिंसा भड़क उठी और उग्र लोगों ने कई घरों में तोड़फोड़ की और दुकानें जला दीं। यह ठीक है कि वरिष्ठ अधिकारियों के पहुंचने के बाद हिंसा पर काबू पर लिया गया, लेकिन अहम प्रश्न यह है कि क्या सद्भाव के माहौल की वापसी हो सकेगी और उन तत्वों को सबक सिखाने वाली ठोस कार्रवाई हो सकेगी, जिनके कारण हिंसा का सिलसिला कायम हुआ?

सबसे दुखद यह है कि इस तरह की किसी भी घटना के बाद कुछ लोग सवाल खड़े करने लगते हैं कि अमुक क्षेत्र से यात्रा निकाली ही क्यो गई। किसी भी क्षेत्र को हिंदू- मुस्लिम क्षेत्र के रूप में परिभाषित करना क्या उचित है।

दरअसल, हिंदू मुस्लिम क्षेत्र की बातें ही विभाजनकारी और शरारत भरा एजेंडा हैं। ऐसे एजेंडे आम तौर पर वोट बैंक की राजनीति के तहत चलाए जाते हैं। इस एजेंडे की काट के साथ यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए किसी भी समुदाय के धार्मिक आयोजन हिंसक तत्वों को शिकार न बनने पाएं । राज्य सरकार को धार्मिक आयोजनों को निशाना बनाने वाले तत्वों के खिलाफ कड़े कदम उठाकर उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए ताकि फिर बहराइच, कौशांबी और गोंडा जैसी घटनाएं न हों।ऐसी घटनाओं से माहौल तो खराब होता ही है सरकारी सम्पति को भी काफी नुकसान पहुंचता है।

बहरहाल, बहाराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रामगोपाल मिश्र की नृशंस हत्या पर विश्व हिंदू परिषद ने आक्रोश व्यक्त किया है। परिषद ने कहा कि पूरे देश में यह ट्रेंड चल पड़ है। कभी शोभायात्रा पर कभी, गरबा पंडाल में , कभी गणेश पूजन पर हमला हो रहा है। हर त्योहार तनाव से गुजर रहा है, जिसे हिंदू समाज स्वीकार नहीं करेगा।

सरोकार

क्यों हम क्वालीफाई हो रहे, एजुकेट नहीं

अतुल मलिकराम

डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा था,÷शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल डिग्री प्राप्त करना नहीं है, बल्कि इसे समाज के हित में उपयोग करना चाहिए।÷ लेकिन समय के साथ यह धारणा धुंधली होती जा रही है। हम एक ऐसे दौर में जी रहे हैं, जहाँ डिग्री को योग्यता का प्रमाण माना जाता है, लेकिन उस डिग्री के पीछे वास्तविक शिक्षा और ज्ञान का कितना योगदान है, यह एक गंभीर सवाल बन गया है। डिग्री का महत्व यह है कि वह किसी व्यक्ति की योग्यता का प्रमाण पत्र होती है। लेकिन जब यह प्रमाण पत्र केवल नाम का रह जाए, और इसके पीछे कोई ठोस ज्ञान न हो, तो इसका वास्तविक मूल्य क्या रह जाता है? आज के समय में योग्यता और शिक्षा के बीच की खाई इतनी गहरी हो गई है कि इसे पाटना मुश्किल होता जा रहा है। हर साल लाखों छात्र ग्रेजुएट हो रहे हैं लेकिन लाखों छात्रों के ग्रेजुएट होने का मतलब यह नहीं कि वे अपनी डिग्री के अनुसार शिक्षित भी हो रहे हैं। इनमें से केवल कुछ प्रतिशत ही ऐसे होंगे जो सच में कुछ सीख के निकले होंगे। इसका कारण यह है कि आज के युवाओं में डिग्री लेने की इच्छा तो है लेकिन वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने की नहीं। या यूँ कहें कि हमारे युवा डिग्री लेकर क्वालीफाई तो हो रहे हैं, लेकिन वास्तव में एजुकेट नहीं हो रहे हैं।

अब आप कहेंगे कि क्वालीफिकेशन और एजुकेशन दोनों एक ही बात है, तो मैं आपको बता दूँ यह दो अलग-अलग चीजें है, जिसे हम अक्सर एक समझने की भूल कर देते हैं। क्वालीफिकेशन और एजुकेशन के अंतर को समझना बेहद जरूरी है। क्वालीफिकेशन का मतलब है, किसी व्यक्ति का औपचारिक रूप से किसी खास काम के लिए योग्य होना, जिसे आमतौर पर डिग्री, सर्टिफिकेट, या डिप्लोमा के रूप में पहचाना जाता है। दूसरी ओर, शिक्षा का मतलब है, वास्तविक ज्ञान और कौशल का विकास, जो न केवल किताबी ज्ञान से बल्कि अनुभव, विश्लेषण, और तार्किक सोच से आता है। आजकल अक्सर यह देखने में आता है कि युवाओं का मुख्य लक्ष्य केवल डिग्री प्राप्त करना हो गया है। उनका ध्यान सिर्फ इस बात पर होता है कि किस तरह जल्द से जल्द कोर्स को पूरा कर लिया जाए, एक अच्छी सी डिग्री हासिल की जाए और उस डिग्री के आधार पर एक बढ़िया सी नौकरी मिल जाए। इस चक्कर में वे न तो उस कोर्स की गहराई में जाते हैं, न ही उस विषय के बारे में कुछ सीखते हैं। यह स्थिति तब और भी गंभीर हो जाती है जब ऐसे लोग उच्च पदों पर पहुंच जाते हैं। बिना किसी वास्तविक ज्ञान और अनुभव के, वे उस पद की जिम्मेदारियों को सही तरीके से निभा नहीं पाते। इसका असर न केवल उनके काम पर, बल्कि उस संगठन पर भी पड़ता है, जहाँ वे कार्यरत होते हैं।

दूसरी ओर, ऐसे लोग भी होते हैं, जिनके पास अनुभव और ज्ञान तो होता है, लेकिन डिग्री न होने के कारण वे उस पद के लिए क्वालीफाई नहीं हो पाते। इस असमानता के कारण न केवल योग्य लोग बेरोजगार रह जाते हैं, बल्कि अयोग्य लोगों के रोजगार में होने से कार्य की गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस अव्यवस्था का मुख्य कारण हमारी शिक्षा प्रणाली है, जहाँ छात्रों को केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने के लिए तैयार किया जाता है, उन्हें ना विषय को गहराई से समझने के लिए प्रेरित किया जाता है ना ही किसी नए दृष्टिकोण से सोचने के लिए तैयार किया जाता है। बड़े-बड़े कॉलेज भी सिर्फ प्लेसमेंट कराने का लक्ष्य ही रखते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि छात्र शिक्षा की वास्तविक महत्ता से अंजान रह जाते हैं। शिक्षा का असली मकसद व्यक्ति को व्यावहारिक जीवन के लिए तैयार करना है, लेकिन हमारे पुराने जमाने के पाठ्यक्रमों में आज की जरुरत के लिए उपयोगी व्यावहारिक ज्ञान का अभाव है।

उदाहरण के लिए दुनिया आज सोशल मिडिया और वीडियो कॉल पर पहुँच गई है और हमारे पाठ्यक्रमों में आज भी पत्र लेखन ही सिखाया जा रहा है। वास्तविक जीवन में इसका परिणाम यह होता है कि छात्र केवल किताबी ज्ञान के आधार पर पास तो हो जाते हैं, लेकिन व्यावहारिक समस्याओं का सामना करने में असमर्थ होते हैं। ऊपर से आजकल युवाओं में सीखने की ललक भी नहीं है। पहले के समय में शिक्षक कठोर मेहनत करवाकर कोई पाठ सिखाते थे और छात्र भी बड़ी निष्ठा से उसे सीखते थे। लेकिन आजकल के बच्चे बिना मेहनत के बिना कुछ नया सीखे एक बने बनाए ढर्रे पर चलने के आदि हो गये हैं। जब बच्चे कुछ नया सीखना ही ना चाहें, तो आखिर कोई सीखा भी कैसे पाएगा। टेक्नोलॉजी ने भी इसमें कोई कसर नहीं छोड़ी है। पहले सुविधाओं के अभाव में बच्चे अच्छी तरह किसी भी पाठ को सीखते थे लेकिन आज जब सब एक क्लिक पर उपलब्ध है तो छात्रों में वैसी लगन नहीं है। सामाजिक तौर पर भी आजकल केवल दिखावा ही महत्वपूर्ण हो गया है, समाज में आपको इस आधार पर आंका जाता है कि आपके पास कितनी बड़ी डिग्री और कितनी अच्छी नौकरी है।

फिर चाहे आपके पास सच में कोई योग्यता हो या नहीं इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है। इसलिए भी आजकल क्वालीफिकेशन का महत्व एजुकेशन से ज्यादा हो गया है। बड़ी-बड़ी कंपनियों में चयन का आधार भी डिग्री ही है, जिससे केवल क्वालीफाईड लोग ही नौकरी पा सकते हैं, भले ही उनके पास वास्तविक ज्ञान और कौशल हो या न हो। जब तक हम शिक्षा के मूल उद्देश्य को नहीं समझेंगे और केवल डिग्री के पीछे दौड़ते रहेंगे, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। इसके समाधान के लिए सबसे पहले, शिक्षा प्रणाली में सुधार करते हुए, कौशल विकास पर जोर दिया जाना चाहिए। छात्रों को उनके क्षेत्र में आवश्यक तकनीकी और व्यावहारिक कौशल सिखाने के लिए विशेष पाठ्यक्रम और ट्रेनिंग कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। इसके साथ ही, शिक्षा संस्थानों और इंडस्ट्री के बीच समन्वय बढ़ाने की जरूरत है, ताकि पाठ्यक्रम इंडस्ट्री की आवश्यकताओं के अनुरूप हो और छात्र डिग्री प्राप्त करने के बाद तुरंत रोजगार के लिए तैयार हों।

इसके अलावा, आजीवन सीखने की अवधारणा को भी बढ़ावा दिया जाना चाहिए, ताकि युवा यह समझें कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवनभर चलने वाली एक सतत प्रक्रिया है। अंततः, कंपनियों को केवल डिग्री के आधार पर भर्ती करने के बजाय, उम्मीदवारों के वास्तविक ज्ञान, कौशल, और अनुभव पर ध्यान देना चाहिए। यदि हम इन बिंदुओं को सही मायनों में लागू कर पाएं, तो न केवल हमारे देश की कार्य शक्ति मजबूत होगी, बल्कि समाज की भी नींव मजबूत होगी। हमें इस दिशा में ठोस कदम उठाने की जरूरत है ताकि आने वाली पीढ़ी केवल क्वालीफाईड नहीं, बल्कि सच में एजुकेटेड हो, और इस तरह से हम एक सशक्त और उज्ज्वल भविष्य की दिशा में अग्रसर हो सकेंगे।**(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)**

राशिफल

मेष	आज आपको धन का लाभ मिलेगा। कोई विशेष कार्य जो बहुत दिनों से अटका हुआ पड़ा था वो पूरे होंगें। आज समाज में आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।। आज किसी के साथ भी बेकार कके वाद विवाद में नहीं पड़े। आज किसी उलझे हुए मामले को सुलझाने के लिए बहुत अधिक धैर्य की जरूरत पड़ेगी।
वृष	आज आपके नए विचार और जागरूकता आपके आत्मविश्वास और आत्मबल को बढ़ाएंगे। आज कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। वहीं उधार दिया हुआ पैसा भी वापस मिल सकता है। आज किसी भी स्थिति में घबराने के जगह उनका समाधान ढूंढने की कोशिश करेंगे तो आपको समाधान मिल जाएगा।
मिथुन	आज आपका दिन अति उत्तम बना रहेगा। आप अपने गुरु से करियर के बारे में परामर्श ले सकते हैं। आज कार्यस्थल के कामों में उलझनें आएंगी, लेकिन समस्याओं से निजात पाने का रास्ता भी ढूंढ लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने और अनुशासित दिनचर्या रखने से आप खुद में ताजगी व ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। दांपत्य जीवन खुशनुमा बना रहेगा।
कर्क	आज आपको जो अच्छा लगता है, उस काम में समय बीताएं। इससे आपको शांति और ऊर्जा मिलेगा। संतान की ओर से सुख की प्राप्ति होगी। आज की गई मेहनत के भविष्य में बेहतरीन परिणाम मिलने वाले हैं। घर के बुजुर्गों का स्नेह एवं आशीर्वाद आपके मनोबल को बनाकर रखेगा।
सिंह	आज आपको किसी काम में अपार सफलता मिलेगी। वहीं छात्रों को आज जॉब के अच्छे ऑफर मिल सकते हैं। वहीं सिंह राशि के जातक आज अपने खर्चों पर कंट्रोल करें वरना आर्थिक नुकसान हो सकता है। आज बातचीत करते समय उचित शब्दों का प्रयोग करेंगे तो रिश्तों में मिठास बनी रहेगी। आज बिजनेस में किसी खास काम में और अनुभव लेने की जरूरत है।
कन्या	आज का दिन आपकी काफी अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको कई बड़ी डील मिल सकती है जिससे धन का अपार लाभ हो सकता है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। स्वास्थय आज पहले से फिट रहेगा। वहीं आज आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और घर-परिवार में खुशियां ही खुशियां बनी रहेंगी।
तुला	आज इस राशि के जातक अपने गुस्से पर कंट्रोल रखें अन्यथा कोई बड़ा नुकसान हो सकता है। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा। आज कोई अच्छी सूचना मिलने से मन खुश रहेगा। आज परिवार के साथ शॉपिंग आदि में भी बेहतरीन समय बीतेगा। आज रुके हुए कार्यों में गति आएगी।
वश्चिक	आज दोस्तों के साथ दिन शानदार बीतेगा। आज पिछले कुछ समय से चल रही कड़ी मेहनत के आज उचित परिणाम मिलने वाले हैं। आपको अपनी छवि और अधिक बेहतर बनाने का मौका भी मिलेगा। आज कोई भी बड़ा फैसला ना ले। आज अपने भविष्य और करियर के साथ किसी भी प्रकार का समझौता ना करें।
धनु	आज इस राशि के जातकों को धन का लाभ मिलेगा। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं। वहीं परिवार में पिछले जिस गलतियों की वजह से आपके रिश्ते ठीक नहीं चल रहे थे वो आज जीवनसाथी की मदद से ठीक हो जाएंगे।
मकर	अपने कामों से संबंधित जानकारी बढ़ाएंगे, इससे जल्द ही आपको कुछ उपलब्धियां हासिल होगी। अगर जमीन से संबंधित कोई लेन-देन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांच-पड़ताल जरूर कर लें। वरना नुकसान हो सकता है। आज कार्यस्थल पर चापलूस लोगों से सावधान रहें। आज बेवजह के वाद-विवाद से दूर रहेंगे तो आपका मानसिक सुकून बना रहेगा।
कुम्भ	आज आपको मेहनत के उचित परिणाम मिलने से प्रसन्नता रहेगी और मनोबल भी बढ़ेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है। परिवार में किसी विशेष कार्य को लेकर आपसी वार्तालाप होगा।
मीन	जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामांजस्य बना रहेगा। लवमेट के लिए आज रिश्तों में मिठास भरने का दिन है। आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। जो आगे चलकर आपके लिए फायदेमंद होगी। आज आपको व्यापार में धन लाभ मिलेगा। वहीं अपनी सेहत पर खास ध्यान दें।

लोकमित्र का रंग कवियों के संग

शरद पूर्णिमा के दोहे

अमिय बरसता चाँद से,मंगलमय है नेह।
हृदय नवल आवेग में,हुई तरंगित देह।।
शशि की किरणें शुभ्र हैं,अंतर में आनंद।
पूर्णमासी आ गई,सबको आज पसंद।।
प्रीति चढ़ी परवान है,मादक हुए विचार।
तम ने खाई मात है,निखर रहा उजियार।।
प्रेमातुर संसार है,वादों का विस्तार।
सबको आकर्षित करे,देखो अब अभिसार।।
छत पर बैठा है युगल,ले हाथों में हाथ।
चंदा भी देने लगा,प्रेमपगों का साथ।।
खिलती ज्योत्स्ना भली,बाँट रही जो प्यार।
खीर खा रहा है जगत,बढ़ने लगा दुलार।।
शरद निशा चोखी हुई,बनी एक सौगात।
कोमल है अब चेतना,दिव्य हुए जज़्बात।।
शरद चाँद में है दमक,नया हुआ संसार।
प्रकृति पा गई प्रेम का,अनुपम नव उपहार।।

प्रो(डॉ) शरद नारायण खरे
प्राचार्य
शासकीय जेएमसी महिला महाविद्यालय,मंडला

इंसानियत प्रेम जो मिला है

मेरा दशहरा इस वर्ष का,
जितना कष्टदायक रहा है,
उससे अधिक सुखद रहा है,
इंसानियत प्रेम जो मिला है।
तेज़ ज्वर से कंपकँपाता तन,
साँसो की तीव्र चढ़न उतरन,
आसरा कमांड अस्पताल में,
आपातकालीन चिकित्सा में।
आख़िर अफ़सर वार्ड की शरण,
डाक्टर्स नर्सिंग स्टाफ सब तत्पर,
छोटे से लेकर सब बड़े से बड़े तक,
आंकोलॉजिस्ट वार्ड एम ओ तक।
अक्सर कमाण्डेंट का राउण्ड,
उनका मुस्कुराता हुआ चेहरा,
उनकी मिलती हौशलाअफजाई,
हर रोगी को रोज़ रोज़ बहुत भाई।
हर स्टाफ़ की दिखती हुई मुहिम
रोगी को खुश रखने की चाहत,
अपना कमांड अस्पताल लखनऊ,
लखनवी तहज़ीब देती है राहत।
रोगी का आधा रोग दूर हो जाता है,
मात्र डाक्टर की सहानुभूति पाकर,
आदित्य मैंने यही पाया है अपने पूरे सेना सेवा काल से लेकर अब तक।

कर्नल आदि शंकर मिश्र
आदित्य
लखनऊ

जोड़कर तोड़ना नहीं अच्छा

तृण तृण से खग करे नीड़ निर्माण,
नीड़ निर्माण कार्य है बहुत सच्चा।
संबंध जुड़ता है नेह के आह्वान से,
संबंध जोड़कर तोड़ना नहीं अच्छा।।
किया जाता है निर्बलता पर प्रहार,
तब तो होता नव पथ का निर्माण।
कोटि-कोटि हस्त उपजाते फसल,
फसल उपजाने का कार्य है महान।।
संस्कार जोड़ते हैं नैतिकता को,
बूँद बूँद से होता है चरित्र निर्माण।
कुसंगति पल में करे चरित्र हनन,
निर्माण मुश्किल विध्वंस आसान।।
परिश्रम से ही मिलती है सफलता,
परिश्रम कार्य को न मानो कच्चा।
अनेक त्यागों के जुड़ने से बने घर,
घर जोड़कर तोड़ना नहीं अच्छा।।

मनोरमा शर्मा मनु
हैदराबाद, तेलंगाना

अमात्य की भांति सम्राट अशोक के संदेशों को फैलाने में जुटे हैं डाक्टर शिवमूर्ति लाल

▶▶ 14 प्रमुख शिलाओं की स्थापना का लिया संकल्प

▶▶ प्रयागराज के अरैल में स्थापित होंगी शिलाएं

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। कहने को शिव मूर्ति लाल डाक्टर हैं। लेकिन वह जिस लगन और संकल्प के साथ सम्राट अशोक महान के संदेशों को फैलाने में जुटे हैं उसे देखकर उस समय के उन ÷अमात्यों÷ की याद आती है जिनको सम्राट अशोक ने संदेशों को शिलाओं पर लिखकर सम्पूर्ण भारत में स्थापना की जिम्मेदारी सौंपी थी। अशोक काल में अमात्य को मंत्री कहा जाता था। आज के समय में वही कार्य डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य कर रहे हैं। उनका संकल्प हैं कि वे ऐसी चौदह प्रमुख शिलाओं की स्थापना करेंगे जिस पर सम्राट अशोक के उपदेश खुदे होंगे। इस बारे में डाक्टर

शिव मूर्ति लाल मौर्य का कहना है कि उनका मकसद सम्राट अशोक महान की प्रमुख शिलाओं की स्थापना है। जिसमें 14 शिलाएं प्रयागराज अरेल में लगनी है। जिसमें से एक शिला लेख लग चुका है।।इसके लिए राजनेताओं, समाजसेवी और प्रबुद्धजनों से सहयोग की अपेक्षा है। बिना समाज के सहयोग से ऐसे कार्य नहीं हो सकते हैं।

● तीन भाषाओं में लिखे जायेंगे

हिंदी, अंग्रेजी और पॉली तीनों ही

भाषाओं में प्रमुख शिला लेख लिखे जायेंगे। ताकि विदेश से आने वाले बौद्ध धर्म के अनुयायियों को पढ़ने और समझने में कोई दिक्कत न हो।

● पॉली भाषा को बचाने के लिए चला रहे अभियान

प्राचीनतम भाषा पाली जो पतन की ओर है उसको बचाने के लिए डाक्टर शिवमूर्ति लाल मौर्य ने अभियान चलाया है। इनकी लगन और मेहनत का नतीजा है कि पिछले वर्ष की बोर्ड परीक्षा में दो सौ से अधिक छात्रों ने पाली का पेपर दिया। जिसमें अधिकांश पास ही हुए। शिव मूर्ति लाल को इसके लिए बहुत परिश्रम करना पड़ा। इस वर्ष भी अधिक से अधिक लोगों का पाली भाषा से बोर्ड परीक्षा का फार्म भरने का शिव मूर्ति लाल का इरादा है।

● बौद्ध धर्म से हैं प्रभावित

नगर के नामचीन डाक्टरों में शुमार रेडियोलॉजिस्ट डाक्टर शिव मूर्ति लाल बौद्ध धर्म से प्रभावित हैं। उन्हें उनका अनुयाई भी कह सकते हैं। मौर्य समाज के उत्थान के इन्होंने कई सारे सामाजिक कार्य किया और कर भी रहे हैं। सम्राट अशोक और उनके विचारों से इनका काफी लगाव है। राजा प्रताप बहादुर पार्क में इन्होंने अपनी क्लीनिक खोल रखी है। गरीबों की मदद करते हैं। रोटरी क्लब और कई अन्य संस्थाओं से जुड़े हैं।

कवि अरविंद सत्यार्थी के माता के निधन पर शोक

सांगीपुर । स्वतंत्र कवि मंडल के संगठन मंत्री अरविंद सत्यार्थी की माताजी का उम्र -83 वर्ष के निधन पर स्वतंत्र कवि मंडल सांगीपुर के तत्वाधान एक शोक सभा का आयोजन किया गया । इसमें अर्जुन सिंह, यज्ञनारायण सिंह, गुरुबचन सिंह बाघ,अरविन्द सत्यार्थी, डॉ. अजित शुक्ल, यज्ञ कुमार पांडेय, अशोक विमल, अनूप त्रिपाठी, हरवंश सिंह , हरवंश शुक्ल शौर्य, सुधांशु पाल पांडेय, के एन लाल श्रीवास्तव, नागेन्द्र त्रिपाठी, गीतेश यादव जन्नत,अशोक अग्रहरि,संजय शुक्ल , सत्येंद्र सौम्य, अब्दुल मजीद रहबर, दीपेंद्र श्रीवास्तव तन्हा, बाबूलाल सरल , सुरेश अकेला , चंद्रशेखर मित्र, महादेव प्रसाद मिश्र बमबम आदि उपस्थित थे।

श्रीराम कथा आज से

प्रतापगढ़ मानस सत्संग समिति द्वारा तीसवां वार्षिक मानस सम्मेलन एव संगीतमयी श्री राम कथा का आयोजन 16 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक सायं 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक नगर के सहोदरपुर पूर्वी स्थित बाग में किया गया है।जिसमे ख्यातिप्राप्त ओजस्वी कथा व्यास श्री पागलदास जी महराज होंगे।

विद्यालयों में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत हुई साफ-सफाई

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी डॉ दिव्या मिश्रा के आदेशानुसार जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा के निर्देशानुसार प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा में डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद के सभी शिक्षण संस्थाओं में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों के संबंध में विशेष साफ सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही स्टाफ तथा विद्यार्थियों को संचारी रोगों से बचाव व नियंत्रण के बारे में जानकारी दी गई। राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर में प्रधानाचार्य के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज पट्टी में प्रधानाचार्य के निर्देशन व विजय शर्मा,पूजा गुप्ता आदि के संयोजन में,एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज में प्रधानाचार्य आजाद अहमद के निर्देशन में,तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में, केपी हिंदू इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज पट्टी में प्रधानाचार्य के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा में प्रधानाचार्य के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही में प्रधानाचार्य एमपी मिश्रा के निर्देशन में,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में, आरएसबीआईसी सुंदरगंज में प्रधानाचार्य आरपी यादव के निर्देशन में, एएसआईसी रायअसकरनपुर में प्रधानाचार्य वीपी सिंह के निर्देशन में, भद्रेश्वर इंटर कालेज डेरवा में प्रधानाचार्य वीएन सिंह के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, राजकीय उमावि बेधन गोपालपुर में प्रधानाचार्य रेखा द्विवेदी के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी प्रकार सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के संबंध में एनसीसी/एनएसएस/स्काउट गाइड कैडेट्स द्वारा लोगों को जागरूक किया गया।

श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा विद्युत और पुलिस कर्मियो का हुआ सम्मान

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। भरत मिलाप के दिन आधा दर्जन चौकी एवं लाइट से चिलबिला बाजार जगमगाता रहा। इसमें दूर-दूर से आए समस्त दर्शकों ने घूम घूम कर मेला का लुफ्त उठाया। चौकी देखकर बहुत आनंदित भी हुए, और रामलीला समिति द्वारा सकुशल मेला संपन्न कराने के लिए बिजली विभाग के एसडीओ विमल कुमार यादव ,जेइ अरविंद कुमार एवं चिलबिला चौकी इंचार्ज संदीप तिवारी व दरोगा सचिन यादव का अंग वस्त्र और भगवान प्रभु श्री राम का चित्र देकर सम्मान किया इस दौरान राजा जायसवाल, सचिन मिश्रा,अजय जायसवाल, रोहित गुप्ता (पुल्लु)पवन गुप्ता (बाबा), अजय गुप्ता (स्ढ्ढष्ट),रवि गुप्ता,संतोष मोदनवाल ,लष्मीपति शाह ,जगदीश सोनी,लालप्रताप सिंह,ननका हेलवाई, प्रशांत वैश्व,प्रमोद जायसवाल , विजय शंकर गुप्ता,मीडिया प्रभारी रवीन्द्र जायसवाल, अनिल आदि लोग उपस्थित रहे।

जनपद, में निपुण लक्ष्य प्राप्त करने को बेसिक शिक्षकों ने ली सामूहिक शपथ

▶▶ शिक्षक संकुल -फेनहा की मीटिंग में हुई खुली चर्चा

लोकमित्र ब्यूरो

बेलखरनाथ धाम प्रतापगढ़ - शिक्षक संकुल न्याय पंचायत फेनहा की बैठक का आयोजन प्राथमिक विद्यालय जाफरपुर, बाबा बेलखरनाथ धाम ब्लॉक में किया गया।मासिक शिक्षक संकुल बैठक प्राथमिक विद्यालय एवम् उच्च प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिये पृथक एजेंडा के साथ हुई। जिसमें एन ए एस एवम एन ए टी में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु रणनीति एवम समर्पित प्रयास पर चर्चा हुई।शिक्षक प्रशिक्षण के सम्बन्ध में चर्चा में आगामी प्रशिक्षण हेतु नीड बेस्ड टापिक का संलकन कर निर्देशानुसार राज्य परियोजना कार्यालय को अवगत कराया जाएगा ।

संकुल बैठक के अंतिम सत्र में शिक्षक संकुल डा0विनोद त्रिपाठी ने सभी प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षा मित्र और अनुदेशको को अपने विघालय, ब्लॉक और जिले को निपुण लक्ष्य हासिल कराने में हर सम्भव सहायता हेतु निपुण शपथ दिलाई। एआरपी मोहम्मद अफज़ल द्वारा शिक्षक संकुल बैठक में एजेण्डा प्रस्तुत किया गया। जिसके माध्यम से निपुण लक्ष्य और शिक्षक प्रशिक्षण पर चर्चा हुई। प्राथमिक विद्यालय/ उ0प्रा0वि0 हेड मास्टर्स में अजीत कुमार, डा0विनोद त्रिपाठी, राजेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र पटेल, रामेन्द्र श्रीवास्तव, वृन्दावन प्रजापति, अवधेश प्रताप सिंह, राजेश त्रिपाठी, राज बहादुर वर्मा, रेखा सिंह और रत्नेश सिंह आदि शिक्षकों ने विचार ब्यक्त किया।

रक्तदान कर मनाया जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार /प्रतापगढ़ बाघराय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बारौं निवासी अजय त्रिपाठी ने मंलवार को अपना 52 वाँ जन्मदिन मनाया। उन्होंने अपने 52 वें जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय के रक्तदान संस्थान में जाकर रक्त दान कर अपना जन्मदिन मनाया। इस दौरान उन्होंने बताया कि वह अपने जन्मदिन के मौके पर लगातार विगत 11 वर्षों से रक्तदान करते आ रहे हैं।

जेआरएफ की परीक्षा पास कर अनुपम विश्वकर्मा बने प्रोफेसर

रानीगंज (प्रतापगढ़) तहसील क्षेत्र में सराय सेतराय निवासी एवं मां अभिराजी जगदीश पाल मेमोरियल इंटर कालेज शाहपुर के भौतिक विज्ञान प्रवक्ता अनुपम विश्वकर्मा ने आल इंडिया 164 वी रैंक हासिल किया है। ज्ञात हो कि ग्रामीण परिवेश में रहकर अपने पहले ही प्रयास में जेआरएफ क्वालीफाई कर क्षेत्र का और विद्यालय का नाम रोशन किया है। अनुपम ने इस सफलता पर माता पिता का आशीर्वाद और सहयोग बताया। विद्यालय के प्रबन्धक राजेन्द्र प्रसाद प्रधानाचार्य महेंद्र प्रसाद पाल शिवकुमार पटेल संतोष सरोज शोभित रावत धीरज सरोज सीमा पाल शालिनी ममता मनीषा खुशबू अनामिका आदि ने हर्ष व्यक्त किया। प्रभावती हास्पिटल मुंगराबादशाहपुर जौनपुर के निदेशक डॉ विकास पाल जी एवं श्रीमती डा सरस्वती पाल आनंद पाल मास्टर साहब सत्यप्रकाश और एस एस पटेल इण्टर कालेज संसरिया पुर के उपप्रधानाचार्य राजेश मौर्य ने विद्यालय परिवार के छात्र छात्राओं का मुंह मीठा कराया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

विवाहिता की गला दबाकर बेरहमी से हत्या

● मृतका के भाई ने दो के खिलाफ पुलिस को दी तहरीर

लोकमित्र ब्यूरो

प्रतापगढ़। बीती रात जेठवारा थाना क्षेत्र के पूरे सुखदेव गांव में एक दिन पूर्व मायके आई 25 वर्षीय विवाहिता सपना की गला दबाकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्यारों ने उसके शव को धान के खेत से घसीटते हुए घर से दो सौ मीटर दूर ले जाकर चरी के खेत में छुपा दिया। घर के पिछवाड़े मिली उसकी सैंडिल और धान की फसल टूटने से खेत में बनी लीक के सहारे परिजन शव तक पहुंच गए और घटना की जानकारी पुलिस को दिया। भारी पुलिस बल के साथ कप्तान भी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लिया। मृतका के भाई धर्मेंद्र कुमार पटेल ने गांव के ही दो युवकों पर बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए नामजद तहरीर दिया है। एहतियात के तौर पर गांव में पुलिस बल तैनात किया गया है।

कटरा गुलाब सिंह चौकी क्षेत्र के पूरे सुखदेव निवासी स्व माताफेर पटेल की बेटी सपना की शादी प्रयागराज के बहरिया थाना क्षेत्र के मुबारकपुर गांव में स्व अमृत लाल पटेल के पुत्र रामचंद्र पटेल के साथ बीते फरवरी माह में हुई थी। एक दिन पहले सपना अपने मायके आई थी। सोमवार की शाम वह अचानक लापता हो गई। खोजबीन के दौरान देर रात घर से दो सौ मीटर दूर खेत में उसका शव मिला तो गांव में कोहराम मच गया। बेटी का शव देखते ही परिजनों के होश उड़ गए और परिवार के ही एक युवक विनय कुमार पटेल व वीरेंद्र कुमार पुत्र मेवालाल पटेल पर चीख चीख कर हत्या का आरोप लगाने लगे। बड़े भाई धर्मेंद्र कुमार ने दोनों के खिलाफ नामजद तहरीर भी दिया है। धर्मेंद्र पटेल ने बताया कि विनय कुमार पहले भी उसकी बहन सपना को परेशान करता था। उसकी अश्लील फोटो ससुराल भेजकर ब्लैकमेल करता था, जिसकी शिकायत पुलिस से भी किया था। शादी के बाद भी उसकी हरकत बंद नहीं हुई तो काफी विवाद हुआ तब उसने जान से मारने की धमकी भी दिया था। मायके आते ही विनय कुमार ने उसे बुलाकर बड़ी बेरहमी उसकी हत्या कर दिया और उसके जेवर भी छीन लिया और उसके साथ दुराचार भी किया है। फिलहाल आरोपी सपरिवार घर से फरार हैं और जेठवारा पुलिस जांच में सक्रिय है।

मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

लोकमित्र ब्यूरो

रानीगंज (प्रतापगढ़) ठगी करने वालो से सतर्क व सावधान रहे, ऐसे काल या लिंक को कभी भी रिसिव या ओपन ना करे । उनके द्वारा दिये गए नंबरो पर कभी भी काल ना करें । दिए गए लिंक व नंबर की सत्यता की जांच कर लें।जब तक खुद तय न कर ले कि नंबर या मेसेज सही है, तब तक किसी भी नंबर पर कॉल न करें। आदि के बारे मे विस्तृत जानकारी देकर सतर्क व सावधान रहने के लिए बताया गया। साथ ही साइबर हेल्पल्हाइन 1930 से अवगत कराया गया ।इस दौरान मिशन शक्ति टीम प्रभारी व एंटी रोमियो प्रभारी महिला उपनिरीक्षक दीपाली, कांस्टेबल अमीश प्रजापति ,कांस्टेबल रजत, महिला कांस्टेबल रंजना गोंड द्वारा कुंती देवी महिला महाविद्यालय की महिलाओ को महिला सुरक्षा व साइबर अपराध से जागरूक किया गया।

शोक संवेदना जताने पहुंचे राजा भइया, मृतक के परिजनों को दी आर्थिक सहायता

लोकमित्र ब्यूरो

कुंडा प्रतापगढ़। शनिवार को दुर्गा मां का विसर्जन करने जाते समय महेशगंज थाना क्षेत्र के मछेहा हरदोपट्टी गांव के शिवगढ़ तूरी गांव में विद्युत तार से डीजे में करंट उतरने से दो लोगों की दर्दनाक मृत्यु हो गई थी। मंगलवार को उनके घर शोक संवेदना व्यक्त करने जनसत्ता दल के सुप्रीमो, पूर्व कैबिनेट मंत्री व कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया पहुंचे। उन्होंने मृतक रंजीत के बदगवां स्थित घर पर पहुंचकर उनके परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया। उसके बाद मछेहा हरदोपट्टी गांव में मृतक अरुण सिंह के यहां भी पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। दोनों मृतकों के परिजनों को राजा भइया ने 1-1 लाख रुपए की नगद आर्थिक मदद देने के साथ ही उन्हें किसान दुर्घटना बीमा सहित अन्य सभी शासकीय मदद व हरसंभव सहायता करने का भी आश्वासन दिया।इस दौरान पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी कुंवर

अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जी, कुंवर बृजराज प्रताप सिंह, प्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोज, अजीत सिंह निजी सचिव, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल,कमलेंद्र शुक्ला गुरुजी,पूर्व प्रमुख हितेश प्रताप सिंह पंकज , पूर्व प्रमुख कुंडा वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौली,कुंडा प्रमुख संतोष सिंह,पूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बू, कुंडा चेयरमैन प्रतिनिधि शिव कुमार तिवारी भगवन,प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज, प्रमुख विहार पति राम चंद्र सरोज, प्रमुख कालाकांकर रमेश सरोज,जिवेंद पाल पूर्व प्रधान रमेश तिवारी, आजाद सिंह परसीपुर, विवेक प्रताप सिंह, पंकज यादव प्रधान,सुमित तिवारी फूलमती, सोनू सिंह नरियावां, विजय पांडेय डीहा, सूरज मिश्रा धमोहन,पूर्व बी डी सी मनोज सिंह विनीत पांडेय रामनगर, प्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तव, व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज , अतुल सिंह राणा,प्रधान उतरार विनोद यादव, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

शिक्षक की पत्नी के निधन पर शिक्षकों द्वारा दी गई श्रद्धांजलि

सगरासुंदरपुर । अजगरा पूरे गिरवर निवासी प्राथमिक विद्यालय पाती के शिक्षक उदय सिंह की पत्नी स्व0 उमा सिंह की आकस्मिक मृत्यु के बाद प्राप्त जानकारी के बाद शिक्षको में शोक की लहर फैल गई। शिक्षको ने शोक सभाये कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दुख दुख की घड़ी में बहुत से शिक्षक उनके घर पर पहुंचकर उनके इस दुख की घड़ी में शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष निर्भय सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ मंत्री सुधीर मिश्रा उर्फ सोनू मिश्रा, ब्लॉक स्काउट मास्टर सुशील सिंह, मसेन्द्र नाथ मिश्र, उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष अर्जुन कुमार, रामदीन गुप्ता ,अनंत पाल सिंह ,विशाल सिंह महेश्वर शुक्ल, राजेन्द्र प्रताप सिंह,सीपी राव, विश्वदीप सिंह, आलोक सिंह, शैलेश श्रीवास्तव, राजेश मिश्र, सन्तोष विश्वकर्मा, आलोक गुप्ता ,सुरेश नारायण मिश्र ,रमेश बहादुर सिंह ,रवीन्द्र नाथ पाण्डेय ,विजय विश्वकर्मा, डा 0 संजीत शुक्ल ,मोनू सिंह, मुख्तार खां, पवन दुबे आदि बहुत से शिक्षकों ने वहां पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

घर में हुई चोरी का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। घर में हुई चोरी की घटना को लेकर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के सैयद कासिमपुर कसमापुर गांव निवासी परमानंद मिश्र पुत्र गया प्रसाद मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि नौ अगस्त की रात सेंधमारी कर अज्ञात चोर घर में घुसे और तीन कमरों का ताला तोड़ डाला। चोरों ने कमरों में रखे लाखों के सोने चांदी के जेवरात चुरा ले गये। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद सोमवार की शाम अज्ञात चोर के खिलाफ चोरी का केस दर्ज किया गया है।

ग्रामीणों ने मेला व कबडडी का उठाया आनन्द

लालगंज, प्रतापगढ़। विकासखण्ड लालगंज अन्तर्गत इटैला के पूरे नोती में परम्परागत मेला व खेलकूद का आयोजन हुआ। जिसमें बडी संख्या में शामिल हुए ग्रामीणों ने मेले व प्रतियोगिता का लुत्फ उठाया। पूरे नोती में आयोजित मेला शाम ढ़लने के साथ ही रंगत में आया दिखा। बड़ी संख्या में मेले में शामिल युवाओं की टोली के साथ ही महिला पुरूष ने मेले का भरपूर आनन्द लिया। मेले में खिलौने की दुकानों पर बच्चों के साथ युवाओं की भी भीड़ रही। वहीं श्रृंगार की दुकानों पर महिलाएं खरीददारी में मगन दिखीं। इसके साथ ही मेले में आये झूले का भी लोगों ने आनन्द लिया।

वहीं मेले में कबडडी तथा कुश्ती की प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। कबडडी में शमशेरगंज व कयाही टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। जिसमें कयाही की टीम विजेता बनी। वही कुश्ती में फतेहपुर के अर्जुन को पटखनी देकर मनियारपुर के आमिर ने खिताब अपने नाम किया। मेले के प्रबन्धक व संयोजक रामलखन तिवारी ने आयोजन समिति की ओर से विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर बाबूराम सिंह, कृष्ण कुमार तिवारी, हृषीकेश, शिवाकान्त तिवारी, बालेन्द्र, राजू, विश्वनाथ, अश्विनी व अंजनी आदि मौजूद रहे।

एंटीरोमियो टीम ने छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

बिहार/ प्रतापगढ़ एंटी रोमियो टीम बाघराय द्वारा बाघराय थाना क्षेत्र के अंतर्गत कई शिक्षण संस्थानों में जाकर छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया।इस दौरान छात्र/ छात्राओं को गुड टच, बैड टच और तमाम तरह की हरकतों के साथ साथ साइबर तथा महिला सुरक्षा हेतु सरकार द्वारा जारी किए गए हेल्प लाइन नंबरों जैसे 1090,112,181,1098,1076, 1930 आदि के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा परिचर्चा करते हुए समझाया गया।

नगर पंचायत हीरागंज में राजा भइया का हुआ भव्य स्वागत

लोकमित्र ब्यूरो

कुडा प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के नगर पंचायत हीरागंज बाजार में मंगलवार को क्षेत्र भ्रमण से लौटते समय जनसत्ता दल के सुप्रीमो पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया का व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार विनोद यादव के नेतृत्व में समर्थकों द्वारा पुष्पवर्षा के बीच फूल-मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया गया।

इस दौरान प्रभात सिंह, सभासद नरेंद्र सरोज, दिलीप पाल, शिवम मिश्र, हिमांशु मिश्र व संदीप यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध रूप से पटाखा बना रहे दो गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

● अर्धनिर्मित बम व पटाखे, एवं पटाखे बनाने की सामग्री बरामद

लोक मित्र ब्यूरो

लीलापुर प्रतापगढ़ –अवैध रूप से पटाखा बना रहे दो युवको को पुलिस ने गिरफ्तार किया तथा मुकदमा दर्ज करके जेल भेज दिया। साथ ही दो दर्जन अर्धनिर्मित बम व पटाखे 15 किलो बारुद शोरा, पोटाश से अर्ध निर्मित पटाखा बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक, डॉ0 अनिल कुमार द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम अवैध विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले/ बेचने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक लालगंज नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में उ0नि0 विवेक कुमार ने मय हमराह उ0नि0 कवीरदास ,उ0नि0 अशोक कुमार यादव हे0का0 जाहिद हुसैन द्वारा देखभाल क्षेत्र, पेड़िंग विवेचना, चेकिंग संदिग्ध वाहन, दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत विस्फोटक सामग्री चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को थाना लालगंज पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत रानीगंज कैथोला (कौशल्यापुर) में घर पर बना रहे वसीर अहमद पुत्र यार मोहम्मद निवासी रानीगंज कैथोला (कौशल्यापुर) थाना लालगंज उम्र करीब 58वर्ष व वारिस अहमद पुत्र वसीर अहमद निवासी रानीगंज कैथोला (कौशल्यापुर) थाना लालगंज उम्र करीब 26 वर्ष को गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्तों के कब्जे से 24 अदद अर्धनिर्मित बम व पटाखे 15 च्द्द (बारूद, शोरा, पोटास से बने हुए अर्दनिर्मित) व पटाखे बनाने की सामग्री बरामद की गई है ।

उक्त बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 5/9(ख) विस्फोटक अधिनियम 1884 बनाम वसीर अहमद,व वारिस अहमद के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया।

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मू0 वाद संख्या 238/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राजेन्द्र प्रसाद शर्मा आदि बनाम विनोद कुमार शर्मा आदि
बनाम
1. विनोद कुमार शर्मा आयु लगभग 34 वर्ष सुत राजेन्द्र प्रसाद शर्मा 2. श्रीमती हिमांशी शर्मा आयु लगभग 30 वर्ष पुत्री सुनील कुमार शर्मा पत्नी विनोद कुमार शर्मा 3. ध्रुव शर्मा आयु 10 माह सुत विनोद कुमार शर्मा अवयस्क संरक्षिका हिमांशी शर्मा पत्नी विनोद कुमार शर्मा माता स्वयं समस्त निवासीगण ग्राम बिच्छूर पोस्ट जगनीपुर पर0 पट्टी तह0 रानीगंज प्रतापगढ़
तारीख पेशी 29.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 29.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 1349/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन कमाल आदि बनाम राजकुमार
बनाम
राजकुमार आयु लगभग 55 वर्ष सुत भारत निवासी ग्राम चकबनतोड़ किला पोस्ट पूरे ओझा पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
तारीख पेशी 23.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 2134/24
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन राजाराम बनाम हरखास आम
बनाम
हरखास आम कपासी मजरे अन्तू नगर पंचायत अन्तू प0त0 सदर प्रतापगढ़
तारीख पेशी 30.10.2024 05.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 30.10.2024 05.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय सदर जनपद प्रतापगढ़
मु0नं0 6059/2022
कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202202570306059
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन गुलवन्ती बनाम लल्लू राम आदि
बनाम
1. लल्लू राम उम्र 60 वर्ष 2. लालजी उम्र लगभग 55 वर्ष 3. परिमिल कुमार उर्फ प्रवीन कुमार उम्र लगभग 45 वर्ष सुतगण स्व0 हरीलाल 4. शिव कुमार लगभग 40 वर्ष 5. पवन कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष सुतगण स्व0 दयाराम 6. त्रिभुवन उम्र लगभग 40 वर्ष 6/1. गुड्डी पत्नी त्रिभुवन उम्र लगभग 38 वर्ष 6/2. राम करन उम्र लगभग 22 वर्ष सुतगण त्रिभुवन 6/3. अर्जुन उम्र लगभग 17 वर्ष 6/4. भीम उम्र लगभग 15 वर्ष सुतगण त्रिभुवन अवयस्क बाबिलायत श्रीमती गुड्डी माता स्वयं समस्त निवासीगण ग्राम जिरियामऊ पर0 तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ 7. विनोद कुमार उम्र लगभग 35 वर्ष 8. दिलीप कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष 9. सुजीत कुमार उम्र लगभग 25 वर्ष सुतगण स्व0 श्यामलाल 10. रामलाल उम्र लगभग 65 वर्ष सुत पाले उर्फ पोले उर्फ फूले निवासी ग्राम जिरियामऊ पर0 व तह0 सदर जनपद प्रतापगढ़ 11. भुअर उम्र लगभग 55 वर्ष 12. सुरेश उम्र लगभग 50 वर्ष 13. हरीराम उम्र लगभग 45 वर्ष सुतगण स्व0 सरजू 14. बबलू उम्र लगभग 28 वर्ष 15. गुड्डू उम्र लगभग 25 वर्ष सुतगण स्व0 पन्ने लाल निवासीगण ग्राम मुबारकपुर प0त0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 16. श्रीमती काजल बानो उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्री रसीद निवासी पुलिस लाइन सिविल लाइन बेल्हा घाट प्रतापगढ़ 17. ग्राम पंचायत जिरियामऊ द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत जिरियामऊ प0त0 सदर जिला प्रतापगढ़
अन्तर्गत धारा 116 रा0सं0उ0प्र0 2006
तारीख पेशी 19.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 19.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष संख्या 28 महोदय प्रतापगढ़
इजराय वाद 9/2024
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह उम्र लगभग 48 साल सुत राज बहादुर साकिन रामकोला पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
बनाम
उमलेश सिंह उम्र लगभग 36 सात सुत भूलन सिंह उर्फ अनुरूद्ध बहादुर सिंह नि0 ग्राम चरैया पर0तह0 पटटी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 23.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय महोदय प्रतापगढ़
वाद सं0 833/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन अमरावती देवी बनाम भागीरथी पटेल
बनाम
भागीरथी पटेल उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र सरजू प्रसाद पटेल निवासी ग्राम सुरूवां मिश्रपुर पोस्ट सुरूवां मिश्रपुर थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ (उ0प्र0)
तारीख पेशी 08.11.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.11.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म न0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी सदर महोदय प्रतापगढ़
कम्प्यूटरीकृत वाद संख्या टी202402570308017
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती सूरसती आदि बनाम तेज बहादुर सिंह आदि
बनाम
1. तेज बहादुर सिंह सुत राम कृपाल सिंह उम्र 60 वर्ष 2. राजेन्द्र सिंह उम्र 59 वर्ष 3. त्रिभुवन सिंह उम्र 57 वर्ष 4. विनोद सिंह उम्र 55 वर्ष सुतगण जदुनाथ सिंह समस्त निवासीगण ग्राम जोगीपुर पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 5. राज्य उ0प्र0 द्वारा ग्राम प्रधान जोगीपुर वि0ख0 सण्डवा चन्द्रिका पर0तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0संहिता 2006
तारीख पेशी 18.10.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 18.10.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

पुलिस के हत्थे चढ़ा वांछित गौ-तस्कर

लोकमित्र ब्यूरो

बिहार /प्रतापगढ़ बाघराय थाना क्षेत्र के पंडित का पुरवा महाराजपुर के नहर के बगल बाग से 30 गोवंशों के साथ एक अभियुक्त चंदन कुमार पुत्र सुरेश कुमार निवासी पुरानी आबकारी (सदर मोड़) चौकी मकन्दुरगंज थाना कोतवाली नगर को बाघराय प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के अपराध एवम अपराधियों व अवैध कारोबारियों पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत चलाए जा रहे धर पकड़ अभियान के क्रम में क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपनिरीक्षक दिनेश कुमार ने मय हमराह हेड कांस्टेबल महेश सिंह, का0 शशांक सिंह, व का0 विजय सिंह द्वारा गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि गिरफ्तार अभियुक्त चंदन गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम में पूर्व से वांछित भी था। बाघराय थाने में सोमवार को 30 गोवंशों के साथ गिरफ्तारी के मामले में बाघराय थाने में गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता निवारण अधिनियम पंजीकृत करते हुए न्यायालय भेजने की कार्रवाई बाघराय पुलिस द्वारा पूर्ण की गई।

वहीं गिरफ्तार अभियुक्त चंदन से पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर बताया कि मैं और मेरे साथी जैद,बाबू, व हीरो ने मिलकर तथा कुछ चार पांच अज्ञात व्यक्ति जो तुरंत मौके पर आ गए थे। मैं व मेरे सहयोगियों ने मिलकर गोवंशों को एक चार पहिया गाड़ी में लादकर ले जा रहे थे। उसी समय मौके पर पुलिस आ गई,तो जिस गाड़ी पर गोवंश लदे थे,उसको मेरे साथी पुलिस को आते देख फौरन लेकर भाग गए।

शानोशौकत के साथ मनाया गया जश्न ए गौसिया

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर पंचायत के खानापटटी के मदरसा दारूल उलूम बाबुननवी में अटठावनवां जश्न ए गौसिया का जश्न शानोशौकत के साथ मनाया गया। नगर में जुलूसे गौसिया भी निकाला गया। जिसमें बड़ी तादात में इलाकाई लोगों के साथ जनपद व कौशाम्बी, बुलन्दशहर आदि जिलों से आये अकीदतमंद भी शामिल हुए। तालीम तथा जरूरतमंदों की मदद के लिए मशहूर रहे मौलाना अतीक साहब की पाक मजार पर अकीदतमंद सजदा करते दिखे। जनपद व गैर जनपदों से आये उलेमाओं ने एकराम की तकरीर भी पेश की।

जिसमें हजरत रहमानी मियां ने अतीके मिल्लत के बारे में कहा कि उन्होंने जीवन भर गरीब व दुखियों तथा बेसहारा की मदद की। अकीदतमंदों ने पाक मजार शरीफ पर गुलपोशी व चादरपोशी भी की। जश्ने गौसिया में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी व नेता कांग्रेस विधानमण्डल एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने अतीक साहब की पाक मजार पर चादरपोशी करके मुल्क की सलामती की नेताद्वय की ओर से दुआ मांगी। जश्न ए गौसिया में गुल मोहम्मद, बेलाल रहमानी, सददाम अहमद, मोकीम खान, मतलूब खान, अम्मार रहमानी, आबिद अली, वकार अहमद, इद्रीश शेख, हाफिज खान, ऐश खान, मो. अलीरजा, बाबर खान, नसीम, अब्दुल लतीफ, डा. अनीस खान आदि शामिल हुए।

भरत मिलाप सकुशल सम्पन्न होने पर उतारी गयी हनुमान जी की आरती, अधिवक्ताओं ने प्रशासन को सराहा

प्रतापगढ़। जिले के ऐतिहासिक परम्परागत भरत मिलाप सम्पन्न होने को लेकर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को कचहरी में भगवान बजरंगबली की भव्य आरती उतारी। वहीं सकुशल भरत मिलाप सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की भूमिका को भी सराहा। संकटमोचन धाम में लहरी महराज के संयोजन में शंख ध्वनि व वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य अधिवक्ताओं द्वारा भगवान बजरंगबली की आरती व सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। कार्यक्रम में शामिल हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि भरत मिलाप के सौहार्दमय वातावरण में सम्पन्न होना जिले की एकता शक्ति की मजबूती का प्रतीक है। उन्होनें जिले के डीएम संजीव रंजन तथा एसपी डॉ. अनिल कुमार के संयुक्त प्रशासनिक प्रबन्धन को भी जिले के लोगों की ओर से सराहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रूरल बार के प्रदेश अध्यक्ष मुक्कू ओझा तथा संचालन जिलाध्यक्ष अंजनी सिंह बाबा ने किया। इस मौके पर अनिल त्रिपाठी महेश, रामकृष्ण मिश्र गुडडू, विनोद शर्मा, प्रदीप सिंह, सुशील दुबे, शीतला शर्मा आदि अधि

भारी मात्रा में अवैध पटाखा बरामद, दो गिरफ्तार

लालगंज, प्रतापगढ़। जिले के एसपी डॉ. अनिल कुमार द्वारा अपराधों की रोकथाम को लेकर चलवाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार सुबह यहां लालगंज कोतवाली पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध पटाखा व पटाखा बनाने की निर्माण सामग्री के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार यादव के नेतृत्व में मंगलवार सुबह दरोगा विवेक कुमार, कबीरदास, अशोक कुमार यादव, फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर कौशिल्यापुर रानीगंज कैथौला निवासी वसीर अहमद पुत्र यार मोहम्मद तथा वारिस अहमद पुत्र वसीर अहमद को उनके घर से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चौबीस अर्धनिर्मित बम व पन्द्रह किलोग्राम पटाखे तथा बारूद सोरा पोटाश आदि पटाखे बनाने की सामाग्री की बरामदगी की है। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव ने बताया कि गिरफ्तार किये गये वसीर अहमद व वारिस अहमद के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

डीएम व एसपी ने ली कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट– जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने ई- प्रासीक्यूशन पोर्टल पर दैनिक अभियोजन कार्यों की फीडिंग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दी जाने वाली आर्थिक सहायता व आरोपियों को सजा दिलाए जाने की स्थिति, गिरोह बंद अधिनियम, महिला सम्बन्धी अपराधों, पास्को अधिनियम, आपराधिक वादों, सम्मन और वारंट तामीला, आयुध अधिनियम, आर्म्स एक्ट, टॉप 10 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही, आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अराजक, उपद्रवी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही, ओवरलोड परिवहन, अवैध खनन, विषाक्त नशा पत्ती मुक्त से सम्बन्धित प्रवर्तन कार्य, आगामी त्योहारों एवं राष्ट्रीय पर्वों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थ एवं औषधियों पर मिलावट खोरी के नियंत्रण, अवैध टैक्सी, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड, अवैध वाहनों के संचालन तथा अवैध वसूली एवं सडकों पर अवैध अतिक्रमण, गोवंश बध, दुधारू पशुओं एवं गोवंश के अनाधिकृत परिवहन की घटनाओं, एसिड, तेजाब की दुकानों तथा अवैध विक्रय के नियंत्रण, शांति एवं कानून व्यवस्था, गैंगस्टर एक्ट आदि विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि विद्यालय वाहनों के परमिट तथा वाहन चालक तथा परिचालक की जांच अवश्य कराएं। इसके लिए सभी विद्यालयों को पत्र भी जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जितने शासकीय, प्राइवेट, कस्तूरबा गांधी, आश्रम पद्धति आदि विद्यालयों में छात्रावास हैं, जिनमें छात्राएं निवास कर रही हैं, उन क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी रात्रि में गस्त अवश्य करें। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि महिला सम्बन्धी अपराधों, माफियाओं आर्म्स एक्ट टॉप 10 अपराधियों आदि के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जो वाहन पकडे गए हैं, उनकी तत्काल नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि जो आपके विभाग से सम्बन्धित वाहन हैं, उनका भी निस्तारण कराया जाए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा, सहायक निदेशक अभियोजन विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

चित्रकूट– सडक सुरक्षा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं दीप्ति त्रिपाठी यात्रीकर मालकर अधिकारी द्वारा 12 एंव 13 अक्टूबर को जनपद में ड्रिंक एण्ड ड्राइविंग एवं ओवर स्पीड के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। स्कूली वाहनों की सडक सुरक्षा के मानकों के अनुरूप जांच अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। साथ ही स्कूल वाहन प्रबन्धक, प्रधानाचार्यो को निर्देशित किया गया कि अपने स्कूल में समस्त संचालित वाहनों को मानक के अनुरूप कराएं। साथ ही चालकों, परिचालकों के चरित्र सत्यापन रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री, सवारियों के पाये जाने पर नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। साथ ही वाहन चालकों एवं आम जनमानस को सडक सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुये उनका पालन करने के लिये प्रेरित किया गया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बने राजीव अग्रवाल

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट– उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता का शहर के एक गेस्ट हाउस में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।महामंत्री गुलाब गुप्ता ने कहा कि जनपद के सभी व्यापारियों को साथ लेकर संगठन को मजबूती के साथ खडा किया जाएगा। शीघ्र ही पूरी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। संगठन में वरिष्ठ पदाधिकारी का हमेशा सम्मान रहेगा। नए व्यापारियों को संगठन में जोडा जाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि जिले का हर छोटे बडे व्यापारी के साथ कंधे से कंधा मिला कर हर समय खडा रहा जाएगा। किसी भी तरह का किसी व्यापारी के साथ शोषण और अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ओम केसरवानी, जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष दिलीप केसरवानी, जिला मंत्री ऋषि आर्य, जिला संगठन मंत्री महेश जयसवाल, गल्ला व्यापारी उमा दत्त पांडेय, विशाल केसरवानी, पेट्रोलियम संगठन के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, मनोज वर्मा, आईटी मंच के अध्यक्ष शैलेंद्र केसरी, सूर्य प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ गल्ला व्यापारी, आयकर के वरिष्ठ सलाहकार संजय अग्रवाल, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुरेंद्र अग्रवाल, दवा व्यवसायी पंकज अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष चारु चंद्र खरे आदि ने शुभकामनाएं दी।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

राष्ट्रहित में आवश्यक है जनसंख्या नियंत्रण क़ानून- गिरिराज सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

मीरजापुर। नित्य होने वाले दंगों के लिए नेहरू की नीति जिम्मेदार है तथा आज की तमाम समस्याओं की जड़ में कांग्रेस ही है। यह बातें केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने अपने मीरजापुर के अल्प प्रवास के दौरान भरुहना स्थित एक कार्पेट कंपनी में पत्रकारों के सवाल के जवाब में तब कहीं जब उनसे बहराइच दंगे के बारे पूछा गया।

अपनी बात को और अधिक स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने स्पष्ट राय दी थी कि जब देश का विभाजन धार्मिक आधार पर हो रहा है तो आबादी का स्थानांतरण भी पूरा का पूरा होना चाहिए किन्तु वोटों के लालच में नेहरू ने ऐसा नहीं होने दिया और आज भी हिंदू नेहरू के कुकृत्यों का खामियाजा भुगत रहा है।

उन्होंने कहा कि देश का दुर्भाग्य रहा कि हिंदुओं का नरसंहार विभाजन के समय हुआ, पाकिस्तान बांग्लादेश के बंटवारे के समय हुआ और अभी तक हिन्दू मुसलमानों की अराजकता झेल रहा है।

जनसंख्या नियंत्रण क़ानून के सवाल पर उन्होंने साफ साफ कहा कि ये कानून देश की मांग है और उनका मत है कानून में ये भी व्यवस्था दी जाय कि जो कानून को न माने उसका मताधिकार छीन लिया जाय। जातिगत गणना के सवाल पर उन्होंने कहा कि वो इसके विरोध में नहीं हैं किंतु उनका सीधा मत ये है कि जातिगत गणना की मांग करने वाले राहुल गांधी पहले अपनी और अपने पुरखों की जाति सार्वजनिक करें उसके बाद ही जाति गणना की बात करें। उन्होंने यहां तक कहा कि यदि जाति की गणना होनी ही है तो मुसलमानों की भी जातिगत गणना होनी चाहिए। उनके जनपद प्रवास के दौरान उनके साथ भदोही के सांसद डा. विनोद बिंद, मीरजापुर नगर विधायक रत्नाकर मिश्र तथा प्रदेश सरकार के मंत्री आशीष पटेल भी रहे। उनका स्वागत करने वाले प्रमुख लोगों में रामजी मिश्र, प्रमोद शुक्ल, श्यामजी मिश्र, रमा कांत पांडेय, अनिल सिंह, कल्याणजी मिश्र, इंद्र बहादुर पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में अन्य संभ्रांत लोग रहे।

उच्च प्राथमिक विद्यालय में हुआ राजस्व, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- दीनदयाल शोध संस्थान एवं राजस्व विभाग उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड मानिकपुर की ग्राम पंचायत करौंहा के उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में राजस्व, स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारम्भ जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टी आर, दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन, संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि आज यह करौंहा में राजस्व, स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, श्रम कार्ड, किसानों की समस्याओं, निवास, जाति, आय प्रमाण पत्र आदि योजनाओं के स्टाल लगाए गए हैं। जिनकी जो समस्या है उसका समाधान करा लें। खंड विकास अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना के बारे में लोगों को जानकारी दें। इस समय सर्वे का कार्य चल रहा है, उसमें पात्रता की सूची के आधार पर नाम जुडवाएं। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। आशा आंगनबाडियों को टीकाकरण में लगाया गया है, जो क्षेत्र में जाकर टीकाकरण का कार्य करा रही हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में जो विद्यालय संचालित है, उसमें बच्चों को कपडा, मोजा, जूता आदि खरीदने के लिए अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से धनराशि भेज दी गई है। इसके अलावा किताबों का भी वितरण कराया गया है। दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव अतुल जैन ने कहा कि गांव की साझेदारी व भागीदारी से हम सब मिलकर योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। राष्ट्र ऋषि नानाजी के मार्गदर्शन में हम गांव के लोगों को योजनाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जो शासकीय सुविधाएं हैं, उनका आप लोग लाभ उठाएं। जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टीआर ने कहा कि आज दीनदयाल शोध संस्थान के माध्यम से किशोरी सम्मेलन का आयोजन किया गया है, जो किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होता है, अपने मां बहन को दोस्त बनाना बहुत जरूरी है ताकि जो समस्याएं हो तो उसको आप उनसे बता सकें। उन्होंने कहा कि हीमोग्लोबिन कम है तो उसमें संतुलित आहार लेने के लिए चिकित्सकों द्वारा बताया जाएगा। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख 75 वर्ष की आयु में चित्रकूट आए और मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश के अधिकतर ग्रामों में स्वालंबन का अभियान चलाकर पाठ पढाया। उन्होंने कहा कि इस स्वालंबन पाठ में पांच शब्द बहुत महत्वपूर्ण है। जिसमें गांव में कोई व्यक्ति गरीब न रहे, बेकार न रहे, अस्वस्थ, अशिक्षित तथा विवाद नहीं रहना चाहिए। आज स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य के बारे में परीक्षण करके उपचार दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कल राष्ट्र ऋषि नानाजी की 108 वीं जयंती व महर्षि वाल्मीकि की भी जयंती है। उन्होंने कहा कि 16, 17 एवं 18 अक्टूबर को दीनदयाल शोध संस्थान में तीन दिवसीय कार्यक्रम है। दीनदयाल संस्थान के कोषाध्यक्ष बसंत पंडित ने कहा कि प्रशासन एवं दीनदयाल शोध संस्थान के माध्यम से शिविर लगाकर भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने के लिए शिविर लगाया गया है। जिसमें आज पांच गांव के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने किशोरियों से कहा कि आप लोगों की उम्र कम है। शासकीय अस्पतालों एवं संस्थान द्वारा आयोजन कर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जा रहा है। कहा कि 12 से 16 वर्ष की किशोरियों को आयरन की गोली एवं ब्लड टेस्ट करा कर स्वास्थ्य लाभ दिलाया जाएगा। इसके बाद जिलाधिकारी तथा दीनदयाल शोध संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य कुंज बिहारी तिवारी एवं शिक्षक खेमराज सिंह को स्मार्ट क्लास में बच्चों को अच्छा प्रदर्शन कराने में सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने आम जनमानस की समस्याओं को सुना। साथ ही निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। साथ ही विभागों द्वारा लगाए गए योजनाओं के स्टालों का भी निरीक्षण किया गया। इसके बाद जिलाधिकारी ने मानिकपुर कल्याण केन्द्र का निरीक्षण किया। जिसमें कल्याण केन्द्र के सत्येंद्र मिश्रा ने बताया कि यहां पर आदिवासी 35 बालक व 25 बालिकाएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्रा, कल्याण केन्द्र मानिकपुर कमलेश कुमार मिश्रा, विनोद कुमार मिश्रा, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी प्रियंका यादव, खंड विकास अधिकारी मानिकपुर शैलेन्द्र सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी मानिकपुर मिथिलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

डीएम व एसपी ने ली कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की समीक्षा बैठक

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में मंगलवार को कानून व्यवस्था, अभियोजन एवं महिला अपराधों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने ई- प्रासीक्यूशन पोर्टल पर दैनिक अभियोजन कार्यों की फीडिंग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दी जाने वाली आर्थिक सहायता व आरोपियों को सजा दिलाए जाने की स्थिति, गिरोह बंद अधिनियम, महिला सम्बन्धी अपराधों, पास्को अधिनियम, आपराधिक वादों, सम्मन और वारंट तामीला, आयुध अधिनियम, आर्म्स एक्ट, टॉप 10 अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही, आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अराजक, उपद्रवी व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही, ओवरलोड परिवहन, अवैध खनन, विषाक्त नशा पत्ती मुक्त से सम्बन्धित प्रवर्तन कार्य, आगामी त्योहारों एवं राष्ट्रीय पर्वों के दृष्टिगत खाद्य पदार्थ एवं औषधियों पर

मिलावट खोरी के नियंत्रण, अवैध टैक्सी, बस स्टैंड, रिक्शा स्टैंड, अवैध वाहनों के संचालन तथा अवैध वसूली एवं सडकों पर अवैध अतिक्रमण, गोवंश बध, दुधारू पशुओं एवं गोवंश के अनाधिकृत परिवहन की घटनाओं, एसिड, तेजाब की दुकानों तथा अवैध विक्रय के नियंत्रण, शांति एवं कानून व्यवस्था, गैंगस्टर एक्ट आदि विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि विद्यालय वाहनों के परमिट तथा वाहन चालक तथा परिचालक की जांच अवश्य कराएं। इसके लिए सभी विद्यालयों को पत्र भी जारी किया जाए। उन्होंने कहा कि जितने शासकीय, प्राइवेट, कस्तूरबा गांधी, आश्रम पद्धति आदि विद्यालयों में छात्रावास हैं, जिनमें छात्राएं निवास कर रही हैं, उन क्षेत्रों के पुलिस अधिकारी रात्रि में गस्त अवश्य करें। उन्होंने थानाध्यक्षों से कहा कि महिला सम्बन्धी अपराधों, माफियाओं आर्म्स एक्ट टॉप 10 अपराधियों आदि के खिलाफ त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक ने थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि जो वाहन पकडे गए हैं, उनकी तत्काल नीलामी की कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा खनिज अधिकारी को निर्देश दिए कि जो आपके विभाग से सम्बन्धित वाहन हैं, उनका भी निस्तारण कराया जाए।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी मऊ सौरभ यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मानिकपुर पंकज वर्मा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, राजापुर निष्ठा उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, जिला शासकीय अधिवक्ता श्याम सुंदर मिश्रा, सहायक निदेशक अभियोजन विनोद सिंह आदि मौजूद रहे।

आम जनमानस को सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

चित्रकूट- सडक सुरक्षा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) एवं दीप्ति त्रिपाठी यात्रीकर मालकर अधिकारी द्वारा 12 एंव 13 अक्टूबर को जनपद में ड्रिंक एण्ड ड्राइविंग एवं ओवर स्पीड के विरूद्ध प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। स्कूली वाहनों की सडक सुरक्षा के मानकों के अनुरूप जांच अभियान चलाकर प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। साथ ही स्कूल वाहन प्रबन्धक, प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया गया कि अपने स्कूल में समस्त संचालित वाहनों को मानक के अनुरूप कराएं। साथ ही चालकों, परिचालकों के चरित्र सत्यापन रिपोर्ट कार्यालय में प्रस्तुत करें। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री, सवारियों के पाये जाने पर नियमानुसार प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। साथ ही वाहन चालकों एवं आम जनमानस को सडक सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुये उनका पालन करने के लिये प्रेरित किया गया।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष बने राजीव अग्रवाल

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल एवं जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता का शहर के एक गेस्ट हाउस में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।महामंत्री गुलाब गुप्ता ने कहा कि जनपद के सभी व्यापारियों को साथ लेकर संगठन को मजबूती के साथ खडा किया जाएगा। शीघ्र ही पूरी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। संगठन में वरिष्ठ पदाधिकारी का हमेशा सम्मान रहेगा। नए व्यापारियों को संगठन में जोडा जाएगा। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने कहा कि जिले का हर छोटे बडे व्यापारी के साथ कंधे से कंधा मिला कर हर समय खडा रहा जाएगा। किसी भी तरह का किसी व्यापारी के साथ शोषण और अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश मंत्री ओम केसरवानी, जिला महामंत्री गुलाब गुप्ता को जिला उपाध्यक्ष दिलीप केसरवानी, जिला मंत्री ऋषि आर्य, जिला संगठन मंत्री महेश जयसवाल, गल्ला व्यापारी उमा दत्त पांडेय, विशाल केसरवानी, पेट्रोलियम संगठन के अध्यक्ष गिरीश अग्रवाल, किराना व्यापार मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, मनोज वर्मा, आईटी मंच के अध्यक्ष शैलेंद्र केसरी, सूर्य प्रकाश गुप्ता वरिष्ठ गल्ला व्यापारी, आयकर के वरिष्ठ सलाहकार संजय अग्रवाल, नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ सुरेंद्र अग्रवाल, दवा व्यवसायी पंकज अग्रवाल, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष चारु चंद्र खरे आदि ने शुभकामनाएं दी।

संयुक्त जांच कर अवैध खनन व ओवर लोडिंग के खिलाफ करें कार्यवाही - डीएम

चित्रकूट- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता में मंगलवार को सीएम डैशबोर्ड, कर- करेत्तर, राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने परिवहन, राज्य कर, स्टांप, वन, आबकारी, खनिज, राजस्व वसूली, नगर निकाय, कृषि, लोक निर्माण विभाग, मंडी, बांट माप, विद्युत, सिंचाई आदि विभिन्न विभागों के लक्ष्य के सापेक्ष वसूली की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जो शासन द्वारा लक्ष्य निर्धारित किया गया है, उसी के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत, बैंक, खनन व अन्य विभागों की वसूली को बढाया जाए। तहसीलदार वसूली पर विशेष ध्यान दें। उप जिलाधिकारियों, खनिज अधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारियों व सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी से कहा कि संयुक्त जांच करके अवैध खनन व ओवर लोडिंग वाहनों के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि सीएम डैशबोर्ड में जिन विभागों की रैंकिंग जिन बिन्दुओं पर कम है वह सभी सम्बन्धित अधिकारी सभी बिंदुओं पर प्रगति कराए ताकि जनपद की रैंकिंग अच्छी रहे। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली में सभी सम्बन्धित विभाग लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत पूर्ति कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस के निस्तारण पर सभी विभागों के अधिकारियों से कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध निस्तारण कराया जाए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट उप जिलाधिकारी सदर पूजा साहू, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, डीसी राज्य कर विजय कुमार सोनी, एआईजी स्टांप श्याम सुंदर, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी आनन्द कुमार सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक शुक्ला, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत चौबारा विकास खण्ड होलागढ़, प्रयागराज

पत्रांक : मेमो/निविदा/2024–25 दिनांक 15.10.2024

निविदा सूचना

राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत चौबारा द्वारा कराये जाने वाले निम्नलिखित कार्यो पर प्रयुक्त होने वाली सामग्री आपूर्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा व्यापार कर/आयकर में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरो से दिनांक 22.10.2024 को अपराह्न 2.00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो कि उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे ग्राम पंचायत में तैनात निर्माण समिति द्वारा उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 15.10.2024 से 21.10.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक ग्राम पंचायत से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

क्र0सं0	कार्य का नाम
1	चौबारा मे गाटा नं0 671 पर खेलकूद मैदान निर्माण अनुमानित लागत 345004.00
2	चौबारा में जिम, जाली, पिलर, हाई माक्स लाइट, पिलर, चारो तरफ 1 फिट की जुड़ाई, वृक्षारोपण, सीमेन्टड बेंच व सौन्दरीकरण कार्य
3	चौबारा मे बुधराम पाल के घर से गौडहरा नाला तक पक्की नाली निर्माण अनुमानित लागत 325378.00

नोट : निविदा संबंधी अधिक जानकारी के लिए निविदा दाता/कोटेशन दाता कार्यालय समय पर कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

दीपचन्द, प्रधान, ग्राम पंचायत चौबारा, विकास खण्ड होलागढ़, प्रयागराज

अभिषेक कुमार यादव, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम पंचायत चौबारा, विकास खण्ड होलागढ़, प्रयागराज

जानलेवा हमले के मामले में दोष सिद्ध होने पर आरोपी को सजा

चित्रकूट- जमीनी विवाद में जानलेवा हमले के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को पांच वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही पांच हजार रूपए अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है। सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि बीती 30 नवम्बर 2014 को शिवरामपुर निवासी जीवनलाल निषाद ने कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार उसके बेटे शंकर पर प्लाट में काम करते समय जमीनी विवाद को लेकर शिवरामपुर निवासी रामकृष्ण कुशवाहा ने अपने दो साथियों हीरालाल कुशवाहा और रामनाथ के साथ कुल्हाडी से जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। जिसमें बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद बीती 9 अक्टूबर को न्यायालय ने जानलेवा हमले का दोष सिद्ध होने पर हीरालाल और रामनाथ को सजा सुनाई थी। इसके बाद मंगलवार को इस मामले में अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम अनुराग कुरील ने आरोपी रामकृष्ण कुशवाहा को भी पांच वर्ष कारावास और पांच हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा वर्ष 2006 अनुक्रमांक नंबर 1761526 हाईस्कूल का अंकपत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

राम बहादुर
पुत्र- बुधराम
ग्राम- शेखपुर रसूलपुर तहसील - चायल जिला -कौशांबी

भाकियू ने किसान समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- भारतीय किसान यूनियन की मासिक किसान पंचायत मंगलवार को तहसील राजापुर, मऊ एवं सदर तहसील कर्वी में हुई। भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में तहसीलों में किसानों ने ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। बैठक में समस्त तहसीलों में चकबन्दी, विद्युत समस्या, उर्वरक का मुद्दा छाया रहा। सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि किसानों को खाद नही मिल पा रही हैं। समितियों में खाद की उपलब्धता नही है। बुवाई का समय चल रहा है, किसानों को खाद अपेक्षा अनुसार नही मिल पा रही हैं। इसी प्रकार जिले की समस्त नहरों की शिल्ट सफाई व नहरों पर से कब्जे हटाये जाने की लगातार मांग करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जल्द ही विभाग के खिलाफ बड़ा आन्दोल किया जाएगा। मऊ तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी ने बताया कि खण्डेहा के किसानों ने मांग की है कि चकबन्दी की धारा 52 न लगाई जाए। जब तक चकबन्दी की निष्पक्ष निस्तारण रास्तों से अतिक्रमण मुक्त न हो तब तक धारा 52 न लगाई जाए। तहसील अध्यक्ष राजापुर राजकिशोर सिंह ने बताया कि बिजली की भारी समस्या है। किसानों के नलकूप नही चल पा रहे हैं। किसानों के साथ वन विभाग द्वारा किया गया वादा पूर्ण नही किया जा रहा है।

जंगली जानवरों, बन्दरों, नील गाय से किसान परेशान हैं।इस मौके पर नरेश सिंह, शिव सिंह, शत्रुघ्न पटेल, नरेश तिवारी, जयनारायण सिंह, छोटे पिढिया, राजकुमार, कमलेश, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

चोरी के रूपयों के साथ चोर गिरफ्तार

चित्रकूट- पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना मऊ पुलिस ने कस्बा मऊ में हुयी चोरी की घटना के तीसरे आरोपी को 1400 रुपये के साथ गिरफ्तार किया। मऊ थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार राय ने बताया कि बालमुकुन्द पुत्र उमेशचन्द्र निवासी मवई कला ने थाना मऊ में सूचना दी थी कि अज्ञात चोरों ने उनके घर का दरवाजा तोडकर सोने चांदी के जेवरात व 50 हजार रुपये नगद चोरी कर लिये हैं। इस सूचना पर थाना मऊ में अज्ञात के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक मऊ ने घटना को संज्ञान में लेकर घटना के अनावरण के लिए उप निरीक्षक शिवपूजन सरोज को निर्देशित किया। उप निरीक्षक शिवपूजन सरोज तथा उनकी टीम द्वारा बीती 22 सितम्बर को घटना के 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। साथ ही तीसरा आरोपी फरार चल रहा था। उप निरीक्षक शिवपूजन सरोज तथा आरक्षी सोनपाल, राहुल पाण्डेय द्वारा गुड्डू निषाद गेरुवा मैदाना को गिरफ्तार किया गया।

मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत पीडित को दी आर्थिक सहायता

चित्रकूट- जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने मंगलार को सभाकक्ष में मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी आरती पांडेय को दस लाख रुपए का चेक दिया। उपयुक्त राज्य कर विजय कुमार सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत मृतक पंजीकृत व्यापारी स्व राजा राम फर्म स्वामी बरम बाबा ट्रेडर्स जिनकी मृत्यु 18 दिसंबर 2023 को हुई थी।

पोषण एवम स्वास्थ्य के प्रति रहे सजग - प्रभाकर सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

चित्रकूट- राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर भारत रत्न डॉ एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिवस पर मंगलवार को पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कछार पुरवा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विकास पर सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर सिंह ने मिसाइल मैन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा किया। साथ ही बच्चों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, पौष्टिक भोजन पोषक तत्वों के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी। इस दौरान संस्था की तरफ से सभी बच्चों को शैंपू तथा रीयल फ्रूट जूस का नि शुल्क वितरण किया गया। शिक्षक विद्या सागर सिंह ने बताया कि अभावों से लडकर डॉ एपीजे अब्दुल कलाम अपनी पढाई पूरी की। साथ ही देश के लिए मिसाइल तैयार किया, देश के राष्ट्रपति बने। उन्होंने अपने राष्ट्रपति कार्यकाल में देश को नई दिशा दी। उन्होंने 100 दिन में काम पर भी लक्ष्य दिया कि प्रत्येक व्यक्ति को एक निश्चित समय सीमा के अंतर्गत कार्य करने के लिए तैयार रहना चाहिए। उनके कार्य एवं व्यक्तित्व को देखते हुए राष्ट्रपति भवन द्वारा उनके लिए बहुत सरलता से खुल गए। उन्होंने अपने समय में भारत को विश्व में अपनी अलग पहचान दिलाया। इसी प्रकार प्रत्येक बच्चे को मेहनत करके आगे बढना चाहिए। समस्त छात्रों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने विज्ञान की दुनिया में देश का नाम रोशन किया। उन्होंने भारत के विकास स्तर को विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक बनाने के लिए एक विशिष्ट सोच प्रदान की। यह भारत सरकार के मुख्य वैज्ञानिक सलाहकार भी रहे। उन्हें भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विकास पथ सेवा संस्थान के लवकुश सिंह, उषा रानी त्रिपाठी, प्रधानाध्यापिका रचना यादव, सरला देवी, गरिमा सिंह, ममता देवी, सोनू गौतम, दीपा देवी, सियाराम सिंह, गीतांजलि देवी, प्रियंका द्विवेदी, नीलम देवी, सुनीता, सविता, रुकमणी आदि मौजूद रहे।

दंगल में पहलवानों ने किया शानदार कुश्तीकला का आयोजन

मऊ, चित्रकूट- हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विजय दशमी के अगले दो दिनों तक लगने वाला विराट इनामी दंगल का आयोजन मनिकपुर विधायक के छोटे भाई पिंटू द्विवेदी व मऊ नगर पंचायत चेयरमैन अमित द्विवेदी ने फीत काटकर किया। दंगल में पहले दिन लगभग तीन दर्जन से भी अधिक कुस्तियां हुई। जिसमें जिले के बाहर के पहलवानों ने अपने दांवपेंच दिखाकर दर्शको का मनोरंजन किया। दंगल के दूसरे दिन लवलेश आगरा तथा प्रशान्त दिल्ली के बीच हुई। जिसमें आगरा के पहलवान लवलेश ने बाजी मारी। इसके अलावा जितिन झांसी, शकंर पहलवान कानपुर, बल्लू बांदा, भूरा आगरा, अक्षय भोपाल, विवेक राजस्थान तथा महिला पहलवान मुनमुन ने विपक्षी पहलवानों को धूल चटाई। दंगल में महिला पहलवानों का दबदबा रहा। शिवाऔतार, राममनोहर, रामकुमार निर्णायक की भूमिका में रहें। दंगल का समापन मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष अमित

द्विवेदी तथा दंगल के आयोजक सूर्य कुमार शुक्ला ने 7100 सौ रूपये की ईनामी कुस्ती का हाथ मिलाकर किया।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने आगामी मकर संक्रांति के दिन दो दिवसी विराट इनामी दंगल करने की घोषणा किया। दंगल का संचालन शारदा अग्रहरि ने किया। इस मौके पर दंगल आयोजक सूर्य कुमार शुक्ला, गमल द्विवेदी, प्रेम पान्डेय, कल्लू शुक्ला, आलोक शुक्ला, अतुल द्विवेदी, भारत भूषण, धर्मेन्द्र शुक्ला, सुबोध शुक्ला आदि मौजूद रहे।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

लालगंज तहसील के लेखपाल व कानूनगो पर पीड़ित ने लगाए गंभीर आरोप!

डीएम के आदेश के बावजूद कोतवाल, लेखपाल व कानूनगो नही दिलवा रहे भूमि पर कब्जा

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। एक तरफ जहाँ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भू राजस्व से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण कर भूमि विवादों को कम करने के लिए लगातार जरूरी दिशा-निर्देश दे रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ अपनी जेब भरने की लालसा में डूबे राजस्व विभाग के चंद नुमांइदे अपनी कार्यशैली से योगी सरकार की मंशा को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला जिले की लालगंज तहसील क्षेत्र से भी सामने आया है जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल व कानूनगो ने मिल कर अपना खर्चा-पानी लेते हुए बिना स्थानीय पुलिस को साथ लिए पीड़ित की भू भूमिधरी भूमि की पैमाईश करके उसे चिन्हांकित कर दिया,उपरोक्त भूमि का चिट्ठी बंटवारा भी हो चुका है,लेकिन जब पीड़ित उक्त चिन्हांकित अपने खेत की जोताई करने पहुंचा तो विपक्षियों ने उस पर रोक लगा



दिया,मजबूरन पीड़ित को पुनःजिलाधिकारी का दरवाजा खटखटाना पड़ा,डीएम ने शिकायती पत्र पर लिखित में आदेश दिया कि लालगंज एसएचओ हल्का पुलिस को भेज कर चिन्हांकित भूमि पर पीड़ित को कब्जा दिलाए।

पीड़ित का कहना है कि जब वह डीएम के आदेश को लेकर थाने गया तो कोतवाल ने यह कह कर किसी भी तरह की कार्रवाही करने से इंकार कर दिया कि कानूनगो व लेखपाल ने बिना स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में भूमि का चिन्हीकरण किया है,ऐसे में पीड़ित को न्याय के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। लालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम -पूरे गरीब मजरे उत्तरागौरी निवासी गीता देवी पत्नी स्व0 जमुना शंकर का आरोप है कि भूमि चिन्हीकरण करने के नाम पर कानूनगो ने पहले उससे सुविधा शुल्क की वसूली की,चिन्हीकरण करने के बाद जब भूमि पर कब्जा दिलाने की बात आयी तो फिर से सुविधा शुल्क की मांग की गयी,परन्तु जब मांग पूरी ना हुई तो राजस्व कर्मियों ने भूमि पर कब्जा दिलाने से पीछे हट गये,मजबूरन पीड़ित जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच कर शिकायत की तो जिलाधिकारी ने एसएचओ को कब्जा दिलाने का आदेश दिया,परन्तु एसएचओ ने यह कह कर मदद करने से इंकार कर दिया कि कानूनगो तथा लेखपाल को स्थानीय पुलिस की मौजूदगी में भूमि चिन्हित करवानी थी,परन्तु ऐसा नही किया गया,इसलिए पुलिस कुछ नही कर सकती है।

नही मिला इंसाफ तो डीएम कार्यालय के सामने धरना देगा पीड़ित?

पीड़ित का कहना है कि भूमि पर कब्जा नही दिलाया जा रहा है,अधिकारियों के चैखट की परिक्रमा करते करते वह तंग आ चुका है,न्याय की आस भी धूमिल पड़ने लगी है,ऐसे में अगर उसे जल्दी ही न्याय ना मिला तो वह परिवार संग जिलाधिकारी कार्यालय के सामने कानूनगो व लेखपाल के विरुद्ध धरना देने को मजबूर हो जाएगा।

विश्व हस्त प्रक्षालन दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। विश्व हस्त प्रक्षालन दिवस पर एक कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल के बच्चों को हस्त प्रक्षालन से होने वाले फायदे के संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल की शिक्षिका पूजा वर्मा ने बच्चों को बताया कि इस वर्ष, 2024, वैश्विक हाथ धुलाई दिवस की थीम है ''स्वच्छ हाथ अभी भी महत्वपूर्ण क्यों हैं? यह थीम प्रकोप और महामारी को रोकने में स्वच्छ हाथों के महत्व पर प्रकाश डालती है। यह दिन हाथ धोने को बढ़ावा देता है, जो समग्र स्वास्थ्य परिणाम को बेहतर बनाने और अनावश्यक मौतों को कम करने में मदद करता है। हाथों को कीटाणु मुक्त करने के लिए अपने हाथों को साबुन और पानी से कम से कम 20 सेकंड तक धोना जरूरी होता है।इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य तारकेश्वर सिंह ने बच्चों के प्रति अपने संबोधन में कहा कि खाना-खाने से पहले हमेशा हाथ अच्छी तरह से धो लेना चाहिए। उन्होंने हाथों को धोने का सही तरीका भी बच्चों को दिखाया बताया, ताकि हम अपने आसपास के लोगों को इसके लिए जागरुक कर सकें। हाथ नहीं धोने या नाखून बड़े होने से कीटाणुओं के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

इसलिए अपने आसपास का वातावरण एवं स्वयं की स्वच्छता के प्रति सदैव जागरूक रहने का ध्यान रखना चाहिए 'ग्लोबल हैंड वॉशिंग डे' कुछ इसी तरह का संदेश देता है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अद्वितीय चित्रांश महासभा की कार्यकारिणी घोषित

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। अद्वितीय चित्रांश महासभा की जिला और नगर की नयी कार्यकारिणी घोषित की गई है। अद्वितीय चित्रांश महासभा के प्रदेश महासचिव कमल श्रीवास्तव ने जिलाध्यक्ष के पद पर राजेश श्रीवास्तव एडवोकेट व जिला महासचिव पद पर सभासद संजय श्रीवास्तव को नियुक्त किया। इसी तरह मोहित श्रीवास्तव को नगर अध्यक्ष तो स्वप्निल श्रीवास्तव को नगर महासचिव पद की जिम्मेदारी दी गयी है। इसी कड़ी में शोभा यात्रा संयोजक पद के लिये तनय श्रीवास्तव को मनोनित किया गया है। इस सम्बन्ध में कैपिटल सिनेमा के समीप स्थित चित्रगुप्त मन्दिर पर अद्वितीय चित्रांश महासभा की प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की बैठक हुई जिसमें कई बिन्दुओ पर चर्चा हुई। बैठक में संरक्षक डा0 विजय श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश श्रीवास्तव, तनय श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव एडवोकेट प्रदेश महासचिव कमल श्रीवास्तव मौजूद थे। बैठक में पंकज श्रीवास्तव, गुड्डू श्रीवास्तव, शिवाकान्त श्रीवास्तव, रविकाश श्रीवास्तव, ओमानंद श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

सभी पदाधिकारियों का पुष्प पहनाकर स्वागत किया गया। पदाधिकारियों ने भगवान चित्रगुप्त के मंदिर मत्था टेककर संगठन की मजबूती व समाज की सुरक्षा का संकल्प लिया।

महिला ने ससुराली जनों पर कराया दहेज की प्रताड़ना का मुकदमा

महराजगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बावन बुजुर्ग बल्ला की एक महिला ने ससुराली जनों पर दहेज की प्रताड़ना को लेकर आए दिन गाली गलौज मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप में कोतवाली पुलिस में पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ दहेज प्रथा जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में वादिनी शाहजहां बानो पुत्री मुन्ना निवासी ग्राम बावन बुजुर्ग बल्ला थाना महराजगंज ने कहा है कि मेरे ससुरालीजन रजी मोहम्मद पुत्र मोहम्मद रफीक व मोहम्मद रफीक पुत्र अज्ञात व विटुला पत्नी मोहम्मद रफीक निवासी गण सांई थाना मिल एरिया जनपद रायबरेली द्वारा दहेज की मांग को लेकर आए दिन वादिनी को प्रताड़ित करना तथा मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देना जैसी गंभीर मामलों में कोतवाली पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले में कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम का कहना है कि अभियोग पंजीकृत कर लिया गया और जांच शुरू कर दी है।

डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम देश के सच्चे सपूत-इं0 वीरेन्द्र यादव

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। मिसाइल मैन के नाम से प्रसिद्ध देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट में जिला अध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर गोष्ठी आयोजित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर वक्ताओं द्वारा चर्चा की गयी। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम असाधारण व्यक्ति एवं उच्च व्यक्तित्व के धनी थे उन्होनें देश के जाने माने प्रमुख वैज्ञानिक, रक्षा सलाहकार के रूप में देश के विकास एवं सुरक्षा हेतु अनेकों परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूर्ण करवाया। उन्हें जनता के राष्ट्रपति के साथ-साथ मिसाईल मैन के नाम से भी जाना जाता है। देश के राष्ट्रपति रहते हुए एवं उसके उपरान्त भी छोटे बच्चों से लेकर उच्च शिक्षा संस्थानों में निःशुल्क शिक्षा देने का कार्य किया। डा0 कलाम ने सिखाया कि लगन एवं मेहनत से जीवन में प्रतिकूल परिस्थितियों पर भी सपने साकार हो सकते है। जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति डा0 कलाम का जीवन अतुलनीय एवं उनके विचार अनुकरणीय है।

सेन्ट्रलबार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ओ0पी0 यादव ने कहा कि डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम महामहिम के पद पर होते हुए बहुत सादगी भरा जीवन जिया। अधिवक्ता सभा के प्रांतीय सचिव गोविन्द सिंह ने कहा कि उनके विचार आज भी प्रासंगिक है। खीरों के पूर्व प्रमुख उमाशंकर यादव ने कहा कि उन्हें देश के विकास पुरूष के रूप में सदैव याद रखा जायेगा।

गोष्ठी का संचालन महामंत्री अरशद खान ने किया। इस अवसर पर मुशीर अहमद, जगदेव यादव, चन्द्र प्रकाश आजाद, रंजीत यादव, डा0 जावेद, दिनेश यादव, योगेश्वर पटेल, पुत्तन सिंह, नीलेश यादव, वीरेन्द्र यादव, मो0 सईद, मो0 निसार, अखिलेश, बबलू, ममता यादव, आशुतोष यादव, दिलीप यादव, शकील मंसूरी, राम खेलावन प्रजापति, समर बहादुर यादव, रेहान कजियाना, सुरेश पासवान, भूपेन्द्र सिंह, रामनरेश यादव, आदर्श यादव, शिवनारायण सोनकर, प्रमोद यादव, श्रीपाल, राजेन्द्र बहादुर आदि अनेकों लोगों ने डा0 कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया।

जायसी मानवीय प्रेम के कवि हैं: कृष्ण कुमार

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। बतरस रायबरेली की ओर से जायस गांव की ओर की यात्रा शुरू हुई है। बतरस पिछले कई वर्षो से रायबरेली के मधुकरपुर में तीन दिवसीय साहित्यिक आयोजन करता है। आज इस आयोजन का पहला दिन है। कोलकाता और पश्चिम बंगाल से इस आयोजन में शिरकत कर रहे हैं मृत्युंजय श्रीवास्तव, राज्यवर्धन, मंजु श्रीवास्तव, अल्पना नायक, सत्य प्रकाश तिवारी, पूजा पाठक और गुलनाज बेगम। रायबरेली से इस यात्रा में शामिल हैं डॉ शैलेश प्रताप सिंह, अनुराग शुक्ल, वाई पी सिंह, अशोक कुमार और आशीष तिवारी। नयी पीढ़ी के हैं इलाहाबाद विश्वविद्यालय से दीप अमन और वैवस्वत त्रिपाठी, दिल्ली विश्वविद्यालय से महिमा गुप्ता।

जायस में जायसी शोध संस्थान के प्रांगण में एक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जायस नगरपालिका की चेयरपर्सन मनीषा सिंह और इस अंचल के सांसद दीपक सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। बतरस की ओर से डॉ. कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि बतरस इस अंचल में साहित्य और कला की चेतना ज्योति जगाने वाली संस्था है। यह यात्रा उसी दिशा में एक कदम है। इस अवसर पर मनीषा सिंह ने जायसी के महत्व पर प्रकाश डाला। शैलेश प्रताप सिंह ने कहा कि साहित्य संवाद की संस्कृति विकसित करने का माध्यम है। बतरस संवाद का मंच है। महिमा सिंह ने कहा कि जायसी मानवीय प्रेम के कवि है। आज मानवीयता के शक्षरण काल में जायसी प्रासंगिक हैं।

विजय शंकर मिश्र भास्कर ने कहा कि जायसी केवल प्रेम के कवि नहीं हैं, उन्होंने भारतीयता का बोध भी पैदा किया था। सत्यप्रकाश तिवारी ने कहा कि जायसी ने कभी भी भेद और वैर की बात नहीं की। सुशील कुमार पाण्डेय ने कहा जायसी अध्यात्म और दर्शन के साथ साथ ग्राम और लोक के कवि हैं। मृत्युंजय श्रीवास्तव ने हिंदी लेखन के परिदृश्य पर प्रकाश डाला।

सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से दी गई यातायात नियमों की जानकारी

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन में 15.10.2024 को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के चैदहवें दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत शहर में सार्वजनिक स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक किया गया। यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुए आम जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए पंपलेट स्टीकर वितरित किए गए एव सार्वजनिक स्थानों पर बैनर लगवाए गए, निर्धारित गति से अधिक चलने वाले वाहनों की गति की चेकिंग स्पीड राडार के माध्यम से की गई निर्धारित गति से तेज चलते गई तथा

राजमार्गो पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारों से हटवाया गया साथ ही उनको ऐसा न करने की चेतावनी दी गई। ना मानने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की गई। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को फूल देकर तथा माला पहनाकर गांधीगिरी के माध्यम से उनको यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया वाहनों के शीशे में काली फिल्म लगाकर चलने वाले वाहनों के शीशे से काली फिल्म निकलवाई गई तथा उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई भी की गयी। रायबरेली शहर में जाम का कारण बनने वाले वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाकर उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

अश्वमेध यज्ञ के साथ ऐहार मे श्री रामलीला महोत्सव का हुआ समापन

लोकमित्र ब्यूरो

लालगंज रायबरेली। श्री जन कल्याण समिति ऐहार के तत्वाधान में अश्वमेध यज्ञ के साथ श्री रामलीला दशहरा महोत्सव संपन्न हुआ, जिसमें प्रमुख आकर्षण गांव के बच्चों द्वारा बनाया गया 27 फीट ऊंचा रावण का पुतला रहा जिसके लिए अनंत शुक्ला, रिया शुक्ला, राशू शुक्ला, पिंटू बाजपेई, श्यामू शुक्ला, आनंद अवस्थी, दीपेंद्र शुक्ला, अमन पांडेय आदि को विशेष योगदान के लिए समिति द्वारा धनतेरस के अवसर पर पुरस्कृत करने की घोषणा की गई । रात में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यकार अयोध्या प्रसाद मिश्र का कत्थक नृत्य हुआ।भरत मिलाप कार्यक्रम देखकर दर्शकों की आंखें सजल हो गई ,दिन में छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं

आयोजित की गई, शंख प्रतियोगिता में लोगों को बहुत आनंद आया।रात्रि में श्री जन कल्याण समिति के कलाकारों द्वारा अश्वमेध यज्ञ का मंचन किया गया जिसमें लव, कुश का अभिनय बहुत ही सराहनीय रहा ।समिति के महामंत्री कीर्ति मनोहर शुक्ला ने बताया कि यह 52 वां आयोजन था जो सभी ग्राम वासियों के सहयोग से संपन्न हुआ ।कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के कोषाध्यक्ष अखिलेश पांडेय, उपाध्यक्ष महेंद्र मिश्र, अजय तिवारी, उमेश पांडेय, बबुआ अवस्थी, अनुज अवस्थी, रमेश शुक्ला, मुन्नू प्रसाद वाजपेई, श्यामू शुक्ला, आनंद बाजपेई ,आयुष पांडे, अतुल पांडेय, श्याम शुक्ला, जितेंद्र त्रिपाठी, उत्तम मिश्रा, अतुल मिश्रा, पंडित झिलमिल महाराज , आनंद अवस्थी , विकास तिवारी ,चंदन त्रिवेदी आदि का विशेष योगदान रहा। श्री राम की भूमिका में शिवा बाजपेई, रावण की भूमिका में दिलीप शुक्ला, बाल्मीकि बचोल शुक्ला, भरत सिद्धांत मिश्रा, राकेश मिश्रा, मिट्ठू शुक्ला, आराध्या बाजपेई, आर्या बाजपेई, अखिल मिश्रा गुरु, उमंग, कुंवर द्विवेदी का अभिनय बहुत ही सराहनीय रहा। मेले में जलेबी और चाट का बच्चों ने खूब आनंद उठाया।

भाजपा सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। प्राथमिक सदस्यता के बाद अब सक्रिय सदस्य को लेकर भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व सक्रिय हो गया है। केंद्रीय और प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर आज मंगलवार को कार्यालय पर सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला कार्यालय प्रभारी आनंद रस्तोगी के द्वारा वंदे मातरम से शुरू किया गया।कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने बैठक के विषय बिंदुओं को रखते हुए सभी का स्वागत किया और सभी कार्यकर्ताओं से सक्रिय कार्यकर्ता अभियान में जुटने का आह्वान किया। जिला प्रभारी और बैठक के मुख्य अतिथि पीयूष मिश्रा ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा

कि अभी भी हम लोग 18 अक्टूबर तक प्राथमिक सदस्यता का लक्ष्य पूर्ण करते हुए उसे प्रदेश में सम्मानजनक स्थान तक पहुंचा सकते हैं। जिला प्रभारी ने जिला कार्यकारणी ,मंडल अध्यक्ष ,मंडल प्रभारी सहित सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को उनका प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य बताते हुए हर हाल में पूरा करने के लिए प्रेरित किया। जिले के सक्रिय सदस्यता सत्यापन अधिकारी बनाए गए हरदोई के पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने भी कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रत्येक बिंदु पर विस्तार से चर्चा की और सक्रिय सदस्यता बनाने के विषय बिंदुओं को बताया। क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह ने भी कार्यशाला को संबोधित किया और कार्यकर्ताओं को 3 दिन में और अधिक प्राथमिक सदस्य बनाने के लिए प्रेरित किया। संचालन सरोज गौतम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य किरन सिंह, जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी, जिला आईटी प्रमुख सत्येंद्र पांडे,वीरेंद्र सिंह, अमरेश मौर्य, विजय सिंह टप्पू, जन्मेजय सिंह ,शरद सिंह, विवेक शुक्ला, पुष्पेंद्रसिंह, दल बहादुर सिंह, जेपी सिंह, सुशील शुक्ला, मनोज अवस्थी ,दिवाकर मिश्रा, राम सुमेर लोधी ,गोविंद सविता, सुबोध बाजपेई, सुनील मिश्रा, राजेंद्र विश्वकर्मा आदि सैकड़ो बाजपेई मौजूद रहे।

भारत रत्न डॉ अब्दुल कलाम की जयंती पर शत शत नमन: प्रदीप पांडेय

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। भारत के पूर्व राष्ट्रपति, जाने माने वैज्ञानिक और अभियंता (इंजीनियर) के रूप में विख्यात थे। उन्होंने सिखाया जीवन में चाहें जैसे भी परिस्थिति क्यों न हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं। अब्दुल कलाम के विचार आज भी युवा पीढ़ी को विज्ञान एवं स्पेस प्रौद्योगिकी क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। डॉ. कलाम केवल एक वैज्ञानिक और राष्ट्रपति ही नहीं थे, बल्कि वे एक महान

शिक्षक और भारत के युवाओं के मार्गदर्शक थे। उनके जीवन से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है।उक्त बातें संस्था के संयोजक प्रदीप पांडेय ने व्यक्त किया।योगाचार्य बृजमोहन के मार्गदर्शन में योग शिविर में उपस्थित सभी लोगो ने दीप प्रज्ज्वलित कर डॉ कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया एवं उनके द्वारा किए गए असाधारण कार्यों को याद किया।अग्नि 1 से लेकर अग्नि 2,3,4,5 सीरीज की मिसाइल, पृथ्वी, ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण भी किया।पाकिस्तान और चीन के खतरे को भांपते हुए तत्कालिन सरकार ने भारत को परमाणु संपन्न बनाने के लिए राजस्थान राज्य के हरिकोटा जिले में अटल बिहारी बाजपेई की सरकार थीं उस समय अमेरिका का दबाव होने के बावजूद भी 11 मई और 13 मई 1998 को भूमिगत एटॉमिक बॉम्ब का सफल परीक्षण किया। उपस्थित साधक आरती (महिला योग प्रशिक्षका), देवता दीन यादव,सोनी अग्रहरि, माया देवी, आयुष गुप्ता, कुसुम मिश्रा, मंजू अग्रहरि मौजूद रहें।

ग्लोबल हैंडवाशिंग डे पर बच्चों को किया जागरूक, बताया स्वच्छता का महत्व

लोकमित्र ब्यूरो

रायबरेली। न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में ग्लोबल हैंडवाशिंग डे के अवसर पर विद्यार्थियों को साबुन से हाथ धोने के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया कि संक्रमित बीमारियों के फैलने का सबसे ज्यादा खतरा गंदे हाथों से ही होता है। अतः हमें खाने से पूर्व,खाने के बाद,खाना बनाते समय आदि अवसरों पर हाथ जरूर धोना चाहिए। खाद्य विषाक्तता को रोकने के लिए हाथ धोना महत्वपूर्ण चीजों में से एक है इससे बीमारी और कीटाणुओं के संक्रमण को

रोकने में मदद मिलती है। प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने छात्रों को बताया कि प्रति वर्ष ग्लोबल हैंडवाशिंग डे मनाने के पीछे ''स्वास्थ्य'' एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। इस वर्ष का विषय ष् स्वच्छ हाथ अभी भी महत्वपूर्ण क्यों है । यह विषय स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच वाले क्षेत्रों में प्रकोप और महामारी को रोकने में स्वच्छ हाथों के महत्व पर प्रकाश डालता है। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानचार्य फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शाहीन खान, रामदेव, शिवकरन पाल, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

गरबा डांडिया महोत्सव में जमकर झूमे दिव्यांग महिलाएं और बच्चे

दिव्यांग महिलाओ एवं बच्चों द्वारा गरबा डांडिया महोत्सव सम्पन्न

प्रयागराज। प्रयागराज में सम्पन्न नवरात्रि में जहां गरबा में डांडिया खेलने में युवा सराबोर रहे वहीं आज राजर्षि टंडन सेवा केंद्र बैंक रोड प्रयागराज में आयोजित एक विशेष आयोजन में दिव्यांग बच्चियां भी पीछे नहीं रही। प्रयागराज शहर में पहली बार आयोजित अनूठे डांडियां महोत्सव में मानसिक मन्दता एवं शारीरिक चुनौती वाली महिलाओं एवं बच्चों ने गरबा गानों पर जमकर डांडिया खेला।

महोत्सव में जहां कोई व्हील चेयर पर तो कोई बैसाखी पर खड़े होकर डांडिया का आनन्द ले रहे थे वहीं उनके अभिभावक एवं अतिथियों ने भी उनके साथ झूम कर बच्चों के उत्साह को बढ़ाया। अनाम स्नेह परिवार के वरिष्ठ कार्यक्रम मिडिया प्रवक्ता रविशंकर मिश्र कर्मचारी नेता ने बताया कि प्रयागराज शहर में पहली बार इस तरह के आयोजन में दो सौ दिव्यांग महिलाओं, बच्चों एवं अभिभावकों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम में श्रीमती यमुनोत्री गुप्ता, श्रीमती सुभाष राठी, श्रीमती मधू, श्रीमती गीता कौरा ने भी शिरकत की। इस अवसर पर श्रीमती यमुनोत्री गुप्ता ने कहा कि शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुनौती वाले बच्चों को उनकी अक्षमता एवं समाज में व्याप्त भ्रान्तियों के कारण इस तरह के आयोजनों में शामिल होने से वंचित रहना पड़ता है। धन्यवाद ज्ञापन अनाम स्नेह के संयोजक बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव, संचालन प्रशांत मौर्य ने किया।

कार्यक्रम मे डॉ स्वीटी मौर्य, डॉ अर्चना सिंह, डॉ श्रीमती सुधा पाण्डेय, प्रेमलता शुक्ला, श्रीमती प्रीति रानी दुबे, सीमा, रागनी श्रीवास्तव, अंजू जायसवाल, अनुराधा, पदमा, प्रिया रावत,किरन मिश्रा,सुनीता जायसवाल, श्रीमती काजल आदि लोग रहे।

डीएम ने निर्माण कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

महाकुम्भ के दृष्टिगत विभिन्न निर्माण कार्यो की प्रगति का लिया जायजा

प्रयागराज। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने मंगलवार को महाकुम्भ के दृष्टिगत जनपद में हो रहे विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के कार्यो का सम्बंधित विभागीय अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण करते हुए कार्य की प्रगति का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने एयरपोर्ट से संगम को जोड़ने वाले मार्ग पर निर्माणाधीन सूबेदारगंज रेलवे ओवर ब्रिज के स्टार्ट पॉइंट और एंड पॉइंट का निरीक्षण करते हुए सेतु निगम के अधिकारियों को कार्य को निर्धारित समय 10 दिसम्बर तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी ने इसके बाद आईआईआईटी चौराहें से कालिंदीपुरम के बजरंग चौराहे तक की सड़क पर हो रहे सौन्दर्यीकरण, वृक्षारोपण एवं चौड़ीकरण के कार्यो का निरीक्षण करते हुए कार्य को 30 नवम्बर तक पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है साथ ही साथ उन्होंने गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिए जाने के लिए कहा है। इसके पश्चात एयरपोर्ट से पीपलगांव रोड़ के सुन्दरीकरण व निर्माण कार्यो का निरीक्षण करते हुए सभी कार्यो को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए है।

इस अवसर पर सेतु निगम के मुख्य परियोजना प्रबंधक मनोज अग्रवाल, परियोजना प्रबंधक अनिरुद्ध यादव, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता पी के राय, उप जिलाधिकारी सदर अभिषेक सिंह, आर्किटेक्ट सूरज केसरवानी व अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

निशुल्क यूनानी चिकित्सा शिविर में 300 लोगों ने उठाया लाभ

प्रयागराज। सर सैयद दिवस 2024 के अवसर पर आज शगुन पैलेस करेली में यूनानी शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अलामीन एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के संस्थापक नुरुल इस्लाम ने किया। विशिष्ट अतिथि का स्वागत डॉ.बिलाल ने गुलदस्ता भेंट कर किया।

मुख्य अतिथि ने ऐसे सामाजिक कार्यों की सराहना की और कहा कि आप लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने की जरूरत है ताकि सर सैयद जैसे बुद्धिजीवियों और राष्ट्रवादियों के सपनों को पूरा किया जा सके।वसीम अहमद प्राचार्य राजकीय यूनानी मेडिकल कॉलेज का स्वागत महासचिव अबरार अहमद चिको और इलाहाबाद चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राणा चावला का इंजीनियर मुहम्मद सोहेल साहब ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। गेस्ट हाउस संगठन के अध्यक्ष मोहम्मद ग़ुफ़रान का डॉ इंतेखाब साहब ने फूलों से स्वागत किया। डॉ मोहम्मद हाशमी, मिस्टर सऊद और शाहिद कमाल ने सभी अतिथियों को शॉल उढ़ाकर धन्यवाद दिया।

शिविर में सुबह दस बजे से ही भीड़ लगनी शुरू हो गयी और सभी मरीजों का इलाज कॉलेज के अनुभवी डॉक्टरों की टीम ने किया। उन्होंने नियमित रूप से उसकी जांच की और उसे मुफ्त दवाएं दीं। इस शिविर में तीन सौ से अधिक मरीज शामिल होकर लाभान्वित हुए। बड़ी संख्या में मरीज यूनानी इलाज से संतुष्ट हुए। टीम में शामिल डॉक्टरों की सूची में बिलाल अहमद, खुर्शीद आलम, राफ़े अखलाक, मुहम्मद मुकर्रम, तकरीम अल शान, इब्तिसाम अनवर, सबीह, फरहत और कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ वसीम अहमद खुद एक मार्गदर्शक के रूप में वहां रहे । इसके अलावा मसूद, शाहनाज, अमन और बदरूल दूजा ने लगातार दवा बांटने का काम किया। इस शिविर को व्यवस्थित ढंग से आयोजित करने में शाहिद कमाल (बबलू) ने अहम भूमिका निभाई।

फूलपुर में 13 नवंबर को मतदान, 23 को आएंगे नतीजे

यूपी की हॉट सीट में शुमार, केशव प्रसाद मौर्य प्रभारी, बीजेपी का प्रत्याशी तय नहीं

प्रयागराज। प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा सीट पर 13 नवंबर को उपचुनाव होगा। चुनाव आयोग ने यूपी की 9 सीटों पर उपचुनाव की तारीख तय कर दी। 13 नवंबर को वोटिंग के बाद 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे। फूलपुर विधानसभा सीट यूपी की हॉट सीट में शुमार है। महाकुंभ को देखते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ खुद ही इस सीट पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही डिप्टी सीएम केशव मौर्या प्रयागराज के प्रभारी हैं।

बीजेपी ने अब तक इस सीट पर उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। कई बड़े नामों पर चर्चा है लेकिन अब तक प्रत्याशी फाइलन नहीं किया गया। पहले तो माना जा रहा था कि सभा प्रत्याशी की घोषणा के बाद भाजपा उम्मीदवार का ऐलान कर देगी लेकिन सपा ने पूर्व विधायक मुज्तबा सिद्दीकी को उतार दिया, इसके बाद भी बीजेपी में खामोशी है।

अपने नाम की घोषणा होने के बाद से मुज्तबा सिद्दीकी लगातार फूलपुर में गांव गांव घूमने लगे हैं। वहीं बसपा पहले ही शिव बरन पासी को उम्मीदवार बना चुकी है। वह भी क्षेत्र में प्रचार कर रहे हैं। अब तारीखों का ऐलान होने के बाद इसी सीट भाजपा प्रत्याशी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

मुज्तबा सिद्दीकी तीन बार विधायक रह चुके हैं। वे 2002 से 2012 तक सोरांव विधानसभा सीट से विधायक चुने गए। इकसे बाद 2017 में प्रतापपुर विधानसभा सीट से विधायक बने। वर्ष 2022 के चुनाव में वह फूलपुर से चुनाव लड़े लेकिन 2775 वोटों से हार गए थे। भाजपा के प्रवीण पटेल के सांसद बन जाने के बाद यह सीट खाली हुई थी।

हालांकि लोकसभा चुनाव में प्रवीण पटेल सपा के अमरनाथ मौर्या से इस विधानसभा सीट पर पीछे रह गए थे।

फूलपुर सीट पर ओवैसी और पल्लवी पटेल की पीडीएम भी फूलपुर सीट से प्रत्याशी उतारने की तैयारी में हैं। ऐसे में इस सीट पर चुनावी गणित काफी बिगड़ने वाला है।

256 विधानसभा फूलपुर जातिगत आंकड़े

ओबीसी वोटर 43 प्रतिशत

जनरल - 25 प्रतिशत

मुस्लिम - 15 प्रतिशत

एससी - 18 प्रतिशत

भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक

प्रयागराज। भारतीय जनता पार्टी अपने राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान का तीसरा चरण सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ 16 अक्टूबर से प्रारंभ करेगी।

जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि जो कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी का 50 प्राथमिक सदस्य ऑनलाइन एवं ऑफलाइन बनाए होंगे।

वहीं कार्यकर्ता भाजपा का सक्रिय सदस्य बनने का अधिकार प्राप्त करेगा और जो कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य होगा वही कार्यकर्ता आगामी मंडल एवं जिले, क्षेत्र के संघटनात्मक चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाएगा और पदाधिकारी बन पाएगा। उन्होंने बताया कि पहली प्राथमिकता सक्रिय सदस्य बनाने की मूल कार्यकर्ता को वरीयता दिया जाएगा और संगठन के द्वारा सक्रिय सदस्यता के लिए ₹100 का शुल्क निर्धारित किया गया है जो माइक्रो डोनेशन एवं नमो ऐप के द्वारा संगठन को दिया जाएगा। तत्पश्चात मंडल एवं जिले कार्यालय में प्राथमिक सदस्य बनाए गए कार्यकर्ताओं की सूची के साथ सक्रिय सदस्यता शुल्क की रसीद जमा होगी। तत्पश्चात 1 नवंबर से लेकर 5 नवंबर तक सक्रिय सदस्यता का सत्यापन किया जाएगा। तत्पश्चात सक्रिय सदस्य की लिस्ट पार्टी कार्यालय में लगाई जाएगी।

चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब को पूरे अंक

प्रयागराज। चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने एंग्लो बंगाली क्लब को 167 रन से हराकर कर्नल एमआर शेरवानी सीनियर डिवीजन लीग में पूरे अंक प्राप्त किये।

केपी कॉलेज मैदान पर मंगलवार को चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 40 ओवर में 4 विकेट पर 255 रन (अपोहन सूर्यमणि प्रकाश 91, अभिषेक यादव 62, अंशुमान पांडेय 34, समीर 2/36) बनाकर एंग्लो बंगाली क्लब को 23.1 ओवर में 88 रन (अनुज सिंह परिहार 73, कुलदीप मिश्र 5/32, अंशुमान पांडेय 2/13, सुमित पांडेय 2/20) पर समेट दिया। मैच में हितेश श्रीवास्तव व अजय कुमार अंपायर एवं मोहम्मद सैफ स्कोरर ररहे।

मुकुट पूजन के साथ जन सेवा समिति रामलीला का शुभारंभ

नैनी(प्रयागराज)। जन सेवा समिति रामलीला का शुभारंभ सोमवार को श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद्जगतगुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री नारायणाचार्य जी महाराज के द्वारा भगवान श्री राम, माता जानकी, लखन लाल एवं वीर बजरंगी के मुकुट का पूजन- अर्चन कर किया गया। मुकुट पूजन के उपरांत श्री हनुमंत रामलीला मंडल, प्रयागराज के कलाकारों द्वारा नारद मोह की लीला का अत्यंत भाव पूर्ण मंचन हुआ। देवर्षि नारद के काम विजय के अहंकार का नाश करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु एक माया जनित नगर, एक राजकुमारी, राजकुमारी का स्वयंवर की रचना करते हैं । नारद जी राजकुमारी पर मोहित हो जाते हैं और अपनी सारी मर्यादा त्याग उससे विवाह करने के लिए भगवान श्री हरि विष्णु से सुंदर रूप मांगते हैं। भगवान विष्णु उन्हें वानर रूप दे देते हैं और स्वयं स्वयंवर में जाकर राजकुमारी से विवाह कर लेते हैं । नारद जी क्रोधित होकर भगवान विष्णु को नारी विरह का श्राप दे देते हैं । भगवान के द्वारा अपनी माया समेट लेने पर जब नारद जी को वास्तविकता का भान होता है तो वह भगवान विष्णु से क्षमा याचना करते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से पार्षद पवन यादव, हरिशंकर सिंह एडवोकेट, आर एल डी दुबे, रवि सिंह, विनय सिंह, पूर्व प्रधान बच्चा

शगुन स्पोर्ट्स एकेडमी ने नेशनल स्पोर्टिंग क्लब को हराया

प्रयागराज। एएमयू ओल्ड ब्वॉयज वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित सर सैयद अहमद खान मेमोरियल सेवेन-ए-साइड हॉकी लीग में शगुन स्पोर्ट्स एकेडमी ने नेशनल स्पोर्टिंग क्लब को 3-2 से हराया। यही दोनों टीमें अंक तालिका में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में पहुंच गई। मजीदिया इस्लामिया इंटर कॉलेज मैदान पर चल रही प्रतियोगिता में शगुन स्पोर्ट्स एकेडमी की तरफ से फहद खान ने दो और इमरान अंसारी ने एक गोल किया।

नेशनल स्पोर्टिंग क्लब की टीम की तरफ से दोनों गोल हैदर खान ने किये। मैच में डॉ. मोहम्मद हाशमी और सैयद अबरार अहमद (चीकू) विशेष अतिथि रहे। हॉकी के उप सचिव शाहिद कमाल खान और क्रिकेटर इमरानी अली ने बुके देकर किया। निर्णायक की भूमिका मेराज अज़ीज़, कद्दाफी खान तथा शरद कुमार ने निभाई। आयोजन सचिव शाहिद कमाल के अनुसार फाइनल मुकाबला बुधवार को शाम चार बजे से खेला जायेगा। पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार रात आठ बजे से नूरउल्ला रोड स्थित शगुन पैलेस में होगा। एएमयू के पूर्व कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल जमीरउद्दीन शाह मुख्य अतिथि होंगे।

पंचतत्व में हुए विलीन पूर्व पार्षद बसंत लाल आजाद

महापौर सहित नगर के गणमान्य जनों ने नम आंखों से दी अंतिम विदाई

प्रयागराज। पूर्व पार्षद भाजपा नेता बसंत लाल आजाद जी का निधन स्वरूप रानी हॉस्पिटल में कल देर रात्रि इलाज के दौरान हुआ था। जिनकी अंतिम यात्रा उनके निज आवास कीडगंज से उठकर पैतृक आवास बादशाही मंडी होते हुए दारागंज घाट पहुंच कर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके सुपुत्र राहुल सिंह ने दिया।

भाजपा प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि पूर्व पार्षद बसंत लाल आजाद 1989 में बादशाही मंडी से पार्षद बने। अपने पिता के नाम से नारायण सिंह नगर वार्ड का नाम परिवर्तित किया। वे कांग्रेस के इलाहाबाद नगर कमेटी के उपाध्यक्ष रहे और 2012 में मोदी जी की नीतियों से प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली ।

2017 में भाजपा नगर निकाय प्रकोष्ठ का जिला संयोजक रहे और विधानसभा एवं लोकसभा के चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

इसके अलावा वे वर्तमान में पथरचट्टी रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष, श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट के रथ यात्रा संयोजक, श्री राम मंदिर सभा के अध्यक्ष के पद पर रह कर सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों से जुड़े रहे और शहर के कई व्यापारिक, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से उनका जुड़ाव रहा। वे अपने पीछे धर्मपत्नी माधुरी सिंह, सुपुत्र राहुल सिंह और प्रपौत्र दिव्यांश सिंह को छोड़कर दुनिया से विदा हुए। उनकी अंतिम यात्रा में महापौर गणेश केसरवानी, चीफ ऑफ़ सिविल डिफेंस अनिल कुमार केसरवानी अन्नू भैया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अवधेश चंद्र गुप्ता, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, पूर्व पार्षद राम जी केसरवानी, व्यापारी नेता सतीश चंद्र केसरवानी, ज्ञानेश्वर शुक्ला, पूर्व पार्षद कन्हैया लाल गुप्ता, गोपाल जी केसरवानी, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, शिव मूरत गोले गुप्ता,कृष्ण भगवान केसरवानी, ओम प्रकाश अग्रहरि, दिनेश सिंह अतुल खन्ना ,दिलीप केसरवानी, राजेश केसरवानी आदि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए उन्हें अंतिम विदाई दी।

जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड ने 1785 श्रद्धालुओं का किया प्राथमिक उपचार

प्रयागराज। प्रयागराज मण्डल ने 03 से 13 अक्टूबर तक चले विंध्याचल नवरात्रि मेला में आने वाले श्रद्धालुओं एवं यात्रियों की सुविधा के लिए विंध्याचल रेलवे स्टेशन परिसर में सुविधाएं उपलब्ध करने के क्रम में प्राथमिक चिकित्सा शिविर लगाया गया था। यह चिकित्सा शिविर सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रयागराज, द्वारा लगाया गया था। शिविर में श्रद्धालुओं एवं यात्रियों को दिन-रात निरंतर सेवाएं प्रदान की गयीं। चिकित्सा शिविर में 107 श्रद्धालुओं की ड्रेसिंग सहित कुल 1785 श्रद्धालुओं को प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं उपाआयुक्त प्रयागराज डॉ. सत्य प्रकाश शर्मा के दिशा निर्देश में लगाया गया था।

09 अक्टूबर को गोंदिया एक्सप्रेस से रात्रि 2ः17 बजे यात्री जवाहर, उम्र 50 वर्ष ट्रेन से गिरकर घायल हो गए थे। चिकित्सा शिविर के स्वास्थ्य कर्मियों ने घायल को तत्काल प्राथमिक उपचार देकर एंबुलेंस से विंध्याचल स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया गया। इसी प्रकार 06 अक्टूबर को मुख्य स्वास्थ्य निदेशक एवं कोर अधिकारी सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड प्रयागराज डॉ. राकेश निगम द्वारा चिकित्सा शिविर का निरीक्षण किया जिसमें दवाओं और फर्स्टएड बॉक्स की वैधता को चेक किया गया। शिविर का संचालन 03 से 08 अक्टूबर तक सेंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड के सदस्य जितेंद्र कुमार, विश्वकर्मा एवं पवन कुमार ने किया एवं 08 से 13 अक्टूबर तक शिविर का संचालन समर सिंह और संतोष सिंह ने किया।

शिविर का नेतृत्व ब्रिगेड के एंबुलेंस अधिकारी उदय चंद मौर्य, मंडल सचिव आलोक कुमार वर्मा एवं अनूप श्रीवास्तव द्वारा किया गया। शिविर में राम सजीवन पटेल, सुनील कुमार, कालीचरण, मनबोध चौरसिया, पवन देव पटेल का सहयोग रहा।

भगवान मानव के सच्ची भक्ति एवम् प्रेम के भूखे-आचार्य

खीरी (प्रयागराज)। मंदिरों एवं देवस्थानों पर जाकर आजकल हमारे युवा सिर्फ अपने मोबाइल फोन से सेल्फी और सोशल मीडिया पर प्रचारित करने का कार्य कर रहे हैं और यह दिखाना चाहते हैं कि वह आध्यात्म की तरफ जुड़ रहे हैं जो कि सरासर गलत है जबकि भगवान भक्तों के भाव एवं प्रेम के भूखे हैं उक्त बातें संगीतमय सात दिवसीय भागवत कथा के चौथे दिन अंतर्राष्ट्रीय भागवत कथावाचक आचार्य देवव्रत जी महाराज द्वारा मंच के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को बतलाई आगे बतलाया कि शबरी का भगवान के प्रति अथाह प्रेम और विश्वास था कि भगवान को शबरी के पास स्वयं आना पड़ा, केवट का प्रभु की प्रति प्रेम ही भगवान को केवट के पास ले आता है, माता देवकी और वासुदेव जी का भगवान के चरणों में अथाह विश्वास और प्रेम ही था कि भगवान विष्णु को कंस के कारागार में जन्म लेना पड़ा अतः आप सभी को ज्ञान ,भक्ति, आराधना दिखाने के लिए नहीं बल्कि कल्याण हेतु निष्ठा पूर्वक करनी चाहिए कथा श्रवण के दौरान आयोजक मंडल परीक्षित स्वरूप मंगला प्रसाद त्रिपाठी एवं सरोज देवी के द्वारा भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव के समय विविध प्रकार के मिष्ठान का वितरण एवं मंचासीन गुरुजनों पर पुष्प वर्षा कराई गई आचार्य देवव्रत जी महाराज के द्वारा

जगत तारन कॉलेज में मोबाइल वितरण समारोह आयोजित

प्रयागराज। जगत तारन गर्ल्स डिग्री कॉलेज के सेमिनार हॉल में मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित डिजी शक्ति योजना के अंतर्गत मोबाइल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो.आशिमा घोष के द्वारा मुख्य अतिथि ई. हर्षवर्धन बाजपेई को पुष्पगुच्छ प्रदान करके किया गया।

मुख्य अतिथि ने महाविद्यालय के बीए एवं बीकॉम 2022-23 के उत्तीर्ण 100 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया एवं छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में प्रो. नीलिमा मिश्रा प्रो. मीनाश्री यादव, डा. फातिमा नूरी, डा. अनुज वर्मा, डा. आशीष मिश्रा, डा. सुमित शर्मा, अश्वनी केशवानी, श्रीमती रंजना श्रीवास्तव एवं श्रीमती निशा श्रीवास्तव इत्यादि सम्मिलित रहे और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डा. फातिमा नूरी ने किया

कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत महापुराण कथा

खीरी(प्रयागराज)। भव्य एवं पारम्परिक वेश में खीरी बाजार में सोमवार को श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। पंडित रामायण शास्त्री महाराज के नेतृत्व में कस्बे के कथा आयोजन स्थल से पवित्र जल स्रोत से जल भरने के साथ शुरू हुई ।कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए पवित्र जल स्रोत से कलश को भरकर लाने के बाद कथा आयोजन स्थल पर धार्मिक एवं विधि मन्त्रोंचारण के साथ स्थापित किया गया।आरती के साथ शुरू किए गए श्रीमद् भागवत कथा में पंडित रामायण शास्त्री महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सर्वप्रथम इसकी महिमा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विश्व में सभी कथाओं में श्रीमद् भागवत कथा सबसे श्रेष्ठ मानी गई है। जिस स्थान पर इस कथा का आयोजन होता है वह तीर्थ स्थल कहलाता है। इसका सुनने और आयोजन करने का सौभाग्य भी प्रभु प्रेमियों को ही मिलता है।ऐसे में अगर कोई दूसरा भी गलती से इसे श्रवण कर लेता है तो वह भी अपने कई पापों से मुक्ति पा लेता है इसीलिए सात दिनों तक चलने वाली पवित्र श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करके अपने जीवन को सुधारने का मौका हाथ से नहीं देना जाना चाहिए। अगर कोई मानव सात दिनों तक किसी व्यवस्था वश नहीं सुन पा रहा हैं तो दो तीन या चार दिन ही इसे सुनने के लिए अपना समय अवश्य निकाले।तब भी वो इसका फल प्राप्त करता हैं।

फोर्ड 'ए', जीडीसी और आरएसएसएफ को मिली जीत

अभिमन्यु का नाबाद अर्धशतक, अर्चित की अचूक गेंदबाजी

प्रयागराज। फोर्ड स्कूल 'ए', गंगा डिग्री कॉलेज (जीडीसी) और राइसिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन (आरएसएसएफ) ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। फोर्ड 'ए' के अभिमन्यु सिंह (81 नाबाद, 84 गेंद, दस चौके) ने अर्धशतकीय पारी खेली जबकि ऑफ स्पिनर अर्चित सिंह (6.5-1-48-5) ने अचूक गेंदबाजी का प्रदर्शन किया।

मंगलवार को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल मैदान पर सोनामती क्लब ने 22.5 ओवर में 134 रन (सतीश गुप्ता 37, रुद्र सैनी 21, अर्चित सिंह 5/48, आवाहन 2/17, शुभम यादव 2/34) बनाये।

जवाब में फोर्ड स्कूल 'ए' ने 22.3 ओवर में बिना विकेट खोए 135 रन (अभिमन्यु सिंह 81 नाबाद, जतिन यादव 22) बना लिये। मैच में मोहम्मद आरिफ एवं मोहम्मद नबी अंपायर एवं खुर्शीद अहमद स्कोरर रहे।

एसटीसीए (परेड) मैदान पर स्पोर्ट्स टैलेंट ब्वॉयज क्लब को 26.4 ओवर में 66 रन (आरव गुप्ता 16, आफताब 3/09, मोहम्मद रैय्यान 3/12) पर समेटकर गंगा डिग्री कॉलेज ने 22.2 ओवर में 7 विकेट पर 68 रन (आशीष 28 नाबाद, अनुभव यादव 3/21, सद्भाव यादव 2/14) बना लिये। मैच में राहुल सिंह व तौसीफ शेख अंपायर एवं उमंग मिश्र स्कोरर रहे।

गवर्नमेंट प्रेस मैदान पर सावित्री देवी क्लब को 23.2 ओवर में 81 रन (अभिषेक 36, राधे वर्मा 2/04, शारिफ अहमद 2/09, अर्जुन मौर्य 2/26, यश पांडेय 2/27) पर समेटकर राइसिंग स्टार स्पोर्ट्स फाउंडेशन ने 8.3 ओवर में 3 विकेट पर 83 रन (राघव दुबे 26, अभिषेक, रोहन व निष्कर्ष कुशवाहा एक-एक विकेट) बना लिये। मैच में सुधीर सोनकर व शिशिर मेहरोत्रा अंपायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर रहे।

▶▶ ▶▶ कोलकाता रेप केस

सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से जांच की स्टेटस रिपोर्ट तीन हफ्ते में मांगी

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने आरजी कर अस्पताल में डॉक्टर से रेप और हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सीबीआई मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता की भी जांच कर रही है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वो रेप और वित्तीय अनियमितता के दोनों पहलुओं की जांच को लेकर तीन हफ्ते में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे।सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरो की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नेशनल टास्क फोर्स को अपने काम में तेज़ी लाने को कहा। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि नेशनल टास्क फोर्स की आखिरी मीटिंग करीब एक महीने पहले 9 सितंबर को हुई थी। चीफ जस्टिस ने इस सवाल उठाते हुए कहा कि इस दरम्यान एक महीने से ज़्यादा के वक़्त में कोई मीटिंग क्यों नहीं हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सुनिश्चित करें कि नेशनल टास्क फोर्स का काम एक तय समय सीमा में पूरा हो सके। नेशनल टास्क फोर्स की मीटिंग नियमित अंतराल पर होती रहनी चाहिए। सभी सब-ग्रुप की भी नियमित मीटिंग करनी चाहिए। ये पूरी कवायद तीन हफ्ते में पूरी हो जानी चाहिए।सुनवाई के दौरान सीबीआई ने बताया कि इस मामले में आरोपी संजय राय के खिलाफ चार्जशीट 7 अक्टूबर को दाखिल कर दी है। ट्रायल कोर्ट ने चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया है। आरोप तय करने को लेकर 4 नवंबर को सुनवाई होनी है। सीबीआई ने कहा कि इस मामले में बाकी आरोपितों की भूमिका को लेकर जांच जारी है। सीबीआई मेडिकल कॉलेज में वित्तीय अनियमितता की भी जांच कर रही है।सुप्रीम कोर्ट ने 20 अगस्त को नेशनल टास्क फोर्स का गठन किया था।

नेशनल टास्क फोर्स को डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और काम के लिए सुविधानक माहौल बनाने को लेकर अपने सुझाव देने हैं। सुप्रीम कोर्ट ने वाइस एडमिरल सर्जन आरके सरीन, एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल गैस्ट्रोलॉजी के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. रेड्डी, एम्स दिल्ली के डायरेक्टर डॉ. एम श्रीवास, निमहंस बैंगलुरु के डॉ. प्रतिमा मूर्ति, एम्स जोधपुर के डायरेक्टर डॉ. पुरी, गंगाराम अस्पताल के एमडी डॉ. रावत, एक्स के कार्डियोलॉजी के प्रमुख प्रो. अनिता सक्सेना, मुंबई मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो. पल्लवी सप्रे और एम्स के न्यूरोलॉजी डॉ. पद्मा श्रीवास्तव को टास्क फोर्स का सदस्य नियुक्त किया था। सुप्रीम कोर्ट ने इसके अलावा पांच पदेन सदस्यों में केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव, केंद्र सरकार के गृह सचिव, परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव, नेशनल मेडिकल कमीशन के चेयरपर्सन और नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनर्स के अध्यक्ष को नियुक्त किया है।

सुप्रीम कोर्ट के बाहर जस्टिस क्लॉक लगी लंबित मामलों की मिलेगी जानकारी

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट के बाहर %जस्टिस क्लॉक% लगाई गई है, जिसमें यह दिखेगा कि कितने मामले लंबित हैं और कितने पुराने हैं। कितने मामले दायर हुए और कितने का निपटारा हुआ।सुप्रीम कोर्ट में आज 35 नई याचिकाएं दाखिल हुई। पिछले हफ्ते 667 मामले दायर हुए थे जबकि एक भी मामले का निपटारा नहीं हुआ था। पिछले हफ्ते दशहरे की छुट्टियां थीं। जस्टिस क्लॉक को नेशनल जुडिशियल डाटा ग्रिड के जरिये बनाया गया है। इसका उद्देश्य न्यायिक क्षेत्र के बारे में जनता में जागरुकता लाना, न्यायिक क्षेत्र की विभिन्न योजनाओं का विज्ञापन करना और जनता को न्यायिक क्षेत्र से जुड़े क्षेत्रों की स्थिति बताना है।जस्टिस क्लॉक पर शीर्ष जिला अदालतों के बारे में जानकारी दी गई है, जिसमें 2 साल, 2 से 5 साल और 10 साल से अधिक पुराने मामलों का औसतन सबसे अधिक निपटारा किया गया है। साथ ही नागरिकों के लिए कानूनी सहायता कार्यक्रम और न्याय तक पहुंच जैसी योजनाओं का लाभ उठाए जा सकने वाली अन्य जानकारी को भी प्रदर्शित किया जाएगा। फिलहाल देश के 25 हाई कोर्ट में कुल 39 जस्टिस क्लॉक लगी हैं। ई-कमेटी ने हर जस्टिस क्लॉक के लिए 13 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की है।

सिर्फ 40 फीसदी बोलने व भाषा समझने की असमर्थता भर से कोई एमबीबीएस में दाखिले के अयोग्य नहीं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, (हि.स.)। सुप्रीम कोर्ट ने अपने अहम फैसले में साफ किया है कि किसी व्यक्ति के महज 40 फीसदी से ज्यादा बोलने और भाषा को समझने की असमर्थता (दिव्यांगता) के चलते उसे मेडिकल कॉलेज में दाखिले से इनकार नहीं किया जा सकता है।नेशनल मेडिकल काउंसिल के मौजूदा नियमों के मुताबिक 40 फीसदी से ज्यादा ऐसी दिव्यांगता की स्थिति में एमबीबीएस कोर्स में दाखिला नहीं मिल सकता। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ 40 फीसदी दिव्यांगता होने भर से कोई एमबीबीएस में दाखिले के अयोग्य नहीं हो जाएगा। डिसेबिलिटी असेसमेंट बोर्ड अगर इस नतीजे पर पहुंचता है कि दिव्यांग होने की वजह से वो पढ़ाई पूरी करने में असमर्थ है, तभी उसे दाखिले से इनकार किया जा सकता है।

नेतन्याहू का बाइडेन से वादा-ईरान के परमाणु ऊर्जा केंद्रों को निशाना नहीं बनाएगा इजराइल

▶▶ बंधकों की रिहाई पर गतिरोध

▶▶ कतर के अमीर ने की इजराइल की आलोचना

▶▶ गाजा में 15 मारे गए

▶▶ हिजबुल्लाह के भूमिगत परिसर में हथियारों का जखीरा

▶▶ मानवीय सहायता पहुंची गाजा

तेलअवीव, (हि.स.)। कुख्यात आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह, हमास और हूती के तितरफा आक्रमण का सामना कर रहे इजराइल के रुख में आज कुछ बदलाव दिखा। ईरान, लेबनान और सीरिया को चुनौती देने वाले इजराइल के सुरक्षा बलों (आईडीएफ) के आक्रामक तेवरों के बीच प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से वादा किया कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के खिलाफ इजराइल की जवाबी कार्रवाई में गैर-सैन्य साइटें निशाने पर नहीं होंगी।टाइम्स ऑफ इजराइल की खबर के अनुसार, नेतन्याहू ने बाइडेन से कहा कि इजराइल, ईरान के परमाणु और ऊर्जा स्थलों पर हमला नहीं करेगा। रिपोर्ट के अनुसार इजराइली प्रधानमंत्री ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में हस्तक्षेप से बचने के लिए योजनाबद्ध कार्रवाई में कटौती की है। हालांकि खबर में इस बदलाव का कारक इजराइल को उन्नत एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल वायुरक्षा प्रणाली भेजने के अमेरिकी फैसले को माना जा रहा है। उल्लेखनीय है कि हिजबुल्लाह सरगना हसन नसरल्ला की हत्या का बदला लेने के लिए ईरान एक अक्टूबर से इजराइल पर लगभग 200 बैलिस्टिक मिसाइलें दाग चुका है।इस अखबार के अनुसार, रक्षामंत्री योव गैलेंट ने सोमवार को हमास की यातना सह रहे बंधकों के परिवार के सदस्यों से कहा कि रिहाई की बातचीत पर गतिरोध का अंत नहीं दिख रहा है। हमास प्रमुख याह्या सिनवार लेबनान और ईरान के समर्थन से उत्साहित है। उसका रुख कड़ा हो गया है। रक्षामंत्री ने परिवारों से कहा, %%वहां ठहराव है, और मुझे इस अवधि में अभी प्रगति नहीं दिख रही है, मुझे यह कहते हुए बहुत खेद है।कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी ने कहा है कि इजराइल ने जानबूझकर वेस्ट बैंक और लेबनान को निशाना बनाया है। यह उसकी पूर्व नियोजित योजनाओं का हिस्सा है। दोहा में कतरी शूरा परिषद के उद्घाटन पर अल-थानी ने कहा कि लेबनान के साथ सीमा पर तनाव को रोकने का सबसे आसान और सुरक्षित तरीका गाजा में युद्ध को रोकना है।फिलिस्तीन के अधिकारियों का कहना है कि इजराइल के गाजा में किए गए ताजा हमले में 15 लोग मारे गए। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं।आईडीएफ का कहना है कि उसने पिछले दिनों गाजा और लेबनान में 230 ठिकानों को निशाना बनाकर बंदूकधारियों को मार गिराया।आईडीएफ के एक्स हैंडल में आईडीएफ प्रवक्ता डेनियल हगारी का एक वीडियो अपलोड किया गया है। हगारी ने कहा है कि यह हिजबुल्लाह का भूमिगत आतंकवादी परिसर है।

सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर नहीं हो सकी सुनवाई

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर मंगलवार को सुनवाई नहीं हो सकी। स्पेशल जज राकेश स्याल के उपलब्ध नहीं होने की वजह से जमानत याचिका पर फैसला टला है।कोर्ट ने 5 अक्टूबर को फैसला सुरक्षित रख लिया था। सत्येंद्र जैन ने दिल्ली हाई कोर्ट में ट्रायल कोर्ट की ओर से समन जारी करने के आदेश को चुनौती दी है। सत्येन्द्र जैन की याचिका पर 25 जुलाई को हाई कोर्ट ने ईडी को नोटिस जारी किया था। हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से पेश वकील विवेक गुरनानी ने इस मामले में ईडी को नोटिस करने का विरोध करते हुए कहा कि सत्येंद्र जैन को जुलाई, 2022 में ही समन जारी किया गया था, लेकिन जब ईडी ने उनकी डिफॉल्ट जमानत का विरोध किया है तो उन्होंने ये याचिका दायर की है।जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाई। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। इस मामले में ईडी ने सत्येंद्र जैन के अलावा उनकी पत्नी पूनम जैन, अजीत प्रसाद जैन, सुनील कुमार जैन, वैभव जैन, अंकुश जैन, मेसर्स अकिंचन डेवलपर्स प्राईवेट लिमिटेड, मेसर्स प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड और जेजे आइडियल इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड को आरोपित बनाया है। ईडी ने सत्येंद्र जैन को 30 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था।

कोलकाता पुलिस के निर्देश रद्द, हाई कोर्ट ने दी द्रोह कार्निवल की अनुमति

● पुलिस के फैसले पर सवाल, राज्य को फटकार

● राज्य ने पेश किए पुराने फैसलों के उदाहरण

● हाई कोर्ट की विशेष बेंच ने सुनी याचिका

कोलकाता, (हि.स.)। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पुलिस द्वारा लागू की गई 163 धारा को रद्द करते हुए %द्रोह कार्निवल% आयोजित करने की अनुमति दे दी है। न्यायमूर्ति रविकिशन कपूर ने मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार सभी को है और अदालत इस अधिकार का सम्मान करती है। अदालत ने स्पष्ट किया कि रानी रासमणि रोड और रेड रोड के बीच बैरिकेड्स लगाकर व्यवस्था की जाएगी ताकि कार्यक्रम सुरक्षित तरीके से आयोजित हो सके।राज्य सरकार ने इस कार्निवल को किसी अन्य दिन करने का सुझाव दिया था और रानी रासमणि रोड के बजाय रामलीला मैदान पर आयोजन का प्रस्ताव रखा। हालांकि, याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ वकील विकास रंजन भट्टाचार्य ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि पुलिस यह तय नहीं कर सकती कि कौन-सा कार्यक्रम किस दिन होगा। उन्होंने अदालत में यह भी कहा कि डॉक्टर गुंडे नहीं हैं और उनका यह प्रदर्शन पूरी तरह से शांतिपूर्ण होगा।हाई कोर्ट ने यह भी पूछा कि क्या 163 धारा केवल इसी इलाके में लागू की गई है, या अन्य जगहों पर भी इसे लागू किया गया है। न्यायमूर्ति कपूर ने सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से स्पष्टीकरण मांगा कि जब पंडालों और रेड रोड पर दुर्गा पूजा कार्निवल के लिए भीड़ जुट सकती है, तो डॉक्टरों का कार्निवल रोकने का औचित्य क्या है।

राज्य सरकार की ओर से वकील ने तर्क दिया कि 2018 में शाहीनबाग मामले में भीड़भाड़ को नियंत्रित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बैन लागू किया था। इसी तरह, उन्होंने कोलकाता की दुर्गा पूजा को यूनेस्को द्वारा दी गई मान्यता का भी हवाला देते हुए कहा कि यह कार्निवल विशेष महत्व रखता है, और पुलिस को व्यवस्था बनाए रखने के लिए 163 धारा लागू करनी पड़ी।डॉक्टरों के संयुक्त मंच ने अदालत को बताया कि उन्होंने 11 अक्टूबर को ही कार्निवल के लिए अनुमति की मांग करते हुए पत्र दिया था। हालांकि, राज्य के वकील ने यह तर्क दिया कि प्रदर्शन के आयोजन का कारण स्पष्ट नहीं किया गया था।

कोलकाता पुलिस ने रेड रोड और रानी रासमणि रोड के आसपास कड़ी सुरक्षा तैनात की है। कई स्थानों पर बैरिकेड्स लगाए गए हैं, और नेताजी मूर्ति के पास नौ फीट ऊंचे बैरिकेड्स स्थापित कर दिए गए हैं। पूरे क्षेत्र में बसों की कतारें और पुलिस की कड़ी निगरानी देखी जा रही है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट में आज दोपहर दो बजे विशेष बेंच का गठन किया गया। न्यायमूर्ति रविकिशन कपूर ने तत्काल सुनवाई करते हुए पुलिस के निर्देश को निरस्त कर दिया और प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्ण ढंग से %द्रोह कार्निवल% आयोजित करने की अनुमति दे दी।

राष्ट्रपति मुर्मु का अल्जीरियाई कंपनियों से मेक इन इंडिया में शामिल होने का आह्वान

अल्जीयर्स,(हि.स.)। भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स में अल्जीरियाई-भारतीय आर्थिक मंच के संबोधन में %व्यापार करने में आसानी% में भारत की तीव्र वृद्धि और प्रभावशाली प्रगति पर जोर दिया। उन्होंने अल्जीरियाई कंपनियों को भारत की %मेक इन इंडिया% और %मेक फॉर द वर्ल्ड% पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। राष्ट्रपति ने यह भी कहा कि अल्जीरिया की तीव्र वृद्धि और विस्तारित अर्थव्यवस्था विभिन्न क्षेत्रों में कई अवसर प्रदान करती है।भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई सचित्र पोस्ट में यह जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि अनिश्चित वैश्विक माहौल के बावजूद भारत का तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंने अल्जीरियाई कंपनियों को %मेक-इन इंडिया% और %मेक फॉर द वर्ल्ड% पहल में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुर्मु ने कहा कि हम भारत में खुद को अल्जीरिया को एक मजबूत विकास भागीदार के रूप में देखते हैं। हमारे दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 1.7 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है।भारत-अल्जीरिया संबंधों का आगे बढ़ना हमारे साझा मूल्यों, समान चुनौतियों और आपसी विश्वास पर आधारित है। इस बीच पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ अल्जीरिया की राष्ट्र परिषद के अध्यक्ष सलाह गौडजिल ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में रविवार को तीन दिवसीय दौरे पर अल्जीरिया पहुंचीं। यह किसी भारतीय राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा है। हवाई अड्डे पर अल्जीरिया के राष्ट्रपति अब्देलमदजीद तेब्बौने ने उनका जोरदार स्वागत किया।

लैंड फॉर जॉब घोटाले के सीबीआई मामले में अगली सुनवाई 7 नवंबर को

नई दिल्ली, (हि.स.)। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव समेत दूसरे आरोपितों के खिलाफ दर्ज मामले की सुनवाई टाल दिया है। स्पेशल जज विशाल गोगने के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली है। मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को होगी।सीबीआई ने 20 सितंबर को कोर्ट को बताया था कि गृह मंत्रालय ने लालू यादव के खिलाफ मुकदमा चलाने की अनुमति दी है, जबकि बाकी आरोपितों के खिलाफ अनुमति मिलने में 15 दिन और लगेंगे। सीबीआई ने 5 सितंबर को कोर्ट को बताया था कि इस मामले में लालू प्रसाद यादव समेत 32 लोकसेवकों के खिलाफ अभियोजन चलाने की अनुमति अभी नहीं मिली है। सीबीआई ने कोर्ट को बताया था कि दो मामलों में आरोपितों के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए अनुमति मिल चुकी है। लालू प्रसाद यादव और आरके महाजन समेत 32 आरोपितों के खिलाफ अभी अनुमति नहीं मिली है। सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने कहा था कि दो हफ्ते के अंदर अनुमति मिल जाएगी।सीबीआई ने 7 जून को इस मामले में अंतिम चार्जशीट दाखिल की थी, जिसमें 78 लोगों को आरोपित बनाया गया है। इनमें से रेलवे में नौकरी पाने वाले 38 उम्मीदवार भी हैं। ईडी के मामले में कोर्ट ने 18 सितंबर को पहली पूरक चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए लालू प्रसाद यादव, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव समेत सात आरोपितों को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया था। ईडी के मामले में 7 मार्च को कोर्ट ने राबड़ी देवी, मीसा भारती, हीमा यादव और ह्रदयानंद चौधरी को नियमित जमानत दी थी। ईडी के मामले में हाई कोर्ट अमित कात्याल को जमानत दे चुका है।इस मामले में ईडी के पहले सीबीआई ने केस दर्ज किया था। सीबीआई से जुड़े मामले में कोर्ट ने 4 अक्टूबर, 2023 को तेजस्वी यादव, लालू यादव और राबड़ी देवी को जमानत दी थी। कोर्ट ने 22 सितंबर, 2023 को सीबीआई की ओर से दाखिल दूसरी चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। तीन जुलाई 2023 को सीबीआई ने पूरक चार्जशीट दाखिल की थी। कोर्ट ने 27 फरवरी, 2023 को इन तीनों आरोपियों समेत सभी आरोपितों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लिया था। सात अक्टूबर, 2022 को लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई ने लालू यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती समेत 16 आरोपितों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

ट्रूडो और कनाडा के अधिकारी बार-बार दोहरा रहे निराधार आरोप

नई दिल्ली, (हि.स.)।विदेश मंत्रालय ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी प्रलाप को लेकर कहा है कि वे बिना किसी सबूत और तथ्यों के अपने आरोप दोहरा रहे हैं। ऐसे आरोप पूरी तरह निराधार हैं।विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने ट्रूडो के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने सोमवार को अपनी पत्रकार वार्ता में अपनी पुरानी बातों और तर्कों को दोहराया। कनाडा के सभी अधिकारी एक ही दावा कर रहे हैं कि हमने विश्वसनीय साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं और यही बात कनाडा के प्रभारी उच्चायुक्त ने भी लगाए हैं। यह दावे सही नहीं हैं।सूत्रों ने कहा कि कनाडा की पुलिस आरसीएमपी ने प्रेस वार्ता में कुछ व्यक्तियों के भारत से संबंध के बारे में दावे किए थे। किसी भी मामले में उनकी ओर कोई विशेष जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गई। कनाडा के अधिकारी इस बात पर जोर देते हैं कि मामले में जवाबदेही तय होनी चाहिए लेकिन यह स्पष्ट नहीं करते कि किस मामले में किसे जवाबदेह बनाया जाए।

यूएस से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदेगा भारत, 32 हजार करोड़ की डील पर हुए हस्ताक्षर

▶▶ ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए देश में स्थापित होगा एमआरओ

▶▶ नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे

नई दिल्ली,(हि.स.)। भारत और अमेरिका ने मंगलवार को 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के सौदे पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने पिछले सप्ताह अमेरिका से 31 प्रीडेटर ड्रोन खरीदने के सौदों को मंजूरी दी थी। खरीदे जाने वाले ड्रोन के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए देश में ही एमआरओ स्थापित किया जाएगा। भारतीय नौसेना को 31 में से 15 ड्रोन, जबकि सेना और वायु सेना को आठ-आठ ड्रोन मिलेंगे, जिनके शांतिकालीन निगरानी में गेम चेंजर साबित होने की उम्मीद है।दरअसल, चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के संवेदनशील क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और निगरानी को बढ़ावा देने के लिए सेना, नौसेना और वायु सेना ने एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की जरूरत जताई थी। खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में नौसेना अपनी उपस्थिति बढ़ाना चाहती है। इस ड्रोन के आने के बाद हिंद महासागर पर चीन के खिलाफ घेराबंदी और मजबूत हो सकेगी। इसी क्रम में प्रीडेटर ड्रोन के सौदे को 15 जून, 2023 को रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) से मंजूरी मिली थी। इसके बाद पिछले सप्ताह 10 अक्टूबर को सीसीएस ने भी मंजूरी दे दी।यह अत्याधुनिक ड्रोन सिर्फ भारतीय नौसेना के लिए खरीदे जाने थे, लेकिन बाद में इसे तीनों सेनाओं के लिए 31 ड्रोन खरीदने का फैसला लिया गया। भारतीय नौसेना इस सौदे के लिए प्रमुख एजेंसी है, जिसमें 15 ड्रोन अपनी जिम्मेदारी के क्षेत्र में निगरानी संचालन के लिए समुद्री बल को दिए जाएंगे। इसके अलावा सेना और वायु सेना को 8-8 ड्रोन मिलेंगे। सौदे के पहले चरण में छह ड्रोन तत्काल एकमुश्त नगद भुगतान करके खरीदे जाएंगे। मौजूदा जरूरतों को देखते हुए फिलहाल दो-दो ड्रोन तीनों सेनाओं को दिए जाएंगे। बाकी 24 ड्रोन अगले तीन वर्षों में हासिल कर लिए जाएंगे।तीनों सेनाओं के लिए खरीदे जाने वाले ड्रोन को लेकर रक्षा मंत्रालय ने आज 31 एमक्यू-9बी स्काई/सी गार्जियन हाई एल्टीट्यूड लॉन्ग एंड्योरेंस (एचएएलई) रिमोट पायलट एयरक्राफ्ट सिस्टम (आरपीएएस) के लिए अमेरिकी सरकार के साथ डील फाइनल की। दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में नई दिल्ली में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने की उपस्थिति में अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। इसके साथ ही खरीदे जाने वाले ड्रोन की भारत में डिपो स्तर के रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल के लिए जनरल एटॉमिक्स ग्लोबल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक और अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं।एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की खासियतएमक्यू-9 रीपर ड्रोन को सैन डिएगो स्थित जनरल एटॉमिक्स ने बनाया है, जो लगातार 48 घंटे उड़ सकता है। यह 6,000 समुद्री मील से अधिक दूरी तक लगभग 1,700 किलोग्राम (3,700 पाउंड) का पेलोड ले जा सकता है। यह नौ हार्ड-पॉइंट्स के साथ आता है, जो हवा से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों के अलावा सेंसर और लेजर-निर्देशित बम ले जाने में सक्षम है, जिसमें अधिकतम दो टन का पेलोड है। हथियारबंद ड्रोन से भारतीय सेना उस तरह के मिशन को अंजाम दे सकती है, जिस तरह का ऑपरेशन नाटो बलों ने अफगानिस्तान में किया था।इसका इस्तेमाल पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के ठिकाने पर रिमोट कंट्रोल ऑपरेशन, सर्जिकल स्ट्राइक और हिमालय की सीमाओं पर लक्ष्य को टारगेट बनाने में किया जा सकता है।

एयर प्यूरीफायर संबंधी दावों की जांच के लिए बाजार पर नजर रखेगी सरकार

नई दिल्ली, (हि.स.)। केंद्र सरकार ने नई दिल्ली और अन्य प्रमुख शहरों में प्रदूषण को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच एयर प्यूरीफायर विनिर्माता कंपनियों की ओर से किए जाने वाले दावों की जांच के लिए बाजार पर निगरानी रखने की घोषणा की।केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) की अध्यक्ष और उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने मंगलवार को यहां आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी। खरे ने कहा कि हम बाजार निगरानी के जरिए यह देखने की कोशिश करेंगे कि इस संबंध में किए गए दावे सही हैं या नहीं। खरे ने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने इस मामले को संज्ञान में लिया है। वह एयर फिल्टर पर मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों के अनुपालन की जांच करेगा।प्राधिकरण ने यह कदम केंद्रीय खाद्य और उपभोक्ता मामलों

के मंत्री प्रह्लाद जोशी के एक दिन पहले दिए गए उस बयान के बाद उठाया है, जिसमें कुछ कंपनियों पर अपने उत्पादों के बारे में गलत दावे करने का आरोप लगाया गया था। जोशी ने विश्व मानक दिवस कार्यक्रम में कंपनियों की भ्रामक विपणन रणनीति पर चिंता व्यक्त की थी। मंत्री ने उपभोक्ताओं के बीच जागरूकता बढ़ाने की जरूरत पर कहा था कि एयर प्यूरीफायर को लेकर झूठे दावे किए जाते हैं, उन पर बहुत कुछ लिखा होता है लेकिन उनमें कुछ नहीं होता। उसमें सिर्फ एक पंखा लगा होता है। फिर भी दावे किए जाते हैं।उल्ले लेखनीय है कि उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने यह पहल ऐसे समय में की है, जब देश के कई शहरों में बढ़ते प्रदूषण के स्तर ने एयर प्यूरीफायर के प्रति लोगों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। प्रह्लाद जोशी ने एक दिन पहले एयर प्यूरीफायर के बारे में किए जाने वाले गलत दावों पर ध्यान देने के लिए बीआईएस, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय और उपभोक्ताओं को समाहित करते हुए एक सहभागी नजरिया अपनाने की वकालत की थी।

भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रहना चाहिए -आकाश अंबानी

नई दिल्ली,(हि.स.)। रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड के चेयरमैन आकाश अंबानी ने भारत का डेटा भारतीय डेटा सेंटर में ही रखने की वकालत की। उन्होंने मंगलवार को राजधानी के प्रगति मैदान में इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2024 (आईएमसी 2024) को संबोधित करते हुए यह बात कही।आकाश अंबानी ने कहा कि भारत में डेटा जनरेशन का पैमाना और स्पीड तेजी से बढ़ी है, जो एआई के साथ और तेजी से बढ़ेगी। इसलिए

देश में एआई और मशीन लर्निंग डेटा सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके लिए भारतीय कंपनियों को सरकार की ओर से प्रोत्साहन मिलना चाहिए। उन्होंने सरकार से डेटा सेंटर नीति 2020 के मसौदे को जल्द अपडेट करने का अनुरोध किया।

रिलायंस जियो के चेयरमैन ने कहा कि दुनिया उस देश से अचंभित है जो आठ साल पहले 2-जी की गति से रेंग रहा था, अब 5-जी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री को यह आश्वस्त करना चाहूंगा कि 6-जी में भारत का रिकॉर्ड और बेहतर होगा। यूपीआई दुनिया की नंबर वन डिजिटल भुगतान प्रणाली बन गई है।

पीड़ित परिवार को सीएम योगी ने दी 10 लाख रुपये की सहायता

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद बहराइच हिंसा में मारे गए युवक रामगोपाल मिश्रा के परिजन वापस लौट आए हैं। इस दौरान लगभग शाम छह बजे एसडीएम अखिलेश सिंह, डीडीओ राजकुमार समेत अन्य अधिकारी गांव पहुंचे।

सभी ने पीड़ित परिजनों को 10 लाख की सहायता राशि का चेक भेंट किया। साथ ही मुख्यमंत्री आवास व शौचालय का स्वीकृति पत्र भी दिया। एसडीएम ने बताया की ये मुख्यमंत्री की ओर से भेंट किया गया है।

परिजनों से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि बहराइच की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में काल-कवलित हुए युवक के शोक संतप्त परिजनों से आज लखनऊ में भेंट की। दुःख की इस घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता से पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है। आश्वस्त रहें, पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना उत्तर प्रदेश सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। इस घोर निंदनीय और अक्षम्य घटना के दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

पुलिस-प्रशासन की नाकामी से ही बहराइच में हिंसा भड़की। प्रतिमा विसर्जन के दिन सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी थे। हिंसा होने का कोई भी इनपुट नहीं था। हैरानी यह है कि सोमवार को दूसरे दिन भी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने में अफसर नाकाम साबित हुए। इसलिए दूसरे दिन बवाल, तोड़फोड़ और आगजनी हुई। पूरे मामले में पुलिस का खूफिया तंत्र फेल रहा। पूरे घटनाक्रम में एडीजी जोन से लेकर आईजी और एसपी बहराइच सवालों के घेरे में हैं।

मुख्यमंत्री योगी ने घटना का संज्ञान लेकर दिए थे निर्देशः रविवार को पहले दिन हिंसा के बाद मुख्यमंत्री ने घटना का संज्ञान लिया था। उच्चाधिकारियों को निर्देश दिये थे। अफसरों ने दावा किया था कि अब सुरक्षा के पूरे इंतजाम कर लिए गए हैं। लेकिन सोमवार सुबह जब रामगोपाल का शव घर पहुंचा तो उसके बाद कई घंटे तक गांवों और कस्बों में तोड़फोड़, आगजनी और अराजकता होती रही। दोपहर बाद जब एडीजी एलओ ने मोर्चा संभाला तब जाकर कुछ माहौल शांत हुआ।

सवाल है कि आखिर पहले दिन हिंसा के बाद दूसरे दिन लापरवाही क्यों बरती गई? पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती क्यों नहीं की गई? ऐसे तमाम सवाल पुलिस पर उठ रहे हैं।

24 औद्योगिक क्षेत्रों में व्यापक कायाकल्प की प्रक्रिया जल्द होगी पूरी

- सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को सौंपा गया है जिम्मा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश को उद्यम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार प्रदेश में इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण व विकास पर सबसे ज्यादा फोकस कर रही है। प्रदेश के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में अवस्थापना समेत तमाम सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और इसमें निवेश समेत विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के काम में तेजी लाई जा रही है। इसी क्रम में, 24 औद्योगिक क्षेत्रों के व्यापक कायाकल्प की प्रक्रिया को पूरा करने पर योगी सरकार फोकस कर रही है। सीएम योगी के विजन अनुसार, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को इन कार्यों की पूर्ति का जिम्मा सौंपा गया है।

4,025 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में होंगे विकास कार्य

कार्य योजना के अनुसार, यूपीसीडा द्वारा आगरा, मथुरा, मेरठ, गोरखपुर, संत कबीर नगर, मऊ, कानपुर, लखनऊ व रायबरेली में फुल डेप्थ रीक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक से सड़कों के निर्माण समेत अन्य अवस्थापनात्मक सुधार की प्रक्रिया को पूरा किया जाएगा। इन कार्यों में स्ट्रीट लाइटिंग, सीसीटीवी, टेलीफोन स्टेशन, सब स्टेशन, स्ट्रीट फर्नीचर, बाउंड्री वॉल, एंट्री गेट समेत विभिन्न सुविधाओं विकास शामिल है। प्रक्रिया के अंतर्गत कुल 4,025 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। इन सभी कार्यों को पूरा करने के लिए यूपीसीडा द्वारा डीटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) के निर्माण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है जिसके जरिए चरणबद्ध तरीके से सभी प्रस्तावित निर्माण व विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा।

सीएम योगी के विजन अनुसार, जिन 24 औद्योगिक क्षेत्रों में सड़क निर्माण समेत विभिन्न प्रकार के इंडस्ट्रियल इंफ्रास्ट्रक्चर अपग्रेडेशन होना है उन्हें 6 पैकेट्स में विभाजित किया है।

पीएम पोषण योजना के तहत अब तक प्रदेश में करीब 80 प्रतिशत धनराशि का हुआ व्यय

- 12 अक्टूबर 2024 तक कुल उपलब्ध 686 करोड़ में से 540 करोड़ से ज्यादा धनराशि का हुआ उपयोग

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में छात्र एवं छात्राओं को मध्याह्न भोजन उपलब्ध कराने के लिए संचालित पीएम पोषण योजना के अंतर्गत योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक कुल उपलब्ध राशि का 80 प्रतिशत उपयोग करने में सफलता प्राप्त की है।

पीएम पोषण योजना के तहत केंद्रांश और राज्यांश को मिलाकर कुल 686 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि उपलब्ध थी, जिसके सापेक्ष योगी सरकार ने समस्त जनपदों को 12 अक्टूबर तक कुल 667 करोड़ रुपए से ज्यादा की धनराशि आवंटित की। इसमें 12 अक्तूबर तक 540.66 करोड़ रुपए का व्यय किया गया, जो कुल उपलब्ध राशि का 78.82 प्रतिशत है।

मालूम हो कि केंद्र सरकार ने सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराने के लिए 'प्रधानमंत्री पोषण योजना' को मंजूरी दी है। यह योजना स्कूलों में मिड-डे मील योजना के मौजूदा राष्ट्रीय कार्यक्रम का स्थान लेगी।

इसे पांच वर्ष (2021-22 से 2025-26) की शुरुआती अवधि के लिए लॉन्च किया गया है। इसके तहत हाल ही में मुख्य सचिव की अगुवाई में हुई समीक्षा बैठक में योजना से आच्छादित विद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्रों को अतिरिक्त सप्लीमेन्ट्री न्यूट्रीशन दिए जाने का भी निर्णय लिया गया है। 2024-25 में पीएम पोषण योजना के अंतर्गत खाद्यान्न लागत, परिवर्तन लागत, रसोईयां मानदेय, परिवहन लागत और एमएमई जैसे मदों के लिए पेमेंट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी) द्वारा 2198.27 करोड़ रुपए की राशि का अनुमोदन किया गया है। इसके तहत विगत वित्तीय वर्ष का 280.83 करोड़ रुपए अवशेष है, जबकि 405.14 करोड़ रुपए भारत सरकार द्वारा अवमुक्त किया जा चुका है।

इस तरह राज्य सरकार के पास कुल 686.97 करोड़ रुपए योजना के लिए उपलब्ध है।

उत्तर प्रदेश उपचुनाव बसपा अकेले लड़ेगी

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की नौ सीटों पर उपचुनाव की घोषणा के बाद बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी इन सभी जगह अकेले ही चुनाव लड़ेगी। चुनाव आयोग की तरफ से कार्यक्रम का ऐलान होते ही मायावती ने इसका स्वागत किया और अपने इरादे साफ कर दिए। कहा जा रहा है कि कुछ दिन पहले हरियाणा और इससे पहले 2019 के चुनाव में यूपी में सपा संग गठबंधन में लड़ने के बाद भी बसपा को खास फायदा नहीं हुआ था। अलबत्ता उसके वोटर दूसरी पार्टियों में जरूर छिटक गए थे। इसी को देखते हुए मायावती ने अब अकेले ही चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया है।

कई चुनावों में खराब प्रदर्शन कर रही बसपा को अब नौ सीटों पर होने जा रहे उपचुनाव में अपने लिए खासी उम्मीदें दिख रही हैं। पार्टी प्रमुख मायावती ने एक बार फिर अपने काडर में जोश भरते हुए पार्टी के मूल सिद्धांतों के बूते चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। पार्टी ने उपचुनाव वाली सभी सीटों पर पहले ही प्रभारी तय कर दिए हैं। यह प्रभारी बसपा के मूल वोटरों को एकजुट कर उन तक बसपा प्रमुख का संदेश पहुंचा रहे हैं। पार्टी अब चुनाव वाले क्षेत्रों में 'कांशीराम चौपाल' लगा रही है और अपने छिटक गए वोटरों को एकजुट करने का काम हो रहा है।

यही नहीं बसपा अब अपने संस्थापक द्वारा स्थापित संगठन बामसेफ को भी पुनर्गठित करेगी। पार्टी जल्द ही प्रत्याशी घोषित करेगी। यूपी विधानसभा में बसपा का केवल एक विधायक है जबकि लोकसभा में बसपा को एक भी सीट नहीं मिली। ऐसे हालात में बसपा इन उपचुनावों के जरिए विधानसभा में अपनी नुमांइदगी बढ़ाने की तैयारी में है।

चुनावों की घोषणा के बाद बसपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर लिखा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए तारीखों की आज की गई घोषणा का स्वागत। उन्होंने कहा कि चुनाव जितना कम समय में और जितना पाक-साफ हो उतना ही बेहतर, जिसका पूरा दारोमदार निर्वाचन आयोग पर ही है।

बसपा प्रमुख ने कहा कि बसपा इन दोनों राज्यों (महाराष्ट्र और झारखंड) में अकेले ही चुनाव लड़ेगी और यह प्रयास करेगी कि उसके लोग इधर-उधर न भटकें बल्कि पूरी तरह बसपा से जुड़कर परम पूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर के आत्म-सम्मान तथा स्वाभिमान कारवां के सारथी बनकर शासक वर्ग बनने का अपना मिशनरी प्रयास जारी रखें।

बहराइच की घटना के लिए प्रदेश सरकार को ठहराया जिम्मेदार, जनता के साथ खड़ा है लोकदलः सुनील सिंह

लखनऊ। बहराइच की हिंसक घटना पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने घटना के लिए पूरी तरह से प्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार कानून व्यवस्था को कायम रखने में विफल रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से आग्रह किया कि वे इस मुद्दे पर सीधे हस्तक्षेप करें और जनता के साथ हुए अन्याय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। बहराइच जैसी घटनाएं उत्तर प्रदेश में कई बार हो चुकी हैं। यह समय है कि सरकार हिंदू-मुस्लिम की राजनीति से ऊपर उठकर मानवता के संदेश के साथ काम करे। लोकदल के कार्यकर्ता बहराइच की जनता के साथ खड़ी है और उनके साथ हुए अन्याय के खिलाफपूरी तरह से संघर्ष करेगी। उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में जंगल राज स्थापित करने की कोशिश कर रही है।

मामले को दबाने का प्रयास किया जा रहा

- गैंगरेप पीड़िता से अजय राय को मिलने से रोका

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय गैंगरेप पीड़िता से मिलने अस्पताल पहुंचे। लेकिन, उन्हें रोक दिया गया। अजय राय का आरोप है कि झलकारी बाई सिविल अस्पताल का गेट बंद कर दिया गया। मामले को छिपाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस का डेलिगेशन पीड़िता से मिलने पहुंचा था। अजय राय के साथ कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडे और करीब 15 कार्यकर्ता मौजूद थे। जब वह पीड़िता से मुलाकात करने जा रहे थे, तब कार्यकर्ताओं ने भी अस्पताल के भीतर जाने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिस ने सभी को रोक दिया।

इसके बाद पुलिस ने दोनों नेताओं की परिजनों से मुलाकात कराई। अजय राय ने कहा यूपी में नाबालिग बच्चियों के साथ रेप की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। अफसोस की बात तो यह है कि मुख्यमंत्री आवास से कुछ किलोमीटर दूर इतनी बड़ी घटना हो गई। परिवार अभी तक सदमे में है। हम लोग पीड़ित परिवार के साथ हैं। जैसी भी आवश्यकता होगी कांग्रेस मदद करेगी। मामला चिनहट का है, सोमवार को 14 साल की छात्रा बेसुध खाली प्लॉट में पड़ी थी। छात्रा का पैर और गला दुपट्टे से कसा था। वहां से गुजर रही एक महिला ने उसकी आवाज सुनी। छात्रा धीमी आवाज में मदद की गुहार लगा रही थी। इसके बाद उन्होंने छात्रा की तलाश कर रहे परिजनों को सूचना दी। मौके से पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और छात्रा को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के समय जब परिजन लड़की को उठा रहे थे, तब उसने तीन युवकों का जिक्र किया। हालांकि, वो किसी का नाम नहीं बता पाई है। क्राइम स्पॉट और छात्रा के घर के बीच की दूरी 500 मीटर है। पीड़िता के भाइयों ने बताया कि जहां पर बहन पड़ी मिली, वहां 7 घर बने हैं। एक घर में सुबह तक दो लड़के थे, लेकिन घटना के बाद से गायब हैं। उनके पिता को कॉल करके जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि 2 महीने से घर पर नहीं हैं, जबकि सुबह दोनों को छत पर देखा गया था। हालांकि, नामजद इसलिए नहीं किया गया क्योंकि अभी कुछ क्लियर नहीं है। छात्रा के होश में आने का इंतजार किया जा रहा है। लड़की के ताऊ ने बताया कि वो बरामदे में सो रहे थे। दो बजे उनकी आंख खुली तो मोबाइल चलाने लगे। एक घंटे बाद मोबाइल की बैटरी कम हो गई।

चार्जिंग में लगाने के लिए बड़ी बेटी को दिया। वो मोबाइल लेकर चार्जिंग पर लगाई। एक घंटे बाद अचानक से बिना कुछ बोले नाबालिग घर से निकली। उन्हें लगा कि घर के बाहर टहलने के लिए जा रही होगी। जब सुबह तक नहीं लौटी तो चिंता होने लगी। इसके बाद परिवार ने तलाश शुरू की। छात्रा की बहन ने बताया कि 9 बजे पुलिस विभाग के उच्च अधिकारी मिलने पहुंचे। एक घंटे तक पूछताछ चली। इस दौरान कमरे में बड़ी बहन को भी नहीं जाने दिया। इस बात से बड़ी बहन हल्की नाराज थी।

महराजगंज बाजार में हुई हिंसा की घटनाओं पर प्रशासन काबू पाने में नाकाम

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। मूर्ति विसर्जन के मौके पर बेहराईच के महसी तहसील के महराजगंज गांव में कुछ गैर मुस्लिम युवकों ने एक मुस्लिम के घर में घुसकर हरा झंडा उतार दिया और उसकी छत पर भगवा झंडा फहरा दिया मारपीट की घटना हुई जिसमें कुछ लोग घायल हुए और मारे गये.घटना की जांच के लिए जमिअत उलमा के प्रदेश अध्यक्ष मौलाना सैयद अशहद रशीदी के निर्देश पर जिला जमिअत के कार्यकर्ता जुट गये और स्थानीय इकाई सक्रिय हो गयी. जांच के बाद स्थिति यह सामने आई कि घटना के अगले दिन मुसलमानों के घरों और दुकानों में आग लगा दी गई और पुलिस तमाशबीन बनी रही बताया गया है कि गांव में मुस्लिम युवकों की एकतरफा गिरफ्तारियां हो रही हैं जबकि असली अपराधी वे हैं जिन्होंने एक मुस्लिम के घर में घुसकर उसके साथ मारपीट और हिंसा की. हिंसा के मामलों के विवरण के बावजूद दंगाइयों के खिलाफपुलिस प्रशासन कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है वहीं दूसरी ओर कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब होने से अल्पसंख्यकों में निराशा और गुस्सा है यही कारण है कि जमिअत उलमा उत्तर प्रदेश सरकार से अपील करती है कि जिला प्रशासन को न्याय के कटघरे में खड़ा किया जाना चाहिए और जिन अधिकारियों ने अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने में लापरवाही की है उन्हें तुरंत सस्पेंट किया जाना चाहिए और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। दुष्कर्मियों को पकड़ने में न्याय करना चाहिए और किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाना चाहिए। 3.मुसलमानों के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए और धर्म के आधार पर किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाना चाहिए जिन निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया गया है उन्हें तुरंत रिहा किया जाए।

मंत्री कपिल देव ने की विभागीय समीक्षा बैठक

- कौशल विकास मंत्री ने आईटीआई संस्थानों की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए और नए ट्रेड्स शुरू करने पर जोर दिया
- निजी क्षेत्र के आईटीआई संस्थानों के नियमित निरीक्षण और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने विधानसभा कार्यालय में विभागीय समीक्षा बैठक की। बैठक में आईटीआई संस्थानों की प्रगति और कौशल विकास मिशन की योजनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

मंत्री ने आईटीआई संस्थानों की शिक्षा गुणवत्ता को उन्नत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों को नवीनतम तकनीक और ट्रेंड्स के आधार पर प्रशिक्षित किया जाए ताकि उन्हें बेहतर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने नए ट्रेड्स के संचालन पर जोर दिया और निर्देश दिए कि जिन ट्रेड्स में छात्रों का नामांकन नहीं हो रहा है, उन्हें बंद किया जाए या अन्य कोर्स में समायोजित किया जाए। इसके साथ ही, आईटीआई में छात्रों को प्रेरित करने हेतु प्रचार-प्रसार अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। मंत्री ने प्रोजेक्ट प्रवीण के तहत छात्रों की रुचि के अनुसार कौशलपरक कोर्स संचालित करने के प्रस्ताव पर चर्चा की। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को कम उम्र से ही कौशल विकास की ओर प्रेरित करना है। उन्होंने निजी क्षेत्र के आईटीआई संस्थानों का नियमित निरीक्षण और उनकी गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निजी संस्थानों को भी सरकारी मानकों के अनुरूप शिक्षा प्रदान करनी चाहिए। उन्होंने सफल छात्रों की कहानियों को प्रमुखता से प्रस्तुत करने और युवाओं को आईटीआई व कौशल विकास योजनाओं की ओर आकर्षित करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया।

आईटीआई परिसरों तक छात्रों की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मंत्री ने पहुंच मार्ग बनाने के निर्देश दिए। बैठक में वित्तीय स्वीकृतियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी वित्तीय प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा किया जाए ताकि योजनाओं का कार्यान्वयन समय पर हो सके। उन्होंने जानकारी दी कि भारत सरकार द्वारा आईटीआई संस्थानों के उच्चीकरण की कार्यवाही की जा रही है जिसके अंतर्गत प्रदेश की आईटीआई संस्थानों के उच्चीकरण के लिए भारत सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। इन संस्थानों को आधुनिक उपकरण और प्रशिक्षण सामग्री से सुसज्जित किया जाएगा ताकि छात्रों को उच्च स्तरीय तकनीकी शिक्षा मिल सके।

बहराइच और बांग्लादेश जैसी घटना पर अखिलेश के पेट में दर्द है, जुबां नहीं खुलती

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने बहराइच में हुई हिंसा के लिए सपा और कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि ये टुकड़े टुकड़े गैंग की साजिश है। अखिलेश यादव का नाम लेकर कहा कि आपके पिता ने अयोध्या में कारसेवकों को गोलियों से भूनवा दिया था ये बात लोग आज तक भूले नहीं हैं। ये बातें गिरिराज सिंह ने वाराणसी में कही। वह एयरपोर्ट के बाहर पत्रकारों से बात कर रहे थे। इसके बाद भदोही में कार्पेट एक्सपो मार्ट का उद्घाटन करने के लिए रवाना हो गए। गिरिराज सिंह ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष से सवाल पूछा कि अखिलेश जी क्या बताएंगे, देश का बंटवारा हिंदू और मुस्लिम धर्म के आधार पर हुआ था? देश का बंटवारा इसलिए हुआ था कि हमें गोलियां खानी पड़े? क्या हमें अपने ही देश में रूट देखकर प्रतिमा का विसर्जन करना पड़ेगा? जुलूस निकालने पर गोलियां खानी पड़ेगी? अपने ही देश में आखिर ऐसा क्यों हो रहा है? बहराइच हिंसा सपा और कांग्रेस की साजिश है। जब बहराइच और बांग्लादेश जैसी घटनाएं घटती है तो अखिलेश के पेट में दर्द होता है पर उनकी जुबान तक नहीं खुलती है। बिहार में केंद्रीय मंत्री ने तेजस्वी यादव की यात्रा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि कभी यात्रा हमारे बिहार या देश में निकलती है तो किसी के पेट में दर्द नहीं होता है। तेजस्वी यादव खुद ही यात्रा निकाल रहे हैं। तेजस्वी की यात्रा मुसलमान जोड़ो और वोट जोड़ों के लिए है।

सपाइयों ने मनाई डॉ कलाम की जयंती

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय कैसरबाग पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति, वैज्ञानिक एवं मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम की जयन्ती मनाई गयी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त' एवं जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं ने एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष फिदा हुसैन अंसारी ने कहा कि डॉ एपीजे अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1931 को एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। डॉ कलाम भारत के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। इन्होंने वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तक डीआरडीओ और इसरो को संभाला और भारत के अन्तरिक्ष कार्यक्रमों और सैन्य मिसाइल के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और अग्नि मिसाइल एवं पृथ्वी मिसाइल के सफल परीक्षक का श्रेय इन्हें ही जाता है। डॉ कलाम को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मेयर प्रत्याशी वन्दना मिश्रा, प्रो रमेश दीक्षित, प्रदेश सचिव विजय सिंह यादव, जिला उपाध्यक्ष अनिल पासी, इब्राहीम मंसूरी, बचान सिंह यादव, ललिता राजूपत लोधी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र सिंह यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष शशिलेंद्र यादव, यूथ ब्रिगेड जिलाध्यक्ष सालिम काकोरी, रामनाथ रावत, मो रईश, प्रवेश यादव, जलाल अकबर खान, जोन प्रभारी मतीन सिद्दीकी, अखिलेश भार्गव, वसीम चॉद, रईश अहमद 'एडवोकेट', फिरोज खान, संजय यादव, लक्ष्मी यादव, विजयश्री, शिवम यादव 'गोलू', रामू यादव के साथ अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

शेख़ अब्दुल कादिर जीलानी की बुजुर्गी को पूरी दुनिया मानती हैः खालिद रशीद

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। सूफ़ियाऐ क्राम और बुजुरगाने दीन खास कर ग़ौस आज़म शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी रह? की शिक्षा को फैलाने के लिए समर्पित शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी फाउण्डेशन शिव नगर, रूप पुर, खदरा के अर्न्तगत ''यौमे ग़ौसे आजम'' मनाया गया। इस अवसर पर उलामा व मशाएख़ के प्रसिद्ध परिवार फ़रंगी महल के विख्यात आ़लिम हज़रत मौलाना खालिद रशीद फ़रंगी महली इमाम ईदगाह लखनऊ ने ह़ज़रत ग़ौसे पाक को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महबूब-ए-सुबहानी हज़रत शेख़ अब्दुल क़ादिर जीलानी रह?

जैसे सूफ़ी और आलिम की महानता को सारी दुनिया मानती है। खुदा ने अपने इस चहीते बन्दे को बहुत अधिक विशेषतायें दे रखी थी। आप जन्म से ''वली'' (बुजुर्ग) थे। आप उच्च मानव व्यवहार का सम्पूर्ण उदाहरण थे। मौलाना ने कहा कि शेख़ अब्दुल कादिर जीलानी ने जो मानवता की शिक्षा दी उसी शिक्षा पर चल करके अल्लाह की प्रसन्नता प्राप्त हो सकती है और अल्लाह के गुस्से से बचा जा सकता है। मौलाना ने कहा कि हज़रत ग़ौसे पाक ने बहुत सी किताबें लिखीं हैं। जिन में से ''गुनिययतुत त़ालिबीन'', ''फ़ुतूहुल गैब'' और ''अलफ़त्हुर्रब्बानी'' बहुत प्रसिद्ध हुईं। सारी किताबें उन के ज्ञान और दीन में आप की गहरी समझ की साक्षी हैं। आप इबादत इतनी करते थे कि चालीस वर्ष आप ने इ़शा (रात की नमाज) के वुज़ू से फ़ज्र (सुबह की नमाज) की नमाज पढ़ी। पंद्रह साल तक ग़ौसे आ़जम का यह मामूल रहा कि इशा के बाद पूरा कुरान शरीफखत्म फ़रमाते। पच्चीस वर्ष रेगिस्तान में इस तरह गुज़ारे की इन्सान कि शक्ल तक न देखी। मौलाना फ़रंगी महली ने कहा कि हज़रत ग़ौसे आ़जम को इस तरह श्रद्धांजलि पेश की जा सकती है।

39 ट्रैफिक जंक्शन का हो रहा है निर्माण

- स्वचालित मोड पर कार्य करने वाले ट्रैफिक जंक्शन सुगम यातायात और खूबसूरती का होंगे संगम

लोकमित्र ब्यूरो

प्रयागराज। प्रयागराज में दिव्य ,भव्य और सुव्यवस्थित महाकुंभ के आयोजन के लिए योगी सरकार द्वारा की जा रही तैयारियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं। सरकार महाकुंभ पहुंचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के अनुभव स्मरणीय बनाने के लिए कई अभिनव प्रयास कर रही है। सड़क यातायात सुगम बनाना इसी का एक हिस्सा है जिसे लेकर एक बड़ा प्रोजेक्ट कुंभ नगरी में धरातल में उतारा जा रहा है।

सड़क मार्ग से प्रयागराज की पहुंच को सरल बनाने के साथ-साथ शहर में यातायात व्यवस्था को नया स्वरूप देने के लिए पहली बार शहर में 39 ट्रैफिक जंक्शन का निर्माण किया जा रहा है। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि महाकुंभ के पूर्व शहर में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित स्वरूप देने के लिए 39 ट्रैफिक जंक्शन बनाए जा रहे हैं। तकरीबन 50 करोड़ के बजट से इनका निर्माण हो रहा है। इसके टेंडर जारी हो चुके हैं । महाकुंभ के आगंतुकों के लिए ये सुगम यातायात और सौंदर्यीकरण का माध्यम बनेंगे । ट्रैफिक जंक्शन के निर्माण के पूर्व एक एजेंसी के माध्यम से उन चौराहों का सर्वे भी कराया गया है जहां आवागमन में ट्रैफिक की समस्या ज्यादा रहती है। इसके बाद इन जंक्शन का डिजाइन बनाया गया है।

सुगम यातायात और खूबसूरत लुक का फ्यूजन होंगे जंक्शनः शहर में यातायात व्यवस्था को स्मार्ट बनाने के लिए पहली बार बनाए जा रहे ये ट्रैफिक जंक्शन बहु उपयोगी होंगे । इन्हें उस आकार में डिजाइन किया गया है कि ये ट्रैफिक को अच्छी तरह से व्यवस्थित कर सकें । अपर कुंभ मेला अधिकारी के मुताबिक इसके लिए ट्रैफिक जंक्शन में आइलैंड तैयार किए जा रहे हैं। उसी के मुताबिक इनका आकार छोटा या बड़ा किया जायेगा। जंक्शन में स्मार्ट सिग्नल ट्रैफिक व्यवस्था होगी जो पूरी तरह स्वचालित होगी। जंक्शन को खूबसूरत लुक देने के लिए शेष बचे स्थान में स्कल्पचर और आकर्षक लाइट्स भी लगाई जाएंगी। जंक्शन के अंदर ही हरित पट्टिका भी बनेगी जिसमें छोटे आकार के सजावटी पौधे रोपित किए जाएंगे। ये ट्रैफिक जंक्शन कुंभ के स्नान पर्वों में आने वाली भीड़ के प्रबंधन में उपयोगी होंगे। कुंभ के समापन के बाद भी शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में इनकी उपयोगिता बनी रहेगी।

संक्षिप्त खबरें

एयर इंडिया के विमान में बम रखने की धमकी

लखनऊ। 24 घंटे के भीतर एयर इंडिया के विमान में बम रखने की दूसरी धमकी मिली है। धमकी के बाद विमान में बैठे हवाई यात्रियों में हड़कम्प मच गया है। इसके बाद आलाधिकारियों के निर्देश पर अयोध्या के महर्षि वाल्मीकी एयर पोर्ट पर विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। खबर लिखने जाने तक विमान की चेंकिंग कराई जा रही है। फिलहाल, अभी तक विमान में किसी भी प्रकार का बम नहीं मिला है। यह विमान जयपुर एयरपोर्ट से रवाना हुआ था।

नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर दिशा निर्देश द्वारा थाना ठाकुरगंज पुलिस को वादिनी द्वारा मुकदमे की लिखित तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, आरोपी अमित वर्मा निवासी 2ध51, सैक्टर एलडीए कालोनी आशियाना लखनऊ,वादिनी का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने व ब्लैकमेल करने वाला व बहाने कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर वादिनी के साथ दुष्कर्म किया गया, इस सूचना पर थाना प्रभारी श्रीकांत राय ने पुलिस बल को रवाना किया, आरोपी की तलाश जारी थी, वांछित चल रहा था आरोपी, मुखबिर की सूचना पर आरोपी अमित वर्मा को कानपुर बाईपास से गिरफ्तार किया, इस क्रम (पश्चिम) डीसीपी, द्वारा दिशा निर्देश पर गठित कि कई टीमें लगातार अपराधियों को धरपकड़ कर रही हैं,थाना ठाकुरगंज निरीक्षक श्रीकांत राय के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है,

शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तरी क्षेत्र में थाना मड़ियांव पुलिस को वादी मुकदमा द्वारा दिनेश कुमार पाल निवासी म0न0,5,37 सी 12,बी शेरवानीनगर थाना मड़ियांव लखनऊ को वादी की मोटरसाइकिल स्पलेंडर चोरी हो जाने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कराया, यह सूचना थाना प्रभारी शिवानंद मिश्रा को मिली तो क्रोधित हुए, सख्त निर्देश दिए, यह चोर बच के जाने ना पाए,तभी मुखबिर की सूचना मिली, एक लड़का महर्षि विद्यालय के पास से व्यक्ति को कपड़ लिया गया, आरोपी दीपक कुमार उर्फ अनुज नि0 ग्राम उमरापुर पोस्ट गौरिया जनपद सीतापुर, जिसके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल बरामद हुई, इसी क्रम में , डीसीपी, दिशा-निर्देश पर गठित की कई टीमें लगातार अपराधियों को धर पकड़ कर रही है। जिसमें आज थाना मड़ियांव प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर, नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गया है।

डेंगू के 61 व मलेरिया के सात नये मरीज मिलें

लखनऊ। राजधानी में डेंगू का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को डेंगू के 61 नये मरीज मिलें।जिसमें अलीगंज-9, इन्दिरानगर-8, चिनहट-2, एनके रोड-5, चन्दरनगर-8, रेडक्रास-4, टूडियागंज-4, सिल्वर जुबली-8, ऐशबाग-4, बीकेटी-4, मलिहाबाद-1, माल-1, सरोजनीनगर-3) रोगी पाये गये। इसके अलावा मलेरिया के सात (सिल्वर जुबली-1, चन्दरनगर-2, टूडियागंज-2, अलीगंज-2) तथा चिकनगुनिया का 01 (इन्दिरानगर-1) रोगी पाये गये।

बैंकें मिशन मोड में निस्तारित करें समस्याएं

लखनऊ। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियों व स्वयं सहायता समूह के सदस्यों की बैंक से जुड़ी समस्याएं मिशन मोड में निस्तारित की जाएं। बैंकों के सक्षम अधिकारी इसे गंभीरता से लेकर अभियान चलाएं। विभाग पूरा सहयोग करेगा। यह बातें मंगलवार को राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) भवन में बैंकर्स की बैठक में निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने कही। वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जिलों के परियोजना अधिकारी व शहर मिशन प्रबंधक जुड़े। जिन्होंने बैंक अधिकारियों को स्वनिधि योजना के अंतर्गत ऋण वितरण व स्वयं सहायता समूहों के लिए बैंक लिंकेज में आनी वाली समस्याओं से अवगत कराया। निदेशक ने प्रक्रिया में आनी वाली समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर चर्चा की। निर्देश दिए कि बैंक अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से लेकर मिशन मोड में निस्तारण कराएं। बैठक में सहायक निदेशक सूडा मोनिका वर्मा, बैंक ऑफ बड़ौदा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, बड़ौदा यूपी बैंक, आर्यवर्त बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, बैंक ऑफ इंडिया समेत अन्य बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

एमबीबीएस-बीडीएस के नए बैच का केजीएमयू में स्वागत

लखनऊ। आप ईमानदार बनें,अपने शिक्षकों का सम्मान करें, यह कठिन डगर है,परिश्रम करने से कभी मत डरें। यह आरंभ है,जीवन भर आपको सदाचार का पालन करना है। पीड़ा हरने का हमें सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अपने व्यवसाय में नैतिकता का समावेश कर हमें इसके साथ पूर्ण न्याय करना है। आप विशिष्ट हैं पर मैं आपको सामान्य बने रहने की शिक्षा देती हूं। ये बातें केजीएमयू कुलपति प्रो सोनिया नित्यानंद ने छात्रों से कही। एमबीबीएस-बीडीएस के नए बैच का किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय में भव्य स्वागत किया गया। जिसमें एमबीबीएस व बीडीएस में दाखिला लेने वाले छात्र-छात्राओं को केजीएमयू के इतिहास के बारे में बताया गया। यह कार्यक्रम केजीएमयू के अटल बिहारी वाजपेई सांइटिफिक कन्वेंशन सेंटर में किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता द्वारा छात्रों को चरक शपथ दिलाई गई। डा सौरभ कश्यप ने व्हाईट कोट सेरेमनी को आयोजित करते हुए सभी छात्रों को सफेद कोट पहनने को दिया। समारोह में प्रति कुलपति प्रो अपजीत कौर, डीन प्रो. अमिता जैन, प्रॉक्टर प्रो. क्षितिज श्रीवास्तव, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. आरएएस कुशवाहा, प्रो के के सिंह, प्रो सुधीर सिंह एवम अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

बीबीएयू में निबंध प्रतियोगिता

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता आजादी का अमृत महोत्सव समिति ने कराई। निबंध प्रतियोगिता का विषय था आत्मनिर्भर भारत औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटाना। इस दौरान समन्वयक के तौर पर पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के डॉ. सोमीपेम आर. शिमरे एवं डॉ. नितेश वर्मा उपस्थित रहे। प्रतिभागियों ने निबंध के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार प्रस्तुत किये।

कैसरबाग डिपो में धरना प्रदर्शन

लखनऊ। कैसरबाग डिपो कार्यशाला में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा पूर्व में दिए गए मांग पत्र को संज्ञान में न लेने के कारण मंगलवार को प्रदर्शन हुआ। बताया गया कि सहायक क्षेत्र प्रबंधक ने कर्मचारी समस्याओं को लेकर संगठन द्वारा किसी प्रकार की वार्ता नहीं की जिसके चलते मजबूर होकर कर्मचारियों के प्रति हो रहे अन्याय शोषण अवैध कटौती हो रहे। आगे प्रदर्शन कारियों का कहना रहा कि आरएम के निर्देश के बाद भी अच्छी इनकम के मार्गों पर बसों का पूर्ण संचालन न करना कर्मचारियों का उत्पीड़न आदि अनेक समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। वहीं इसी क्रम में आगामी 21 अक्टूबर को क्षेत्रीय प्रबंधक के माध्यम से कर्मचारी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। साथी कर्मचारियों को उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ द्वारा घोषित आय बढ़ाओ पखवाड़ा कार्यक्रम को भी जोकि पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है को सफल बनाने की अपील की जायेगी।

पहली पत्नी के वापस आने पर दूसरी से किया किनारा

▸▸ दूसरी पत्नी को दिया तीन तलाक

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के कैसरबाग इलाके में पहली पत्नी के वापस आ जाने पर दूसरी पत्नी को तीन तलाक दे दिया। विरोध करने पर अपने भाइयों के साथ मिलकर उसे जान से मारने की कोशिश की। पुलिस मामला दर्ज करके जांच कर रही है। बता दें, मोहनलालगंज की रहने वाली महिला का निकाह 2023 में चारबाग लखनऊ के रहने वाले मोहम्मद तारिक अंसारी पुत्र नसरुद्दीन अंसारी के साथ हुआ था। महिला ने बताया कि उसके पति तारिक ने एक हफ्ते पहले बताया कि उसका निकाह 8 साल पहले हो चुका था। अब पहले वाली पत्नी मेरे पास रहना चाहती है, उसके भाई जान से मार देने की धमकी देते हैं। तुम खुद से तलाक ले लो तो जान बच जाएगी। इस पर महिला ने तलाक लेने से मना कर दिया। महिला का आरोप है कि बुधवार को तारिक ने बारादरी कैसरबाग पर मिलने के लिए बुलाया। करीब 3 बजे वो पहुंची। जहां पर उसका पति अपने भाई मोहम्मद आसिफ व मोहम्मद दिलशाद के साथ आया। वहां पति ने तीन बार तलाक बोलकर तलाक दे दिया। विरोध करने पर भाइयों के साथ मिलकर जान से मारने की नीयत से जमीन पर गिराकर मारने लगा। महिला ने शोर मचाया तो आसपास भीड़ जमा हो गई। भीड़ ने मोहम्मद आसिफ को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। इंस्पेक्टर कैसरबाग का कहना है कि केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

2 माह की प्रेग्नेंट महिला से छेड़छाड़

लखनऊ। लखनऊ में गर्भवती महिला से एक युवक ने छेड़छाड़ कर दी। महिला ने विरोध किया तो गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पेट पर लात मारने से महिला की तबीयत बिगड़ गई। महिला की चीख पुकार सुन आस-पास के लोग पहुंचे तो आरोपी युवक पति को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सुशांत गोल्फसिटी के भेड़हन खेड़ा के हसनपुर खेवली में रहने वाली महिला ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर नल से पानी लेने जा रही थी, तभी गांव में ही रहने वाला राजन उससे छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर गंदी गाली देने लगा। पिटाई कर पेट पर लात मारा, जिससे वह जमीन पर गिर गई। महिला ने बताया कि वह दो महीने की गर्भवती है। लोगों के जुटने पर राजन जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। महिला का आरोप है कि जब उसका पति घर पर नहीं रहता है तो आरोपी राजन ओर उसके पिता धर्मपाल अक्सर रात में अपनी छत पर आकर गाली गलौज कर झांकते हैं और ईट पत्थर फेंकते हैं। मामले में सुशांत गोल्फसिटी पुलिस का कहना है कि पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है, जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

नाबालिग छात्र से क्लासमेट ने 6 लाख ऐंठे,11वीं के छात्र का कारनामा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के गोमतीनगर स्थित प्राइवेट स्कूल के छात्र से बहन को अगवा करने की धमकी देकर 7 लाख रुपए नगद और जेवर ऐंठ लिए। धमकी देने वाला उसका क्लासमेट है। आरोपी छात्र एक साल से अपने दोस्त से अलग-अलग तरीके से पैसा ले रहा था। जब ये बात उसकी मां को पता चली तो उन्होंने डांट फटकार कर बात खत्म कर दी। इसके बाद आरोपी छात्र ने धमकी देकर अपने क्लासमेट के लाखों रुपए हड़प लिए। पुलिस शिकायत दर्ज करके जांच कर रही है।

गोमतीनगर के विराटखंड की रहने वाली महिला ने बताया कि उनका 16 बेटा और 6 साल की बेटी पास के ही प्राइवेट स्कूल में पढ़ते हैं। बेटा 11वीं में और बेटी यूकेजी में है। महिला का आरोप है एक साल पहले बेटे की क्लास में पढ़ने वाले क्लासमेट ने उससे मदद के बहाने 20 हजार रुपए की मांग। उनके लड़के ने अलमारी से चुपचाप निकालकर 16 हजार रुपए दे दिए। महिला को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने बेटे के दोस्त को डांटा। तब उसने 14 हजार वापस किए। 2 हजार खर्च हो जाने की बात कही। उन्होंने बच्चों की गलती समझकर मामला खत्म कर दिया। 23 नवंबर 2023 को उसके क्लासमेट ने फिर से पैसे की मांग की। तब उनका लड़का मुकर गया। इसके बाद बेटे के क्लासमेट ने स्कूल से बाहर निकलते ही उसकी छोटी बहन को अगवा करने और दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए 2.5 लाख की डिमांड की। उसकी बातों से डरे सहमें लड़के ने अलमारी से पैसा निकालकर उसकी डिमांड पूरी कर दी। इसके बाद आरोपी क्लासमेट ने धीरे-धीरे करके 6 लाख नगद व घर में रखे एक सोने की चेन और दो हार हड़प लिए। कुछ दिन बाद महिला काम के लिए पैसा निकालने के लिए अलमारी खोली तो सब गायब मिला। उन्होंने अपने बेटे से कड़ाई से पूछताछ करी तो उसने पूरी घटना बताई। जिसके बाद उन्होंने स्कूल जाकर जानकारी जुटाई तो स्कूल ने मदद नहीं की। इसके बाद थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। इंस्पेक्टर गोमतीनगर राजेश त्रिपाठी का कहना है कि साक्ष्य के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

खेत में निकला 12 फिट का अजगर

मलिहाबाद। मलिहाबाद में मंगलवार को खेत जोत रहे किसान के ट्रैक्टर के सामने 12 फिट का अजगर आ गया। अजगर को देख किसान सहमा और उसने ट्रैक्टर रोक दिया। शोर मचाकर ग्रामीणों से मदद मांगी। आसपास मौजूद किसान दौड़े। अजगर देख किसान एक जाल लाए। जाल की मदद से अजगर को पकड़कर वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने अजगर का रेस्क्यू कर रहमान खेड़ा के घने जंगलों में छोड़ दिया। बिराहिमपुर गांव निवासी किसान जगजीवन रावत मंगलवार सुबह करीब 11 बजे गांव के पास स्थित अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई करा रहे थे। उसी दौरान अचानक करीब 12 फिट लम्बा अजगर उनके ट्रैक्टर के सामने आ गया। यह देख जगजीवन ने ट्रैक्टर वहीं रोकवा दिया। ग्रामीणों ने एक जाल की मदद से अजगर को पकड़ कर वन विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे वनकर्मी राजाराम ने उस अजगर को पकड़कर रहमान खेड़ा के घने जंगलों में छोड़ दिया।

लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने सेना चिकित्सा कोर कमांडेंट का संभाला पदभार

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने सोमवार को लखनऊ छावनी स्थित सेना चिकित्सा कोर केंद्र और कॉलेज का कमांडेंट व प्रभारी अधिकारी एएमसी रिकॉर्ड का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह मुख्यालय उत्तरी कमान में एमजी मेड थे।

मंगलवार को वह एएमसी सेंटर और कॉलेज में आयोजित समारोह में शामिल हुए। युद्ध स्मारक श्रद्धांजलि पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सेना मेडिकल कोर के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वह चिकित्सा कोर, केंद्र और कॉलेज के ओपन एयर ऑडिटोरियम में आयोजित एक विशेष सैनिक सम्मेलन में शामिल हुए।

यहां अधिकारियों, जेसीओएस, अन्य रैंकों और रंगरूटों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करने के महत्व पर जोर दिया, ताकि सशस्त्र बल कर्मियों को व्यापक और कुशल स्वास्थ्य देखभाल प्रदान की जा सके। उन्होंने एक प्रशिक्षक की जिम्मेदारी सौंपे जाने और सभी प्रशिक्षुओं के लिए रोल मॉडल बनने पर गर्व करने की आवश्यकता भी दोहराई।

2 हजार रेजिडेंट डॉक्टरों का प्रदर्शन

▸▸ एसजीपीजीआई में नहीं बने नए परचे, मरीज इलाज के लिए भटक रहे

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एक बार फिर रेजिडेंट डॉक्टरों का विरोध-प्रदर्शन रफ्तार पकड़ रहा है। मंगलवार को विरोध प्रदर्शन तेज होने के साथ रेजिडेंट हड़ताल पर भी उतर गए। इससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले कोलकाता की घटना के दौरान रेजिडेंट डॉक्टरों की हड़ताल की थी। तब बड़ी संख्या में मरीज और तीमारदार इलाज को तरसे थे। कई मरीजों की सर्जरी भी टालनी पड़ी थी। एसजीपीजीआई के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के प्रभारी डॉ. अंशुमान सिंह ने बताया कि आज से सभी रेजिडेंट डॉक्टर इलेक्टिव सर्विस का बायकॉट कर रहे हैं। जो भी इमरजेंसी या एसेंशियल सर्विस होंगी, उनका काम जारी रहेगा। ओपीडी में रेजिडेंट डॉक्टर नहीं होंगे, वहां फैकल्टी ही इलाज करेगा। लखनऊ के एसजीपीजीआई अस्पताल में आसाम से इलाज कराने पहुंचे पिंटू गुप्ता का कहना है कि पैर में तकलीफ है। सुबह जब अस्पताल पहुंचे तो काफी भीड़ लगी थी। लोगों से पूछा तो पता चला कि यहां पर आज डॉक्टर नहीं बैठेंगे। आज डॉक्टरों की हड़ताल है। इधर,एसजीपीजीआई अस्पताल में ही देवरिया से शंभू और गोरखपुर से आए सुजीत साहू पहुंचे। शंभू कहते हैं कि मां का इलाज कराने आए हैं। यहां आकर पता चला कि डॉक्टरों की हड़ताल है। पहले से पता होता तो आज न का कर किसी और दिन आते या फिर दूसरी जगह जाकर दिखा देते। गोरखपुर से आए सुजीत साहू ने बताया कि आंखों में समस्या है। यहां आकर पता चला कि हड़ताल है। अब समझ में नहीं आ रहा है कि क्या करें। फेडरेशन ऑफ इंडियन मेडीकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय महासचिव और केजीएमयू के रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. दिव्यांश सिंह कहते हैं कि कोलकाता की घटना के बाद से 2 महीने से देश भर के डॉक्टर सहित हम लोग भी प्रोटेस्ट कर रहे थे। इस बीच चीफ जस्टिस ऑफइंडिया ने जब काम पर लौटने की गुहार लगाई तो हम सभी वापस काम पर लौट आए। पर हालात अभी भी बदले नहीं है। यही कारण है कि हम भूख हड़ताल पर जा रहे हैं। और ये तब तक जारी रहेगा जब तक हमें न्याय नहीं मिलता। रेजिडेंट डॉक्टर के विरोध प्रदर्शन के बीच एसजीपीजीआई में दिखाने आए मरीजों के परचे नहीं बने। इससे मरीज व तीमारदारों को परेशानी उठानी पड़ी। लोग यहां से वहां भटकते नजर आए। अमूमन यही हाल शहर के दूसरे प्रमुख सरकारी अस्पतालों का भी रहा।

पूर्वोत्तर रेलवे चलायेगा 94 स्पेशल ट्रेनें: डीआरएम

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ।आगामी दीपावली व छठ पर्व पर रेल यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल कुल मिलाकर 94 स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा जिनमें से आधे से अधिक मंडल के विभिन्न स्टेशनों से ओरिजनेट होकर चलेंगी। यह जानकारी मंगलवार को पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल डीआरएम आदित्य कुमार ने मीडिया कर्मियों
को दी। उन्होंने बातचीत में कहा कि इसके अलावा पर्व के दौरान जन सुविधाओं के मद्देनजर 100 से अधिक अतिरिक्त डिब्बे भी टे:नों में लगाये जायेंगे। दरअसल, डीआरएम स्वच्छता ही सेवा 2024 के तहत भारतीय रेलवे में गत 14 सितंबर से एक अक्टूबर तक चले इस महाअभियान के तहत मंडल में आयोजित की गई विभिन्न प्रतियोगिताओं, अभियानों व कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दे रहे थे। इसी क्रम में डीआरएम ने यह भी बताया कि त्यौहारी भीड़ में खासकर महिला यात्री सुरक्षा के तहत महिला आरपीएफ टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ ऐसी परिस्थितियों को नियंत्रित करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगी। इसके अलावा चेकिंग स्टॉफ और अन्य टीमें भी पर्व के दौरान यात्री सुविधाओं के तहत अपनी ड्यूटी करती रहेंगी।

एंबुलेंस ड्राइवरों ने डिप्टी सीएम का आवास घेरा

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में एंबुलेंस ड्राइवरों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास का घेराव किया है। ड्राइवर जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। इनका आरोप है कि 20 दिन पहले भी प्रदर्शन किया था। उस समय डिप्टी सीएम ने एक सप्ताह में समस्या का समाधान करने का वादा किया। लेकिन अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। मौके पर पहुंची पुलिस प्रदर्शन कर रहे एंबुलेंस ड्राइवरों को हटाने का प्रयास कर रही है। प्रदर्शन में शामिल पांच लोगों के डेलिगेशन को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मुलाकात के लिए बुलाया है। बांकी लोगों को पुलिस ने हिरासत में लेकर इको गार्डन पहुंचा रही है। प्रदर्शनकारियों ने निजी कंपनी के खिलाफ नौकरी से निकालने, शारीरिक, मानसिक शोषण करने सहित कई गंभीर आरोप लगाए हैं। एंबुलेस ड्राइवरों का कहना है कि कोरोना के समय नौकरी दी गई। उस समय कई कर्मचारियों ने अपनी जान भी गंवाई, लेकिन अब नौकरी से निकाला जा रहा है। इसीलिए जीवनदायिनी स्वास्थ्य विभाग 108-102 एंबुलेंस कर्मचारी संघ के बैनर तले प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शन में शामिल गोरखपुर के राहुल वर्मा का कहा कि कोरोना में एंबुलेंस चालकों और मेडिकल कर्मचारियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर सेवाएं दीं। 108 और 102 एंबुलेंस कर्मचारियों ने पूरे प्रदेश के मरीजों की सहायता की। कोरोना के बाद हमको बेरोजगार कर दिया गया। कई बार हमने गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। अपनी बात रखी। अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई। चालकों का कहना है कि प्रदेश में 20 हजार एंबुलेंस कर्मचारी इस कंपनी में काम करते हैं। कंपनी, कर्मचारियों का शारीरिक और मानसिक शोषण कर रही है। मेंटेनेंस का पैसा भी कंपनी कर्मचारियों के वेतन से काट रही है। विरोध करने वालों को बर्खास्त कर दिया जाता है। कई लोगों पर फर्जी केस भी दर्ज कराए गए हैं।

मोबाइल ऐप से जनरल टिकटों की बुकिंग हुई आसान

लखनऊ। यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप की सहायता से यात्री अपने घर से अनारक्षित टिकट बुक कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी ने बताया कि क्यूआर कोड स्कैन के माध्यम से अनारक्षित और आरक्षित टिकट काउंटर्स पर टिकट राशि का भुगतान कर टिकट प्राप्त करने की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है। आगे बताया कि डिजिटल/कैशलैस को बढ़ावा देने को अनारक्षित टिकट प्राप्त करने को और आसन किया गया है, ताकि यात्रियों को स्टेशन पर टिकट की लाइन में न लगना पड़े। भारतीय रेलवे ने यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप से जनरल टिकट बुकिंग सिस्टम में बदलाव किया है। यात्री पहले स्टेशन से निर्धारित दूरी के अन्दर ही यूटीएस ऑन मोबाइल ऐप द्वारा अनारक्षित टिकट बुक कर सकते थे। लेकिन अब इस जिओ फेंसिंग दूरी सीमा को हटा दिया गया है।

अतिक्रमण हटाने पर रोने लगा दुकानदार

▸▸ बिना आवंटन लगा रहा था चार दुकानें

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। लखनऊ नगर निगम जोन एक की टीम ने मंगलवार को राणा प्रताप मार्ग पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान एक दुकानदार, पुलिस और नगर निगम की टीम के सामने फफक-फफक कर रो पड़ा। उसने कहा- कुछ लोगों को परेशान करने के लिए यह अभियान चलाया गया है।

अगर उसकी दुकान हटाई जाती है तो सबके सामने आत्महत्या कर लेगा। इस दौरान करीब 30 मिनट तक बवाल चलता रहा। वहीं मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि संबंधित दुकानदार सर्वोदय तिवारी को वेंडिंग जोन में दुकान आवंटित नहीं है। उसके बाद भी उसने एक की जगह चार दुकानें लगा लिया है। हम जिस दुकान को हटाने जा रहे है। उसका कहना है कि यह मेरी दुकान है। ऐसे में उसकी दुकान हटाई गई। उसके अलावा यहां कई दुकानदार ऐसे हैं, जिन्होंने एक ही जगह पर दो से तीन दुकानें लगाई है। यहां तक की तय सीमा से ज्यादा क्षेत्रफल पर कब्जा कर लिया है। जिसकी वजह से अक्सर जाम लग जाता है।

निगम टैक्स इंस्पेक्टर राजा ने बताया कि मौके पर 6/6 की दुकान आवंटित है। यहां लोगों ने इसका दोगुना तक कब्जा किया हुआ है। 15 दुकानों के लिए जगह है, उसमें 25 दुकानें चल रही हैं। यहां तक की एक चाय वाले ने तीन दुकानें लगाने के साथ सामने कुर्सी और मेज भी रख दिया था। कुछ लोगों का सामान भी नगर निगम की टीम ने उठाया है। मेयर सुषमा खर्कवाल ने सोमवार को बैठक की थी। उसमें जोन एक में 15 दिन के अंदर अतिक्रमण हटाने को कहा था। उसके बाद सुबह से ही जोन एक के अलग-अलग इलाके में अभियान चलाया गया। इस दौरान करीब 4 ट्रक सामान जब्त किया गया। एक दिन पहले इंदिरा नगर एचएएल के आस-पास अभियान चलाया गया था।

आउटसोर्स कर्मचारियों की छंटनी से भारी आक्रोश

लोकमित्र ब्यूरो

लखनऊ। तालकटोरा में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ की बैठक की गई। जिसमें मंगलवार को प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद खालिद ने कहा पावर कार्पोरेशन प्रबंधन द्वारा कुल कर्मचारियों कि संख्या का लगभग 51 प्रतिशत भाग के बराबर कर्मचारियों की तैनाती कर बिजली के लाइनों का अनुरक्षण,सब स्टेशनों का परिचालन,राजस वसूली, विद्युत विक्षेदन आदि कार्य कराया जा रहा है, कर्मचारियों की संख्या कम होने के कारण उनके ऊपर कार्य का अधिक भार पड़ने से बड़े पैमाने पर दुर्घटनाएं हो रही है जिसमें प्रत्येक वर्ष सैकड़ो कर्मचारियों को जान गंवानी पड़ रही हैं। देवेन्द्र कुमार पाण्डेय,प्रदेश महामंत्री ने कहा कि ऐसे में कर्मचारियों की छंटनी करने से जहां एक तरफ उपभोक्ताओं को बिजली मुहैया कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा तो वहीं दूसरी तरफ कर्मचारियों की दुर्घटनाओं में वृद्धि होगी।

जिसको ध्यान में रखकर संगठन द्वारा तालकटोरा लखनऊ में बैठक कर छंटनी का विरोध किया गया और दिपावली पर्व से पूर्व अक्टूबर 2024 के वेतन का भुगतान करने कि मांग कि गई अन्यथा की स्थिति में छंटनी के विरोध में दिपावली से पहले आन्दोलन शुरू करने का निर्णय लिया गया।

यूवाईडीएस हापुड़ को मिली आसान जीत

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद। जेके स्पोर्ट्स मैनेजमेंट की ओर द्वारा आयोजित मनजीत कौर मैमोरियल अंडर 13 क्रिकेट टूर्नामेंट में यूवाईडीएस हापुड़ को आसान जीत मिली। टीम ने वसुंधरा इलेविन क्रिकेट अकैडमी को 95 रन से हरा दिया। टीएनएम ट्रस्ट क्रिकेट ग्राउंड राजनगर एक्सटेंशन पर खेले गए मैच में यूवाईडीएस हापुड़ ने पहले टॉस जीता व बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 6 विकेट खोकर 182 रन बना दिए। यजुर तेवतिया ने नाबाद शानदार 83 रन की पारी खेली। वहीं आरव शर्मा ने 31 रन का योगदान दिया। वसुंधरा इलेविन क्रिकेट अकैडमी के कप्तान आरव, ग्रंथिक नेगी व अयान त्यागी को 2-2 विकेट मिले। 183 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वसुंधरा इलेविन क्रिकेट अकैडमी 24.1 ओवर में 87 रन बनाकर आउट हो गई। जॉर्डन रावत व कप्तान ने 22-22 रन का योगदान दिया। कनिष्क शर्मा व कार्तिक गहलोत को 3-3 विकेट प्राप्त हुए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार कनिष्क शर्मा को दिया गया।

विधि महोत्सव-2024 का भव्य समापन

मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति नवीन सिन्हा, जज (रि), सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया रहें

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। नोएडा के महर्षि सूचना प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के परिसर में बीते दिनों महर्षि लॉ स्कूल के द्वारा आयोजित महर्षि महेश योगी राष्ट्रीय विधि महोत्सव-2024 का भव्य समापन हुआ। राष्ट्रीय विधि महोत्सव के अंतिम दिन राष्ट्रीय मूट कोर्ट और क्लाइंट काउंसलिंग, जजमेंट राइटिंग, इंटरनेशनल कांफ्रेंस और विधायी प्रारूपण प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए। इस आयोजन में देश के 50 से अधिक विश्वविद्यालयों और विधि महाविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले 275 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया. इस अवसर पर विश्वविद्यालय के चांसलर अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों, विद्यार्थियों और विभाग के लोगों को अपनी शुभकामनाएं दी।

समापन सत्र की शुरुआत परंपरागत गुरु पूजन के साथ हुई. मुख्य अतिथि माननीय न्यायमूर्ति नवीन सिन्हा के आगमन पर स्वस्ति वाचन किया गया. कुलपति प्रो. डॉ. भानु प्रताप सिंह ने अतिथियों के स्वागत में भाषण दिया. डीन प्रो. डॉ. केबी अस्थाना ने एमयूआईटी और महर्षि लॉ स्कूल के विकास पर एक प्रस्तुति दी. एमयूआईटी के महानिदेशक प्रो. (ग्रुप कैप्टन) ओपी शर्मा ने जस्टिस सिन्हा का स्वागत किया, विशिष्ट अतिथि अश्विनी कुमार दुबे का डीन-अकादमिक डॉ. तृप्ति अग्रवाल ने स्वागत किया।

आईसीएसआई द्वारा आईक्यूएसी के सहयोग से आयोजित राष्ट्रीय विधि महोत्सव के अंतिम दिन राष्ट्रीय मूट कोर्ट, अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस, क्लाइंट काउंसलिंग, जजमेंट राइटिंग, लेजिस्लेटिव काउंसलिंग प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए।इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के आयोजन का मकसद ऐसा माहौल बनाना रहा जहाँ शोध विद्यार्थी, लॉ संकाय और कानून के विशेषज्ञ, आपस में जुड़ सकें, अवसरों, संभावनाओं पर चर्चा कर सकें और कानूनी क्षेत्र में विकास के बारे में ज्ञान साझा कर आगे बढ़ सकें । राष्ट्रीय विधि महोत्सव के आयोजन में लॉ चक्र ने छह प्रायोजकों (ज्यूरिस्ट एंड ज्यूरिस्ट लॉ फर्म, नक्स एंड एसोसिएट्स, एसवी एसोसिएट्स, एसएस राणा लॉ फर्म, महिंद्रा लॉ अकादमी, मनुपात्रा) के साथ मीडिया पार्टनर के रूप में सहभागिता की और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी एवं आईसीएसआई इस कार्यक्रम के प्रायोजक रहे। इस अवसर पर डॉ. अमिता राठी, डॉ. कामशाद, डॉ. विकास, डॉ. स्वप्निल, डॉ. ऋतु, मि. अरुण, मि. सुमर, मि. केतन, मिस. प्रभा, मिस. रिया, मिस.सौम्या, मिस. नीलम, तथा लॉ के सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

जेएमएसआईटी गाजियाबाद ने पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

गाज़ियाबाद। जेएमएसआईटी, गाजियाबाद अपने छात्रों को 100त प्लेसमेंट की ऑन स्टांप गारंटी देने के अपने वादे को निभाने और क्षेत्र के छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में, संस्थान के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट विभाग की प्रमुख, मिस तनवी गौर और उनकी टीम ने प्रो. राहुल और प्रो. पवन कुमार के सहयोग से एक सफल पूल कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। इस ड्राइव में ई-कॉमर्स कंपनी ट्रेड्स फॉक्स के सीनियर एचआर ऑफिसर, मिस अंजली वर्मा, मैनेजर मिस तनवी और डिंपी, तथा मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव आदेश ने बिजनेस डेवलपमेंट एग्जीक्यूटिव पद के लिए लिखित परीक्षा और तीन चरणों में साक्षात्कार लिए। यह प्लेसमेंट ड्राइव बीबीए, बीकॉम और एमबीए के उन छात्रों के लिए आयोजित किया गया था, जिनका पाठ्यक्रम वर्ष 2024 या 2025 में पूर्ण होगा। कंपनी ने इंटर्नशिप और फुल-टाइम एम्प्लॉयमेंट के दो पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किए। चयनित इंटर्न्स को 5000 से 7000 रुपये मासिक स्टाइपेंड मिलेगा, जबकि फुल-टाइम कर्मचारियों को 2.5 से 3.5 लाख रुपये वार्षिक वेतन की पेशकश की गई है। संस्थान के अनुसार, 11 छात्रों का चयन किया गया है और सभी की नियुक्ति नोएडा क्षेत्र में होगी। कंपनी के अधिकारी और प्लेसमेंट ड्राइव में शामिल हुए सभी छात्र संस्थान की मेजबानी और सुविधाओं से पूरी तरह संतुष्ट और प्रसन्न नजर आ

उप जिलाधिकारी अलीगंज में बैठक कर पराली प्रबंधन के बारे में दी जानकारी

पराली जलाने पर की जाएगी कार्यवाही, करें गौशाला मे दान

लोकमित्र ब्यूरो

अलीगंज/एटा। उप जिलाधिकारी अलीगंज नें थाना नयागांव मे बैठक कर पराली प्रबंधन के बारे में जानकारी दी साथ ही अपील की कि समस्त काश्तकार पराली को गौशाला में दान करने को प्रोत्साहित किया गया। उपजिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता द्वारा क्षेत्र नयागांव में खण्ड विकास अधिकारी अलीगंज गोपाल गोयल, सहायक विकास अधिकार, थानाध्यक्ष नयागांव रितेश ठाकुर, प्रधान एंव काश्तकारों के साथ ग्राम पंचायत घर में बैठकर पराली प्रबंधन के बारे में बताया गया कि कोई भी कम माइंड हारवेस्टर के बिना सुपर स्ट्रा मेनेजमेंट सिस्टम को यदि चलते हुये पाया तो उसको सील कर दिया जाएगा। कोई भी काश्तकार पराली को नहीं जलाए अन्यथा आर्थिक दंड की कार्यवाही की जाएगी। उपजिलाधिकारी अलीगंज द्वारा समस्त काश्तकारों को पराली को गौशाला में दान करने को प्रोत्साहित किया गया।

दुर्गा पूजा एवं नवरात्री समारोह धूमधाम से मनाया गया

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा। दुर्गा पूजा एवं नवरात्री के पावन अवसर पर विक्ट्री क्रास रोड सोसाइटी सेक्टर 143बी में इस बार द्वितीय वर्ष दुर्गा पूजा पंडाल की स्थापना की गयी ।

विक्ट्री क्रास रोड दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष श्री अंजन दत्ता एवं श्रीमती कविता सिंह सहित सभी प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा इस उत्कृष्ट कार्य को संपन्न किया गया, तथा उन्होंने अपनी पूरी टीम को इस गौरवपूर्ण कार्य के लिए बधाई भी दी।

पूजा में सम्मिलित सोसाइटी तथा सेक्टर के सभी निवासियों ने इस कार्य की काफी सराहना की, एवं आगामी वर्ष के लिए पुनः स्थापना के लिए आग्रह भी किया ।

माँ दुर्गा को विधि विधान से पूजन कराने के उपरांत विसर्जित किया गया।

पुराने हैबतपुर में भव्य कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

नोएडा आदर्श रामलीला समिति, ग्रेटर नोएडा के सौजन्य से अध्यक्ष कन्हैया गुप्ता के प्रयास , और राष्ट्रीय कवयित्री, संचालिका पल्लवी त्रिपाठी के सहयोग से अंतर्राष्ट्रीय कवि आदरणीय भैया डॉ. दिनेश रघुवंशी की अध्यक्षता में एक सफल, शानदार कवि सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसका संचालन पल्लवी त्रिपाठी ने किया। श्री आदर्श रामलीला कमेटी के राजकुमार दुबे, पप्पू पाण्डेय, महेश लोधी,प्रमोद यादव,राजा भगेल,विजय कुमार,अनिल भगेल,धर्मवीर शर्मा, अमरकंत झा,सचिन कुमार,शम्भूनाथ सिंह,मनोज दास, रंजन झा,मोहित पाल, परस राम,राम प्रसाद चौहान,परशुराम सिंह,रंजीत कनोजिया,रंजीत दास, राजेश विश्वकर्मा,अजय यादव,कमेटी के सभी सदस्यों एवं कवियों के द्वारा दीप-प्रज्वलन के पश्चात डॉ. ज्योति राहुल उपाध्याय ने वाणी वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कवि ईशान देव जी, आगरा ने मंच पर जिस प्रकार के काव्यपाठ से शुभारंभ किया उस ने श्रोताओं को आगे के कार्यक्रम की बानगी दिखा दी। कृपाल त्रिपाठी जी का हास्य-विनोद सराहा गया तो आदरणीय एलेश अवस्थी जी , आगरा ने हमेशा की तरह धमाकेदार काव्य पाठ किया। डॉक्टर ज्योति ने अपने सुमधुर गीतों से सब का मन मोह लिया।

सहारनपुर से आमंत्रित मोहित संगम ने सबको अपने ओजस्वी काव्य पाठ से संमोहित किया तो विनोद पांडेय नोएडा ने अपने हास्य के सदाबहार छंदों से कार्यक्रम को ऊंचाइयां प्रदान की। ए. पी. सिंह ने अपनी चिर-परिचित अंदाज़ में देशभक्ति की रचनाएं प्रस्तुत की।

मिसाइल की जयंती पर सपा नोएडा महानगर ने याद कर उन्हें नमन किया

देव मणि शुक्ल

नोएडा । सपा नोएडा महानगर संगठन द्वारा सपा नोएडा महानगर कैंप कार्यालय सेक्टर 53 नोएडा में नोएडा महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता की अध्यक्षता में भारत रत्न डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर समाजवादी साथियों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन करने का काम किया। महानगर अध्यक्ष डॉक्टर आश्रय गुप्ता ने कहा की डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम ने हमें सिखाया की जीवन में चाहे जैसे भी परिस्थिति क्यों ना हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं। उन्होंने 2002 से 2007 तक भारत के 11 वें राष्ट्रपति के रूप में कार्य किया। वहीं प्रदेश सचिव सुनील चौधरी ने कहा कि देश के 1998 के परमाणु हथियारों के प्रशिक्षण में उनकी अपार भूमिका ने भारत को एक परमाणु शक्ति के रूप में मजबूत किया। वही मीडिया प्रभारी गौरव कुमार यादव ने कहा कि डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम शिक्षा के प्रारंभिक काल में अखबार बेचकर अपनी पढ़ाई पूरी की और अपने घर परिवार के सदस्यों का पालन पोषण भी किया। कार्यक्रम का संचालन नोएडा महानगर महासचिव विकास यादव ने किया।

कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य लोगों में मोहम्मद नौशाद,

वीरपाल प्रधान, टीटू यादव, रामवीर यादव, तनवीर हुसैन, बाबूलाल बंसल, लोकेश यादव ,शेखर यादव शहीद उस्मानी ,अमित बसोया, राहुल यादव, अशरफ, सौरभ चौहान, अच्छे मियां,सिकंदर पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

देश की बड़ी शख्सियत थे अब्दुल कलाम साहब आसिफ सैफी

युथ कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती धूमधाम से मनाई

लोकमित्र ब्यूरो

गाज़ियाबाद। भारत रत्न, विश्व विख्यात महान वैज्ञानिक, अद्वितीय शिक्षक, देश के प्रति अभूतपूर्व समर्पण और सत्यनिष्ठा से देश की सेवा करने वाले भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर यूथ कांग्रेस कार्यालय पर जिला अध्यक्ष आसिफ सैफी के नेतृत्व में युवाओं ने कलाम साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया गया । पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी की जयंती पर युथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष आसिफ सैफी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता उमेश शर्मा, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिलाध्यक्ष सलीम अहमद ने उन्हें याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आवाहन युवाओं से किया।

प्रेम प्रकाश चीनी प्रदेश सचिव सेवा दल , ताज राणा ज़िला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस , उज्जवल गर्ग ज़िला उपाध्यक्ष युवा कांग्रेस, रौनक़ , बादल , हिमानशू आकाश , संजय, सोनू, लक्की आदि।

राज्य सफ़ाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश का गठन ना होने से कर्मचारियों का विभागों में हो रहा है शौषणः मोनू सूद

लोकमित्र ब्यूरो

गाजियाबाद । राष्ट्रीय मानव अधिकार भ्रष्टाचार निवारण भारत के युवा महानगर अध्यक्ष श्री मोनू सूद ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार क अनदेखा कर रही है। उत्तर प्रदेश राज्य सफ़ाई कर्मचारी आयोग व अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश का नहीं कर पा रही है गठन जिसका खामियाजा वाल्मीकि समाज को नगर निगम नगर पालिका परिषद नगर पंचायत व अन्य विभागों में उठाना पड़ रहा है । इस समय वास्तव में इनका नेतृत्व करने वाला कोई नहीं है और ना ही कोई वाल्मीकि विधायक केबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मै है । और जिस तरह से अल्पसंख्यक आयोग से सरकार ने दूरी बना रखी है उसी प्रकार राज्य सफाई कर्मचारी आयोग से भी उत्तर प्रदेश सरकार ने दूरी बना रखी है । उन्होंने कहा कि वाल्मीकि समाज के कर्मचारियों का शौषण उतर प्रदेश के विभिन्न विभागों में किया जा रहा है इसके बारे में सरकार को हड़ताल के माध्यम से समय समय पर विभिन्न संगठन अवगत भी कराते रहे हैं । उत्तर प्रदेश के कर्मचारियों द्वारा भारतीय जनता पार्टी को वोट भी किया जाता हैं फिर भी इनकी अन देखी की जा रही है । अब देखना यह है की उत्तर प्रदेश सरकार राज्य सफ़ाई कर्मचारी आयोग उत्तर प्रदेश का गठन करके कर्मचारियों का शौषण होने से बचा पाती हैं या नहीं और किसको नेतृत्व करने का अवसर प्रदान करती है अथवा ऐसे ही उत्तर प्रदेश के विभागों में वाल्मीकि समाज का शोषण होता रहेगा ।

शहर में चलने से पहले महाकुंभ में चलेंगी ई-बसें

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। शहर में चलने से पहले रोडवेज की ई-बसें प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ में चलेंगी। गाजियाबाद रीजन में दिसंबर से बसें आनी शुरू हो जाएंगी। बसों के आते ही इन्हें पहले महाकुंभ मेले में चलने के लिए भेजा जाएगा। मेला खत्म होने के बाद यह बसें शहर में लौटेंगी और 250 किलोमीटर के दायरे में चलाई जाएंगी। रोडवेज के सेवा प्रबंधक वीके चौधरी ने बताया कि तमिलनाडु में ई-बसें बन रही हैं। रीजन में 38 ई-बसें आने के बाद इन्हें प्रयागराज भेजा जाएगा। मेले में इन ई-बसों को शटल सेवा के रूप में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि बसों को चार्ज करने के लिए साहिबाबाद डिपो में चार्जिंग प्वाइंट बनाया जाएगा। इसके लिए मुख्यालय से टेंडर जारी किया जा रहा है। जल्द ही तीन एमबीए और पांच एमबीए के आठ चार्जिंग प्वाइंट लगने और विद्युत कनेक्शन का काम शुरू होगा। महाकुंभ के बाद ई-बसों को कौशांबी से हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, अलीगढ़, कासगंज, आगरा, मथुरा, शामली, मेरठ, धामपुर, कालागढ़ से जुडेंगी जिससे आवाजाही करने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न होने पाए। गाजियाबाद रीजन की 390 सीएनजी बसें भी महाकुंभ में जाएंगी। यह बसें 24 जनवरी से 7 फरवरी तक महाकुंभ में रहेंगी। क्षेत्रीय कार्यालय से बसों की सूची बनाकर मुख्यालय भेज दी गई है। रीजन के क्षेत्रीय प्रबंधक केशरीनंदन चौधरी ने बताया कि शासन ने गाजियाबाद से 600 बसों की मांग की थी। खुर्जा-62, बुलंदशहर-58, सिकंद्राबाद-50, हापुड़-75, लोनी-80 और साहिबाबाद-65 बसों का प्रस्ताव भेजा गया है।

बेसिक शिक्षा निदेशक पर भारी पड़ी खण्ड शिक्षा अधिकारी जलेसर

लोकमित्र ब्यूरो

जलेसर/एटा। प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री सन्दीप सिंह के प्रभार वाले स्थानीय जनपद में विभागीय अधिकारियों की अनुशासनहीनता चरम पर है। जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात एक महिला खण्ड शिक्षा अधिकारी की दबंगई के चर्चे जिले के हर ब्लॉक में है। बेसिक शिक्षा निदेशक उत्तरप्रदेश द्वारा लगभग साढ़े तीन महीने पूर्व किये गये स्थानांतरण आदेश के बाबजूद अभी तक यह खण्ड शिक्षा अधिकारी जनपद से कार्यमुक्त तक नही हुई है। परिणामस्वरूप यह खण्ड शिक्षा अधिकारी विभाग के बेसिक शिक्षा निदेशक पर भारी पड़ती दिखाई पड़ रही है। विदित हो कि बेसिक शिक्षा निदेशक उत्तरप्रदेश द्वारा गत 30 जून 2024 को एक स्थानांतरण आदेश जारी किया गया था। जिसमे प्रदेश के लगभग 34 खण्ड शिक्षा अधिकारियों के तबादले किये गये थे। जिसमें खण्ड शिक्षा अधिकारी जलेसर नीलम सिंह का स्थानांतरण एटा जनपद से अलीगढ़ जनपद के लिए किया गया था। मगर लगभग 105 दिन बीत जाने के बाबजूद खण्ड शिक्षा अधिकारी जलेसर नीलम सिंह को अलीगढ़ जनपद के लिए कार्यमुक्त नही किया गया है। सूत्रों की माने तो बेसिक शिक्षा निदेशालय से बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को इस संदर्भ में स्मृति पत्र भी भेजा जा चुका है। इसके बावजूद भी बीईओ जलेसर को कार्यमुक्त नही किया जाना जिले के बुद्धिजीवियों में चर्चा का विषय बना हुआ है। बुद्धिजीवियों का मानना है कि जब प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री सन्दीप सिंह स्वम स्थानीय जनपद के प्रभारी मंत्री है। जब उनके प्रभार वाले जनपद में विभागीय अधिकारी इतने निरकुंश है तो अन्य जनपदों में स्थिति क्या होगी स्वम ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जबकि अलीगढ़ से स्थानांतरित होकर आये खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिकिशोर सिंह द्वारा बीते सितम्बर माह में मुख्यालय स्थित बीएसए कार्यालय में अपनी आमद करा दी गयी है।

पटाखे ले जा रहे चार लोग किए गिरफ्तार

लोकमित्र ब्यूरो

साहिबाबाद। टीलामोड़ थाना पुलिस ने फरूखनगर मार्ग से बेचने के लिए पटाखे ले जा रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीन अलग-अलग जगहों पर यह कार्रवाई की है। आरोपियों के कब्जे से 6 बोरी पटाखे बरामद हुए हैं। आरोपी दीपावली से पूर्व ही पटाखे की बिक्री और भंडारण करने की फिराक में थे। एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में बिना अनुमति पटाखे बेचने और बनाने पर रोक है। इसके बाद भी कुछ लोग चोरी छिपे पटाखों का कारोबार कर रहे हैं। पुलिस ने इन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया था। टीम ने फरूखनगर गांव मार्ग स्थित खाली मकान से रिजवान उर्फ नफीस और दिलशाद निवासी फर्रुखनगर असालतपुर को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से दो बोरी पटाखे बरामद हुए। इसके बाद पुलिस ने निस्तौली रोड से सुशील निवासी सत्य विहार बुराड़ी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। सुशील के पास से दो बोरी पटाखे बरामद हुए। पूछताछ में सुशील ने बताया कि बरामद पटाखे वह बेचने के लिए ले जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने भारत सिटी के पीछे कच्चे रास्ते से विकास निवासी बुराड़ी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। विकास के पास से भी दो बोरी पटाखे बरामद किए गए हैं। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि अवैध पटाखों को उन्होंने दीपावली के लिए एकत्र करके रखा है। जिससे वह उन्हें बेचकर अधिक लाभ कमा सकेंद्य

संक्षिप्त खबरें

युवक पर नाबालिग किशोरी को भगा ले जाने का आरोप

बांगरमऊ,उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की किशोरी चाऊमिन खरीदने भुड्डा चौराहा गई थी। तभी एक युवक बहला-फुसलाकर उसे बाइक पर बैठा लिया और भाग निकला। पिता ने पुलिस से पुत्री को जल्द बरामद किए जाने की मांग उठाई है। पिता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि कमलेश पुत्र नन्हू ने उसकी 14 वर्षीय बेटी को मोबाइल दिया था। जिसके जरिए युवक अक्सर उसकी बेटी से बात करता था। एक दिन उसने बेटी को मोबाइल पर युवक से बात करते हुए देख लिया था। तब बेटी ने मोबाइल कमलेश का बताया था। बीते 14 अक्टूबर की शाम उसकी बेटी चाऊमीन खरीदने गांव के निकट स्थित भुड्डा चौराहा गई थी। जहां से किशोरी अचानक लापता हो गई। चौराहे के दुकानदारों ने बताया कि एक युवक उसकी बेटी को बाइक पर बैठाकर चला गया है। पिता ने रिपोर्ट में बेटी के साथ किसी अप्रिय घटना की भी आशंका जताई है।

विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने दिया प्रार्थनापत्र

बांगरमऊ,उन्नाव। क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने उपजिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौपा । ज्ञापन में समस्याओं के अतिशीघ्र समाधान की मांग उठाई गई । किसानों द्वारा तहसीलदार रामाश्रय को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि विद्युत विभाग की मनमानी के चलते ग्रामीण क्षेत्र में रात के समय अक्सर बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है । जिसे जहां गांवों में अंधेरा छा जाता है , वहीं सिंचाई भी बाधित हो जाती है । इसके अलावा ग्राम डड़िया सुनौरा में स्वच्छंद विचरण कर रहे आवारा पशु किसानों की फसलें चट कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि फसलों की बुआई चल रही है और साधन सहकारी समितियों पर डीएपी खाद उपलब्ध नहीं है। जिससे किसान परेशान है । ज्ञापन में ग्राम अतरधनी में कमलेश कुशवाहा के दरवाजे से बरम बाबा तक , ग्राम सुनौरा से छोटी डडिया व ग्राम तेरवा से अकबरापुर तक खड़ंजा बनवाने तथा ग्राम हरईपुर में मेंन सड़क तक जाने वाले मार्ग पर स्थित जर्जर पुलिया बनवाने की मांग भी उठाई गई है । ज्ञापन सौंपते समय यूनियन के तहसील अध्यक्ष रामसनेही यादव , रघुवीर , कृष्ण पाल सिंह , रूपनारायण, रेवती रमण , महेश्वर सिंह , बृजेंद्र कुमार , राजाराम , छेदीलाल व रामविलास मौर्य आदि मौजूद रहे।

मधुमक्खियों के हमले में महिला गम्भीर रूप से घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रबड़ी निवासी किसान सुरेश कुमार की पत्नी अनीता देवी 35 वर्ष आज सुबह अपने खेत पर गई थी। तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने महिला पर हमला कर दिया। मधुमक्खियों के जहरीले डंक से अनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई। पति सुरेश कुमार आनन-फानन अपनी घायल पत्नी को यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सब्जियों के दामों में भारी उछाल, हो रही लोगों की जेब खाली

अमेठी। जिले में पिछले दिनों हुई बारिश के वजह से सब्जियों के दामों पर असर पड़ा है। लोगों को सब्जी लेने के लिए अपनी जेब खाली करनी पड़ रही है। जितनी आमदनी नहीं है। उससे कहीं ज्यादा सब्जी लेने में लोगों को परेसानी हो रही है। टमाटर से लेकर बैंगन खीरा लौकी आलू प्याज के दाम में जबरदस्त उछाल आया है। नवरात्रि में चढ़े दाम वापस आने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। खेत में बरसात का पानी लगने के कारण सब्जियां खराब हो गई है।और दाम बढ़ गए हैं। पिछले महीने की तुलना में सब्जियों के दामों में 20 से 30 प्रतिशत का उछाल देखने को मिल रहा है। फूल गोभी आम तौर पर ठंड के मौसम में बाजार में आती है।अब शुरूआती दौर में 30से 35रू बिक रही है। धनियाहरी भी 200रू किलो बिक रही हैं। भिंडी करेला बैंगन खीरा और प्याज की कीमत भी पिछले महीने की अपेक्षा बढ़ी हुई है। आलू और प्याज पर महंगाई का असर पड़ा है। आलू 35से40रू में बिक रही हैं। सब्जियों के थोक और फुटकर बाजार की कीमतों में भी अंतर देखने को मिल रहा है। टमाटर थोक में 60से70रू जबकि फुटकर में,80से100रू में बिक रहा है।इस प्रकार करेला थोक में 40से 50और फुटकर में 80से100रू में बिक रहा है। महंगाई की मार से आम आदमी का हाल-चाल है।

किशनपुर यमुनापुल पर सिथिलता पर ब्यापार मंडल करेगा आंदोलन

किशनपुर, फतेहपुर। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने बताया कि हमारे किशनपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अनिल शुक्ल द्वारा जानकारी दी गई है कि यमुना में आई बाढ़ से पुल क्षतिग्रस्त हुआ था जो अभी तक ठीक नहीं हुआ। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल ने कहा कि पल के क्षतिग्रस्त होने से किशनपुर के व्यापारियों पर इसका असर पड़ता है क्योंकि यह पल दोनों जनपद के व्यापारियों को व्यापार में जोड़ता है जिलाध्यक्ष ने कहा कि पल के क्षतिग्रस्त होने से किसी भी दिन कोई अप्रिय घटना भी हो सकती है जिलाध्यक्ष ने कहा कि अगर आगा मी पर्व दीपावली के पहले यह पुल सही नहीं होगा तो फिर व्यापार मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा, किशनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष अनिल शुक्ल ने कहा कि किशनपुर के व्यापारियों वा नगरवासियों को काफी परे का सामना करना पड़ रहा है,उन्होंने कहा कि व्यापारी आंदोलित होगा तो उसकी सारी जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की होगी।

भारतीय किसान यूनियन मासिक बैठक हुई संपन्न

खागा, फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक द्वारा आज खागा तहसील में मासिक बैठक डाक बंगला में किसानो की समस्या को लेकर तहसील अध्यक्ष महेंद्र सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में की गई मुख्य अतिथि प्रदीप सिंह चौहान प्रदेश उपाध्यक्ष जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह गौतम युवा किसान नेता अंकित सिंह चौहान मौजूद रहे किसानो की कई समस्या बिजली की समस्या राजस्व की समस्या सप्लाई इंस्केटर द्वारा कोटेदारों से राशन कठौती डी ए पी खाद जैसी कई समस्या को लेकर डाक बंगला से तहसील परिसर तक पैदल किसानो ने उपजिला अधिकारी को अवगत कराया उपजिला अधिकारी ने ने आश्वासन दिया अब किसी का राशन नहीं कटेगा और बिजली की समस्या का कैम्प द्वारा समाधान किया बहुत जल्द सहकारी समिति में डीएपी खाद पूर्ति की जाएगी राजस्व संबंधित किसानों की समस्या लिखित में उपजिला अधिकारी महोदय को दी गई संगठन विस्तार भी किया गया आज बैठक लल्लन अजय प्रजापति, रवि मौर्य, बबलू सिंह, मो मुस्ताक, अकिल गौती, उमर प्रश्न गौती कलीम प्रधान गौरा लवकुश सिंह, चंदभान सिंह, सूरजभान सिंह, , निर्भय सिंह समेत सैकड़ो किसान मौजी रहे।

महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का उद्देश्य बीसी सखी

डीएम और सीडीओ के नेतृत्व में अमेठी में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 472 बीसी सखी सक्रिय, अप्रैल से अगस्त 2024 तक किए ₹221 करोड़ के लेन-देन, अर्जित किए ₹54.10 लाख कमीशन

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत और मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के कुशल नेतृत्व में जनपद की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (ह्रक्रस्रू) के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बीसी सखी (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट सखी) के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत जनपद में वर्तमान में 472 बीसी सखी सक्रिय रूप से कार्यरत हैं।

अप्रैल 2024 से अगस्त 2024 के बीच इन बीसी सखियों ने लगभग 5.84 लाख व्यक्तियों के साथ कुल ₹221 करोड़ का लेन-देन किया, जिस पर उन्हें ₹54.10 लाख का कमीशन प्राप्त हुआ। इस दौरान, इन महिलाओं ने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार किया, बल्कि अपनी क्षमता का उपयोग करते हुए आजीविका के नए स्रोतों को वा अपने कौशल को भी विकसित किया।

बीसी सखियों की सफलता में अमेठी के टॉप 10 सखियों का योगदान: जनपद में बीसी सखी के रूप में काम करने वाली महिलाओं में से कई ने विशेष कौशल और समर्पण के साथ बड़ी सफलता अर्जित की है। जनपद की टॉप 10 बीसी सखियों में शामिल हैं।

1. राधा कुमारी - विकासखंड जगदीशपुर, ग्राम इमली गांव
2. अनीता देवी - विकासखंड शुक्ल बाजार, ग्राम किसुनी
3. बिना रानी - विकासखंड भादर, ग्राम मवैया
4. कंचन सिंह - विकासखंड संग्रामपुर, ग्राम भौसिंहपुर
5. निकिता यादव - विकासखंड जगदीशपुर, ग्राम कमरौली
6. इत्शिता बानो - विकासखंड तिलोई, ग्राम कूरा
7. अलका - विकासखंड अमेठी, ग्राम बियसिया
8. प्रतिभा - विकासखंड सिंहपुर, ग्राम फतेहपुर
9. गायत्री देवी - विकासखंड तिलोई, ग्राम करौंका
10. रेविका सिंह - विकासखंड मुसाफिरखाना, ग्राम गन्नौर

इन महिलाओं ने अपने कौशल और समर्पण से न केवल अपनी आय में वृद्धि की, बल्कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव भी लाया है।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने उपायुक्त स्वतः रोजगार को निर्देशित किया है कि जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के उद्देश्य से उनके कौशल के अनुसार उन्हें प्रशिक्षित किया जाए। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं को ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान या अन्य माध्यमों से प्रशिक्षण देकर उनकी आय में वृद्धि की संभावनाओं को और मजबूत किया जाएगा। साथ ही, पात्र लाभार्थियों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत दी गई व्यवस्थाओं के अनुसार योजनाओं से आच्छादित करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि कोई भी महिला इस लाभकारी योजना से वंचित न रहे।

इस पहल का उद्देश्य जनपद की महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से मजबूत करना है।

किसी भी व्यापारी का शोषण नहीं होने पायेगा: अतुल

ऑल इंडिया एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन का महा अधिवेशन सम्पन्न

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। खाद बीज , दवा विक्रेताओं की समस्याओं के निदान हेतु गठित ऑल इंडिया एग्रो इनपुट एसोसिएशन अमेठी के प्रथम अधिवेशन में विशिष्ट अथिति के रूप में गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने व्यापारियों को सुरक्षा के साथ उनके सम्मान की रक्षा का आश्वासन दिया,अतीत के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी का अमेठी आगमन पर स्वागत किया साथ जनपद के व्यापारियों को संगठन के साथ जुड़कर व्यापार करने की प्रेरणा दिया।

व्यापारियों को सभी प्रकार से संगठन से जोड़ने की बात कही प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने कहा कि व्यापारी का शोषण नहीं होने पाएगा ये आश्वासन दिया । सुरेश वर्मा प्रांतीय मंत्री कन्नौज ने ऑनलाइन व्यापार को कृषि क्षेत्र शासन से तत्काल प्रभाव से रोकने की मांग की। जिला बांदा, फतेहपुर ,बाराबंकी, अंबेडकर नगर, रायबरेली ,महोबा प्रयागराज आदि जनपदों के जिला अध्यक्षों ने व्यापारियों को संबोधित किया। जिला कृषि अधिकार निदेशक सत्येंद्र कुमार, जिला कृषि अधिकारी डॉ राजेश कुमार ,कृषि रक्षा अधिकारी हरिओम मिश्रा ने सम्मानित करने के लिए व्यापारियों का आभार जताया जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला ने सभी अतिथियों और व्यापारियों को सम्मेलन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया।

जिला महामंत्री शैलेंद्र जायसवाल, जिला संगठन मंत्री अशोक मौर्य व गौरव सिंह, कोषाध्यक्ष मोहम्मद शमीम, और उपाध्यक्षउपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़, प्रभारी अमेठी राजकुमार मिश्रा ने संचालन किया राधेश्याम मुसहरा और राम सरोज राजपूत बांदा ने प्रभारी राजकुमार मिश्रा को अमेठी संगठन के निर्माण में योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

भारतीय किसान संघ ने मांगो को लेकर सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर। भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें इन लोगों ने मांग किया की किसानों की डीएपी खाद की पूर्ति तयमूल्य 1350 रुपया से अधिक 1500 से 1700 अदा करना पड़ रहा है। जो कि न्यायोचित नहीं है। नहरों में सिल्ट सफाई न होने के कारण खेतों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिससे फसलों को नुकसान पहुंच रहा है। घोड़रोज़ एवं निराश्रित पशुओं की समस्या दिन पर दिन बढ़ती जा रही है इनके कारण फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। जिससे किसान परेशान है।साथी क्रय केन्द्रों का निर्धारण आवश्यकतानुसार किसान हित में हो क्रय केन्द्रों को पारदर्शी व भ्रष्टाचार मुक्त रखते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर किसानों के धान की खरीद की जाए। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में अरिमर्दन सिंह, अंकित सिंह, कुलदीप कुमार, अशोक कुमार, भास्कर सिंह, राजकरण सिंह, छेदीलाल, उदय प्रताप,राजेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

टेन्डर नहीं खुला, सड़क मार्ग निर्माण चालू

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। जिला पंचायत के खेल निराले है। अभी टेन्डर खुला नही और सड़क निर्माण कार्य पहले से ही चालू है। इस खेल से दाल मे काला नजर आ रहा है। अपर मुख्य अधिकारी भी सच्चाई के आगे घुटने टेक रहे है। जिला पंचायत अमेठी के राजापुर-कौहार शाहगढ मार्ग पर फरहदिया नाला पुल से जगदीशपुर होते हुए पूरे गूंगा की ओर लेपन मरम्मत का काम के जिला पंचायत अमेठी ने टेन्डर निकाला था। मंगलवार को टेन्डर खुलना था।लेकिन सड़क मार्ग निर्माण कार्य चल रहा है। जिला पंचायत अमेठी का खेल निराला है। जहॉ रिश्वत ना लेने और रिश्वत ना देने की बात हो रही। लेकिन आज कल जिला पंचायत का राग उलटा पुल्टा नजर आ रहा। सड़क के निर्माण मे पेटी कॉन्ट्रेक्ट पर काम धडल्ले से चल रहा है। अपर मुख्य अधिकारी अमेठी ने बताया कि 1790439 रूपए का टेन्डर किया गया है। सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। इसकी जानकारी नही है।

दंगल में सजेगा नामी गिरामी पहलवानों जमघट, महिला पहलवान भी दिखाएंगी दांवपेंच

लोकमित्र ब्यूरो

बाराबंकी। देवा मेला के दौरान होने वाली तीन दिवसीय दंगल प्रतियोगिता में इस बार देश-विदेश के नामी गिरामी पहलवानों का जमघट लगेगा। जिसमें महिला पहलवान भी अपने-अपने दांव पेच दिखाएंगी। दंगल आयोजन समिति के द्वारा इस बार आने वाले पहलवानों के नाम की घोषणा कर दी गई है। आगामी 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले देवा मेला के दौरान 23 से 25 अक्टूबर तक दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

देवा मेला प्रदर्शनी समिति के सदस्य व दंगल प्रतियोगिता के सचिव चौधरी मो. अशीरउददीन अशरफ अश्शू ने बताया कि साबिर पहलवान त्रिलोकपुर के संचालन में दंगल का आयोजन होगा। जिसमें इस बार जोगिंदर पहलवान राजस्थान, अशोक पहलवान दिल्ली, अरविन्द पहलवान बनारस, आशीष पहलवान मेरठ, हरी पहलवान हरियाणा, रोहित पहलवान हिमाचल प्रदेश, हिमांशु पहलवान गाजियाबाद, शौकत पहलवान जम्मू कश्मीर, अकबर पहलवान बुलंदशहर, बाबा केशवदास अयोध्या, सूरज पहलवान चित्रकूट, भगत पहलवान उत्तराखंड, कुलदीप पहलवान मध्यप्रदेश, शेरे पंजाब पहलवान पंजाब, जल्लाद पहलवान कुरुक्षेत्र और लकी थापा पहलवान नेपाल अपनी टीम के साथ आ रहे हैं। इसके अलावा महिला पहलवान पूनम हरियाणा और अंशू पहलवान मेरठ के अलावा अन्य महिला पहलवान भी आ रही हैं। मेला परिसर में अखाड़ा तैयार किया जा रहा है। दो दिन बाद शुरू हो रहे देवा मेला को लेकर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने 18 अक्तूबर की दोहपर से 27 अक्तूबर की मध्य रात्रि तक यातायात व्यवस्था में फेरबदल किया है। इस बीच कोई वाहन मेले के अंदर से होकर नहीं गुजर सकेंगे। पुलिस प्रशासन के अनुसार देवा के मामा नहर पुलिया से वीआईपी रोड होकर मजार शरीफ एवं पंडाल में जाने के उपरान्त पशु चिकित्सालय से कुसुम्भा रोड नहर पुलिया क्रास करके लखनऊ जाने वाले वाहन मामा नहर पुलिया व माती रोड होते हुये वापस जाएंगे। इसी प्रकार बाराबंकी जाने वाले वाहन उपरोक्त पुलिया क्रास कर मलूकपुर होते हुये वापस जा सकेंगे। बाराबंकी से फतेहपुर जाने वाले बड़े वाहन जहांगीराबाद चौराहे से दाहिने मुड़कर सूतमिल के सामने से होकर जहांगीराबाद तथा जहांगीराबाद से टेरा सद्धूदीपुर, सिहाली चौराहा होते हुये फतेहपुर जाएंगे और इसी रास्ते से वापस भी आएंगे। कुर्सी से बाराबंकी जाने वाले हल्के वाहन खेवली से ग्वारी होते हुये बाराबंकी आयेंगे। जबकि कुर्सी से बाराबंकी जाने वाले भारी वाहन किसान पथ होते हुए बाराबंकी आएंगे। फतेहपुर से लखनऊ जाने वाले वाहन फतेहपुर रेलवे क्रॉसिंग से पहले कुर्सी मार्ग पर पहुंचकर कुर्सी होते हुये लखनऊ जायेगें या फतेहपुर से रामनगर बाराबंकी होते हुये लखनऊ जा सकेंगे।

कुसहा माइनर में खांधी कटने से सौकड़ो बीघा धान की फसल बर्बाद

लगभग 15 दिन पूर्व कटी थी खांधी , किसानो की शिकायत के बाद भी नहर विभाग ने ध्यान नही दिया

लोकमित्र ब्यूरो

पाटन उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के शारदा सहायक पुरवा ब्रांच की कुसहा माइनर मे खांधी कटने से से किसानों की सैकडों बीघा धान की फसल बर्बाद होने की कगार पर । किसानों के शिकायत के बाद भी नहर विभाग के अधिकारियों ने ध्यान नही दिया। जिससे किसानों की फसल बर्बाद हो रही है।

तहसील क्षेत्र के शारदा सहायक पुरवा ब्रांच नहर से गौरा ग्राम सभा के पास से निकलने वाली कुसहा हिन्दूपुर माइनर मे लगभग 15 दिन खांधी कट गई थी। जिसकी शिकायत किसानों ने नहर विभाग के अधिकारियों से नहर बंद करवा कर खांधी बंधवाने की मांग किया था । लेकिन 15 दिन बीतने के बाद भी नहर विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नही दिया। नहर लगातार पानी चलने से किसानों की पकी खड़ी धान की फसल बर्बाद कर हो रही है । वही जिन किसानों ने सरसों चना आदि बोने के लिए खेत तैयार किया था उनमे पानी भर गया है।क्जिससे किसान सरसों आदि फसल की बुवाई नही कर पा रहे है । वहीं पकी खड़ी धान की फसल में पानी भर जाने से धान की फसल भी बर्बाद हो रही है।

क्षेत्रीय किसानों मे बैजनाथ सिंह , राजू सिंह ,राम औतार मास्टर , सन्तोष लोधी , रामनाथ , दीपू , सुरेश , आदि ने जिलाधिकारी से नहर की खांधी बंधवाए जाने की मांग की है।

किसानों ने किया छुटटा जानवरों को स्कूल में बन्द, प्रधान प्रतिनिधि से हुई लोग झोंक

लोकमित्र ब्यूरो

अमेठी। प्रदेश सरकार का आदेश हो अथवा डीएम का आदेश जनता को आवारा जानवरों से जनता को मुक्ति मिलती नजर नहीं आ रही है छुट्टा जानवरों से परेशान किसान परेशान है। खेती की हरियाली उजाड रहे है।धान की फसल पककर तैयार है। जानवर अनाज कच्चा चबा रहे है। जनता की खेती को छुटटा जानवर गटक रहे है। कितने किसानो की फसल बर्बाद हो गयी

सरकार के गौ संरक्षण एव सम्वर्द्धन की सोच मतदाताओ को भारी पड रही है। इस कानून के लागू होने के बाद सरकार ने गौ संरक्षण केंद्र की व्यवस्था की है। जो बने हुए है। उनमे चारा,भूसा,दाना आदि कागजो पर खर्च हो रहा है। गाये तडप तडप कर जान अपनी दे रही है। प्रधान,सचिव ,पशु चिकित्सक और बीडीओ मिलकर सरकारी खजाना लूट रहे है। ऐसी हालत मे किसान धीरे धीरे उग्र हो रहे है।

किसान प्रशासन और शासन के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे है। किसानो ने मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मे छुटटा जानवरो को स्कूल में बंद कर दिया। जिस कारण ग्रामीणों से प्रधान प्रतिनिधि के बीच तीखी बहस भी हुई। ताजा समाचार जिले के तहसील मुसाफिरखाना अंतर्गत ग्राम बहोरखा का मामला है। खण्ड बिकास अधिकारी का कहना है कि छुटटा जानवर को पकडने की टीम गांव गांव जाकर पकड रही है। समस्या दूर करने की बात कही।

परंतु अधिकारियों की बात पूरी होती नजर नहीं आ रही है, कई गौशालाओं की स्थिति तो इतनी दयनीय है कि कहना मुनासिब नहीं है, बात करेंगे परसावां ग्राम सभा अमेठी विकासखंड की तो प्रधान के रसूक के चलते कोई भी कार्रवाई होना मुनासिब नहीं है, जबकि वहां की हालत बहुत ही खराब है सारे काम कागज में ही हो रहे हैं, अधिकांश गौशालाओं की स्थिति यही है द्य

पत्रवालियो का रख रखाव सही से रखा जाय: डीएम

फतेहपुर। आज शाम जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया, के दौरान अंग्रेजी दफ्तर, शस्त्र लाईसेंस कार्यालय, मुख्य राजस्व लेखाकार अनुभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नाजिर कार्यालय, न्याय अभिलेखागार, कोषागार, एनआईसी, उप जिलाधिकारी सदर न्यायालय, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, न्यायिक न्यायालय, अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय, चकबंदी, खाद एवं औषधि प्रशासन, स्टाम्प कार्यालय आदि कार्यालयों के साथ ही अन्य सभी पटलों को देखा। उन्होंने पटल सहायको से कहा कि जो पत्रावलियाँ पुरानी हो गयी है उनका नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराये एवं नाजिर को निर्देशित किया कि जिन कार्यालयों में पानी कि सीलन आ रही है के कारण कि जानकारी करते हुए सही करायें, साथ ही डी-ह्यूमीडिफायर(निराद्रीकारक) लगवाए जिससे की सीलन न आ सके।

सई नदी पुल में आई दरार, रोका जाएगा आवागमन

मरम्मत के 9 माह बाद खुली लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार की पोल

व्यापारियों में आक्रोश, वैकल्पिक व्यवस्था असुविधाजनक

लोकमित्र ब्यूरो

औरास उन्नाव। संण्डीला चकलवंशी मार्ग पर स्थित सई नदी के ऊपर बने पुल का लगभग 9 माह पूर्व एक्सपेंशन जॉइंट्स का रिपेयरिंग कराई गई थी जिसके उपरांत अब पुल पर भारी वहनों के आवागमन को दोबारा से लगभग एक सप्ताह तक के लिए रोक दिया गया है। जिससे पुल का रिपेयरिंग कराया जा सके इस दौरान पुल का डायवर्जन किया गया है। पुल के रिपेयरिंग करने वाली एजेंसी के द्वारा जमकर भ्रष्टाचार किया गया जिसका नतीजा क्षेत्रीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पुल में दोबारा दरार आने से आवागमन खतरों भरा हो गया है।

जानकारी के मुताबिक कस्बा औरास के पास निकली सई नदी के ऊपर संडीला चकलवंशी मार्ग पर पुल बना हुआ है। उस पुल के एक्सपेंशन जॉइंट्स खराब हो गए थे जिसको निर्माण कराए जाने के लिए एक एजेंसी को पल के रिपेयर का कार्य सौंपा गया था ।एजेंसी के द्वारा 39 लाख रुपए के भारी भरकम बजट से पुल के रिपेयरिंग का कार्य कराया था जिसके उपरांत क्षेत्रीय लोगों को उस दौरान काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था पुल के निर्माण के लगभग नौ माह पूर्व पुल का भारी वाहनों के आने जाने पर दोबारा रोक लगानी पड़ी क्योंकि पुल लगभग एक माह से खराब चल रहा था जिसमें पीडब्ल्यूडी के जेई की लापरवाही चल रही थी क्षेत्रीय लोगों के साथ पुल से कोई भी घटना घटित हो सकती थी। किंतु पीडब्ल्यूडी विभाग समय से जागा और पुनः पुल की रिपेयरिंग कराए जाने को लेकर रूट डायवर्ट भी किया है जिससे एक सप्ताह से भी अधिक समय तक पुल के रिपेयरिंग का कार्य कराया जा सके इसी लिए विभाग ने भारी वाहनों का प्रवेश बन्द कराने का निर्णय लिया है। पुल का रिपेयरिंग का कार्य 15 से 28 अक्टूबर तक चलेगा तब तक संडीला जाने वाले वाहनों को चकलवंशी से बांगरमऊ होते हुए संडीला जाना पड़ेगा।

मिर्जापुर अजिगाँव पुल बन सकता था वैकल्पिक व्यवस्था यदि मिर्जापुर अजिगांव के पुल का निर्माण कार्य पूरा करा लिया गया।

क्या बोले व्यापारी

वहीं इस संबंध में औरास कस्बा के व्यापार मंडल ने आपसी बैठक कर पुल पर आवागमन पूर्णतया बंद करने पर व्यापारिक असर पड़ने की आशंका पर आक्रोश जताया और वैकल्पिक व्यवस्था के साथ ही त्यौहार के बाद काम शुरू करने की माँग की है। व्यापारियों में सत्यम गुप्ता, सर्वेश, शीबू जयसवाल, कमला शंकर गुप्ता आदि ने धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी।

दूसरे दिन भी नहीं मिल सका महिला का शव, एसडीआरएफ की टीम को नहीं मिली सफलता

सुबह 9 बजे घर से हसनगंज दवा लेने की बात कहकर निकली थी।

लोकमित्र ब्यूरो

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहान स्थित जलेश्वर घाट पर नदी पर पैर धो रही महिला के अचानक गायब हो जाने से लोगों को हलचल बनी हुई है पिछले 28 घंटों बाद भी पुलिस व एस डी आर एफ की टीम की कड़ी मशक्कत के बाद भी महिला का शव खोजा नहीं जा सका ।जानकारी के मुताबिक हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निजामपुर पचगहना निवासी चांदनी 27 वर्ष पुत्री स्वर्गीय मदार बख्श सोमवार सुबह 9 बजे घर से हसनगंज दवा लेने की बात कहकर निकली थी। जिसकी दोपहर लगभग डेढ़ बजे कस्बा मोहान के जलेश्वर नाथ मंदिर के पास स्थित सई नदी के बाहर मोबाइल फोन, स्कूटी, दुपट्टा , मोबाइल फोन कवर ने रखे दो हजार चालीस रुपए रखे मिले थे। जिस पर एक चरवाहे ने पुलिस को बताया कि महिला मंदिर की सीढ़ियों पर बैठकर पैर धो रही थी अचानक कही चली गई जिसपर पुलिस व परिजन नदी में डूबने की आशंका पर सोमवार देर शाम तक कस्बे के ही छ गोताखोरों को बुलाकर खोजबीन करते रहे।लेकिन कुछ पता नहीं चला जिसपर पुलिस ने मंगलवार सुबह 6 बजे लखनऊ से एस डी आर एफ की 15 सदस्यटीम बुलवाकर व स्टीमर से सई नदी में खोज।

संक्षिप्त खबरें

अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलटी गाड़ी



धौरहरा। धौरहरा आ रहे आपूर्ति निरीक्षक का निजी वाहन करीब 10 बजे बसढिया चौराहे के निकट अनियंत्रित होकर सडक किनारे पलट गई जिससे सवार पूर्ति निरीक्षक व ड्राइवर को ग्रामीणों द्वारा बाहर निकाला गया। जानकारी के मुताबिक आपूर्ति निरीक्षक धौरहरा रमेश कुमार वर्मा अपने आवास लखीमपुर शहर से निजी वाहन में ड्राइवर सुनील कुमार के साथ सवार होकर तहसील स्थित अपने कार्यालय के लिए घर से आ रहे थे कि खमरिया स्थिति त्रिवेदी पेट्रोल पंप के निकट गाडी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गई। उपरोक्त घटना से ग्रामीणों द्वारा दोनों लोगों को बाहर निकाला गया। समाचार प्रेषण तक दोनों लोगों को हल्की फुल्की चोटे आई है।जिनका

31 को लौह पुरुष की 149वीं मनायेंगे जयंती समारोह

फतेहपुर। लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष जनसेवक राजेश सिंह मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने कहा की पिछले 11 वर्षो से लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल फाउंडेशन के तत्वाधान में अखंड भारत के निर्माता, भारत रत्न, स्वतंत्र भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 149वीं जयंती समारोह मनाना है। जिसके तहत तमाम कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे इसके साथी 27 अक्टूबर को फतेहपुर से लखनऊ हजरतगंज के लिए रथ यात्रा रवाना होगी। जिसमें बड़ी संख्या में लोग सहभाग करेंगे। इसके साथ ही विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी फतेहपुर में सरदार पटेल के जयंती के अवसर पर रथ यात्रा के साथ-साथ गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा जिसमें तमाम लोग प्रतिभाग करेंगे। वही पटेल नगर में 31 अक्टूबर को सरदार पटेल की प्रतिमा में माल्यार्पण पश्चात प्रतिमा स्थल से रथ यात्रा शहर के विभिन्न चौराहों से निकलेगी और अलग-अलग चौराहा में महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया जाएगा। इस अवसर पर राम सिंह पटेल, बाबा रामसनेही, आचार्य कमलेश योगी भी मौजूद रहे।

जितेन्द्र सिंह आदर्श अधिवक्ता संगठन के बने सचिव प्रत्याशी

फतेहपुर। क्षत्रिय अधिवक्ता बंधुओं की बैठक सुरेंद्र प्रताप सिंह गौतम एडवोकेट के चेंबर में सिविल कोर्ट परिसर में संपन्न हुई। जिसमें क्षत्रिय अधिवक्ताओं के चयन समिति द्वारा जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव में वरिष्ठ अधिवक्ता रामकुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। जिसमें समिति के सभी सदस्य जितेंद्र सिंह गौतम एडवोकेट को आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से सचिव/महामंत्री पद के प्रत्याशी की घोषणा किया। इस दौरान सभी ने जितेंद्र सिंह गौतम एडवोकेट का माल्यार्पण कर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया और कहा तन मन धन से उनकी मदद करके चुनाव जितवाया जाएगा। इस अवसर पर सचिव पद के प्रत्याशी जितेन्द्र सिंह गौतम ने कहा कि वह अध्यक्ष पद के प्रत्याशी गया प्रसाद दुबे के साथ मिलकर आदर्श अधिवक्ता संगठन से चुनाव लड़ेंगे। इस अवसर पर नरोत्तम सिंह, सुरेंद्र प्रताप सिंह गौतम, जगदीश सिंह उर्फ जालिम, प्रमोद सिंह चौहान, अजय सिंह गौतम,हितेंद्र बहादुर सिंह, धनराज सिंह,आशीष गौड़,इन्द्रकुमार सिंह, देवेंद्र सिंह गौतम, रमेश सिंह भदोरिया, अमर सिंह गौतम, अजीत सिंह राठौड़, अभय प्रताप सिंह, सुरेंद्र सिंह भदोरिया सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

विद्या मन्दिर में एन0सी0सी0 कैडेटों का संयुक्त

फतेहपुर। एन0सी0सी0 कैडेटों का 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर संख्या-72 का मांगलवार को सरस्वती विद्या मंदिर में समापन हुआ। समापन अवसर पर 60 यू0पी0 बटालियन एन0 सी0 सी0 के कमान अधिकारी (कैम्प कमान्डेन्ट) कर्नल बृजेश पठानिया ने शिविर में भाग लेने वाले बाँदा, अतर्रा, खागा एवं फतेहपुर से उपस्थित सभी कैडेटों व एन0ए0ओ0 को सम्बोधित करते हुए बताया कि 10 दिनो के शिविर में कैडेटो को इस प्रकार का प्रशिक्षण दिया कि वे यहा से जाकर यहा से प्राप्त प्रशिक्षण के माध्यम से एन0सी0सी0 ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा में सतप्रतिशत अंको को प्राप्त कर सफलता हासिल करेंगें। शिविर में अनेको प्रतियोगिता के आयोजन कराने का उद्देश्य कैडेटो के स्तर को उच्च करना था, कैडेटो को प्रतियोगिता में मेहनत व अथक प्रयास के लिये बधाई दी। एन0सी0सी0 ए. बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा में सतप्रतिशत रिजल्ट प्राप्त करने पर जोर दिया। आपदा प्रबन्धन के पाठ्यक्रम के अंको की भी जानकारी कैडेटो को दी। कैम्प समाप्ति के दिन सभी कैडेटों के प्रस्थान के समय कैडेटो को सुरक्षित अपने-अपने घर पहुंचने को निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने शस्त्र लाइसेंस व लेखाकार का किया निरीक्षण

फतेहपुर। आज शाम जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया, के दौरान अंग्रेजी दफ्तर, शस्त्र लाईसेंस कार्यालय, मुख्य राजस्व लेखाकार अनुभाग, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, नाजिर कार्यालय, न्याय अभिलेखागार, कोषागार, एनआईसी, उप जिलाधिकारी सदर न्यायालय, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, न्यायिक न्यायालय, अपर उप जिलाधिकारी न्यायालय, चकबंदी, खाद एवं औषधि प्रशासन, स्टाम्प कार्यालय आदि कार्यालयों के साथ ही अन्य सभी पटलों को देखा। उन्होंने पटल सहायको से कहा कि जो पत्रावलियाँ पुरानी हो गयी है उनका नियमानुसार कार्यवाही करते हुए निस्तारण कराये एवं नाजिर को निर्देशित किया कि जिन कार्यालयों में पानी कि सीलन आ रही है के कारण कि जानकारी करते हुए सही करायें, साथ ही डी-ह्यूमीडिफायर(निराद्रीकारक) लगवाए जिससे की सीलन न आ सके। उन्होंने सभी न्यायालयों में चल रहे वादो की जानकारी की। प्रशासनिक अधिकारी को निर्देशित किया की सभी पटलों मे कार्यरत सभी पटल सहायको के नाम व कार्य की रिपोर्ट से अवगत कराये।

डीएम ने किया दशहरा मेले का शुभारम्भ

डीएम बोली, सामाजिक एकता अखण्डता का प्रतीक है दशहरा

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव संग जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक दशहरा मेला महोत्सव का पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन एवं दीप जलाकर दशहरे मेला का शुभारंभ किया। इसके बाद रामायण संगोष्ठी के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरु हुई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जनपद खीरी के मुख्यालय पर होने वाला दशहरा मेला यहां का ऐतिहासिक मेला है, जो पिछलें कई दशको से हो रहा है, जहां हर जाति धर्म के लोग मेले का आन्नद लेते है। सामाजिक एकता और अखण्डता का प्रतीक है ये दशहरा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन बड़ा ही पावन होता है। इन कार्यक्रमों के जरिये समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय संस्कृति के उत्थान में सहायक होते है। समाज में एकता, समरसता और बंधुत्व को बढ़ावा देते है।

डीएम ने कहा कि मेले में आए हुए नगरवासियों का स्वागत और अभिनंदन है। एसडीएम, तहसीलदार, ईओ, अध्यक्ष ने समय से मेला शुरू कराने के लिए दिन-रात मेहनत की है। काफी दुकाने लग गई है। शेष आज शामतक लग जाएगी। 15 दिन तक चलने वाले इस मेले में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। परिवार और बच्चों के साथ आकर मेले का आनंद उठाएं। इस मेले से बहुत सारे लोगों को रोजगार मिलता है। मेले की आयोजक नगर पालिका को इस मेले के आयोजन से आमदनी और लाभ हो, इसके लिए अध्यक्ष और ईओ कटिबद्ध है। आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं दी।

मेले की व्यवस्थाओ को बनाए चाक चौबन्दः डीएम ने ईओं को मेले में चाकचौबन्द व्यवस्था बनाने रखने के लिए निर्देशित किया। ऐसे समारोह, मेले एवं महोत्सवों में पुलिस विभाग की अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि उन्हें भी भरोसा है कि हमारे जनपद की पुलिस इस कसौटी पर खरी उतरेगी। मेलार्थियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। डीएम ने मेले में निर्वाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था एवं साफ सफाई समेत सभी व्यवथाएं चुस्त दुरूस्त करने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्षा डा. इरा श्रीवास्तव ने डीएम के मेला आगमन पर धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के सहयोग से ऐतिहासिक दशहरा मेला महोत्सव का आयोजन हो सका है। उद्घाटन के अवसर पर एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह, सीओ रमेश कुमार तिवारी, ईओ संजय कुमार, मेला अधिकारी अमरदीप मौर्य, सहायक मेला अधिकारी मुरारी लाल, मेला अध्यक्ष मनोज राज, सहायक मेल अध्यक्ष श्वेता शर्मा, पिंकी देवी समेत सभासदगण कोशल तिवारी, कुमदेश शंकर शुक्ला एवं नगर पालिका कर्मचारी तथा पुलिस प्रशासन के लोग मौजूद रहे। ये दशहरा महोत्सव 15 अक्टूबर से प्रारम्भ होकर 29 अक्टूबर को अतिशबाजी के साथ सम्पन्न होगा।

दशहरा सांस्कृतिक कार्यक्रम की एक नजर में

रामायण संगोष्ठी (स्थानीय) 15 अक्टूबर, रामायण संगोष्ठी (आमंत्रित) 16 अक्टूबर, देवी जागरण 17 अक्टूबर, संस्कृत कवि सम्मेलन 18 अक्टूबर, स्कूली बच्चों द्वारा आयोजित कार्यक्रम 19 अक्टूबर, जवाबी कव्वाली 20 अक्टूबर, पंजाबी संगीत सम्मेलन 21 अक्टूबर, स्थानीय संगीत सम्मेलन 22 अक्टूबर, प्रादेशिक कवि सम्मेलन 23 अक्टूबर, अवध संध्या 24 अक्टूबर, भोजपुरी संगीत सम्मेलन 25 अक्टूबर, मुशायरा 26 अक्टूबर, अखिल भारतीय कवि सम्मेलन 27 अक्टूबर, आमंत्रित कलाकारों द्वारा संगीत आमंत्रित 28 अक्टूबर और अतिशबाजी/समापन 29 अक्टूबर।

सनातन हिन्दू वाहिनी संगठन की बैठक में विस्तार पर चर्चा

खागा, फतेहपुर। सनातन हिंदू वाहिनी उत्तर प्रदेश संगठन का विस्तार एवं पद नियुक्ति का कार्यक्रम और विस्तारवादी संगठन काका खाकी बाबा की कुटी खरगूपुर बरगला परिसर में श्री श्री 108 बालक दास जी महाराज जी के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महान संजय नाथ प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश महंत रहे। और इस दौरान संगठन का विस्तार और पदाधिकारियों को अंग वस्त्र व माल्यार्पण करके सभी पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजयनाथ प्रदेश अध्यक्ष महंत ने अपने उद्बोधन में कहा है कि हम सब सनातनी हिन्दू एक रहे यहां ना जात है ना पातहै हम सब हिंदू संगठित हो और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी को आने वाले कल में देश का प्रधानमंत्री बनाना है यदि हम अलग-अलग बढ़ते हैं। वह दिन दूर नहीं जिस दिन हमारा भारत भी बांग्लादेश जैसा हो जाएगा। इसलिए जागो और संगठन का मजबूती से सहयोग करें एक साथ रहो यदि आप बट ते हैं तो भविष्य में काटना पड़ेगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य पशु मेला का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

बिंदकी, फतेहपुर। मेले में पशुओं का निशुल्क इलाज कर दवा भी वितरण किया गया। पशु मेला में पशु चिकित्सा, पशु प्रजनन, बधिया करण, टीकाकरण, कृमि नाशक दवापान, पशुओं का बीमा, लघु शल्य चिकित्सा एवं बांझपन, पशु चिकित्सा कर पशुओं को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए जागरूक किया गया।

पशुओं मे बाहरी परजीवी जैसे- जू, किलनी व कुटकी अधिक लगते हैं। पशुओं को इन परजीवियों से बचाने के लिए डॉक्टर से सलाह लेनी पड़ती है। जिससे किसान का खर्चा कम हों जाता है। बीमारी से पशुओं को बचने के लिए सावधानी रखने कि आवश्यकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान आशीष कुमार उर्फदीपू वर्मा ने गौ-पूजा कर एवं फीता काटकर किया। इस मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। पशुपालको को दीपू वर्मा संबोधित करते हुए कहा कि पशु-पालन के द्वारा (दुग्ध व्यवसाय) के रूप में अधिक लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। इससे बहुत से लोगों को रोजगार प्राप्त हो जाता है। इसलिए पशुओं का मानव जीवन में अत्यधिक महत्व है। इसके अलावा पशुओं का कृषि के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण स्थान है। पशुपालको के हित मे लगातार काम कर रही है। ग्राम सभा आजमपुर गढ़वा में शिविर लगाकर पशुओं को निःशुल्क इलाज और दवा वितरण किया जा रहा है। जिससे ज्यादा से ज्यादा पशुपालक लाभान्वित हों रहे हैं। इस मौके पर पशु चिकित्साधिकारी अमौली डा. राहुल कुमार ने पशुपालको को बेहतर पशुपालन और पशुओं मे होने वाले रोगों से बचाव की जानकारी दी।

शंकरपुर में दो नई शुरू होगीं गौशाला

500 गौवंशीय पशु धौरहरा व रमियाबेहड़ में अर्जेस्ट होने पर सहमति बनी।

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तराई क्षेत्र के किसानों के खेतो में आवारा गोवंशीय पशुओं द्वारा नष्ट-भ्रष्ट हो रही फसलों से चिंतित होकर मंगलवार से भारतीय किसान यूनियन के बैनरतले तहसील परिसर में सभा का आयोजन किया गया। जिसमे यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष व जिला अध्यक्ष तक शामिल हुए।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तराई क्षेत्र में किसानों की फसलों को आवारा गोवंशीय पशुओं से बचाने के लिए भारतीय किसान यूनियन के बैनरतले तहसील अध्यक्ष पवन पाठक की अगुवाई में सुबह 11 बजे से भाषड बाजी का दौर शुरू होकर चलता रहा इस दौरान धरना स्थल पर किसानों की संख्या लगभग एक सैकडा के आसपास रही। लेकिन दोपहर दो बजे के बाद धरना स्थल पर यूनियन के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह संधू व प्रदेश अध्यक्ष राजपाल शर्मा के पहुंचने पर भारी भीड जमा हो गई।धरना स्थल पर बैठे किसानों द्वारा फसलों को हो चुके नुकसान से ज्यादा आक्रोशित दिखाई पड़े।थोडी देर बाद तहसील स्तरीय अधिकारियों से किसान यूनियन के नेतृत्व द्वारा वार्ता करने के उपरांत तहसील प्रशासन को पांच दिन का भारतीय किसान यूनियन द्वारा अल्टीमेटम दिया गया। यूनियन ने अधिकारियों को बताया कि उपरोक्त समय सीमा बाद मवेशियों को पकड पकड कर तहसील व विकास खंण्ड मुख्यालयों में जमा होना शुरू होगे।कुल मिलाकर तहसील स्तरीय प्रशासनिक मशीनरी को भारतीय किसान यूनियन द्वारा क्षेत्र से आवारा गोवंशीय पशुओं की समस्या दूर करने को पांच दिन की मोहलत सौप कर धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा की गई है।

इस मामले में एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने बताया कि मूंड़ी व शंकरपुर में दो नई गौशाला शुरू होगी व समैसा गौशाला का पैसा निर्गत हो चुका है।500 गौवंशीय पशुओं को धौरहरा व रमियाबेहड में अर्जेस्ट करने पर सहमति बन गई है

कानपुर त्योहारों के मद्देनजर गोविंद नगर में जारी पुलिस की सघन गस्त

सुनील बाजपेई

कानपुर। दशहरे को सकुशल संपन्न कराने के बाद आगामी दीपावली आदि के भी मद्देनजर यहां की गोविंद नगर पुलिस पीड़ितों के हित में और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के साथ ही लगातार गस्त में भी जुटी हुई है। इस बीच गोविंद नगर के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह आगामी त्यौहारों को शांति और सद्भाव पूर्ण तरीके से मनाने की जोरदार अपील करते हुए कहा है कि कानून और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के खिलाफ पुलिस का सहयोग करना हर नागरिक का कर्तव्य है। कानपुर से पहले विभिन्न जनपदों में अपनी सराहनीय सेवाएं दे चुके इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने अपनी टीम के साथ गोविंद नगर में गस्त के दौरान लोगों से यह भी कहा कि अगर किसी के साथ कोई भी अपराधिक घटना होती है तो उसकी तत्काल सूचना पुलिस को अवश्य देनी चाहिए क्योंकि पुलिस आम जनता के हित में ही सदैव तत्पर और सक्रिय है।अवगत कराते चलें कि आम जनता में सुरक्षा की भावना को और प्रगाढ़ करने के लिए अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के साथ ही लगातार गश्त में भी जुटे अपनी नौकरी के अब तक के जुझारू कार्यकाल में अनेक शातिरों सबक सिखाने में भी सफल हो चुके गोविंद नगर के तेजतर्रार, व्यवहार कुशल और बचन के पक्के माने जाने वाले परोपकारी स्वभाव के इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह का प्रगाढ़ सेवा भी ऐसा सराहनीय हैं कि उनके पास आने वाला कोई भी फरियादी कभी निराश होकर नहीं लौटता।

डांडिया का किया गया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

लखीमपुर-खीरी। आपको बताते चले कि लखीमपुर खीरी में ÷ खत्री वूमेन्स फाउंडेशन÷ के द्वारा निर्धन कन्याओं की सहायता हेतु डांडिया प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुरभि चोपड़ा के द्वारा किया गया। तत्पश्चात क्लब की अध्यक्षा श्रीमती प्रीति कपूर जी व सचिव शिखा धवन भी उपस्थित रही व क्लब की डायरेक्टर समता मेहरोत्रा और वाइस डायरेक्टर ज्योति पुरी के निर्देशन में प्रोग्राम का शुभारंभ किया गया सर्वप्रथम समय पर पहुंचने वाली महिलाओं की लिए पंचुअलिटी निकाली गई तथा उन्हें इनाम स्वरूप उपहार भी प्रदान किए गए।

गणेश वंदना क्लब की सदस्याश्वेता धवन जी के द्वारा की गई तथा दीप प्रज्वलन प्लानर मेंबर्स के द्वारा किया गया जिसमें प्रीति कपूर, शिखा धवन एडिटर रूपाली महेंद्रा, कोषाध्यक्ष सपना मेहरोत्रा,उपाध्यक्ष साधिका कपूर आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

तत्पश्चात रति शेखर के द्वारा बहुत ही दिलचस्प गेम खिलाए गए और विजेता महिलाओं को उपहार भी प्रदान किए गए प्रोग्राम की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए डायरेक्टर समता मेहरोत्रा जी के द्वारा ढोल वाले का भी आयोजन किया गया ढोलवाले ने प्रोग्राम में पहुंचकर प्रोग्राम का समां बांध दिया जिसमें महिलाओं ने बड़े ही जोश और उमंग के साथ भांगडा नृत्य किया और कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया तत्पश्चात स्नैक्स और डिनर का भी आनंद उठाया गया ।टिकट काउंटर पर ज्योति भल्ला और पूर्णिमा मेहरोत्रा ने अपनी ड्यूटी निभाई तथा पूजा पूरी और नूपुर महेंद्रा ने भी टिकट काउंटर पर अपना भरपूर सहयोग दिया कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं को करवा चौथ और दीपावली के त्योहार के उपलक्ष में मेहंदी ,बिंदी और दिए का गिफ्ट देकर उन्हें विदाई दी गई कार्यक्रम में एक ग्रुप डांस भी प्रस्तुत किया गया जिसकी प्रस्तुति अदिति कपूर अंजलि सहगल और पृशका बेरी ने की तथा क्लब की सभी सदस्यों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया।

सर्पदंश से वृद्ध महिला की मौत

फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनई में मंगलवार की सुबह घरेलू काम कर रही 60 वर्षीय वृद्ध महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर वापस चले गए। जानकारी के अनुसार अजनई गांव निवासी मो. जिलेश की पत्नी तारा बेगम मंगलवार की सुबह घरेलू काम कर रही थी। तभी जहरीले सर्प ने उसे डस लिया। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुई तो उसे तत्काल हरदों अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सकीय उपचार के बाद हालत ठीक न होने पर सदर के लिए रेफर कर दिया। परिजन तत्काल उसे सरकारी एंबुलेंस से उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाए। जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर वापस चले गए।

दबंगों ने रास्ते पर बनाई पक्की दीवाल

पीड़ितों ने लगाई मुख्यमंत्री से गुहार,पुलिस ने दोनों पक्षों को किया पांबद

लोकमित्र ब्यूरो

धौरहरा-खीरी। तहसील क्षेत्र के अभयपुर गांव में कुछ दबंगों ने अपनी दबंगई दिखाते हुए रास्ते में पक्की दीवार बनाकर रास्ता पूरी तरह से बंद कर दिया। जबकि कि पीड़ित पक्ष रास्ते से अतिक्रमण हटाने के लिए एसडीएम की अदालत का चक्कर काट रहे हैं।

धौरहरा तहसील क्षेत्र के अभयपुर गांव निवासी रामू शर्मा, बाल गोविन्द, तेज नरायन, प्यारे लाल, राजकुमार निशाद, नंदकिशोर, विनोद निसाद, बलराम राहुल शर्मा, माखन, अमित, कुन्नी लाल सहित करीब सौ लोगों का आम पुस्तैनी रास्ता वर्षों चला आ रहा था। जिसे गांव के ही दबंग मंगल यादव, अशोक यादव, विजय यादव, अमर सिंह यादव, हरद्वारी लाल यादव व मालती यादव ने जबरन रास्ते पर कब्जा करके पक्की दीवाल बनाकर बंद कर दिया। जिससे परेशान रामू आदि ने मुख्यमंत्री सहित जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व एस डी एम धौरहरा को प्रार्थना पत्र देकर रास्ता खुलवाने की मांग की।

इस प्रकरण में एसडीएम धौरहरा राजेश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेकर धारा 133 के तहत थाना पढुआ से रिपोर्ट तलब की तो पाया कि दबंगों ने रास्ता अवरूद्ध कर रखा है। जिसपर एसडीएम ने आरोपियों को नोटिस जारी कर रास्ता खाली करने की चेतावनी दी। पर एसडीएम की नोटिस का असर भी दबंगों पर नहीं हुआ।और रविवार को बीच रास्ते पर पक्की दीवार खड़ी कर दी। जब पीड़ित रामू आदि ने 112 पीआरवी और पढुआ पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने दोनों पक्षों को शांति भंग की धारा में भेज दिया।पर रास्ते से दीवार नहीं हटवाई। थाना प्रभारी पढुआ निराला तिवारी ने बताया मामले में दोनों पक्षों को शांति भंग में निरूद्ध किया गया है। एस डी एम के आदेश के बाद रास्ते से अतिक्रमण हटवाया जाएगा।

जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद की तीनों तहसील क्षेत्रों में खाद की दुकानों पर की गई छापेमारी

लोकमित्र ब्यूरो

एटा। जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर मंगलवार को अपरान्ह में जिले की तीनों तहसील क्षेत्रों में खाद की दुकानों पर छापामार कार्यवाही की गई। जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर राज कुमार मौर्य, उप जिलाधिकारी अलीगंज जगमोहन गुप्ता, तहसीलदार अलीगंज संदीप सिंह सहित तहसील क्षेत्र में तैनात नायब तहसीलदारों एवं जिला कृषि अधिकारी मनवीर सिंह, एआर कॉपरेटिव सतीश कुमार द्वारा अपनी टीम के साथ विभिन्न दुकानों का निरीक्षण कर खाद वितरण का जायजा लिया एवं उपस्थित खाद विक्रेताओं इत्यादि को समय से खाद वितरित करने के निर्देश दिए।जिला कृषि अधिकारी मनवीर सिंह ने बताया कि जनपद में खाद की कोई कमी नहीं हैं, प्रतिदिन स्टॉक एवं उपलब्ध दुकानों के संबंध में प्रेस नोट के माध्यम से भी किसान भाईयों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही नियमित रूप से सहकारी समितियों एवं निजी क्षेत्र में खाद की दुकानों पर वितरण का जायजा लेने के साथ-साथ स्टॉक सत्यापन भी किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मौजूद किसानों से वार्ता की गई, उन्हें हर संभव मदद का भी भरोसा दिलाया गया, किसानों से अपील की गई कि फसल के अनुरूप ही खाद को खरीदें, किसी भी प्रकार का स्टॉक इत्यादि न करें।निरीक्षण के दौरान मै0 प्रदीप दीक्षित खाद भण्डार, बिल्सड, अलीगंज रोड एटा को रेट, स्टॉक बोर्ड न होने एवं मशीन खराब होने के कारण स्टॉक चेक नहीं हुआ, इस कारण नोटिस जारी किया गया। इसके अतिरिक्त उमा बीज भण्डार बसुंधरा को भी स्टॉक, विक्री रजिस्टर अपूर्ण होने पर नोटिस जारी किया गया। जिला कृषि अधिकारी ने जनपद के समस्त कृषकों को सूचित किया है।

संक्षिप्त खबरें

मोदी सरकार ने पाकिस्तानी आतंकियों के हाथ में थमाया कटोरा- राठौर

लोकमित्र ब्यूरो

मिल्कीपुर- अयोध्या। भारतीय जनता पार्टी ने मिल्कीपुर पेट्रोल पंप तिराहे पर सहकारिता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सहकारिता विभाग जेपी एस राठौर रहे। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी बचत से बड़ी पूंजी तैयार करना ही सहकारिता का मुख्य उद्देश्य है। प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार सहकारिता को मजबूती प्रदान करने के लिए प्रयासरत है।कुछ साल पहले तक सहकारी बैंकों की स्थिति दयनीय थी। प्रदेश के करीब 50 सहकारी बैंकों में से विभिन्न जिलों के 16 सहकारी बैंक बंद हो गए थे। सहकारी बैंक होने से जिन किसानों के उसमें पैसे जमा थे, वे परेशान थे। मुख्यमंत्री ने बंद पड़े सभी सहकारी बैंकों क वित्तीय सहायता दिलाकर चालू कराया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने किसानों के लिए जितनी योजनाएं बनाई है उतना कभी सोचा नहीं था। वर्ष 2014 में किसानों का जो बजट था 21000 करोड़ था। लेकिन मोदी जी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 31000 करोड़ कर दिया है। इसमें यूरिया डीएपी की सब्सिडी अलग है किसान सम्मान निधि भी अलग है। प्रधानमंत्री किसानों की आए दोगुनी करने के लिए तमाम कार्यक्रम चला रहे हैं ताकि किसानों की आय दो गुनी हो सके।वे मंगलवार को मिल्कीपुर विधानसभा के मिल्कीपुर पेट्रोल पंप स्थित मैदान में सहकारिता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि बंद पड़े सहकारी बैंकों को वित्तीय सहायता दिलाकर किसानों के जमा धन को वापस कराने के साथ ही लेनदेन की प्रक्रिया शुरू कराई गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी सहकारी समितियों में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से शत प्रतिशत बैंकों को कंप्यूटरीकृत किया जा रहा है। किसानों को किसी प्रकार की समस्या ना हो सरकार इसके लिए सजग है और योजनाएं किसानों के लिए ला रहे है।उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में पाकिस्तान भारत में आतंकी हमला करवाता था, लेकिन आज मोदी सरकार ने जिन देशों से पाकिस्तान को फंडिंग होती थी, उसी पर रोक लगवा दी। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई। जिन आतंकियों के हाथों में एके-47 हुआ करती थी मोदी सरकार की देन है कि उनके हाथों मे आज कटोरा है खाने के लिए एक- एक रोटी की भीख के साथ अपने जान की भीख मांग रहे हैं।

इस मौके पर अयोध्या अम्बेडकर नगर कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू, पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा, पूर्व विधायक रामू प्रियदर्शी, जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, जिला पंचायत सदस्य अशोक मिश्रा,राम मोहन भारती, जनार्दन मौर्या, सहकारिता विभाग के उप निबंधक विकास कुमार, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सुभाष चंद्र चौरसिया, सहायक विकास अधिकारी संजय सिंह, अमित सिंह, शैलेंद्र तिवारी, अवधेश वर्मा, लल्लन खान, शाहिद व सहकारिता विभाग के सचिवों के साथ भाजपा मीडिया प्रभारी डा रजनीश,शंभू सिंह,सरोज मिश्रा, अर्जुन सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय रावत, चन्द्रभान पासवान, शांति पासी समेत बड़ी संख्या लोग मौजूद रहे।

दीपोत्सव मेला 2024 की तैयारी- 1100 लोगों के द्वारा एक साथ सरयू आरती कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य-मंडलायुक्त

अयोध्या ।दीपोत्सव मेला 2024 की तैयारी के दृष्टिगत मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंडलायुक्त ने बैठक में कहा कि दीपोत्सव मेला 2024 को भव्य और विश्व स्तरीय बनाने के लिए सभी अधिकारियों को अपने दायित्वों को समय पर पूरा करने की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा अयोध्या दीपोत्सव 2024 में 25 लाख दीयों को प्रज्वलित कर नया कीर्तिमान स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्व से की जाएं।दीप प्रज्वलन हेतु डा. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने जानकारी दी कि लगभग 55 घाटों की मैपिंग हो चुकी है और 30 हजार वालंटियर्स तैनात किए गए हैं। मेला परिसर में भजन संध्या स्थल में भी 6 लाख दीप जलाने का प्रबंध किया गया है।

मंडलायुक्त ने कहा कि पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 1100 लोगों के द्वारा एक साथ सरयू आरती कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि दीपोत्सव में होने वाली गतिविधियों के लिए सभी तैयारियां समय पर पूर्ण की जाएं।जिलाधिकारी ने राजकीय निर्माण निगम द्वारा घाटों के सौंदर्यीकरण कार्यों को तत्काल पूरा करने और दीपोत्सव हेतु अन्य घाटों की साफ-सफाई की निर्देश दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और मीडिया के लिए पार्किंग स्थलों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में दीपोत्सव के कार्यक्रमों के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति भी रही।

चौधरी रामसिंह पटेल सहित अन्य 6 डेलीगेटों ने पद से दिया इस्तीफा

अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने गन्ना डायरेक्टर के चुनाव में धांधली और गुंडई के आरोप लगाते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने यह त्यागपत्र उपजिलाधिकारी सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड मसौधा को सम्बोधित करते हुए समिति के सचिव तुलसीराम यादव को सौंपा।इस इस्तीफे के साथ-साथ चौधरी रामसिंह पटेल के अलावा सूर्यनाथ वर्मा सहित अन्य 6 डेलीगेटों ने भी अपने पद से इस्तीफा दिया। इस्तीफा देने वालों में श्यामनाथ वर्मा, छेदीलाल वर्मा, रामनारायण वर्मा, जगन्नाथ वर्मा, और विष्णु दत्त तिवारी शामिल हैं।चौधरी रामसिंह पटेल ने कहा, ÷गन्ना डायरेक्टर के चुनाव में दबंगई और गुंडई के माध्यम से गैर-भाजपाई उम्मीदवारों को नामांकन से रोका गया। समिति का गेट दिनभर बंद रहा और केवल कुछ चहेतों के लिए खोला गया। चुनाव में सभी डेलीगेटों के संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन हुआ है, जिससे उन्हें मताधिकार से वंचित कर दिया गया। जिले में एक सीट को छोड़कर सभी सीटों पर निर्विरोध डायरेक्टर चुने गए, जो बिना धांधली के संभव नहीं है।÷उन्होंने आगे कहा, ÷जिस सदन में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा हो, वहां बने रहने का कोई औचित्य नहीं है, इसलिए मैं इस पद से त्यागपत्र दे रहा हूं।

फसल अवशेष गोष्ठी/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

अयोध्या । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में 16 अक्टूबर 2024 को दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार (नवीन) में फसल अवशेष गोष्ठी/जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उप कृषि निदेशक अयोध्या ने इस संबंध में जानकारी दी है।

अयोध्या में बन रहा एक और विश्वविद्यालय, हजारों विद्यार्थी प्राप्त करेंगे उच्च शिक्षा

2025-26 से यूजी और पीजी का पहला सत्र होगा शुरू, निर्माण प्रक्रिया में लाई जा रही है तेजी

जेपी गुप्ता

अयोध्या। रामनगरी अयोध्या को जल्द ही एक और उपलब्धि हासिल होने जा रही है। यहां हजारों विद्यार्थियों की क्षमता युक्त विश्वविद्यालय बनकर तैयार होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही घोषणा कर कर चुके हैं कि अयोध्या में उच्च शिक्षा के लिए एक ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना कराई जाएगी, जहां विद्यार्थी रामायण पर पीएचडी कर सकेंगे। ऐसे में, यह विश्वविद्यालय उच्च शिक्षण के साथ ही दिल्ली व वाराणसी स्थित बीएचयू में रामायण पर शोध को बढ़ावा देने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। महर्षि महेष योगी रामायण विश्वविद्यालय के संचालित होने के बाद विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूसरे बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यहां विश्वविद्यालय में यूजी और पीजी क्लासेज के अलावा विद्यार्थी रामायण पर भी शोध कर सकेंगे तथा वेद और विज्ञान की भी कक्षाएं चलेंगी।रामायण विश्वविद्यालय को 21 एकड़ में बनाया जा रहा है।

इसमें 12 भवन होंगे। प्रत्येक भवन चार मंजिल का होगा। महर्षि महेश योगी रामायण विद्यापीठ ट्रस्ट से जुड़े मुकेश सक्सेना ने बताया कि विश्वविद्यालय के भवन के नाम राम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न पर रखे जाएंगे। मुख्य भवन का नाम रघुकुल भवन रखा जाएगा। प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय आदि का निर्माण तेजी से कराया जा रहा है। फिलहाल, 40 फीसदी निर्माण कार्य पूरा हो चुका है।

मुकेश सक्सेना ने बताया कि विश्वविद्यालय का निर्माण ट्रस्ट करा रहा है। यह यूजीसी के नियमों पर ही संचालित होगा। सभी मानकों का ध्यान रखा जाएगा। 500 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार भी मुहैया कराया जाएगा।विश्वविद्यालय में अगले वर्ष से पढ़ाई शुरू हो जाएगी। अभी शुरुआत में यूजी और पीजी की कक्षाएं चलाई जाएंगी। इसके बाद पीएचडी की शुरुआत होगी। पाठ्यक्रम में मैनेजमेंट स्टडीज व मैनेजमेंट संबंधी कोर्स चलाने की भी योजना है। वहीं, कैम्पस सेलेक्शन के माध्यम से छात्रार- छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम भी सुनिश्चित किया जाएगा।महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय अमेरिका में भी है।

अभी भारत के पांच बड़े शहरों में ही इसकी स्थापना कराई गई है। उत्तर प्रदेश का में यह दूसरा विश्वविद्यालय है। प्रदेश में एक और विश्वविद्यालय खोलने की योजना है।

तहसील परिसर बना दलालों का अड्डा, अनधिकृत लोग सरकारी कुर्सियों पर आये नजर

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या।मिल्कीपुर तहसील परिसर में लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है, जहां दलालों का जमावड़ा बढ़ता जा रहा है। उप जिलाधिकारी इस गंभीर समस्या पर सवालों के घेरे में हैं, जबकि तहसील परिसर के अंदर सरकारी कर्मचारियों की कुर्सियों पर अनधिकृत लोग बैठे नजर आ रहे हैं।सूत्रों के अनुसार, मिल्कीपुर तहसील परिसर में शाम के समय भी दलालों का दबदबा कायम रहता है। सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए, लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार, एसडीएम कोर्ट और माल बाबू की कुर्सियों पर प्राइवेट लोगों का कब्जा है। प्राइवेट मुंशी, जैसे कि पवन कुमार, राम तीरथ यादव, राजेंद्र यादव, राकेश तिवारी और अनुपम तिवारी, बिना किसी अधिकार के काम करवा रहे हैं।इसके अलावा, तहसील परिसर में फैली गंदगी और संक्रामक बीमारियों का खतरा भी गंभीर चिंता का विषय है। परिसर में सरकारी शौचालय की अव्यवस्था के कारण जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, जिससे दुर्गंध फैल रही है।अब देखने वाली बात यह है कि क्या उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर दलालों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे या फिर इस मामले में लीपापोती करते रहेंगे। उच्च अधिकारियों से अनुरोध है कि इस गंभीर समस्या पर ध्यान दें और तहसील परिसर को सही तरीके से संचालित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं।

बच्चों के लिए नन्हीं किरन नामक नर्सरी प्ले स्कूल का हुआ शुभारंभ

अयोध्या । वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार ने बताया कि 15 अक्टूबर 2024 को जिंगल बेल नर्सरी स्कूल सोसाइटी अयोध्या के डायरेक्टर मंजुला झुनझुनवाला एवं एडवाइजर अंजली द्वारा जिला कारागार अयोध्या के महिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों के साथ रहने वाले 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए ÷नन्हीं किरन÷ नामक नर्सरी प्ले स्कूल का शुभारंभ किया गया है। यह प्ले स्कूल महिला कारागार में स्थित 18 बाई 18 के कमरे में स्थापित किया गया है, जहां महिला बंदियों के चार बच्चों को शिक्षाध्यापिका शालिनी सिंह द्वारा शिक्षा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, कारापाल जितेन्द्र कुमार यादव, सुरेश बहादुर सिंह, उप कारापाल माया सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रक्तदान में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को लगातार छठवीं बार मिला प्रथम स्थान

▸▸रक्तदान के लिए जिला चिकित्सालय में सम्मानित हुई 9 संस्थाएं

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। लगातार छठवीं बार अयोध्या जिले में सर्वाधिक रक्तदान के लिए ट्रस्ट राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन को सम्मानित किया गया जिसमें संस्था को स्मृति चिन्ह व प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। यह सम्मान संस्था को सीएमएस डॉ उत्तम कुमार, जिला चिकित्सालय अधीक्षक डॉ विपिन कुमार वर्मा, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ फुजैल अहमद अंसारी व चिकित्सक डॉ सादिक अहमद ने संस्था को स्मृति चिह्न, प्रमाणपत्र व ट्राफी देकर सम्मानित किया,जिसे संस्था की ओर से संस्था उपाध्यक्ष विजय वर्मा, सचिव इंद्र प्रीत सिंह वेदी व आरक्षी मो अहद ने सयुंक्त रूप से प्राप्त किया।

इस मौक़े पर कुल 9 संस्थाओं को भी सम्मानित किया गया जिसमें राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन 98 यूनिट डोनेट कराके प्रथम स्थान पर रहा।सावन कृपान रूहानी मिशन 84 यूनिट व इंसानियत फाउंडेशन 81 यूनिट डोनेट कराके क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रहा।उक्त आंकड़े 15 जून से लेकर 30 सितम्बर तक हुए रक्तदान के आधार पर ब्लड बैंक द्वारा जारी किये गए। ज्ञातव्य हो कि ट्रस्ट राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन पिछले पांच चक्र में जिला चिकित्सालय में रक्तदान व मरीजों को खून मुहैया कराने में प्रथम स्थान रहा है ।इस मौक़े पर सीएमएस रक्तदान से जुडी समस्याओं का निराकरण करते हुए हर संभव सहयोग देने की बात कही गयी। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने हर्ष व्यक्त करते हुए इस सम्मान को उन सभी रक्तदाताओं को समर्पित करते हुए कहा कि इस सम्मान के असली हक़दार वो रक्तदाता है जो एक कॉल पर रक्तदान करने ब्लड बैंक पहुंच जाते है। और संस्था 2016 से नियमित रक्तदान के क्षेत्र में कार्यरत है। इस दौरान भिन्न संस्थाओं के सहयोग से करीब सात हजार मरीजों को संस्था द्वारा खून उपलब्ध कराया गया है।जिन अन्य 6 संस्थाओं को सम्मानित किया गया उसमें अंजुमन चार यारे इस्लाम,गरीब नवाज रिलिफ फाउंडेशन, बीजेपी, नेहरू युवा मण्डल मंगारी,बैंक ऑफ़ बदौड़ा देवकाली, 11 जाट रेजीमेंट कैंट शामिल है।

समापन पर काउंलर ममता खत्री ने उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

भाकियू ने तहसील परिसर में किसान पंचायत का किया आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) तहसील इकाई सोहावल द्वारा तहसील परिसर में एक किसान पंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें उप जिलाधिकारी अशोक कुमार सैनी ने किसानों की समस्याओं को बिंदुवार सुनकर समाधान का आश्वासन दिया। पंचायत में यह निर्णय लिया गया कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तो 25 अक्टूबर 2024 को जिला मुख्यालय पर किसान महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचा जाएगा।पंचायत को संबोधित करते हुए भाकियू की राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने कहा कि गरीब महिलाओं को वृद्धा, विधवा और विकलांग पेंशन नहीं मिल पा रही है। आवास विहीन लोगों को आवास नहीं मिल रहा है, और किसानों को डीएपी खाद भी उपलब्ध नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार वायदे के अनुसार बिजली नहीं दे रही है और स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बना रही है।कोल्ड स्टोरेज मालिकों द्वारा मनमानी किराया वसूलने का भी आरोप लगाया गया, जबकि जिला प्रशासन इस पर अंकुश लगाने में विफल है। घनश्याम वर्मा ने कहा कि नाली, चकमार्गों और सरकारी भूमि पर भू माफिया का कब्जा है और तहसील प्रशासन मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने किसानों से 25 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर होने वाली महापंचायत में भाग लेने की अपील की।

जिला अध्यक्ष राम गणेश मौर्य ने किसानों की समस्याओं के समाधान और संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पूरे वर्दी में लाठी-डंडा लेकर प्रदर्शन में भाग लेने के लिए कहा।

पंचायत में अन्य नेताओं ने भी अपनी बात रखी, जिनमें विकास वर्मा (जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा), दशरथ सिंह, प्रेम शंकर वर्मा, राम अवतार चौहान, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, डॉ. आर. एस. सरोज, मंसाराम यादव, लल्लू राम वर्मा, लीलादेवी, बबलू सिंह, मीरा देवी, और कमला देवी शामिल थे।

धूमधाम से मनाया गया डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम का जन्मदिन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या । भारत के महान वैज्ञानिक तथा राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र- छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का प्रारंभ श्री कलाम जी को माल्यार्पण करने के साथ प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का संचालन राज्य शिक्षक पुरस्कार विजेता सुनील कुमार आनंद ने किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार जी ने बच्चों से अब्दुल कलाम जी की जीवन से प्रेरणा लेने को कहा। इसी क्रम में अन्य वक्ताओं में श्रीमती नेहा वर्मा, गंगेश मिश्रा , रमेश , साबरमती जी तथा अन्य ने डॉ अब्दुल कलाम को याद किया तथा अपने विचार प्रस्तुत किया । रमेश ने प्रतियोगिता में सफल प्रथम द्वितीय व तृतीय विजेताओं के नाम की घोषणा की। मॉडल प्रतियोगिता में नीरज प्रथम स्थान, किशन द्वितीय स्थान तथा मोहित तृतीय स्थान पर रहे, पोस्टर प्रतियोगिता में अमन प्रथम स्थान, सुधा द्वितीय तथा कामिनी तृतीय स्थान पर रही, निबंध प्रतियोगिता में रूबी प्रथम स्थान, किशन द्वितीय स्थान तथा नीतू तृतीय स्थान पर रही व भाषण प्रतियोगिता में जितेंद्र भारती ने बाजी मारी। ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ विजय शंकर मौर्य के द्वारा विजेताओं को शील्ड,मेडल व अन्य पुरस्कार दिए गए।

संयुक्त चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन का प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। संयुक्त चालक परिचालक कर्मचारी संघर्ष यूनियन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने रोडवेज स्थित कार्यालय पर अपनी कई मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। संविदा चालक परिचालक कर्मचारियों ने कहा कि विभाग द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है।यूनियन की प्रमुख मांगें न्यूनतम वेतनमान का निर्धारण किया जाए। लंबी दूरी की सेवाओं में नियमित चालक के समान संविदा चालकों को पूरा किलोमीटर दिया जाए।सेवा काल के दौरान दुर्घटना, सामान्य मृत्यु, सेवा काल पूर्ण होने पर इलाज, ग्रेच्युटी एवं आर्थिक सहायता प्रदान की जाए।ई.एस.आई. की व्यवस्था लागू की जाए।इन सभी मांगों के निराकरण के लिए यूनियन ने 8 अक्टूबर को सत्याग्रह किया था, लेकिन अभी तक कोई भी मांग पूरी नहीं हुई है। इसी के मद्देनजर, सभी पदाधिकारियों ने आगामी 22 अक्टूबर को लखनऊ के इको गार्डन में विशाल धरना प्रदर्शन कर कार्य बहिष्कार करने का निर्णय लिया है प्रदर्शन में यूनियन के सदस्य सुनील मिश्रा, पवन सिंह, शिवकुमार मिश्रा, शैलेन्द्र, विद्यासागर, दुर्गेश दूबे, अनिल दूबे, रामगोपाल जायसवाल और समस्त संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

दुर्गा पूजा महोत्सव में धूमधाम से हुआ प्रतिमा विसर्जन

लोकमित्र ब्यूरो

गोसाईगंज-अयोध्या। 3 अक्टूबर से शुरू हुए दुर्गा पूजा महोत्सव का समापन सोमवार शाम को दुर्गा प्रतिमा के विसर्जन के साथ हुआ। इस अवसर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विसर्जन स्थल सीताराम घाट और महादेवा घाट पर स्वास्थ्य महकमे ने चिकित्सीय कैंप स्थापित किया था, जो नगर पंचायत की सभासद श्रीमती आरती जायसवाल की पहल पर लगाया गया।इस वर्ष विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या पिछले आयोजनों से अधिक थी। शोभायात्रा रामगंज, ठंडी सड़क, तेलियागढ़, सरस्वती नगर, मेनरोड, भीटी चौराहा, कटरा, बस स्टॉप, कॉलेज नबीन मार्केट होते हुए बिसर्जन स्थल पहुंची। इस दौरान प्रशासन द्वारा छोटे और बड़े वाहनों का रूट डाइवर्जन नहीं किया गया, जिसके चलते जाम की स्थिति उत्पन्न हुई, जिसमें बसपा प्रदेश अध्यक्ष की गाड़ी भी फंसी रही।चौकी इंचार्ज

विवेक कुमार राय ने बताया कि शोभायात्रा के दौरान उनकी टीम पूरे समय मुस्तैद रही और यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में मदद की। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि उत्कर्ष शेखर जायसवाल ने बताया कि गोताखोरों की तैनाती के साथ ही मेले में सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।प्रतिमा विसर्जन के दौरान विभिन्न स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समस्त कार्यक्रम शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुए और नगर में उल्लास का माहौल बना रहा।

सरयू नदी के तट पर चलित परियोजनाओं का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो

अयोध्या। जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सरयू नदी के तट पर चलित परियोजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरयू नदी के गोंडा पुल से लेकर लक्ष्मण किला तक की परियोजनाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बाउंड्रीवाल में दो गेटों का प्रावधान करने का निर्देश दिया और दीपोत्सव से पूर्व सभी कार्यों को पूर्ण कर साफ-सफाई करने की बात कही। उन्होंने जनपद अयोध्या में राम की पैड़ी पर दीपोत्सव एवं अन्य मेलों के लिए दर्शक दीर्घा परियोजना का भी निरीक्षण किया।इस दौरान जिलाधिकारी ने बाउंड्रीवाल की ऊँचाई ड्राइंग से दो फीट अधिक करने और कार्य को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। निरीक्षण में उपजिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन लिमिटेड के सहायक परियोजना प्रबंधक, अवर अभियंता और संबंधित फर्म के इंजीनियर भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने राम की पैड़ी के

निरीक्षण के बाद हनुमान गुफा से लेकर दीन बंधु चिकित्सालय तक चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों और श्रीराम नेत्रालय के पास पंचकोसी परिक्रमा का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें जगह-जगह गंदा पानी भरा हुआ मिला और कार्य की प्रगति धीमी पाई गई, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को परिक्रमा मार्ग से जल निकासी के निर्देश दिए।

इसके अलावा, कांशीराम कालोनी के पास चल रहे रोड के धीमे कार्य की गति पर भी उन्होंने एक हफ्ते के भीतर कार्य पूर्ण करने का आदेश दिया।